10	Shri Madan Mohan Sharma, Sub-Inspector, Rupar (Ambala)	Gross negligence in performance of his duties.
	ROHTAK	
11	Shri Ram Niwas, Sub-Inspector, Alewas (Rohtak)	Misconduct and mis-using of societies. funds
12	Shri Kesar Dass, Sub-Inspector (Audit), Cooperative Societies, Guhla	Mis-appropriation of Societies Funds,
13	Shri Hukam Chand, Sub-Inspector, Jhajjar	Arrested under Excise Act.
	FEROZEPUR	
14	Shri Jagiri Lal, Sub-Inspector, Mamdot (Ferozepur)	Negligence in discharge of his duties.
	HISSAR	
15	Shri Kanwal Singh, Sub-Inspector, Hansi East Hissar	Negligence in discharge of his duties
	HOSHIARPUR	
16	Shri Mohinder Singh, Sub-Inspector, Mukeriant, Hoshiarpur.	Arrested by the Police while he was intoxicated nature and making noise at public places
17	Shri Randhir Singh Sub-Inspector, Daulatpur (Hoshiarpur)	Arrested by police under section 406/420 in case of embezzlement of Rahlon Cooperative Leather products Industrial Society

(b) Total number of Sub-Inspectors reinstated out of above—Seven

Serial No.	Name of Sub-Inspector
1	2
	PATIALA DISTRICT
1	Shri Gurmail Singh
	GURGAON DISTRICT
2	Shri Subh Ram
3	Shri Dhanpat Singh
	AMBALA DISTRICT
4	Shri Madan Mohan Sharma
	ROHTAK
5	Shri Ram Niwas
	FEROZEPUR
6	Shri Jagiri Lal
	HOSHIARPUR
7	Shri Randhir Singh

Complaint against S.D.M., Rajpura

2420. Shri Amar Singh : Will the Chief Minister be pleased to state —

(a) whether the Government is aware of the fact that the then S.D.M. Rajpura quarrelled with one Legislator at the Railway Station, Ambala Cantt on 10th October, 1964 ;

(b) if the answer to part (a) above be in the affirmative, whether any action has been taken against the officer concerned ; if so, what ?

Shri Ram Kishan : (a) Yes, on 10th August, 1964 and not on 10th October, 1964 ;

(b) The officer was transferred from Rajpura.

Surplus area of Land in possession of Land-owners in district Hissar

2421. Shri Amar Singh : Will the Minister for Revenue be pleased to state —

(a) the details, including Khasra Numbers, of the surplus area of each land-owners in Hissar District, tehsilwise, owning more than 30 standard acres ;

(b) the Khasra numbers of such surplus area on which the ejected tenants have so far been resettled ;

(c) the area of banjar land in possession of each land owner in the said district ; tehsilwise, in excess of the permissible area of 30 standard acres owned and possessed by him ?

Sardar Harinder Singh Major : (a), (b) and (c) The time and labour involved in collecting and compiling the information would not be commensurate with any possible benefit to be obtained.

Enquiry into double allotment made to Shri Roop Singh Malhotra in Garden Colonies in Karnal and Ambala Districts

2422. Comrade Ram Piara : Will the Minister for Revenue be pleased to state —

(a) whether any enquiry has been ordered or is being conducted by the Rehabilitation Department for the alleged double allotment made to Shri Roop Singh Malhotra in the Garden Colony, Jhundla, district Karnal and Garden Colony, Hardoi, near Barara, district Ambala ;

(b) if the reply to part (a) above be in the affirmative, the authority who ordered the said enquiry, the date when it was ordered, the name of the officer holding the enquiry and the present stage thereof ;

(c) whether the Additional Settlement Officer (Sales) Nilokheri received during February, 1965 any communication from any legislator of Karnal District on the subject of "Double allotment in Garden Colonies", if so, a copy thereof along with a copy of the reply if any, sent by the said officer, be laid on the Table of the House ;

(d) the details of the action so far taken on the communication referred to in part (c) above ;

(e) whether on receipt of the said communication the relevant files of the department were looked into by the Officer, if so, when ;

(f) the details of further action, if any, proposed to be taken in the matter ?

Sardar Harinder Singh Major : (a) Yes.

(b) On receipt of a copy of a complaint, Deputy Secretary, Rehabilitation, ordered Shri Hit Abhilashi, Assistant Registrar (Directory) on 18th February, 1965, to hold an enquiry. A notice has been issued to the allottee.

(c) Yes. A copy of the complaint received from Comrade Ram Piara, M.L.A., alongwith a copy of the reply sent to him by Additional Settlement Officer (Sales) Nilokheri is attached.

(d) A copy of the complaint was sent to the Tehsildars (Sales) Karnal and Ambala to send reports immediately. Reply from Tehsildar (Sales), Karnal, has been received, while that of the Tehsildar (Sales), Ambala is still awaited.

(e) The relevant files of the Department were seen by the Assistant Registrar (Directory) on 24th February, 1965.

(f) A Registered show cause notice has been issued to the allottee for 24th March, 1965. The excess allotment, if any, will be dealt with in accordance with rules.

Enclosure to Part 'C'

"RAM PIARA COMRADE,
M.L.A.

Phone No. 172,
L/309, *Model Town,*
Karnal.
9/11 /2/65

To

S. SOHINDER SINGH,
Settlement Officer (Sales),
Nilokheri.

Subject.—Double allotment in Garden Colonies.

DEAR SIR,

Shri B.S. Grewal, I.C.S. has advised me to write to you for immediate action as any delay in the action after the receipt of this letter can be harmful. Therefore, I am to request you to please take in possession both the files which I am mentioning as under —

It has been reported to me that one Shri Roop Singh Malhotra is an allottee of Garden Colony, Jundla, district Karnal. He is having a plot in Garden Colony most probably named as Hardoi in Ambala District. According to the information passed on to me this garden colony is situated near Barara, district Ambala.

This appears to me as double allotment against one claim which entitles him for one piece but he is in possession of two under one excuse or the other. I do not know, why, Department is unaware of this lapse, if the information passed to me is correct.

The details supplied to me are as under :—

(1) Shri Roop Singh Malhotra, son of S. Pritam Singh Malhotra one Plot in garden colony Jundla, district Karnal. One Plot in garden colony Hardoi near Barara, district Ambala.

(2) His brother S. Sewa Singh in Garden Colony Hardoi.

(3) His another brother S. Gurbans Singh, Garden Colony Hardoi. No. 1 is having two allotments where as No. 2 and 3 are genuine as they have their share for which they were entitled.

In the word Hardoi, there can be a Minor mistake in name but it is definite that that colony is near Barara, district Ambala

This fact has been brought by me to the Notice of Shri B.S. Grewal, I.C.S. who has advised me to write to you for immediate action. He also further told me that other letters written by me have been entrusted to you for immediate action and enquiry.

[Revenue Minister]

I have not received the reply of any one so far though little about Hemu Majra standing in the name of Shri Ranjit Singh has come to my notice. Will you acknowledge this letter without any loss of time and further inform me about the state of other enquiries issues entrusted to you so that I may further assist the Department in case you lack information and I may fortunately have that. Hoping for immediate acknowledgement and further action.

Thanking you.

Yours faithfully,

(Sd.) (Ram Piara, M.L.A.)

Copy of D.O. letter No. 507/AS (S), dated 17th February, 1965, from Shri Sohindra Singh, Additional Settlement Officer (Sales) to Shri Ram Piara, M.L.A., Karnal.

Kindly refer to your letter, dated 9th/11th February, 1965 regarding double allotment of Garden Colony plot to Shri Roop Singh Malhotra,. I have called for the records pertaining to the said allotment. After I have examined the same, I will be able to see whether your contention is correct or not.

x x x x x x x
x x x x x x x
x x x x x

Tape-recording of statements of certain accused in city Police Station, Karnal

2426. Comrade Ram Piara : Will the Minister for Home and Development be pleased to state —

(a) whether it is a fact that the statements of some of the accused in the case State *versus* Tirlok Singh Santa and Hukam Chand alias Kuki, registered under section 307 I.P.C. at the city Police Station, Karnal during the period from 17th July, 1963 to 20th July, 1963 were tape-recorded, if so, by whom the tapes were tape-recorded and when and where ;

(b) the names of the officials/officers/non-officials who were sitting in the same premises where the said statements were being tape-recorded ;

(c) whether it is a fact that some of the non-officials referred in part (b) above were sent for by the D.C., Karnal, if so, the reasons for the same ;

(d) the idea underlying the tape-recording of the said statements ;

(e) whether the practice of tape-recording the statements is common with the police in the Punjab or it was followed only in the said case, if the latter, the reasons therefor ;

(f) the number of tape-recording machines with the Punjab Police as on 26th July, 1963 together with the number of those which were with the Police unit, district Karnal ;

(g) whether the tape recording machine (s) which was/were used in the said case belonged to the Punjab Police or some non-officials, if the latter, the names of those from whom the machines were obtained for the purpose and the name of the official who obtained them ;

(h) whether the said tape-recorded statement was attached with the the Ziminis ; if not, the reasons therefor ;

stand-
ledge
juiries
ck in-
ment

(i) whether it is a fact that in connection with the said case the Deputy Commissioner and the Home Minister made certain statement in the Public during the period from 17th July, 1963 to 25th July, 1963; if so, a copy of each be laid on the Table of the House ?

Sardar Darbara Singh : (a) Yes, of one accused. Through Shri Bahadur Chand Arora, son of Nihal Chand of Karnal on 25th July, 1963.

(b) (1) Ch. Randhir Singh.
(2) Shri A. N. Kapur.

(c) No ;

(d) To elicit truth ;

(e) Practice of tape recording the statements is not common with the Police in the Punjab. It was resorted to in this case as it was a case of special importance where in a legislator was assaulted and the political parties were trying to exploit the situation.

(f) Four with the Punjab Police. Nil with Karnal.

(g) The Tape-Recording Machine did not belong to the Punjab Police but it was arranged through Shri Bahadur Chand, son of Nihal Chand Arora of Karnal by the Investigating Officer.

(h) The Police file of the case has been sent to the District Magistrate, Meerut and in its absence it cannot be said with certainty as to whether or not the tape recorded statement was attached with the Ziminies.

(i) Yes. The statements appeared in the 'Tribune' and 'Indian Express', dated 20th July, 1963, 22nd July, 1963, and 25th July, 1963, which may please be seen.

Powers to fill up leave vacancies of the teachers in Government Schools

2430. Sardar Trilochan Singh Riasti : Will the Minister for Education and Local Government be pleased to state —

(a) whether the Education Department has taken any decision empowering certain officers to appoint teachers in the Government Higher Secondary/High/Middle and Primary Schools against leave vacancies ; if so, a copy thereof be laid on the Table of the House ;

(b) whether any appointment against a leave vacancy mentioned in part (a) above has been made by the District Education Officer instead of the Block Education Officers ; if so, their number ;

(c) whether there is any decision to the effect that all leave vacancies of teachers mentioned in part (a) above should be filled up through the Employment Exchanges ; if so, whether in contravention of this decision such leave vacancies have been filled up by candidates recommended by the Subordinate Services Selection Board ; and

(d) if the reply to part (c) above be in the affirmative, the total number of such appointments so far made in the Ambala District and the name of the authority which made them ?

Shri Prabodh Chandra : (a) Yes. A copy of the instructions is laid on the Table of the House.

[Education and Local Government Minister]

(b) Name of the District has not been mentioned ; and if the information is intended to be collected regarding all the districts in the State, the time and labour involved in collecting it will not be commensurate wi th the advantage to be derived by the Honourable Member in getting it.

(c) Normally all vacancies are to be filled up by candidates récommended by the S.S.S. Board, Punjab and in case such candidates are not available vacancies are filled through Employment Exchanges on temporary basis.

(d) The information is being collected and will be supplied to the Member in due course.

Extract copy of C.M. No. 60-B( ), dated 17th October, 1960, from the D.P.I., Punjab, to the Inspectress of Schools, Jullundur Division, Jullundur.

The question now is how to fill vacancies temporarily, till regular appointments can be made for this purpose. It is, desired that the Headmasters/Headmistresses of High/Higher Secondary Schools should be authorised to fill vacancies on temporary three months basis. In filling these vacancies it should be seen that the qualification and the age limit that we have prescribed in regard to regular recruitment with the Board. should be strictly adhered to fill the posts of social studies Mistresses. The prescribed qualifications is that the candidates must have done besides English, two other subjects out of the following four in their B.A. ;

History ;
Geography ;
Economics ; and
Political Science.

Regarding Mathematics Mistresses and Masters the prescribed qualifications is graduation with double course of Mathematics and for Sc. Mistresses and Masters the qualification is graduation with at least one of the Sc. subjects. In the case of women we may have F.Sc., B.A.!B.Ts. The age limit prescribed is 30 years and no candidate should be appointed who is above this age.

The Divisional Inspectresses are requested to utilise the surplus J.B.T. candidates of Ludhiana, Amritsar and Jullundur and Rohtak in neighbouring districts first and then start making the temporary appointments in their other districts. The district Inspectors Inspectresses of Schools are also authorised to fill the posts of J.B.T.s on temporary basis subject to their satisfaying the age conditions qualifications. The usual restriction of selection only of those teachers/teachresses, masters/mistresses who are registered with the Employment Exchange will be observed.

Political sufferers employed in the Public Relations Department

2431. Sardar Kulbir Singh: Will the Chief Minister be pleased to state —

(a) the total number of Political sufferers employed in the Public Relations Department at present ;

(b) the total number of Political Sufferers working in the said department who have been retrenched recently ;

(c) the steps ; if any, being taken by the Government to rehabilitate the retrenched employees mentioned in part (b) above ?

Shri Ram Kishan : (a) and (b) This information is not available in the Department and will have to be collected from the individuals. It will involve a lot of labour which will not be commensurate with the benefits sought to be achieved ;

(c) All the retrenched employees have been permitted to apply for the new posts of Information Assistants/Field Publicity Assistants.

STATEMENTS

Mr. Speaker : The Chief Parliamentary Secretary will now lay some Statements on the Table of the House.

3.00 p.m

Shri Ram Partap Garg (Chief Parliamentary Secretary) : Mr. Speaker, Sir, I beg to lay on the Table of the House a Statement (Statement No. 1) in reply to the Call Attention Motion No. 10 moved by Shri Gian Chand Tutu, M.L.A., on the 2nd March, 1965, regarding the admission of students from all over India to Medical Colleges in the State of Punjab.

Sir, I also lay on the Table of the House a statement (Statement No. 2) in reply to the Call Attention Motion No. 14 moved by Chaudhri Net Ram, M.L.A., regarding the alleged beating of Shri Yog Raj Kapur by the Police in the Police Station at Hoshiarpur City.

STATEMENT NO. 1

Prior to 1963 admissions in the Punjab Medical Colleges were restricted to men and women candidates belonging to the Punjab State only. However, the National Integration Council in its meeting held in New Delhi in 1962 recommended to all the State Governments that admissions in the State Medical Colleges should not be denied to the nationals of India on the basis of caste, creed or place of birth. The Central Council of Health, *vide* their resolution No. 13-A (4) passed in the meeting held at Madras in November, 1963 also recommended that domicile restrictions on admission of candidates to Medical Colleges in the Indian Union should be abolished. The Punjab Government threw open admissions to the M.B.,B.S. course to the bona fide nationals of the Indian Union with effect from the academic session 1963. But merit was the sole criterion for selection. At the same time to ensure reciprocal facilities being made available to the Punjabi students the Government of India were requested to impress upon other State Governments the desirability of implementing the recommendations of the National Integration Council as well as the resolution of the Central Council of Health.

2. At the time of throwing admissions open to the nationals of the Indian Union it was anticipated that not more than 10 per cent seats would be lost to students domiciled in Punjab. The experience of 1964 admissions shows that only 7 per cent of the seats were filled in by candidates who were not residents of Punjab. Out of 400 admissions only 28 candidates were from outside the State. And even out of them several are in reality Punjabis settled in other States. Moreover, to become eligible for admission in Punjab Medical Colleges a candidate must secure at least 50 per cent marks in compulsory science subjects and pre-medical/F.Sc. (Medical) examination. Admissions are made strictly according to merit. The lowest percentage of marks obtained by a student admitted in 1964 was 58 whereas in several other States candidates securing as low as 45 per cent marks were admitted. The interests of Punjabi students seeking admission to Medical Colleges have not been adversely affected because normally all the students belonging to States other than Punjab getting marks above the minimum prescribed percentage are able to get admissions within the parent State and very few possessing the requisite merit like to move out of the State on grounds of economy and environment. Thus out siders with comparatively low merit only compete with Punjabi students and get rejected due to their low marks.

[Chief Parliamentary Secretary]

3. By throwing admissions in the State Medical Colleges open to the nationals of the Indian Union, Punjab Government has given a lead in promoting the cause of national integration. It is true that other State Governments have not so far reciprocated the gesture and taken up the lead given by the Punjab State but that does not mean that it is not a worthy cause or that the policy is wrong.

STATEMENT NO. 2

Shri Yog Raj Kapur is an employee of Life Insurance Corporation, Hoshiarpur. The building in question was taken on rent through P.W.D. in 1949 at Rs 25/2/- per month for housing the Police Post, Model Town, Hoshiarpur. It was taken in auction by Shri Yog Raj Kapur in May, 1964. As no other suitable accommodation was available to house the said Police Post it was not vacated up to 10th February, 1965. No legal notice for the vacation of this building was received from Shri Yog Raj Kapur. S.I., Om Parkash against whom he submitted a complaint to the D.C., Hoshiarpur regarding vacation of Kothi No. 11 had no concern in vacation of this building. No rent has so far been drawn, therefore, the question of obtaining receipt by the said S.I. does not arise. As regards beating to Shri Yog Raj Kapur, the matter is sub judice.

ANNOUNCEMENT BY THE SPEAKER *re* : (Panel of Chairmen)

Mr. Speaker : Under Rule 13(1) of the Rules of Procedure and Conduct of Business in the Punjab Legislative Assembly, I nominate the following Members on the Panel of Chairmen :—

(1) Sardar Gurnam Singh.
(2) Shri Nihal Singh (Mahendragarh).
(3) Chaudhri Mukhtiar Singh Malik.
(4) Sardar Gurmit Singh 'Mit'.

PRESENTATION OF THE REPORTS—

(i) Committee on Estimates on the Budget Estimates for the Year 1964-65

Sardar Balwant Singh (Chairman, Committee on Estimates), Sir, I beg to present the Report of the Committee on Estimates on the Budget Estimates for the year 1964-65.

PRESENTATION OF THE TWENTY-FIRST REPORT OF THE PUBLIC ACCOUNTS COMMITTEE

Dr. Bal Krishan (Chairman, Public Accounts Committee) : Sir, I beg to present the Twenty-first Report of the Public Accounts Committee on the Appropriation Accounts of the Punjab Government for the year 1962-63 and the Audit Report 1964 and the Finance Accounts of the Punjab Government for the year, 1962-63.

LEGISLATIVE BUSINESS

(i) Presentation of preliminary reports by the Chairman, Punjabi/Hindi Regional Committee on the Punjab Panchayat Samities and Zila Parishads (Amendment) Bill, 1965 and extension of time for presenting final reports thereof.

ਚੇਅਰਮੈਨ ਪੰਜਾਬੀ ਰਿਜਨਲ ਕਮੇਟੀ (ਸ੍ਰੀ ਰਲਾ ਰਾਮ) : ਮੈਂ ਪੰਜਾਬੀ ਰਿਜਨਲ ਕਮੇਟੀ ਦੀ ਪ੍ਰਾਰੰਭਿਕ ਰੀਪੋਰਟ ਬਾਬਤ ਪੰਚਾਇਤ ਸੰਮਤੀ ਅਤੇ ਜ਼ਿਲ੍ਹਾ ਪਰੀਸ਼ਦ (ਸੰਸ਼ੋਧਨ) ਬਿਲ ਪੇਸ਼ ਕਰਦਾ ਹਾਂ ।

चेयरमैन, हिन्दी रिजनल कमेटी (श्री अमर नाथ शर्मा) : मैं हिन्दी रिजनल कमेटी की प्रारंभिक रिपोट बाबत पंचायत समिति तथा जिला परिषद् (संशोधन) विधेयक पेश करता हूं ।

Minister for Home and Development (Sardar Darbara Singh) : Sir, I beg to move —

That the time for presenting the Final Reports of the Regional Committees on the Punjab Panchayat Samitis and Zila Parishads (Amendment) Bill, be extended up to the 30th March, 1965.

Mr. Speaker : Motion moved —

That the time for presenting the Final Reports of the Regional Committees on the Punjab Panchayat Samitis and Zila Parishads (Amendment) Bill, be extended up to the 30th March, 1965.

Mr. Speaker : Question is —

That the time for presenting the Final Reports of the Regional Committees on the Punjab Panchayat Samitis and Zila Parishads (Amendment) Bill, be extended up to the 30th March, 1965.

The motion was carried

(ii) Presentation of the Report/Preliminary Report by the Chairman, Punjabi Regional Committee/Hindi Regional Committee on the Punjab Cooperative Societies (Amendment) Bill, 1965 and extension of time for presenting final report thereof.

ਚੇਅਰਮੈਨ ਪੰਜਾਬੀ ਰਿਜਨਲ ਕਮੇਟੀ (ਸ੍ਰੀ ਰਲਾ ਰਾਮ) : ਮੈਂ ਪੰਜਾਬੀ ਰਿਜਨਲ ਕਮੇਟੀ ਦੀ ਪ੍ਰਾਰੰਭਕ ਰਿਪਰਟ ਬਾਬਤ ਪੰਜਾਬ ਕੋਆਪ੍ਰੇਟਿਵ ਸੋਸਾਈਟੀਜ਼ (ਸੋਧਨਾ) ਬਿਲ ਪੇਸ਼ ਕਰਦਾ ਹਾਂ

चेयरमैन हिन्दी रिजनल कमेटी (श्री अमर नाथ शर्मा) : मैं हिन्दी रिजनल कमेटी की प्रारम्भिक रिपोर्ट बाबत पंजाब कोआप्रेटिव सोसाइटीज (संशोधन) विधेयक पेश करता हूं ।

Minister for Home and Development (Sardar Darbara Singh) : Sir, I beg to move —

That the time for presenting the Final Report of the Hindi Regional Committee on the Punjab Co-operative Societies (Amendment) Bill, be extended up to the 30th March, 1965.

Mr. Speaker : Motion moved —

That the time for presenting the Final Report of the Hindi Regional Committee on the Punjab Co-operative Societies (Amendment) Bill, be extended up to the 30th March, 1965.

Mr. Speaker : Question is —

That the time for presenting the Final Report of the Hindi Regional Committee on the Co-operative Societies (Amendment) Bill, be extended up to the 30th March, 1965.

The motion was carried

DEMAND(S) FOR GRANT(S)

(1) 19—General Administration
(2) 23—Police

(*Resumption of discussion*)

श्री अध्यक्ष : प्रिंस्पिल रला राम पिछले दिन बोल रहे थे। आप शुरु कीजीए।
(Principal Rala Ram was in possession of the house on the previous day. He may resume his speech.)

प्रिंसिपल रला राम (मुकेरियां) :– अध्यक्ष महोदय में 12 मार्च, 1965 को कह रहा था कि सरकारी दफतरों के अन्दर लोगों को शिकायत है कि उन की जो अर्जियां आती हैं तो उन की डिस्पोज़ल वक्त पर नहीं होती है और बहुत समय लग जाता है। अगर इस बारे में गौर से देखा जाए तो पता चलता है कि दफतरों में काम करने वाले साढ़े तीन घंटे से ज्यादा काम नहीं करते हैं। यह है ऐवरेज काम करने की। कई काम करने वाले व्यक्ति डेढ़ घंटे में सब कुछ टरका देते हैं। यह एक भारी दोष है जिस की वजह से उन की फाइल्ज़ क्लियर नहीं होती हैं और जनता क अन्दर इस कारण काफी असंतोष फैल रहा है। यदि वहां पर सुपरविज़न ठीक ढंग से की जाए तो मैं समझता हूं कि वह फाइल्ज़ जल्दी ही डिस्पोज़ आफ हो सकेंगी। रैड टैपिजम, किसी हद तक, होती हैं। मैं यह बात मानता हूं क्योंकि हर दफतर में जिस ढंग से फाइल्ज डिस्पोज़ आफ होती हैं, इस तरीके से ऐसा होना स्वभाविक है। इस पर सरकार का कंट्रोल नहीं है। यह चीज तो काफी हद तक भ्रष्टाचार की तरफ लेजाती है। मुझे बहुत खेद से कहना पड़ता है कि इस वक्त जो रैड टेपिज़्म हमारे दफतरों में है, वह एक बहुत बड़ा दोष है और यह बहुत बुरी सूरत इख्तियार कर चुका है। यह कुरप्शन जिला स्तर और ऊपर तक मौजूद है। इस लिए रैड टेपिज़्म को कंट्रोल करने की बहुत ज़रूरत है ताकि लोगों की शिकायतें और उन की अर्ज़ियां अथवा केसिज जल्दी ही डिस्पोज़ आफ हो सकें। जनरल ऐडमिनिस्ट्रेशन में यह बात काफी आई है कि ब्लाक समितियों के अन्दर जो इलैक्शन्ज हुए, वहां काफी कुरप्शन हुई। मैं अध्यक्ष महोदय, यह कहना चाहता हूं कि इस वक्त जितने भी इलैक्शन्ज होते हैं, सब से ज्यादा कुरप्शन इन ब्लाक समितियों के इलैक्शन्ज़ के अदर हुई। इस साल मिनिस्टर साहिब की कोशिश के कारण कुरप्शन पिछले इलैक्शनों की निस्बत कम हुई है। यह बात इस बार देखने में आई है। लेकिन इस बात से इन्कार नहीं किया जा सकता है कि कुरप्शन बढ़ी हुई है। इस को दूर करना चाहिए। अध्यक्ष महोदय, मैं आप के द्वारा मिनिस्टर साहिब के नोटिस में लाना चाहता हूं कि चेयरमैन या वाइस चेयरमैन के इलैक्शन्ज़ भी ब्लाक समितियों के इलैक्शनों के साथ ही हो जाने चाहिएं ताकि इस तरह से भ्रष्टाचार भी कम हो सके। मैं नहीं चाहता कि ब्लाक समितियां यानि इस इंस्टीच्यूशन को खत्म कर दिया जाए। यह बात अब सोचने की नहीं है आर्यों के ज़माने में भी इसी प्रकार की इंस्टीच्यूशन्ज़ थी। यह तरीका हजारों

सालों स चला आ रहा है। लेकिन इस वक्त तो इस इंस्टीच्यूशन को सुधारने की ज़रूरत है। यह संस्था ज़रूर चलायी जाए। इस सम्बन्ध में एक आनरेबल मैम्बर ने कहा कि जब होशियार-पुर ब्लाक समिति के इलैक्शन्ज हुए थे तो डिप्टी कमिश्नर और ए.आर. ने उस इलैक्शन में नाजायज़ दबाव डाल कर मदाखलत की। मैं ने इस बात की पिछले दो दिनों में काफी जांच पड़ताल की और मैं यकीन के साथ कह सकता हूं कि यह इल्ज़ाम बिलकुल गलत है। वहां पर डिप्टी कमिश्नर तथा ए. आर. ने किसी तरह की मदाखलत नहीं की थी और कोई भी दबाव डालने का यत्न नहीं किया था। अध्यक्ष महोदय, आज कल दफतरों के अन्दर काफी हद तक काम सलो हो रहा है, मैं फीमेल स्टाफ के बारे में भी ज़िक्र करना चहता हूं। क्योंकि पुरूष और स्त्री को बराबर के हक हैं तो कोई कारण नहीं है कि दफतरों में फीमेल स्टाफ क्यों न रखा जाए। लेकिन इस के साथ ऐडमिनिस्ट्रेशन के ऊपर एक बहुत भारी जिम्मेदारी आती है। अगर फीमेल स्टाफ को ठीक ढंग से नियुक्त न किया तो उस का दफतरों के काम पर बहुत बुरा असर पड़ेगा।

अध्यक्ष महोदय, आप के द्वारा मैं यह कहना चाहता हूं कि हमारे दफतरों के अन्दर काम की आउटपुट ज्यादा होनी चाहिए। इस के लिये जो फीमेल हैंड्ज़ अपांयट किये जाते हैं वह बजाए इस के कि हर एक दफतर या सैक्शन के अन्दर सप्रैड ओवर कर दिये जाएं, मैं यह समझता हूं कि उन की अपायंटमैंट एक खास और स्पैसिफिक सैक्शन में होनी चाहिए और उन का इम्मी-जिएट बास स्त्री होनी चाहिए। इस से जो कबाहतें देखने में आ रही हैं वह बहुत हद तक दूर हो जाएंगी, काम की आउट पुट भी ज्यादा हो जाएगी और दफतरों के अन्दर जो शिकायत इस बारे में आती हैं उन के अन्दर खासी कमी हो जाएगी।

अध्यक्ष महोदय, जहां तक पुलिस का ताल्लुक है, जैसे मैं ने पहले भी कहा था यह बात माननी चाहिए और इस बात में हमें फख्र भी है कि जहां तक दूसरे राज्यों के साथ हमारी पुलिस के मुकाबिले का प्रश्न है वह किसी से कम एफीशैंट नहीं है लेकिन जहां तक सीरियस क्राइम्ज़ का ताल्लुक है मुझे यह बात खेद के साथ कहनी पड़ती है कि उन को ट्रेस आउट करने में यह ना-कामयाब रही है। सरदार प्रताप सिंह कैरों के मर्डर को ट्रेस आउट, जैसे कि हम सुन रहे हैं, जल्दी ही कर लेंगे तो उस के लिये हमारी पुलिस विशेष सराहना की पात्र होगी। इस बात को एक तरफ रखते हुए मैं यह कहना चा ता हूं कि जहां तक सीरियस क्राईमज़ का ताल्लुक है हमारी पुलिस उन को ट्रेस आउट करने में काफी कामयाब नहीं रही और कामयाब नहीं होगी। उस के लिये फौरेंज़िक लैबारेटरी कायम की गई है ताकि हमारी पुलिस उन केसिज़ को साइकालोजीकली और सायंटिफिक ढग से हैंडल करे लेकिन उस का खातिर खाह नतीजा अभी तक हमारे सामने नहीं आया कि हमारी पुलिस सीरि यस क्राईम्ज़ को ट्रेस आउट करने में पहले की निसबत ज्यादा कामयाब हुई है। मेरे अपने ज़िले में पिछले तीन सालों में दस, बारह मर्डर ऐसे हुए हैं जो कि ट्रेस आउट नहीं हो सके। इसी हाउस के फलोर पर कहा गया कि इस स्टेट में पिछले दो तीन सालों में दो सो के करीब ऐसे मर्डर हुए हैं जो कि ट्रेस आउट नहीं हो सके। सीरियस क्राईम्ज़ की इतनी तादाद अनट्रेस्ड रहना डीज़ायरेबल बात नहीं है। इस लिये आप के द्वारा मैं यह कहूंगा कि हमारे जो होम मिनिस्टर साहिब हैं उन के बारे में मुझे यह बात कहते हुए प्रसन्नता होती है कि जब कभी कोई दोष उन के नोटिस में लाया जाता है तो फौरन्, बड़ी प्राम्पटली वह उस शिकायत को दूर करने का प्रयत्न करते हैं। पूरी जांच पड़ताल के बाद कोशिश करते हैं कि वह शिकायत

[प्रिंसीपल रला राम]

रफा हों। इस के लिये वह हमारी सराहना के पात्र हैं। लेकिन पुलिस के अन्दर चूंकि करप्शन काफी है, कुछ कम नहीं हुई इस लिये ग्राम गरीब जनता जब वह रिपोर्ट करने थाने के अन्दर जाती है तो अभी भी बहुत से केसिज़ ऐसे हैं जिन में उन को अपनी रिपोर्ट दर्ज करवाने में खासी तकलीफ होती है और मुश्किल पेश आती है। इस लिये मैं आप के द्वारा होम मिनिस्टर तक यह बात पहुंचाऊंगा कि जब तक एक मामूली ग्रामीण यह महसूस करता है कि उस की रिपोर्ट थाने में आसानी के साथ नहीं लिखी जाएगी तब तक यह एक ऐसा दोष है जिस को बहुत जल्द दूर करने का प्रयत्न करना चाहिये। अभी तक मैं अपने तजरुबे से यह कह सकता हूं कि साधारण जनता को अपनी रिपोर्ट पुलिस स्टेशन में दर्ज करवाते हुए काफी दिक्कत पेश आती है, इसे दूर करना चाहिये। हम यह चाहते हैं कि इस देश के अन्दर ऐडमिनिस्ट्रेशन टोनअप हो और ज्यादा ऐफिशैंट हो। इस के लिये जहां कैबिनट खासा पार्ट अदा कर सकती है और अफसर साहिबान बड़ा भारी पार्ट अदा कर सकते हैं वहां मैं यह कहना चाहता हूं कि हम बतौर एम. एल. एज़. काफी पार्ट अदा कर सकते हैं। हमें चाहिये कि इस हाउस के अन्दर हम आपस में कुकड़ युद्ध बन्द कर दें क्योंकि यह कुकड़ युद्ध सारे राज्य के वातावरण को खराब करता है और बजाए ऐडमिनिस्ट्रेशन को टोन अप करने के, बिगाड़ता है। इस सम्बन्ध में जहां कैबिनट का कर्त्तव्य है, जहां अफसर साहिबान का कर्त्तव्य है, वहां हमारा भी कर्त्तव्य है कि हम अपनी तवज्जोह ज्यादा तर कन्स्ट्रक्टिव क्रिटिसिज्म की तरफ लगाएं। इस से हमारी ऐडमिनिस्ट्रेशन टोन अप हो सकती है। हम यह भी चाहते हैं कि जन साधारण की शिकायात की रिपोर्ट जल्दी दर्ज हों, उन के केसिज़ जल्दी डील विद हो सकें, उन को तसल्ली बख्श जवाब पहुंचे। इस के लिये यह सब फैक्टर्ज़ काम करते हैं। अगर यह फैक्टर्ज़ मिल कर काम करें तो कोई वजह नहीं है कि हम अपने राज्य के अन्दर ऐडमिनिस्ट्रेशन को टोन अप न कर सकें। आप का धन्यवाद।

शिक्षा तथा स्थानीय शासन मंत्री (श्री प्रबोध चन्द्र) : जनाब आली, मैं आप का मश्कूर हूं कि आप ने मुझे वक्त दिया है। गो वैसे आज का दिन जनरल ऐडमिनिस्ट्रेशन के लिये मखसूस था, पुलिस पर बहस होनी थी। मगर जो कुछ मैं ने अखबारों में पढ़ा और जो कुछ यहां आ कर सुना और स्पीचिज़ देखी हैं, खास तौर पर अपने दोस्त पंडित मोहन लाल की उन से मुझे मालूम हुआ है कि यह तो जनरल ऐडमिनिस्ट्रेशन पर नहीं बल्कि सारा डीबेट प्रबोध चन्द्र पर हुआ है। जनाब आली, जो इल्ज़ाम मुझ पर गए लगाए हैं मैं उन का हर चीज़ का जवाब दूंगा और अगर फिर भी हाउस की तसल्ली न हो तो मैं समझता हूं कि उस बारे में हाउस मुनासिब कार्यवाही समझे करे, मुझे खुशी होगी।

और चीज़ों के इलावा मेरे मरहूम बच्चे का काफी जिक्र हुआ। इस से मेरे ज़ख्म फिर से हरे हो गए और अगर मैं जज़बात की रौ में बह कर कुछ कह जाऊं तो इस का मतलब यह नहीं कि मैं हाउस की शान में गुस्ताखी करना चाहता हूं। मैं कोशिश करूंगा कि जज़बात से काम न लूं बल्कि अपने आप को सिर्फ जवाब देने तक ही महदूद रखूं। मैं इस बात में बहुत विश्वास नहीं रखता कि चूंकि मुझे बुरा कहा गया है मैं भी उस को बुरा कहूं या मुझे चोर कहा गया है इस लिये मैं भी उसे चोर कहूं। कहने को तो, जनाब आली, अगर मुझे तीन चार दिन भी दे दें तो जो मेरे दोस्त पंडित मोहन लाल ने अवाम के जज़बात को कुचल कर और इस सूबे को गवर्नमैंट नहीं बलकि अपनी जागीर समझ कर लूट मार की है उस का चर्चा करूं तो भी कई दिन लग

जाएंगे । मैं ने एक बार इसी हाउस में कहा था, जब मुझे कहा गया कि तुम चीफमिनिस्टर के इलावा और किसी का ज़िक्र क्यों नहीं करते, पंडित मोहन लाल का ज़िक्र नहीं करते तो मैं ने कई साल पहले कहा था कि पंजाबी में एक कहावत है कि झोटा मर जाने दो चमजूआं तो खुद मर जाएंगी इसी लिये मैं पंडित मोहन लाल को और दूसरे साथियों को जो कि उस वक्त वजारत में थे कोई वुकअत नहीं देता था । इस के इलावा मैं अपनी डिगनिटी के नीचे समझता हूं कि उस आदमी का ज्यादा चर्चा करूं जिस आदमी का आज़ादी की जदोजहद में कोई हिस्सा न हो, अगर हिस्सा है तो वह यह कि उसने प्रदेश कांग्रेस के रीटर्निंग अफसर के तौर पर पैंनसिल और रबड़ खूब इस्तेमाल की । कांग्रेस की हिस्टरी में पहले भी धड़ेबाज़ी हुआ करती थी लेकिन जिस बेरहमी से इन्होंने पी. आर. ओ. होते हुए रबड़ और पैंनिसल चलाई उसकी मसाल शायद कभी नहीं मिलेगी । पी.आर. ओ.के तौर पर जो खिदमात इन्हों ने सरअंजाम दीं उसी की बदौल्त यह मिनिस्टर बने । आज से कई साल पहले जब कांग्रेस का सैशन गोहाटी में हुआ था । तो मैंने उस वक्त के कांग्रेस प्रेज़िडैंट को, पंडित जवाहर लाल जी को लिख कर दिया था कि इस शख्स ने जो कुछ कहा है, उसकी खिदमत का सिला यह होगा कि आज से चन्द महीने बाद यह वजारत का एक मेम्बर बन जाएगा । वही चीज़ हुई । आज जब इन को आंसू बहाते देखता हूं इन दी इन्ट्रैस्ट आफ दी पब्लिक लाईफ एंड प्योरिटी आफ ऐडमिनिस्ट्रेशन तो मैं यह समझता हूं कि इस से बड़ा मजाक यह शख्स इस हाउस के साथ और अवाम के साथ और क्या कर सकता है ? हाउस के मैम्बर बड़े सहनशील हैं और बड़े डिगनीफाइड तरीके से काम करते हैं । मगर बड़ा ताज्जुब होता है कि वह शख्स जो हिन्दुस्तान की एक सब से बड़ी कमिशन से मुजरिम गरदाना गया हो, जिस के बारे में आज भी मेरे कानों में चालीस हजार आदमियों की अवाज आती है "मोने शाह, तुम को नहीं सुनेंगे, नहीं सुनेंगे, नहीं सुनेंगे" मारेल और आईडिल्ज़ का नाम लेकर इस हाउस के मैम्बरान की सहनशीलता का फायदा उठाए कि वह इन सब बातों को बरदाश्त करेंगे, भूल जाएंगे किसी के बारे में कि दास कमिशन ने उसके बारे में क्या कहा था और उसको आराम से सुनेंगे । तो खैर, मैं इस बात का बहुत ज्यादा चर्चा नहीं करूंगा ।

तो अपनी तकरीर करते हुए जनाब उन्होंने मेरे बारे में पहली बात यह कही थी कि मैंने कई लैक्चर देते हुए यह कहा था कि "कुरप्शन इज़ प्रिविलेंट" । स्पीकर साहिब, मैं आज भी यह कहता हूं कि हमारी गवर्नमैंट यह क्लेम नहीं करती कि हमने कुरप्शन का बीज मार दिया है । आखिर नौ साल के अन्दर यह जो कुरप्शन की जड़ें इतनी नीचे ले गए थे उन को रामकिशन वजारत क्या कोई भी वजारत आठ महीनों में नहीं निकाल सकती थी । हम ने इस सिलसिले में कोशिशें की हैं लेकिन मुझे इस बात के कहने में कोई गुरेज़ नहीं कि आज भी कुरप्शन काफी हद तक हमारे सूबा और देश में है ।

दूसरी बात यह कही गई थी कि इस गवर्नमैंट पर कोई एतबार क्यों करे जिस गवर्नमैंट के ऐजुकेशन मिनिस्टर ने यह कहा कि शूगर और सीमेंट बलेक मार्किट में बिकता है । यह तो जनाब हमें इस से वरासत में ही मिली हुई चीज थी और आहिस्ता आहिस्ता ही दूर होगी । यह देन पंडित मोहन लाल और इन के कमाश के आदमियों की ही है जिन्होंने स्टैंडर्ज़ आफ मारैलिटी को नौ साल तक बालाए ताक रखा और जिन के सामने सिर्फ एक ही निशाना था और वह यह कि किस तरह से जल्दी से जल्दी अमीर और ज्यादा अमीर बना जाए । आज वह कामरेड

[शिक्षा तथा स्थानीय शासन मन्त्री]
राम किशन की वजारत की बाबत यह कहते हैं कि उस पर लोगों को एतबार नहीं क्योंकि उसका एक वजीर यह कहता है कि शूगर और सीमेंट ब्लैक में मिलता है और उसको मुजरिम गरदाना जाए ? ठीक है, जब यह वजारत में थे तो उस वक्त की वजारत में किसी को यह इज़ाज़त नहीं थी कि बुराइयों को बाहर लाया जाए, जो करता था उसको चुप करा दिया जाता था। लेकिन हमें हमारे चीफ मिनिस्टर की इज़ाज़त है कि जो सच्चाई हम देखें उसको कह दें। सो मैंने जरूर कहा और आज भी कहता हूं कि सीमेंट और चीनी ब्लैक मार्किट में मिलती है। यह बात कहना हकीकत से मुंह फेरना होगा कि एक पैसे की चीनी या सीमेंट ब्लैक मार्किट में नहीं मिलता।

चौधरी देवी लाल जी के साथ आजकल उनका बहुत प्यार हो गया मालूम होता है। इस बारे में जिक्र करते हुए पंडित मोहन लाल ने फरमाया कि मैंने इन से माफी मांगी और उन्होंने मुझे बख्श दिया। वह तो वह खुद ही कहेंगे कि मैंने माफी मांगी या क्या हुआ—बाबू बचन सिंह जी इस एवान के मैम्बर हैं, मैं इस बहस में नहीं पड़ना चाहता, मगर उन का हवाला देकर यह अल्ज़ाम लगाया गया था। यह बात सुनकर मुझे एक पटवारी की बात याद आ गई। एक बार एक तहसीलदार ने एक पटवारी को कहा कि मैं ने तुम्हारे बारे में बड़ी शिकायत सुनी है कि इस ने फलां से रिश्वत ली है, फलां से रिश्वत ली है। पटवारी ने कहा, जनाब यह सब गलत है, मैं ने कोई पैसा किसी से नहीं लिया।" तब तहसीलदार ने कहा, "नहीं, हमें इस बात का पूरा यकीन है। यह लोग कोई झूठ थोड़े ही कहते हैं।" इस पर पटवारी ने तहसीलदार को बताया "जनाब, वह तो कल शाम एक भारी पब्लिक जलसे में यह कह रहा था कि तहसीलदार भी रिश्वत लेता है और उसने मुझसे घी का टीन लिया है।" तब तहसीलदार उस पटवारी से कहने लगा कि इस आदमी पर कोई विश्वास नहीं करना चाहिए, यह बदमाश है, कमीना है। तो जनाब उस पटवारी ने फौरन कह दिया कि जब यह आप पर यह अल्ज़ाम लगाता है तो वह बदमाश और कमीना है, उस पर एतबार नहीं किया जा सकता है लेकिन जब यह मुझ पर अलजाम लगाता है तो फिर क्यों एतबार किया जाए ? तो इसी तरह मैं यह कहना चाहता हूं कि जब चौधरी देवी लाल ने मेरे बारे में कुछ कहा तो यह गास्पल ट्रुथ हो गया लेकिन क्या वह इस बात को भूल गए हैं कि उन्हीं चौधरी देवी लाल जी ने एक बोरी को इस एवान में पेश करके यह बताया था कि पंडित मोहन लाल बारह-बारह पंद्रह-पंद्रह मील साईकल पर चढ़कर जाते थे ताकि कोई केस मिल जाए और आनरेरी मेजिस्ट्रेट के अलावा और कोई जगह भी इन को नहीं मिलती थी। क्या वह इस बात को भूल गए कि नौ साल तक इसी हाउस में उन के खिलाफ सैंकड़ों अलज़ामात लगते रहे ? उन की बाबत तो इन की कान में जूं तक नहीं रींगी। और आज अगर किसी गलत फहमी में मेरे दोस्त ने मेरे बारे में कुछ कह दिया तो बार बार उसका चर्चा आता है। मैं पूछता हूं उस आनरेबल मैम्बर से कि क्या कभी उसने नौ साल तक उन बातों की तरफ तवज्जो भी दी जो लोग उसके बारे में कहा करते थे ? क्या वह इस बात को भूल गए कि यहां पर इस हाउस के एक मेम्बर सरदार प्यारा सिंह ने कहा था कि मोहन लाल फंड के नाम से हर एक शैलर और भट्टे में तीन सौ रुपया दर्ज होता है ? और इसी बात पर उस आनरेबल मेम्बर को, जिस ने यहां पर यह कहने की जुर्रत की, पार्टी से सस्पैंड कर दिया गया था। क्या वह इस बात को भूल गए कि सात लाख रुपए के करीब उन्होंने इलैक्शन के दौरान इकट्ठा किया था ? क्या वह इस बात से इनकार कर सकते हैं कि नदरन इंडिया इंजनियरिंग एसोसीएशन से बीस हज़ार रुपया इन्होंने

अपने इलैक्शन फंड में लिया। (शेम शेम की आवाज़ें)। क्या वह इस बात को भूल गए हैं कि बटाला फैक्टरीज एसोसिएशन में मोहन लाल फंड से चार आने फी मन के हिसाब से कोटे पर टैक्स लगा हुआ था ? और इस तरह 93 हज़ार रुपया आप के एकाउंट में जमा हुआ। जब पूछा गया तो कहने लगे कि साहिब, यह तो पुलिटीकल रीज़ंज़ के लिए दिया गया है। स्पीकर साहिब, इन का कच्चा चिट्ठा कहां तक खोलूं ? (आवाज़ें : खोल दो) अगर मैं उन सब बातों में जाऊं तो मैं समझता हूं कि इन पर काफी दिन लग जाएंगे। मगर मैं उन से कहूंगा कि मुझे अपनी ज़बान बन्द रखनी है और वह इसलिए कि मैं कुछ बदकिस्मती से एक ज़िम्मेदार कुर्सी पर बैठा हुआ हूं और दूसरे यह कि मैं भी उसी पार्टी का मैम्बर हूं जिस के यह मैम्बर हैं। मगर मैं इतना ज़रूर कहूंगा कि शीशे के घरों में रहने वालों को कम अज़ कम इतनी अक्ल तो होनी चाहिए कि दूसरों पर पत्थर न फैंकें। जनाबआली, जिस शख्स के दामन में इतने दाग हों कि सारी गंगा और यमुना का पानी भी लगा दिया जाए तो भी साफ न हो पाएं, वह शख्स मेरे ऊपर यह इल्ज़ाम लगाए कि मैं ऐडमिनिस्ट्रेशन में दखल अन्दाज़ी करता हूं ? गुरदासपुर जाकर बैठा रहता हूं ? जनाब आली, मेरे पास अपने टूर्ज़ की सारी डिटेल्ज़ इस वक्त मौजूद हैं। मैं महीनों भर गुरदासपुर नहीं जाता रहा। मगर क्या चौधरी देवी लाल जी को पता नहीं है कि जब यह शख्स यहां का होम मिनिस्टर था तो अलीवाल, माधोपुर हर हफ्ते किस लिए जाया करता था ? मैं नहीं कहता कि वह किस लिए वहां पर जाया करता था मगर यह हकीकत है कि कोई हफ्ता खाली नहीं जाता था कि वह वहां न जाए। अब भी, जनाब वह वहां जाता है और सुप्रिटैंडैंट पुलिस और दूसरे अफसरान को कहता है कि "यह रामकिशन वज़ारत तो चार महीनों में खत्म होने वाली है। हमारे आदमियों को क्यों बुलाते हो और उन से बातें क्यों पूछते हो ?" स्पीकर साहिब, मुझे एक पंजाबी की कहावत याद आ गई है। कहते हैं, "खानगे जेहड़े चोपड़ियां धने सहनगे दुख"। जिन्होंने नौ साल तक लाखों रुपया गवर्नमैंट का कोटे, परमिटों में खाया वह क्यों न तड़पेंगे ? कोटे और परमिटों को सरे बाज़ार जा कर बेचा। मैं सिर्फ एक ही आदमी की बाबत ज़िक्र करूंगा जो कि इन का राईट हैंड मैन है जिस से मेरे बारे में गलत बातें कहलवाईं। जनाब आली, उन को 156 टन से भी कुछ ज्यादा पिग आयरन का कोटा मिला और वह इसलिए कि वह पाईप्स बनाकर अमरीका भेजेगा। लेकिन आप हैरान होंगे कि सिर्फ एक गाड़ी जिसकी कैपेसिटी बीस टन है वही ऐक्सपोर्ट की गई और बाकी का 136 टन बटाला के स्टेशन पर पच्चीस और तीस हजार के मुनाफे पर बेच दिया गया। आज मुझ पर अल्ज़ाम लगाए जाते हैं कि मैं कुरप्शन करता हूं। स्पीकर साहिब, मेरा कसूर सिर्फ इतना है कि लोगों ने जो छोटे हिटलर पैदा किए थे उन को मैं बरदाश्त नहीं कर सकता। आज हम चाहते हैं कि ऐडमिनिस्ट्रेशन आफ ला हो, कानून की हकूमत हो।

स्पीकर साहिब, मेरे बारे में यह भी अल्ज़ाम लगाते हैं कि मैं अफसरों के काम में जाकर दखल अन्दाज़ी करता हूं। लेकिन मैं आप को यह बता देना चाहता हूं कि मेरे ज़िला में इस वक्त जो अफसर हैं मैं उन में से 90 फीसदी अफसरों को अभी तक जानता नहीं हूं। मैं महीनों से कभी डिप्टी कमिश्नर, ऐस.पी. वगैरा से नहीं मिला। वह बताएं जब मैंने किसी अफसर को किसी काम के लिए टैलीफून भी किया हो। यह भूल गए हैं कि जब ज़िला परिषद् की इलैक्शन में पिछली बार मेरी मैजारिटी थी तो दो दिन पहिले इलैक्शन को इस बिना पर रोक दिया गया था

[शिक्षा तथा स्थानीय शासन मन्त्री]

कि कांग्रेस सैशन आ रहा है। इसमें कोई ऐसी बात नहीं थी कि कांग्रेस सैशन की वजह से उस इलैक्शन को रोक दिया जाता। लेकिन असल बात यह थी कि जब तक कोटे और परमिट देकर उन लोगों को अपनी तरफ नहीं करा लिया तब तक ज़िला परिषद् की इलैक्शन नहीं कराई गई।

आज तक तो यह एड़ी चोटी का ज़ोर लगाते रहे और अब मुझ पर यह इलज़ाम लगाया कि मैं ने ज़िला परिषद् की इलैक्शन में दखल दिया है। जनाबेआली, मैं पहले तो ज़िला गुरदासपुर में गया ही नहीं था और न ही उन दिनों वहां जाना ही चाहता था लेकिन हमारे प्राइम मिनिस्टर के एक दोस्त लण्डन से आए हुए थे और उन को मुझे चिट्ठी आई हुई थी कि उन्होंने धर्मशाला में दलाई लामा को मिलने जाना है इस लिए मुझे वहां जाना पड़ा। मैं 11 तारीख को धर्मशाला में गया और 13 तारीख को मैं ने गुरदासपुर में वहां के गवर्नमैंट कालेज के एक फंकशन पर प्रीज़ाइड करना था और अभी ज़िला परिषद् के चुनाव की तारीख भी फिक्स नहीं हुई थी जब से मैंने वहां प्रीज़ाइड करना कमिट किया हुआ था। यह कहते हैं कि मैं ज़िला परिषद् की इलैक्शन में इण्ट्रेस्ट लेता हूं हालांकि मैं ने इस में बिलकुल कोई दखल नहीं दिया। और अगर मैं उस इलैक्शन में इण्ट्रेस्ट लेता भी तो भी कोई एतराज़ वाली बात नहीं हो सकती क्योंकि बतौर एक सियासी आदमी होने के मैं अगर चाहता तो उस चुनाव में इण्ट्रेस्ट ले भी सकता था।

स्पीकर साहिब, आप देखें कि इन के बेहतरीन दोस्त पंडित गोरख नाथ हैं जो पहले इस हाउस के मेम्बर भी रह चुके हैं। जब तक वह इन के खिलाफ थे उस वक्त तो इन्होंने उस को कांग्रेस का टिकट भी नहीं लेने दिया और जब उन्हों ने इन का साथ देना मान लिया तो हालांकि वह सिर्फ मैट्रिक पास हैं लेकिन फिर भी उन को सबार्डिनेट सर्विसिज़ सिलैक्शन बोर्ड का मैम्बर बना दिया और अब उन को इस्तेमाल किया जाता है मेरे खिलाफ दिल्ली में बड़े २ लीडर्ज़ को कहने के लिए कि मुझे मिनिस्टरी में न रखा जाए। फिर आप देखें कि जब श्री कामराज जी गुरदासपुर में आए तो वहां पर चालीस हज़ार की हाज़री में इन्होंने मुझे बदनाम करने की कोशिश की जिस पर चालीस के चालीस हज़ार की हाज़री खड़ी हो गई और इन दोनों को एक लफज़ भी न कहने दिया और इन को सुनने से इनकार कर दिया। इस पर कामराज जी ने कहा कि यह शख्स बहुत बदनाम है। Is he so unpopular? इस के बाद जब मैं ने लोगों को बैठ जाने के लिए कहा तो वह चुप कर के बैठ गए। इस पर इन्होंने वहां के जो चार बेहतरीन कांग्रेस वर्कर थे उन को सस्पेण्ड कर दिया और उन पर यह ऐक्शन इस लिए लिया गया क्योंकि उन्हों ने इन के खिलाफ डिमानस्ट्रेशन की थी। मैं इन से पूछना चाहता हूं कि क्या यह भूल गए हैं कि इलेक्शन के दौरान जब यह अपनी कानस्टीच्यूएंसी में गए थे तो इन्हों ने वहां के एस. पी. को टेलीफोन किया था कि इन की ज़िंदगी को खतरा है। मैं अर्ज़ करता हूं कि जिस शख्श में इतनी जुर्रत न हो कि वह बगैर किसी खौफ के अपनी कान्स्टीच्यूएंसी में जा सके वह मेरी बाबत कहते हैं कि मैं बदनाम हूं।

जनाबे आली, मैं इन के खिलाफ इल्ज़ामों के बारे में ज्यादा नहीं कहूंगा क्योंकि मैं समझता हूं कि इतने में ही इन की तसल्ली हो जायेगी क्योंकि अकलमन्द के लिये इशारा ही काफी होता है और अगर फिर इन्होंने कुछ कहा और फिर ज़रूरत पड़ी तो मैं फिर अर्ज करूंगा।

एक इन्होंने कहा है कि इलैक्शन का रिजल्ट जो था वह गज़ट नहीं किया गया और मैं ने गज़ट होने से रोक दिया । इस बारे में मैं अर्ज़ करता हूं कि जिस दिन प्रैज़ीडट का इलैक्शन हुआ उस के तीसरे ही दिन मेरे पास यह शिकायत आई कि वह आदमी अनपढ़ है इसलिये इस की इलैक्शन गज़ट नहीं होनी चाहिये । तो इस पर मैं ने अपने महकमा से दरियाफत किया कि क्या किसी अनपढ़ आदमी के लिये कोई बार तो नहीं है और जिस दिन मुझे मेरे महकमे वालों ने बताया कि इस में कोई बार नहीं है तो मैं ने लिख दिया कि इस इलैक्शन को फौरन गज़ट किया जाये । फिर, स्पीकर साहिब, जिस आदमी के बारे में इन्होंने यह एतराज किया है वह मेरे अपने आदमी हैं ।

फिर, जनाबे आली, इन्होंने धारीवाल म्युनिसिपल कमेटी की सीमिंट और ईंटों की चोरी का ज़िक्र किया । स्पीकर साहिब, सोने की चोरी और समगलिंग के बारे में तो सुनते थे लेकिन ईंटों की चोरी के बारे में कभी नहीं सुना था और इस में इलज़ाम यह लगाया गया है कि इस चोरी में मेरे बहनोई इनवाल्वड हैं और उनके खिलाफ कोई ऐक्शन नहीं लिया गया । मैं अर्ज़ करता हूं कि जब इस बारे में एक अर्ज़ी चीफ मिनिस्टर साहिब के पास आई तो उन्होंने मेरे पास भेज दी । उस अर्ज़ी पर कामरेड शमशेर सिंह जोश और कामरेड स्वतंत्र साहिब के दस्तखत थे । इतफाक से वह मेरे पास घर पर आए तो इन से मैं ने इस बार में पूछा तो उन्होंने मुझे बताया कि उन्होंने तो उस अर्ज़ी को पढ़ा ही नहीं और क्योंकि कामरेड राजकुमार, जो वहां के कम्युनिस्ट वर्कर हैं, ने इन को इस पर दस्तखत करने के लिये कहा था, इस लिये उन्होंने इस पर दस्तखत कर दिये थे । जनाब आली, जब मैं ने देखा कि इस में मेरे बहनोई इनवाल्वड हैं तो मैं ने उस अर्ज़ी पर लिख कर चीफ मिनिस्टर साहिब को वापस भेज दिया कि क्योंकि इस में मेरे बहनोई इनवाल्वड हैं, इस लिये मैं इस बारे इनक्वायरी नहीं करना चाहता और लिखा कि इस बारे में आप किसी अच्छे अफसर की मार्फत इस मामले की इनक्वायरी करा लें । मैं इस में किसी किस्म का कोई दखल नहीं देना चाहता क्योंकि मैं चाहता हूं कि अगर कोई हमारा नज़दीकी रिश्तेदार भी कोई इस तरह का फेल करता है तो उसको सख्त से सख्त सज़ा मिलनी चाहिये । इस बारे में मैं इतना ज़रूर अर्ज़ कर देना चाहता हूं कि कामरेड राज-कुमार ने दो महीने के लिये बतौर एक्टिंग प्रैज़ीडैंट के काम करना था और उस दौरान उन को इस चोरी का पता नहीं लग सका और चार तारीख को जब उन को पता लगा कि प्रैज़ीडैन्ट की इलैक्शन की गज़ट नोटीफिकेशन हो गई है तो वह पांच तारीख को डिप्टी कमिश्नर के पास चले जाते हैं और उनको इस बार में शिकायत कर आते हैं । हालांकि तरीका यह था कि इस बारे में पहले एग्ज़ामीनर लोकल बाडीज़ के ज़रिये उस सारी चीज़ की जांच कराई जाती और बाद में उसे डिप्टी कमिश्नर के पास भेजा जाता फिर इस के बाद उन्होंने प्रैस कानफ्रेंस भी कर दी । इस सारे केस के बारे में चीफ मिनिस्टर साहिब बतायेंगे क्योंकि उन्होंने इस बार में इनक्वायरी कराई है । इतना मैं कह देता हूं कि कामरड राजकुमार जो कि दो वार्डो से इलैक्शन के लिये खड़े हुए थे, ने मेरे बहनोई से एक वार्ड में हार खाई थी ।

फिर, जनाबे आली, इन्होंने एक इलज़ाम मेरे खिलाफ यह लगाया है कि मैं ने अपने सन-इन-ला को फरीदाबाद कमेटी का मैम्बर नामज़द किया है । इस बारे में मैं गुज़ारिश

[शिक्षा तथा स्थानीय शासन मन्त्री]
करता हूं कि फरीदाबाद एक नोटीफाइड एरिया कमेटी है जो कि 1960 में बनी थी जब कि इन्होंने, जो उस वक्त इस महकमा के इन्चार्च थे, एक नरेन्द्र नाथ को जो इनके लड़के के साथ हिंदुस्तान सरिंजिज़ में पार्टनर था उस कमेटी का मैम्बर नामज़द किया था फिर उस के दो साल बाद वहां के डिप्टी कमिश्नर ने एक लिस्ट नामज़दगी के लिये नामों की 1962 में भेजी तो उस को यह साल भर अपने पास दबा कर रखी रखा। फिर उस के साल बाद जब इस महकमा के वजीर सरदार गुरबंता सिंह बन गये तो एक साल तक उन्होंने उस लिस्ट को दबाए रखा और श्री नरेन्द्र नाथ को उस कमेटी का मैम्बर नाजायज़ तौर पर बने रहने दिया और नई नामज़दगी नहीं की। इतना कुछ करने के बाद यह कहते हैं कि मैं ने इन्टरफीयर किया है। फिर आप देखें इन की इन्टरफीयरेंस की हद कहां तक जाती है। ज्ञानी करतार सिंह जब इस महकमा के मिनिस्टर थे तो उन्होंने सरदार वरियाम सिंह के लड़के को एग्ज़ैक्टिव अफसर बनाने के लिये हुकम कर दिया था लेकिन उस के फौरन बाद महकमे बदल गए और यह महकमा इन के पास आ गया तो यह धारीबाल से आ रहे थे तो इन्होंने उस की बजाये अपने एक दोस्त के बहनोई को एग्ज़ैक्टिव अफसर मुकर्रर कर दिया। जहां तक मेरे सन-इन-ला की नामीनेशन का ताल्लुक है, इस बारे में मैं अर्ज करता हूं कि मैं आज तक न गुड़गांव गया ही हूं और न ही इस बारे में डिप्टी कमिश्नर को लिख कर भेजा है। हां, एक बार मैं पलवल ज़रूर गया था और मैं वहां के डिप्टी कमिश्नर को कभी आज तक नहीं मिला जो मैं ने उस को कहा हो कि मेरे सन-इन-ला का नाम वह नामजदगी के लिये भेज दे। पहले कुछ आदमियों के नाम नामजदगी के लिये भेजे थे वह गिनती में कम थे। इस पर मैं ने उसे लिखा था क्योंकि फरीदाबाद की आबादी बढ़ गई है इस लिये वह ज्यादा आदमियों के नामों की लिस्ट भेजे। इस पर उस ने 17 नामों की लिस्ट भेजी थी। उन 17 नामों में एक शख्स बाला सुन्दरम का था, जिस के खिलाफ यह शिकायत थी कि उसने नैशनल डिफेंस फण्ड की कुलैक्शन में मुखालिफत की थी। मेरे दोस्त महता साहिब से भी पूछा गया क्योंकि यह उसी ज़िला से आये हुए हैं तो इन्होंने भी बताया कि वह आदमी अच्छा नहीं है। तो उस के नाम को छोड़ कर बाकी के सारे नामों की नामज़दगी के लिये मैं ने आर्डर कर दिए जिन में मेरे सन-इन-ला का नाम भी था। मेरा सन-इन-ला वहां की लायन्ज़ कल्ब का सैक्रटरी है और स्माल स्केल इण्डस्ट्रीज़ एसोसिएशन का प्रैज़िडैंट है और अगर उस का नाम वहां के डिप्टी कमिश्नर ने भेज दिया है तो कोई अनोखी बात तो नहीं हुई। फिर मुझे अपने रिश्तदारों पर एतबार है। इन को अपनें मैयार और अपने पैमाने से नहीं नापना चाहिए।

फिर, स्पीकर साहिब, यह इल्ज़ाम लगाया गया है कि मैं ने उस के प्रैज़ीडैन्ट चुने जाने में कोई दखल दिया है। इस बारे में मैं अर्ज करता हूं कि उस चुनाव में 15 मैम्बरों ने वोट डाले और इन 15 में से 10 ने मेरे सन-इन-ला को वोट दिया और पांच ने उस के खिलाफ दिया। फिर डिप्टी कमिश्नर भी वहां उस मीटिंग में मौजूद नहीं था जिस के बारे में कहा जा सके कि उस ने किसी को इनफ्लूयेंस किया हो। तो इन हालात में मैं पूछना चाहता हूं कि क्या किसी मिनिस्टर के किसी रिश्तेदार को यह हक हासल

नहीं है कि वह इलैक्शन लड़ कर किसी कमेटी का प्रैज़ीडैन्ट या वाईस प्रैज़ीडैन्ट बन सके ? फिर इस सिलसिले में इन्होंने यहां एक इशितहार पेश किया है जो कि इन्होंने और इन के हमवारियों ने छपवाये हैं। फिर मैं इन से पूछता हूं कि क्या यह भूल चुके हैं पंजाब के करोड़ों अवाम की धड़कनों को जो हजारहा इशितहार इन के खिलाफ छपवाते रहे थे जो आज यह यहां पोस्टर दिखा कर इस बात की चर्चा कर रहे हैं। फिर इसी पर ही बस नहीं, स्पीकर साहिब, कि इन्होंने अपने बेटे के पार्टनर को इस कमेटी का मेम्बर नामज़द किया और कई सालों तक उसे मैम्बर रहने दिया बल्कि वहां फरीदाबाद में जितने इण्डस्ट्रियलिस्ट्स थे, जिन में इनका का बेटा भी एक था, को फायदा पहुंचाने के लिये इन्होंने वहां आक्टराए में 20 फी सदी कमी कर दी। उसका नतीजा यह हुआ कि करीब पांच लाख का खसारा हुआ। और यहां यह शोर मचाते नहीं थकते कि कौन नामज़द हो गया। फैक्टरी वाले इस लिये रोते हैं कि जो रियायतें उन को पंडित जी के वक्त में मिली हुई थीं वह शायद छिन जायें। इस लिये नहीं रोते कि कोई गल्त आदमी नामज़द हो गया है। सारी चीज़ आप के सामने है। आप देखें कि जितनी वाइड सिलैक्शन हो सकती थी हुई है। मगर इस बात को ले कर कि उस में मेरा दामाद भी है एक तूफाने बद तमीज़ी पैदा कर दिया गया है। उस के नामज़द हो जाने से आफत क्या आ गई थी ?

सभापति महोदय, वहां पर बहुत से गांवों को उजाड़ कर एक लेक बनाई जा रही है । इस के लिए सरकार को इन के बारे में जल्दी ही कदम उठाने चाहिएं ताकि उन को कोई न कोई रोज़गार मिल सके । सरकार के लिए ठीक होगा कि उन गांवों का उजाड़ने से पहले उन लोगों के बसाने के लिए ग्रौर रोज़गार मुहैय्या करने के लिए प्रबन्ध करे । वहां के लोगों के दिलों में काफी ग्रसंतोष फैला हुग्रा है ग्रौर फैल रहा है । सरकार ने उन के लिए कुछ स्कीमें भी बनाई हैं ग्रौर वह स्कीमें उन के सामने नहीं ग्राई हैं । उन्हें इन स्कीमों के बारे में बताया जाना चाहिए ताकि उन के दिलों में ग्रसंतोष न बढ़ें । मैं चाहता हूं कि सरकार उन स्कीमों को वहां के लोगों के साथ डिटेलज़ में डिस्कस करे ग्रौर उन को बसाने ग्रौर रोज़गार मुहैय्या करने के लिए प्रबन्ध करे । तलवाड़ा टाउनशिप के ग्रन्दर कुछ सैक्टर्ज़ उन के बसाने के लिए रिज़र्व किए गए हैं । सरकार ने यह ग्रच्छी बात की है क्योंकि बहुत सारे लोग वहां पर रहना पसंद करते हैं ग्रौर वहां पर रोज़गार भी पा सकेंगे । इस लिए मैं सरकार से ग्राप के द्वारा प्रार्थना करना चाहता हू कि सरकार को उन गांवों के उजाड़ने से पहले सारी स्कीमज़ उन्हें समझाए ताकि उन के दिलों में ग्रसंतोष की लहर कम हो सके । वहां पर सरकार ने इंडस्ट्रीयल एरिया भी रिर्ज़व किया है। सरकार ने नंगल में फैक्टीज़ बनायी थी ग्रौर वह फैक्टरी तभी लगाई गई जब वहां पर डैम तैयार हो गया था, वह वहां पर बहुत देर के बाद स्थापित की थी । यहां पर भी सरकार कोई न कोई फैक्टरी स्थापित करेगी । मैं सरकार से प्रार्थना करना चाहता हूं कि सरकार पहले ही इस बारे में ग्रनाउंसमैंट करे ताकि ग्रभी से वहां पर काम शुरू किया जा सके । डैम के बनने के बाद वहां फैक्टरी स्थापित की जाएगी ग्रगर सरकार इस बारे में ग्रभी ग्रनाऊंस मैंट कर दे तो लोगों को काफी हौसला हो जाएगा ग्रौर फैक्टरी लगने से डिसम्प्लेस्ड ग्रादमियों को भी काफी रोज़गार मिल सकेगा ग्रौर काफी हद तक उन को सहूलतें मिल सकेंगी । इस तरह से उन को ग्राबाद होने में भी काफी मदद मिल सकेगी । इस लिए मैं सरकार से प्रार्थना करना चाहता हूं कि वह इस ग्रोर शीघ्र कदम उठाए । (घंटी)

सभापति महोदय, वहां पर वाटर वर्कस तैयार हो रहे हैं ग्रौर यह काम जल्दी ही पूरा हो जाएगा । वहां से पीने का पानी लोगों को मुहैय्या किया जाएगा । ग्राजकल वहां के लोगों पहाड़ों में बस रहे हैं । इस लिए मैं ग्राप के द्वारा सरकार से प्रार्थना

[श्री मला राम]

करना चाहता हूं कि लोगों को पीने का पानी वहां पर पहुंचाया जाए, जहां पर वह आज कल बस रहे हैं । इस वाटर वर्कस से तलवाड़ा के आस पास के गांवों को जोकि 4,5 हैं अर्थात् तलवाड़ा, भेड़ा, डौहर और नंगल गांव हैं, उन सब को पानी पहुंचाया जाए । मैं समझता हूं कि सरकार उन की तकलीफों को शीघ्र ही दूर करने का प्रबन्ध करेगी ।

सभापति महोदय मुकेरियां, के नजदीक से दरिया ब्यास गुजरता है। जब वहां पर मानसून के वक्त या किसी और समय बाढ़ आती है तो उस से दरिया के निकट के इलाके को बहुत भारी खतरा पैदा हो जाता है । यह ठीक है कि गवर्नमेंट ने 3 स्पर्ज़ वहां की हिफाज़त के लिए लगाए हैं लेकिन उस से लोगों के दिलों में बहुत बेचैनी ही रही है । और लोगों को बाढ़ के कारण नुक्सान का डर रहता है । ब्यास के दूसरी तरफ ज़िला गुरदासपुर लगता है । वहां पर सरकार ने घुस्सी बान्ध और स्पर्ज़ वहां के लोगों की हिफ़ाजत के लिए बनाए हैं । जब वहां पर बाढ़ आयगी तो वहां पर पानी इन में डाईवर्ट हो जाएगा और इस तरह से वह सुरक्षित रह जाएंग । मैं इस बांध को तुड़वाने के हक में नहीं हूं । मैं इतनी ही अर्ज करना चाहता हूं कि मेरी कांस्टीच्युएंसी इस इलाके में तीन लाख मन पैडी प्रोड्यूस होती है । इस इलाके में से वह राइस पंजाब के दूसरे हिस्सों और हिन्दुस्तान के अन्य स्थानों में जाता है । अगर दरिया ब्यास का रुख मेरी कांस्टीच्युएंसी की तरफ आ गया तो मैं समझता हूं कि वह ज़मीन नाकाबलेकाश्त हो जाएगी जिस से बड़ी मात्रा में अनाज की कमी हो जाएगी । आप को मालूम ही है कि हमारे देश की हालत पहले ही अनाज की कमी के कारण खराब है लेकिन बाढ़ का रुख बदल जाने से लोगों की ज़िन्दगी महफूज़ नहीं रह सकती । इस लिए, मैं सरकार से प्रार्थना करना चाहता हूं कि वहां पर सरकार लोगों की ज़मीनें बचाने के लिए स्पर्ज़ तैयार करे ताकि उस का रुख बदलने से लोगों का नुक्सान न हो । मैं चाहता हूं कि धुस्सी बान्ध उसी तरह से कायम रहे । मैं तो यही कहना चाहता हूं कि मेरे इलाके की तरफ भी सरकार शीघ्र प्रबन्ध करे ताकि लोगों को बाढ़ से बचाया जा सके।

सभापति महोदय, चोओं का मसला तो ज़िला होशियारपुर में सब से ज्यादा है। हमारे सिंचाई मन्त्री महोदय इस के बारे में काफ़ी दिलचस्पी ले रहे हैं । वह स्वयं महंगरवाल गए और वहां पर जा कर सारी हालत का मुआयना किया । यह बहुत ही प्रसन्नता की बात है । मैं समझता हूं कि सरकार ने इन के बारे में कुछ स्कीमें तैयार की हैं और कर रही है लेकिन वह अभी तक फाइनेलाइज़ नहीं हुई हैं । मैं चाहता हूं कि यह स्कीमें शीघ्र ही फाइनेलाइज़ की जाएं ताकि वहां की 3, 4 लाख एकड़ ज़मीन इन चीजों से बर्बाद न हो सके इन चीज़ों को कंट्रोल किया जा सके । यह सारी ज़मीन ज़ेरे काश्त हो सके । मैं मानता हूं कि मन्त्री महोदय ने स्वयं जा कर वहां का निरीक्षण किया है और काफ़ी दिलचस्पी ले रहे हैं । मैं मंत्री महोदय का इस बारे में धन्यवाद करता हूं लेकिन साथ ही साथ मैं आप के द्वारा फिर

प्रार्थना करना चाहता हूं कि इन स्कीमों को जल्दी से जल्दी मुकम्मल किया जाए ताकि यह स्कीमें लागू हो सकें। (घंटी) सभापति महोदय, मैं कुछ और प्वायंटस आप के द्वारा मिनिस्टर साहिब के नोटिस में लाना चाहता हूं लेकिन आपने घंटी बजा दी है, इस लिए मैं आप का धन्यवाद करके अपनी सीट संभालता हूं।

बाबू बचन सिंह (लुधियाना उत्तर) : चेयरमैन साहिब, इस वक्त पंजाब के सामने दो सवाल हैं। पहला सवाल यह है कि इरीगेटिड एरिया को किस तरह से बचाया जाए और दूसरा सवाल यह है कि सेमज़दा इलाके को किस तरह से कम किया जाए। मैं तो इन दो सवालों को एक ही समझता हूं। लेकिन मुझे दुख के साथ कहना पड़ता है कि हमारे पंजाब में 1955 से फलड्ज आ रहे हैं और इस से ज़मीन तबाह होती जा रही है। किसानों का भारी नुक्सान होता आ रहा है। मैं समझता हूं कि सरकार ने इस के बारे में कुछ भी नहीं किया है। अगर सरकार यह दावा करती है कि इस नैरेस को रोकने के लिए इस ने कुछ किया है तो मैं समझता हूं कि वह अहमकों वाली दुनिया में ही बस रही है। इस से ज्यादा अच्छे लफ्ज़ मुझे नहीं मिल रहे हैं जिन से मैं इन को विभूषित कर सकूं। मैं मौजूदा मिनिस्टर की जात पर कुछ नहीं कहना चाहता हूं। मैं उन की तारीफ ही करना चाहता हूं, क्योंकि वह इस मसले को सुलझाने में बहुत दिलचस्पी लेते हैं और लोगों से सुजेशनज लेने के लिए भी तैयार हैं। अगर मैं यह कहूं कि सरकार ने इस बड़े मसले को काबू करने में कोताही की है तो इस में मुबालगा नहीं होगा। आटम सैशन के वक्त सेम के मसले के ऊपर एक कमेटी बिठाई गई थी जिस का चेयरमैन श्री फलैचर को बनाया गया था। लेकिन बहुत अफसोस से कहना पड़ता है कि उस कमेटी ने अभी तक अपनी रिपोर्ट तैयार नहीं की है। यहां पर इतना सीरियस मामला हो और सरकार इस समस्या को वार फुटिंग पर सुलझाना न चाहती हो तो इस बात से अन्दाज़ा लगाया जा सकता है कि यह सरकार इस गम्भीर मसले को कितनी प्रेफरेंस दे रही है। इस वक्त पंजाब की हालत पहले जैसी नहीं है। आजकल पंजाब में पानी की कमी नहीं है और सेम के कारण गांवों का नुक्सान हो रहा है। एक तरफ तो लोग सेम से नुक्सान उठा रहे हैं, बाढ़ से नुक्सान उठा रहे हैं और दूसरी तरफ अबोहर, सिरसा, भिवानी और रिवाड़ी के लोग पानी के लिए चीख रहे हैं। वे कहते हैं कि हमें पानी मिलना चाहिये। अगर कोई अकलमंद आदमी गवर्नमेंट में होता तो वह जानता कि मामूली जमा तफरीक, प्लस और माईनस का सवाल है। (विघ्न) मैं ने पहले ही कह दिया है कि चौधरी साहिब की ज़ात से मुझे कोई ताल्लुक नहीं है, मेरे दिल में उन के लिए श्रद्धा है। आज से बीसों साल पहले ही हिन्दोस्तान के लोगों को पता चल गया था कि जहां जहां पर नहरों का पानी गया है वहां वहां पर लानत बन जाएगा। आप जानते नहीं कि लायलपुर में क्या हुआ था, आप जानते नहीं कि शेखुपुरा में क्या हुआ था, आप को पता नहीं कि गुजरांवाला में क्या हुआ था, वही हालत आज इस इलाका की हो रही है। क्या पंजाब का सारे का सारा एरिया इरीगेटिड हो गया है, चालीस, पैंतालीस फीसदी एरिया ही इरीगेटिड है, सौ फीसदी होना चाहिए।

[बाबू बचन सिंह]

लेकिन अगर सौ फीसदी न करें तो कम से कम 80, 90 फीसदी एरिया तो इरीगेट करें । कहते हैं कि इतना पानी हमारे पास नहीं है । मैं डैफीनेटली कहता हूं कि इस वक्त भी 80, 90 फीसदी एरिया इरीगेट करने के लिए पानी दे कर भी पानी बच रहता है । फिर क्या वजह है कि एक तरफ तो लोग शिकायत करते हैं कि हमें पानी मिलता नहीं और दूसरी तरफ फसलें सेम से मारी जा रही हैं। इस में सिवाए इनएफीशेंसी और सिवाए बलर्ड वीयन के और कोई बात नहीं है । यह जानते नहीं हैं कि हम बीसवीं सदी के दूसरे हिस्से में से गुजर रहे हैं, दुनियां कहां की कहां पहुंच गई है और हम कहां पर बैठे हुए हैं। कहते हैं कि फलां ड्रेन खोदी जा चुकी है, फलां ड्रेन खोदी जा रही है, सिरसे से और हिसार से आगे राजस्थान वाले पानी नहीं जाने देते । मैं कहता हूं कि अरे बाबा, तुम राजस्थान को पानी क्यों दो ? हमें खुद जरूरत है कि पंजाब में पानी इस्तेमाल करें । मुझे शर्म आती है कि जब सेंट्रल गवर्नमेंट के वजीर कहते हैं कि अभी हमें कितने ही साल तक बाहर से अनाज मंगवाना पड़ेगा । मैं कहता हूं कि अकेले पंजाब में ही दुगना अनाज पैदा हो सकता है, दुगने से भी ज्यादा अनाज पैदा हो सकता है । लेकिन इस बात की फिक्र किस को पड़ी है । मिनिस्टर साहिब को शायद मालूम होगा कि डाक्टर लोक नाथन की टैकनो-इकोनौमिक सरवे की रिपोर्ट में कहा गया है कि गवर्नमेंट दस साल में 70 फीसदी एग्रीकलचर इकौनोमी बढ़ा सकती है । क्या पैदावार बढ़ाई है आप ने ? 1958 के बाद एक दाना अनाज का भी नहीं ज्यादा पैदा हुआ, बल्कि अनाज की पैदावार कम हो रही है । सरदार कपूर सिंह, फाइनेन्स मिनिस्टर साहिब कहते हैं कि हम ने कैश क्राप्स बढ़ा दी है । मैं पूछता हूं कि क्या इस बात का फख्र आप को हासिल है ? आप लोगों ने तो कैश क्राप्स को तबाह करने के लिए टैक्स लगाया है फिर कहते हो कि कैश क्राप्स बढ़ा दी है । आज तो देश को कैश क्राप्स की ज्यादा से ज्यादा ज़रूरत है क्या गन्ने की ज़रूरत नहीं है अगर चीनी बाहर भेजी तो क्या वह फारिन एक्सचेंज नहीं लाती, क्या तेल की ज़रूरत नहीं है, क्या काटन की ज़रूरत नहीं है ? इन चीज़ों की इतनी ही ज़रूरत है जितनी कि अनाज की । असल बात तो यह है कि अनाज बढ़ना चाहिए, तेल बढ़ना चाहिए, काटन बढ़ना चाहिए, गन्ना बढ़ना चाहिए, गर्जे कि हर पहलू में तरक्की करने की जरूरत है । मैं सूबे में क्या देखता हूं ? मैं देख रहा हूं कि लोग कहते हैं कि हमें फलां चीज मिलनी चाहिए, फलां चीज़ मिलनी चाहिए लेकिन इस गवर्नमेंट के पास देने को कुछ नहीं है । यह सरकार फेल हो रही है । आज से पांच साल पहले सारे पंजाब में 40,000 टन फर्टेलाईजर इस्तेमाल होता था । लेकिन आज मैं फख्र से कह सकता हूं कि अकेले लुधियाना जिला में 40, 50 हजार टन फर्टेलाईजर इस्तेमाल होता है, लोग मांगते थे लेकिन गवर्नमेंट के पास देने को नहीं है । मैं अबोहर गया, मैंने देखा कि वहां के लोग पानी मांगते हैं, सिरसे के लोग पानी मांगते हैं लेकिन गवर्नमेंट कहती है कि पानी नहीं है लेकिन कई इलाकों में लोग पानी में डूब रहे हैं । जहां पर लोग बिजली मांगते हैं वहां पर गवर्नमेंट लोगों से कहती है कि हमारे पास बिजली नहीं है । आप भाखड़े में जाकर देखो । मुझे शर्म आती है कि पांच जैनरेटरों में से तीन चलते हैं । चौथा इसलिए नहीं चलता क्योंकि इन के पास डिस्ट्रीब्यूशन लाईन नहीं है ।

जिस गवर्नमेंट की यह हालत हो कि करोड़ों रुपये खर्च करने के बाद लोगों में बिजली डिस्ट्रीब्यूट न कर सके उस को कैसे हक पहुंचता है कि वह गद्दियों पर बैठी रहे। कहीं पर सेम और फलडज से फसलें तबाह हो रही हैं और कहीं पर लोगों को पानी की बूंद मुयस्सर नहीं होती। ऐसी गवर्नमेंट को हक नहीं है कि वह लोगों पर हकूमत करें। सवाल यह नहीं है कि 1947 से पहले क्या था या अंग्रेजों के ज़माने में क्या था, सवाल तो यह है कि आज प्रदेश की क्या जरूरत है। जहां तक अफसरों का ताल्लुक है, एडमिनिस्ट्रेशन का ताल्लुक है मुझे शर्म आती है कि मौजूदा गवर्नमेंट के ऐसे अफसर हैं, ऐसी गंदी और राटन एडमिनिस्ट्रेशन है जो कहते हैं कि फर्स्ट क्रिएट दी प्राबलम एंड देन साल्व दी प्राबलम। हमारे सूबे में 30 से 35 इंच औस्तन से ज्यादा बारिश नहीं होती लेकिन फिर भी सेम के नाले खोदने पड़ रहे हैं। कहते हैं कि 28 करोड़ रूपया नालियां खोदने पर खर्च कर दिया गया है। अरे बाबा यह बीमारी तो आप ने ही पैदा की है। जब मैं बच्चा था तो देखता था कि छोटी छोटी लड़कियां जब बादल घिरते थे तो नाचती थीं और सावन के महीने में गाया करती थीं कि रबा रबा मीह वरहा, साडी कोठी दाने पा। लेकिन आज क्या होता है। जब बादल आते हैं तो लोग पुकारते है कि इस बारिश से बचाओ, क्या आज बारिश लानत हो गई है जो कि पहले रहमत हुआ करती थी? मैं कहता हूं कि बारिश पहले भी बरकत थी और आज भी बरकत है। इस को लानत बनाने वाले आप जिम्मेदार बैठे हैं। ाप ने इस जिम्मेदारी को निभाने के लिए क्या काम किया है, किस तरह से किया है? जो ड्रेन्ज आप ने खोदी हैं उन के लिए, माफ करना वज़ीर साहिब, 1955 से बाद किसी को कम्पलीशन सर्टिफिकेट नहीं मिला। ड्रेन्ज पर पुल नहीं बनाए गए। किसी नाली की सफाई नहीं की गई। फिर आप फख्र करते हैं, क्या इसी का नाम सोशलिस्टिक पैटर्न आफ सोसायटी है? गजब खुदा का हो रहा है जो नालियां खोदी गई थीं वह फिर से भर रही हैं। मैंने अपनी आंखों से देखा है कि उन में से पानी गुज़रना मुश्किल हो गया है और पंजाब की सरकार यह कहती हुई थकती नहीं कि हम ने वह नाली खोद दी, वह नाली खोद दी। (घंटी की आवाज़) चेयरमैन साहिब, आज बहुत सा समय दूसरे मसले ने ले लिया है इसलिए हमें बोलने के लिए साढ़े तीन घंटे तो मिलने ही चाहियें। इस के लिए अगर टाईम बढ़ाने की जरूरत हो तो बेशक बढ़ा दिया जाए।

श्री सभापति : हर एक मैम्बर के लिए 15 मिनट टाईम मुकर्रर हुआ है। अगर हाउस का समय बढ़ाना होगा तो इस पर बाद में गौर कर लिया जाएगा। (Every hon. Member has been allotted 15 minutes to speak. In case the time of the sitting is to be extended, it will be seen later on.)

बाबू बचन सिंह : यह मसला बड़ा इम्पार्टेंट है क्योंकि इस से देश की 70 फीसदी आबादी का ताल्लुक है। तो मैं कह रहा था कि गवर्नमेंट को कोशिश करनी चाहिए कि फलेचर कमेटी की रिपोर्ट हाउस में जल्दी से जल्दी पेश हो ताकि हाउस इसी सैशन में उस पर गौर कर सके। अगर इस सैशन में रिपोर्ट पेश न की गई तो बाद में बारिशें आ जाएंगी और जब पंजाब तबाह होने लगेगा लोगों के पास कोई चारा नहीं होगा, सैशन नहीं होगा तो लोग अपनी आवाज़ बुलंद नहीं कर सकेंगे।

[बाबू बचन सिंह]

इस लिए सरकार को चाहिए कि उस रिपोर्ट को जल्दी से जल्दी पेश करने के लिए कहे ताकि उस पर गौर किया जा सके ।

5.0) p.m. *(At this stage the Deputy Speaker occupied the Chair)*

दूसरी बात यह है कि इस के लिए कोई जामे स्कीम बनाइए कि किस तरह से पानी का ज्यादा से ज्यादा और सही इस्तेमाल करना है । आप अब तक ऐसे ऐक्सपर्टस की राए पर अमल करते आए हैं जिन को, मैंने देखा, यह आदत ही पड़ी हुई है कि वह ट्रेडीशन्ज पर काम करते हैं । छः छः साल पुरानी बातों को ही दिमाग में बनाए हुए हैं । अगर आप उन की राए पर ही चलेंगे तो पंजाब की यह बीमारी कभी भी ठीक नहीं हो सकती, मर्ज़ बढ़ता जाएगा आप चाहे सौ इलाज करें । आज इन पुरानी ट्रेडीशन्ज को छोड़िए, इन पुराने ढर्रों को छोड़िए । कम अज़ कम आज आप को यह फैसला करना होगा कि पंजाब के अन्दर जहां जहां पर पानी ऊंचा आ गया, पंद्रह पंद्रह फुट से ज़्यादा ऊंचा आ गया है वहां पर किसी सूरत में पैरीनियल इरीगेशन न दी जाए । अगर आप ऐसे इलाके में पैरीनियल इरीगेशन देंगे जहां पर पानी पंद्रह फुट से ऊंचा आ गया है तो आप सैंकड़ों और हजारों ड्रेन्ज खोद लें, फलड ज़ से आप उन इलाकों को महफूज नहीं कर पाएंगे । इस के अलावा जो दूसरी बात करनी जरूरी है वह यह है कि जहां पर पानी साठ सत्तर हाथ पर है वहां पर नहरों से पानी दीजिए । इस तरह से आप रैशनल डिस्ट्रिब्यूशन आफ वाटर करें तो समस्या का कोई हल सामने आ सकता है । जब तक आप ऐसा नहीं करेंगे तब तक इस मसले का कोई हल हो ही नहीं सकता ।

मैंने पहले भी अपनी बजट पर जो स्पीच की थी उसमें कहा था और आज फिर उस बात को दुहराता हूं कि आप लुधियाना की मिसाल से सबक लीजिए । लुधियाना का दो-तिहाई एरिया इरीगेटिड है लेकिन वहां पर सेम का सब से कम सवाल है । (घंटी) मैं आप की मार्फत अपने इरीगेशन मनिस्टर साहिब का ध्यान इस बात की तरफ दिलाना चाहता हूं कि आप इस बात को देखें कि जहां जहां कैनाल इरीगेटिड एरिया ज्यादा है, जहां जहां पर कैनाल इरीगेशन की इंटेंसिटी ज्यादा है वहीं पर सेम ज्यादा हुई है । इस सेम को दूर करने का एक तरीका यही है कि वहां पर पैरिनियल कैनाल वाटर को कम करो । नालियों से यह समस्या हल नहीं होती । इस से पार्शल तौर पर तो बेशक हो जाए लेकिन सही तौर पर नहीं । आप प्लस और माईनस के इस सवाल को समझें । जो पानी आप के खेतों को नुक्सान पहुंचाता है उस को नीचे लाना है और जहां पर पानी नहीं है वहां पर आप ने पानी की सप्लाई करनी है । आप को इस बात का फौरी तौर पर फैसला करना होगा । (घंटी)

मैं समझता हूं कि पिछले आठ साल तक हमारे सूबा में जो गवर्नमेंट चलती रही है उसके कान तक तो जूं नहीं रींगी । वह तो किसी बात को सुनने के लिए तैयार नहीं थी और उस के काम करने का सिर्फ एक ही तरीका था और वह यह कि जो मन में आए वही करना है । उसने कुछ ऐसे पिट्ठू अफसर रखे हुए थे जो वही करते

जो ऊपर से पसन्द होता था। ऐसे अफसर अब खत्म हो रहे हैं, शट आउट हो रहे हैं । आप की मार्फत इरीगेशन मिनिस्टर साहिब से कहूंगा कि आप के महकमा के अन्दर जो इस किस्म के अफसर हैं उन को शंट आउट कीजिए । वह लोग सूबे को लानत साबित हो रहे हैं । आप को दलेरी से काम लेना चाहिए । इस बात में पंजाब के लोग आप के साथ हैं । आप इस बात का यकीन कीजिए । ज़माना अब बदल गया है । इस ज़माने में, बलदते हुए ज़माने में आप को भी बदलना चाहिए । (घंटी) यहां पर मैं एक छोटी सी मिसाल देता हूं ।

Deputy Speaker : Wind up please.

बाबू बचन सिंह : बस एक मिनट में खत्म ही करने वाला हूं । एक मिसाल देकर खत्म कर दूंगा ।

उपाध्यक्षा : आप उन क पास ही आ जाइए और वहां आ कर उन को मज़बूत कर दीजिए । (The hon. Member should impart strength to the Treasury Benches by joining them.)

बाबू बचन सिंह : अगर यह आप की मर्ज़ी है तो वह भी कर लूंगा । लेकिन इस वक्त एक मिनट में बात कर खत्म कर दूंगा ।

तो मैं लुधियाना के सिलसिले में एक मिसाल देता हूं। वहां पर मैं एक दफा एक सुप्रिंटेंडेंट इंजिनियर से मिला । उसने कहा कि यहां पर दो हज़ार किलोवाट की जगह पर तीन हज़ार किलोवाट का ट्रांसफार्मर लगाया जा रहा है । मैंने कहा कि बारह हज़ार का लगाओ । उस ने कहा कि 35 से 49 तक दो हज़ार से तीन हज़ार का नहीं लग सकता आप बारह हज़ार की बात करते हो। मैंने कहा कि आप किस दुनिया में रह रहे हो ? वह पुरानी दुनिया एक तरफ रह गई है । अब ज़माना बदल गया है, आप को भी बदलना होगा । वही हुआ । लुधियाना की आप हालत देखें । वहां किस तरह से इंडस्ट्रियलाईजेशन हो रही है । अब 32 से 48 और 48 से 60 हज़ार किलोवाट का विचार हो रहा है। इसी तरह से मैं यह कहूंगा कि आप बिजली का भी मुकम्मल इन्तज़ाम कीजिए । लोग आप को पूरा तुआवन देंगे, आप को अनसटिंटिड कोआपरेशन मिलेगी । आपका फर्ज़ है आप लोगों की जरुरियात को समझने की कोशिश कीजिए और उन को पूरा करने की कोशिश कीजिए। जय हिन्द ।

चौधरी हरकिशन (हस्सनपुर) : डिप्टी स्पीकर साहिबा, आज एक बड़ा अहम मसला हाउस में ज़ेरे ग़ौर है । अगर मैं पिछले सालों की तरफ हाऊस की तवज्जो दिलाऊं तो आप देखेंगे कि जहां पर सन 1956-57 में फलड कंट्रोल, ड्रेनेज और ऐन्टी वाटर लागिंग की स्कीमों पर सिर्फ सात लाख रुपया खर्च किया गया था वहां पर सन् 1963-64 में 816.20 लाख और 1964-65 में 6.24 करोड़ रुपया खर्च किया गया । लेकिन बड़ी हैरानगी की बात है कि ज्यूं ज्यूं इलाज करते जाते हैं त्यूं त्यूं फलड का मसला बढ़ता ही जा रहा है। मैं समझता हूं कि यह तो वही बात है कि—

मर्ज़ बढ़ता गया जूं जूं दवा की

चूंकि वक्त थोड़ा है, इसलिए मैं आप की सेवा में सिर्फ जिला गुड़गांव की बाबत ही अर्ज़ करूंगा । वहां पर सन् 1957-58 में गौंछी ड्रेन को बनाने का काम

[चौधरी हर किशन]

शुरू किया गया । लेकिन अफसोस से कहना पड़ता है कि आज तक वह ड्रेन मुकम्मल नहीं हो पाई । इस के लिए अगर मैं यह कहूं कि महकमा ड्रेनेज के अफसर की नातवज्जो और लापरवाही ही जिम्मेदार है तो बेहतर होगा। इस ड्रेन की कुल लम्बाई 46 मील है । लेकिन मौज़ा बंचारी से आगे पानी जाता ही नहीं। इस ड्रेन की खुदाई कहीं कहीं पर बीस बीस फुट है लेकिन कहीं कहीं पर छः छः इंच भी नहीं। इस का नतीजा यह होता है कि जब बरसात में फलड आता है तो इस मौज़े से आगे ड्रेन का पानी ठीक तरह से नहीं पहुंचता और बेइन्तहा नुक्सान होता है। डिप्टी स्पीकर साहिबा, इस ड्रेन की सात लिंक ड्रेन्ज हैं। ये सभी अभी तक भी नामुकम्मल पड़ी है । मैं बीसियों बार यह बात गवर्नमेंट के नोटिस में ला चुका हूं । मिनिस्टर साहिब को भी मौके पर दिखाया गया है लेकिन अभी तक कोई सुनवाई नहीं हुई । जो अफसर गलत रिपोर्ट भेज देते हैं कि काम मुकम्मल है उन के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं होती । मैंने एक सवाल जिसका नम्बर स्टार्ड 6562 था पिछले सैशन में किया था । उसका जवाब 23 सितम्बर 1964 को दिया गया कि जितनी इसकी लिंक ड्रेन्ज हैं वह तकरीबन तकरीबन सब मुकम्मल ही हो गई है । लेकिन आप यह सुनकर हैरान होंगी कि एक हस्सनपुर ड्रेन है । उस के बनाने के लिए अभी तक सारी जमीन भी एक्वायर नही की गई। मैं हैरान हूं कि असलियत के बरखिलाफ क्यों इस तरह से जवाब दिए जाते हैं । इतना ही नहीं जो अफसर गलत जवाब देते हैं उन के खिलाफ सख्त और फौरी तौर पर ऐक्शन लिया जाना चाहिए । मैं आप के ज़रिए दरखास्त करूंगा कि जिन लिंक ड्रेन्ज का बैड लैवल अभी तक उंचा है उनकी ठीक तरह से खुदाई करके उन को पूरा किया जाए ताकि उन का पानी गौंछी ड्रेन में जा सके और वहां पर भी खुदाई को ठीक किया जाए । इस तरह से जो तबाही और नुक्सान होता है उसको बचाया जाए । मैं उम्मीद करता हूं कि इस तरफ जरुर ध्यान दिया जाएगा ।

इस के अलावा जो दूसरी तबाही हमारे इलाके में आती है वह यू. पी. की ड्रेन्ज़ की वजह से है । वहां पर यू. पी. की कोई 15 के करीब ड्रेन्ज़ है जो तबाही मचाती है । ये ड्रेन्ज यू. पी. सरकार ने अपनी नहर आगरा और इसकी डिस्ट्रिब्यूटरीज़ की प्रोटैक्शन के लिए बनाई थीं । लेकिन आजकल इन ड्रेन्ज़ से हमारे इलाके में फलड आ जाते हैं । मिसाल के तौर पर एक पंजाब की ड्रेन 'दीघौट' ड्रेन है । उसका आउटफाल पिंगौर ड्रेन में है जो यू. पी. की है। पिंगौर ड्रेन का आउटफाल गौंछी ड्रेन में पड़ता है । जब तक पिंगौड ड्रेन चार फुट गहरी न खोदी जाएगी तब तक वह दीघौट ड्रेन के पानी को ऐबज़ार्ब नहीं कर सकती । लेकिन इस पर हमारे इरिगेशन डिपार्टमेंट के अफसरान की तरफ से एतराज़ यह उठाया जाता है कि चूंकि यू. पी. की ड्रेन है उस लिए हम इस पर कोई पैसा नहीं खर्च कर सकते और न ही इसमें तब्दीली वगैरा कर सकते हैं। डिप्टी स्पीकर साहिबा, पिछले जून में यू. पी. के नुमाइन्दों के साथ एक मीटिंग भरतपुर में हुई थी । उस में यह फैसला किया

गया था कि अगर इन यू. पी. की ड्रेन्ज़ पर पंजाब सरकार पैसा खर्च कर ले और ठीक कर ले तो उन को कोई एतराज नहीं होगा। जब मिनिस्टर साहिबान के पास जाते हैं तो वह तो यह कह देते हैं कि हम यह काम कर देंगे लेकिन अफसर कहते हैं कि हमारे पास इस तरह के कोई आर्डर नहीं है। मैं समझता हूं कि इस तरह के लीतोलाल को खत्म किया जाना चाहिए और मुनासिब कदम उठाकर उस इलाका को इस तबाही से बचाया जाना चाहिए। डिप्टी स्पीकर साहिबा आप यह सुन कर हैरान होंगी कि पिछले साल दीघौट ड्रेन को खोदा गया लेकिन पिंगोर ड्रेन को डीपन और वाइडन नहीं किया गया तो इस का नतीजा यह हुआ कि चार पांच गांव यानी दीघौट, मीतनाल, औरंगाबाद, रादास्का वगैरह पानी की वजह से बिल्कुल तबाह हो गए क्योंकि दीघौट ड्रेन का पानी पिंगोर ड्रेन के ज़रिए ही गौंछी ड्रेन में जा सकता है और उस की खुदाई न होने के कारण वह पानी वहीं रुक गया था। इस सम्बन्ध में जब चण्डीगढ़ सितम्बर, 1964 में मीटिंग हुई तो उस मीटिंग में मिस्टर सिन्धू जो चीफ एनजेनीयर हैं तशरीफ लाए थे तो उन से मैंने उस इलाके के फल्ड के बारे में कहा तो उन्होंने मुझे यकीन दिलाया था कि अक्तूबर तक दीघौट गांव इत्यादि का सारा पानी निकाल दिया जाएगा लेकिन आज तक दीघोट गांव का पानी नहीं निकाला गया। डिप्टी स्पीकर साहिबा, आप चल कर देख सकती ह कि वहां पर वह पानी अब भी खड़ा है और इस की वजह यह है कि दीघौट और पिंगोर दोनों ड्रेनें अभी तक ना मुकम्मल पड़ी हुई हैं।

दूसरी चीज़ जिस की तरफ में हाउस का और वज़ीर साहिब का ध्यान दिलाना चाहता हूं वह यह है कि हमारे जिला गुड़गावां का 64 फीसदी रकबा आगरा कैनाल से सैराब होता है। आप सुन कर हैरान होंगे कि ज़िला गुड़गावां पंजाब का हिस्सा होते हुए भी वहां के लोगों को आबयाना बाकी पंजाब के लोगों से दुगना और तिगुना देना पड़ता है। मैं आप की मारफत हाउस को आबयाने के वह रेटस बताना चाहता हूं जो वहां के लोगों को देने पड़ते हैं जो आगरा कैनाल के पानी से अपनी जमीनों में खेती करते हैं और जो बाकी पंजाब के लोगों को आबपाशी के लिए आबयाना देना पड़ता है :

	आगरा कैनाल के पानी से जो आबयाना फी एकड़ देना पड़ता है	पंजाब के बाकी इलाको में नहरों के पानी पर फी एकड़ जो आबयाना देना पड़ता है
	रुपए	रुपए पैसे
गन्ना ..	32	16.50
संघाड़ा ..	14	11.25

[चौधरी हरकिशन]

		आगरा कैनाल के पानी से जो अबयाना फी ऐकड़ देना पड़ता है	पंजाब के बाकी इलाकों में नेहरों के पानी पर फी एकड़ जो आबयाना देना पड़ता है
		रु०	रु० पैं०
चावल	..	14	9.75
मसालेदार अशिया	..	12	8.25
बागात व सबजीजात	..	14	8.25
जौ जवी	..	12	6.37
गंदम	..	12	5.84
खरबूजा	..	9	7.50
मक्की	..	7	6.50
तिल	..	9	6.37
सौंफ	..	14	
तारा मीरा	..	9	
तोरिया	..	14	
मट्टर, बाजरा मांश और मूंग	..	9	4.88
चने	..	9	4.47
और चारे पर	..	3	3.57

देने पड़ते हैं ।

तो इस तरह से डिप्टी स्पीकर साहिबा, हमारे ज़िला गुड़गावां के लोगों के साथ डिसक्रिमिनेटरी ट्रीटमेंट किया जा रहा है । मैंने सितम्बर, 1964 में एक प्रार्थना-पत्र इस सम्बन्ध में अपने माल मंत्री जी को दिया था और उन्होंने मुझे बड़ा सिम्पेथैटिकली हीयर भी किया था और यकीन दिलाया था कि यह डिसक्रिमिनेशन खत्म कर दिया जाएगा लेकिन आज तक इस बारे में कुछ नहीं किया गया । मैं कहता हूं कि जब हम पंजाब में बाकी जिलों के लोगों की तरह से रहते हैं तो हम से आबयाना ज्यादा रेट पर क्यों लिया जाता है और अगर सरकार को उत्तर प्रदेश की सरकार को ज्यादा

रेट पर यह देना ही पड़ता है तो इसे चाहिए कि लोगों से यह उसी रेट पर ले जिस रेट पर यह पंजाब के बाकी इलाकों के लोगों से लेती है और बाकी रकम अपने पास से डाल कर पूरी कर देनी चाहिए ।

इस सम्बन्ध में मैं दूसरी बात यह कहना चाहता हूं कि हमारे जिला में पंजाब के कुछ दूसरे इलाकों की तरह अकसर फलडज़ आते रहते हैं और पंजाब सरकार उन जमीनों का लगान और आबयाना मुआफ कर देती है जहां 50 फीसदी नुकसान हुआ होता है लेकिन हमारे इलाका के लोगों को लगान तो मुआफ कर दिया जाता है लेकिन आबयाना इस लिए मुआफ नहीं किया जाता क्योंकि वह उत्तर प्रदेश की सरकार को देना होता है । इस लिए मैं अर्ज़ करता हूं कि जब हम भी पंजाब के रहने वाले हैं और जब पंजाब के दूसरे जिलों के लोगों को जहां फलडज़ से 50 फीसदी से ज़्यादा नुकसान होता है आबयाना और लगान दोनों मुआफ कर दिए जाते हैं तो हमारा आबयाना माफ क्यों नहीं किया जाता । यह डिसक्रिमिनेशन भी दूर होनी चाहिए । हमारे इलाके में कई ऐसे गांव हैं जहां 70 फीसदी या इस से भी ज़्यादा नुकसान फलड़ज से होता रहा है लेकिन उन से पूरा आबयाना वसूल होता रहा है और अब भी हो रहा है। मैंने इस बारे में मिनिस्टर साहिब को लिखा था कि यह डिसक्रमिनेटरी ट्रीटमेंट हमारे जिला के लोगों के साथ क्यों किया जा रहा है । परन्तु अभी तक कोई फैसला नहीं किया गया है।

इस के बाद मैं यह फिर कहना चाहता हूं कि हमारे इलाके की ड्रेन्ज़ के मसले को हल किया जाए और खास तौर पर डिगोट और पिंगोर की जो दो ड्रेनज़ हैं इन को डीपन और वाईडन किया जाए । इसी तरह से सिलोठी की जो ड्रेन है इसको डीपन और वाइडन किया जाए तो सिलोठी, अटोहां, व वारणी खेड़ा, लाड़ीयाका, नंगल ब्राह्मण आदि गांवों में से फलड वाटर को निकाला जा सकता है और इस में सिर्फ एक मील लम्बी खुदाई करनी पड़ती है । मैं इस सम्बन्ध में मिनिस्टर कनसर्नड स भी मिला था तो उन्होंने कहा था कि यह खुदवा दी जाएगी लेकिन जब मैं सरदार मनोहर सिंह जो एक्स० ई० एन० कनसर्नड हैं से मिला तो वह कहने लगे कि यह कैसे हो सकता है, मिनिस्टर साहिब तो ऐसे ही कह देते हैं हमें तो फाइनांस डिपार्टमेंट मंजूरी जब तक नहीं देता यह कैसे खोदी जा सकती है । इस लिए मैं कहता हूं कि जब तक फाइनांस डिपार्टमेंट इस तरह से अपनी लात बीच में अड़ाता रहेगा तो उस वक्त तक यह ड्रेन्ज़ खोदी नहीं जाएगी और हमारे इलाका को फलडज़ से नहीं बचाया जा सकेगा ।

चौधरी देवी लाल : आन ए प्वायेंट आफ आर्डर, मैडम । अभी चौधरी हरकिशन ने कहा है कि ज़िला गुड़गावां के लोगों के साथ डिसक्रिमिनेटरी ट्रीटमेंट हो रहा है तो जब मैंने मिनिस्टर साहिब को कहा है कि आप के राजदुलारे यह कह रहे हैं तो इन्होंने कहा है कि यह ऊपर ऊपर से कहते हैं दिल से नहीं कहते हैं । अगर यह बात है तो मैं आप से दरखास्त करूंगा कि टैरेयरी बैंचों वालों को कुछ कहने की इजाज़त नहीं होनी चाहिए ।

उपाध्यक्षा : यह कोई प्वायंट आफ़ आर्डर नहीं है । (It is not a point of order.)

चौधरी केसरा राम (डबवाली एस. सी.) : डिप्टी स्पीकर साहिबा, आज आबपाशी और ड्रेन्ज़ की मद पर बहस हो रही है। पानी एक ऐसी चीज है जिस से इनसान की ज़िन्दगी बन भी सकती है और तबाह भी हो सकती है और हालत पंजाब में यह है कि जहां पानी की ज़्यादा ज़रूरत है वहां यह पहुंचता नहीं और जहां इस की ज़रूरत नहीं है वहां यह बहुत है। और जहां पानी पहुंचता है वहां ज़्यादा पानी होने की वजह से पैदावार नहीं होती और जहां यह पहुंचता नहीं वहां सूखे की वजह से पैदावार नहीं होती। सरकार ने भाखड़ा डैम पर दो अरब रुपए खर्च किए हैं जिस से ज़्यादातार फायदा ज़िला हिसार को होना था। यह ठीक है कि वह सूखा इलाका, जहां पानी की भारी मांग थी वहां कुछ न कुछ पानी पहुंचा है लेकिन असल हालत ऐसी है कि हमारी सरकार तो खुले दिल से और फराखदिली से उन इलाकों को पानी देने के लिये खर्च करती है लेकिन जो उस रुपये को इस्तेमाल करने वाले अफसर हैं वह उस को ठीक तरह से खर्च नहीं करते और उसे बरबाद कर देते हैं और यही रुपया हमारे इलाके के लिये मुसीबत का कारण बन जाता है। हमारे इलाका में एक घघर दरिया है जिस में लातादाद ड्रेनज़ इन्होंने डालनी शुरू कर दी हैं और इस दरिया के पानी को कन्ट्रोल नहीं किया गया और उस दरिया के पानी को आगे निकालने के बारे में तो सोचा ही नहीं गया लेकिन उस में कई ड्रेनज़ डाल दी गई हैं, जिस का नतीजा यह हुआ है कि इस दरिया के पानी से कई गांव डूब गए हैं और वहां कई इलाके तो ऐसे हैं जहां लोग पानी के लिये तरसते हैं और उन्हें पानी नहीं मिलता।

(इस समय अध्यक्ष महोदय कुर्सी पर विराजमान हुए)

स्पीकर साहिब, अभी मैं अपने हल्के से हो कर आया हूं और मैं अपने मिनिस्टर साहिब से अर्ज़ करता हूं जो इस वक्त हाउस में बैठे हुए हैं कि महकमा नहर की तरफ से जितने भी आदादो शुमार दिये जाते हैं वह सारे के सारे गलत होते हैं (आपोज़ीशन के बैंचों से तालियां) मैं इस बारे में आपको सबूत देना चाहता हूं। ऐसी ऐसी मिसालें हमारी नज़र में आई हैं कि ज़मीन तो सिर्फ 5 एकड़ होती है लेकिन आबपाशी की परची 22 एकड़ की पटवारी दे देता है। जब मुताल्लिका आदमी उस के पास जाता है तो कोई सुनवाई नहीं होती। उसे कहा जाता है कि आब्याना तो उसे इतना देना ही पड़ेगा अगर नहीं चाहता तो फाइनैंशल कमिश्नर के पास अपील कर लो। इस लिये मैं चौधरी साहिब से अर्ज़ करता हूं कि भला एक मामूली किसान आब्याना ज़्यादा लग जाने पर फाइनैंशल कमिशनर के पास कैसे अपील कर सकता है। इस लिये आबपाशी के लगान की पड़ताल के लिये इन्हें कोई कमेटी बनानी चाहिए जो इस बारे में पड़ताल करे। जितने आदादोशुमार महकमा नहर की तरफ से दिए जाते हैं वह गलत होते हैं उन की पड़ताल की जानी चाहिए। यह सब कुछ नहर के पटवारी करते हैं जिन की तनखाह सरकार ने अभी अभी बढ़ा कर 175 रुपए तक कर दी है। इस लिए मैं सरकार से अर्ज़ करूंगा कि वह इस बारे में कोई ठोस कदम उठाए। और अगर यह पैदावार बढ़ाना चाहती है तो किसानों को पानी, खाद और अच्छे बीज दिये जाने चाहिएं। अगर ऐसा नहीं किया जायेगा तो बताओ कोई डाक्टरी नुसखा है कि जिस से

उस की पैदावार बढ़ेगी ? यहां तो पानी का सवाल है। यह कहीं पर तो इतना ज़्यादा है कि तबाही लाता है और कहीं इस को लोग तरसते हैं। फिर खाद की बात है इस का ऐसा नाकस इन्तजाम है कि यह किसानों को सप्लाई नहीं होती। हालांकि सरकार इस पर करोड़ों रुपया खर्च करती है। इस बारे में सरकार को पूरा २ ध्यान देना चाहिए कि इस रुपए का इस्तेमाल सही हो।

अब मैं ड्रेनज़ के बारे में भी कुछ अर्ज कर दूं। मैं समझता हूं कि इस बारे में हमारे टैक्नीकल लोगों को कोई समझ नहीं है। लसाड़ा ड्रेन सौ मील लम्बी कर दी जब कि पहले यह जिन इलाकों से गुज़रती थी उन सूखे इलाकों को पानी मिल सकता था मगर किया यह कि उस ड्रेन को जा कर राजस्थान के इलाके में डाल दिया गया और अब दो महीने से राजस्थान के साथ झगड़ा चल रहा है और हालत यह है कि सिरसा के इलाके को तबाह कर दिया गया है। चौधरी साहिब से दरखास्त करूंगा कि इस बारे में कोई ठोस कदम उठाएं ताकि उस इलाके के लोगों की ज़िन्दगी को बचाया जा सके। सिरसा और हिसार के इलाके में खुश्कसाली की वजह से कहत पड़ रहा है और लोग त्राहि त्राहि कर रहे हैं मगर नहरों से बारी पर पानी मिलता है मगर दूसरी तरफ लोग पानी की वजह से रोते हैं कि भाई इस को ले जाओ। तो सरकार ऐसी स्कीमें बनाए कि जहां पर पानी ज़्यादा है वहां से पानी ले जाकर खुशकसाली वाले इलाके में दिया जा सके इस के साथ ही साथ पटवारियों के ज़ुल्म से लोगों को बचाया जाए।

एक और सजैशन मैं चौधरी साहिब को देना चाहता हूं। वह जो इलाका है वह रेतीला है और इतना पानी नहीं है कि खेतों तक जा सके। इस का एक इलाज है। आप ने बजट में करोड़ों रुपया खर्च करने के लिये रखा है तो यह निहायत ज़रूरी है कि नहर के खालों को पक्का किया जाए। इस तरीके से बहुत से पानी को बचा कर खेतों को दिया जा सकता है।

फिर इस साल फसल का खराबा बहुत है। उन को कहा गया है कि 20 फरवरी तक इस के लिये दरखास्त दो। वह लोग हैं बेचारे अनपढ़ तो वह दरखास्त कैसे दें। इस लिये उन को और ज़्यादा टाइम देना चाहिए और इस तारीख को 20 मार्च कर दिया जाए या फिर इस काम पर आप किसी अफसर को लगा दो जो मौके पर खराबे की तफतीश कर के उस को दर्ज कर ले वरना हालत यह है कि लोगों को तो फसल से आब्याना भी पूरा नहीं हो सकेगा। सारी की सारी फसल खराब हो गई है।

एक और यह बात है कि वहां पर दो लैवी लगा रखी हैं एक खुश हैसियती और दूसरी बैटरमैंट। दोनों एक ही चीज़ हैं। एक उर्दू का लफ़्ज़ है तो दूसरा अंग्रेजी का। एक पांच रुपए और दूसरी 10 रुपये लगा रखी है। लोगों ने काफी देर से दरखास्तें दे रखी हैं कि इस का फैसला किया जाए मगर अभी तक बैटरमैंट लैवी का फैसला नहीं किया गया। उन लोगों को पता नहीं कि उन को क्या कुछ देना है। इस सारे मामले को खटाई में नहीं डालना चाहिए। लोग हम से पूछते हैं कि उन को क्या देना होगा मगर हम उन को क्या बताएं जब इस का फैसला ही नहीं हुआ। लोगों ने दो दो सौ फी एकड़ रुपया दिया है मगर इस बात का अभी तक फैसला नहीं किया गया, यह जल्दी होना चाहिए।

[चौधरी केसरा राम]

एक बात मैं लसाड़ा ड्रेन के बारे में और कहना चाहता हूं। यह जो ड्रेन है इस को बठिंडा से डभवाली सड़क पर से दो दफा गुजारा गया है। यह अफसरों की नालायकी है और मैं समझता हूं कि ऐसे अफसरों के खिलाफ कमेटी बना कर कार्यवाही की जानी चाहिए। इसी तरह से जिन पटवारियों ने गलत इन्दराज किये हैं, गलत गिरदावरियां की हैं उन के खिलाफ भी ऐक्शन लेना चाहिए। खाद को जमींदारों तक पहुंचाया जावे। बैटरमैंट लैवी का फैसला किया जावे ताकि किसान खेती में दिलचस्पी ले सकें। आबपाशी के सही इन्दराज देखने के लिये हर डिवीज़न में एक कमेटी बनाई जावे ताकि किसानों पर नाजायज़ बोझ न डाला जा सके। आप का शुक्रिया।

ਬਾਬੂ ਬਚਨ ਸਿੰਘ : ਆਨ ਏ ਪੁਆਇੰਟ ਆਫ ਆਰਡਰ, ਸਰ। ਮੈਂ ਇਹ ਜਾਣਨਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਕ ਕੀ ਚੀਫ ਮਿਨਿਸਟਰ ਸਾਹਿਬ ਇਸ ਡਿਮਾਂਡ ਬਾਰੇ ਕੋਈ ਗੱਲ ਕਹਿਣੀ ਚਾਹੁੰਦੇ ਹਨ ਜਾਂ ਕੁਝ ਹੋ ਗੱਲ ਕਹਿਣੀ ਚਾਹੰਦੇ ਹਨ ?

Mr. Speaker : He wants to make some important statement.

ਬਾਬੂ ਬਚਨ ਸਿੰਘ : ਇਸ ਸਿਲਸਿਲੇ ਵਿਚ ਮੈਂ ਰੂਲਿੰਗ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਜਦ ਕਿਸੇ ਗ੍ਰਾਂਟ ਦੇ ਸਿਲਸਿਲੇ ਵਿਚ ਬਹਿਸ ਸ਼ੁਰੂ ਹੋ ਜਾਵੇ ਤਾਂ ਕੀ ਕੋਈ ਮੈਂਬਰ ਜਾਂ ਮਿਨਿਸਟਰ ਕੋਈ ਇਨਟਰੱਪਸ਼ਨ ਕਰ ਸਕਦਾ ਹੈ ?

Mr. Speaker : If the Government wants to make some important statement they can do it.

ਬਾਬੂ ਬਚਨ ਸਿੰਘ : ਕਿਸ ਦਫਾ ਦੇ ਮੁਤਾਬਕ ?

ਸ੍ਰੀ ਸਪੀਕਰ : ਆਪ ਬੈਠੋ, ਮੈਂ ਦਸਦਾ ਹਾਂ। (The hon. Member may please resume his seat. I will let him know.) (*Interruptions*)

चौधरी मुख्तयार सिंह मलिक : मैं यह पूछना चाहता हूं क्या कोई ऐसा प्रीसीडैंट है कि इस तरह से इन्ट्रप्शन की जा सकती है (विघ्न) or you want to create new precedents ?

Mr. Speaker : Rule 64 of the Rules of Procedure lays down

> "A statement may be made by a Minister on a matter of public importance with the permission of the Speaker but no questions shall be asked nor discussion take place there on at the time the statement is made."

ਸਰਦਾਰ ਗੁਰਨਾਮ ਸਿੰਘ : ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਮੈਂ ਉਸ ਤਰਫ ਨਹੀਂ ਜਾਣਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਪਰ ਇਹ ਜ਼ਰੂਰ ਕਹਿਣਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਇਹ ਮੈਂ ਸਮਝਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਇਹ ਜੋ ਸਟੇਟਮੈਂਟ ਕਰਨ ਲਗੇ ਹਨ, ਇਹ ਸਰਦਾਰ ਪ੍ਰਤਾਪ ਸਿੰਘ ਦੇ ਮਰਡਰ ਬਾਰੇ ਹੈ। ਇਹ ਬੇਸ਼ਕ ਦੇਣ ਪਰ ਮੈਂ ਇਹ ਕਹਿਣਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਤੁਸੀਂ ਇਨਵੈਸਟੀਗੇਸ਼ਨ ਦੇ ਦੌਰਾਨ ਹੀ ਕੋਈ ਸਟੇਟਮੈਂਟ ਪਰਮਿਟ ਕਰਨ ਲਗੇ ਹੋ। ਆਮ ਪ੍ਰੌਸੀਜਰ ਇਹ ਹੈ ਕਿ ਅਗਰ ਕੋਈ ਕੇਸ ਅੰਡਰ ਇਨਵੈਸਟੀਗੇਸ਼ਨ ਹੋਵੇ ਤਾਂ ਉਸ ਵਿਚ ਅਸੀਂ ਨਹੀਂ ਜਾਂਦੇ। ਅਗਰ ਤੁਸੀਂ ਸਮਝਦੇ ਹੋ ਅਤੇ ਗਵਰਨਮੈਂਟ ਸਮਝਦੀ ਹੈ ਕਿ ਇਸ ਸਟੇਟਮੈਂਟ ਨਾਲ ਇਨ-ਵੈਸਟੀਗੇਸ਼ਨ ਪ੍ਰੌਜੁਡਿਸ ਨਹੀਂ ਹੋਵੇਗੀ ਤੇ ਬੇਸ਼ਕ ਦੇਣ। ਮੈਂ ਆਪਦੇ ਨੋਟਿਸ ਵਿਚ ਇਹ ਚੀਜ਼ ਲਿਆਉਣੀ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਇਹ ਸਟੇਟਮੈਂਟ ਇਨਵੈਸਟੀਗੇਸ਼ਨ ਦੇ ਦੌਰਾਨ ਹੋ ਰਹੀ ਹੈ। It may prejudice the case.

श्री बलरामजी दास टंडन : हाउस का टाइम इतना ही ऐक्सटैंड कर दिया जाये।

Mr. Speaker : I will not extend the time.

Shri Balramji Das Tandon : Then the Government should not make the statement.

Mr. Speaker : I can agree only to this कि जितना time Chief Minister साहिब की statement में लगेगा उतना हाउस को extend कर दूंगा (I can agree only to this that I will extend the sitting for the period which the Chief Minister takes in making his statement).

Pandit Chiranji Lal Sharma : Mr. Speaker, you were pleased to refer to Rule 64 of the Rules of Procedure. Well, we do not question the discretion of the Speaker in allowing the Chief Minister and any member of the Cabinet to make a statement. The only point involved in the case is whether during the discussion on a particular Demand a statement not relating to that Demand can be made by the member of the Cabinet even with the permission of the Speaker.

Mr. Speaker : Yes, yes.

With regard to the discussion on the Demand any Minister can intervene.

Chief Minister : (Shri Ram Kishan) :

[* * * * * *

* * * *]

Sardar Gurnam Singh : On a point of Order, Sir. Are these the offenders, culprits and killers or only the alleged offenders, culprits, killers, etc. ? By saying them as culprits/killers, we are doing the work of a court of law. The executive have themselves decided that they are offenders.

Chief Minister : The word "alleged" may be added before the word 'principal' as also before the word 'killer'.

Sardar Lachhman Singh Gill : Sir, the word "alleged" does not appear in the statement which has been distributed among the Members.

Mr. Speaker : The hon. Chief Minister has amended the statement.

Chief Minist :

[* * * * *

* * * *

* * * * *]

बाबू बचन सिंह : आन ए प्वायंट आफ आर्डर, सर। आप किसी को किलर नहीं कह सकते और न ही अफैन्डर कह सकते हैं जब तक कि यह साबित ना हो जाए।

Mr. Speaker : The Chief Minister has already amended it.

Note. Expunaged as ordered by the Chair.

Baboo Bachan Singh : On a point of order, Sir. The case is *sub-judice* and a positive statement cannot be made here on the Floor of the House.

Sardar Gurnam Singh : Unfortunately, the Government is establishing the murder here on the Floor of the House instead of in a Court of Law. This, Mr. Speaker, is an indiscreet statement..

Pandit Chiranji Lal Sharma : On a point of order, Sir. Sir, you have been an Advocate yourself. Is it, Sir, not a discussion on the merits of the case which is *sub-judice*. ?

Sardar Gurnam Singh : Sir, we are establishing a bad practice.

Chief Minister : Mr. Speaker, Sir, I would request that the words..

[* * * * * *
* * * * * *]

be deleted from the statement if there s any objection.

डाक्टर बलदेव प्रकाश : आन ए प्वायंट आफ आर्डर, सर । जो स्टेटमैन्ट चीफ मिनिस्टर साहिब दे रहे हैं यह सारी की सारी एक सबजुडिस मामले से ताल्लुक रखती है। इस लिये इस को हाउस की प्रोसीडिंगज़ से ऐकसपंज किया जाये। क्योंकि रीकार्ड आफ दी हाऊस पर आ जाने से इस बात की जिम्मेवारी हम सब प आ जायेगी We will become a party to the case.

ਸ੍ਰੀਮਤੀ ਡਾਕਟਰ ਪਰਕਾਸ਼ ਕੌਰ : ਆਨ ਏ ਪੁਆਇੰਟ ਆਫ ਆਰਡਰ, ਸਰ। ਮੇਰੀ ਬੇਨਤੀ ਇਹ ਹੈ ਕਿ ਜਿਸ ਸ਼ਖਸ ਦਾ ਹਵਾਲਾ ਇਸ ਸਟੇਟਮੈਂਟ ਵਿਚ ਦਿੱਤਾ ਜਾ ਰਿਹਾ ਹੈ ਉਹ ਹਾਲੇ ਤਕ ਤਾਂ ਫੜਿਆ ਨਹੀਂ ਗਿਆ ਇਨ੍ਹਾਂ ਦੀ ਕਸਟਡੀ ਵਿਚ ਨਹੀਂ ਆਇਆ ਫਿਰ ਇਨ੍ਹਾਂ ਗਵਰਨਮੈਂਟ ਨੇ ਉਸ ਦੇ ਦੋਸ਼ੀ ਹੋਣ ਦਾ ਕਿਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਅੰਦਾਜ਼ਾ ਲਗਾ ਲਿਆ ਹੈ। ਇਸ ਲਈ ਇਸ ਸਟੇਟਮੈਂਟ ਨੂੰ ਹਾਲੇ ਨਹੀ ਦੇਣਾ ਚਾਹੀਦਾ।

ਕਾਮਰੇਡ ਸ਼ਮਸ਼ੇਰ ਸਿੰਘ ਜੋਸ਼: ਮੇਰੀ ਅਰਜ਼ ਇਹ ਹੈ ਕਿ ਹਾਊਸ ਵਿਚ ਸਾਰਿਆਂ ਪਾਸਿਆਂ ਤੋਂ ਤੁਹਾਡਾ ਧਿਆਨ ਇਸ ਗੱਲ ਵਲ ਦਿਵਾਇਆ ਗਿਆ ਹੈ ਕਿ ਇਸ ਹਾਊਸ ਵਿਚ ਕਿਸੇ ਐਸੇ ਕੇਸ ਬਾਰੇ ਜੋ ਅਜੇ ਤਕ ਰਜਿਸਟਰ ਤਾਂ ਹੋ ਗਿਆ ਹੋਵੇ ਪਰ ਜਿਸ ਦੀ ਇਨਵੈਸਟੀਗੇਸ਼ਨ ਹੋ ਰਹੀ ਹੋਵੇ ਕੋਈ ਬਿਆਨ ਕਿਸੇ ਵਰਡਿਕਟ ਦੀ ਸ਼ਕਲ ਵਿਚ ਨਹੀਂ ਆਉਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਇਸ ਲਈ ਇਹ ਸਟੇਟ-ਮੈਂਟ ਨਹੀਂ ਦਿੱਤੀ ਜਾਣੀ ਚਾਹੀਦੀ। ਹੁਣੇ ਹੀ ਸੀ. ਐਮ. ਸਾਹਿਬ ਨੇ ਇਹ ਕਿਹਾ ਹੈ

[* * * *
* * * *]

Mr. Speaker : The hon. Member should please resume his seat.

ਕਾਮਰੇਡ ਸ਼ਮਸ਼ੇਰ ਸਿੰਘ ਜੋਸ਼ : ਤੁਸੀਂ, ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਸਾਰੀ ਗੱਲ ਸੁਣ ਤਾਂ ਲਉਕਿ ਮੈਂ ਕੀ ਕਹਿਣਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ। ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਦਾ ਬਿਆਨ ਕੋਰਟ ਦੀ ਫਾਈਂਡਿੰਗ ਤੇ ਰੀਫਲੈਕਟ ਕਰੇਗਾ। ਇਹ ਠੀਕ ਹੈ ਅਤੇ ਸਾਨੂੰ ਖੁਸ਼ੀ ਹੈ ਕਿ ਸਰਕਾਰ ਇਨਵੈਸਟੀਗੇਸ਼ਨ ਕਰ ਰਹੀ ਹੈ ਪਰ ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਦੇ ਬਿਆਨ ਦੇਣ ਨਾਲ ਸਾਰੇ ਇਸ ਹਾਊਸ ਦੇ ਮੈਂਬਰਾਂ ਤੇ ਇਕ ਭਾਰੀ ਜ਼ਿਮੇਂਵਾਰੀ ਆ ਜਾਵੇਗੀ।

*Note :—These words stand expunged in view of the orders of the Chair to expunge the statement read out by the Chief Minister.

***Note*— Expunged in view of the order of the Chair to expunge the statement read out by the Chief Minister.

ਕਿ ਇਹ ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਦੇ ਵਰਡਿਕਟ ਵਿਚ ਸ਼ਾਮਿਲ ਸਨ ਜੋ ਚੀਫ ਮਨਿਸਟਰ ਆਪਣੀ ਸਟੇਟਮੈਂਟ ਰਾਹੀਂ ਦੇਣਾ ਚਾਹੁੰਦੇ ਹਨ।

Mr. Speaker : The hon. Member should please resume his seat. A copy of the statement has been given to me just now. I will go through it before I allow the hon. Chief Minister to proceed further with the statement. I will call the Advocate-General in my Chamber and will discuss the matter with him (Cheers). In the meantime, the discussion on the Demands for Grants will continue (Cheers).

Whatever portion of the statement has been read over by the hon. Chief Minister will *not form part of the record of the proceedings of the House unless I allow it.

ਸਰਦਾਰ ਗੁਰਦਿਆਲ ਸਿੰਘ ਢਿੱਲੋਂ : ਮੈਂ ਵੀ ਇਹ ਹੀ ਕਹਿਣਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਸਾਂ ਕਿ ਹਾਊਸ ਦੀ ਕਾਰਵਾਈ ਵਿਚ ਇਸ ਨੂੰ ਸ਼ਾਮਿਲ ਨਹੀਂ ਕੀਤਾ ਜਾਣਾ ਚਾਹੀਦਾ।

चौधरी देवी लाल : आप के इस फैसला करने के बाद मैं आप की रूलिंग चाहूंगा कि क्या यह मौजूदा मिनिस्टरी के खिलाफ नो कनफीडेंस नहीं साबित होता ?

Pandit Chiranji Lal Sharma : On a point of order, Sir. The statement, a protion of which has been read over by the hon. Chief Minister, has been distributed among the hon. Members of this House. May I know, Sir, whether it would be deemed to have been read because it has already been distributed. I would like to have your ruling.

Mr. Speaker : I would request the hon. Member, Pandit Chiranji Lal Sharma to wait for a few minutes. Let me consider the whole matter. I will consider all the legal aspects.

Now I call upon the hon. Minister for Public Works and Welfare. to Speak.

Voices : No. No.

(*Interruptions and noise in the House*).

सरदार रणजीत सिंह नैनावालिया ; स्पीकर साहिब, अभी तो इस डिमांड पर बहस खत्म ही नहीं हुई कि आप ने मिनिस्टर साहिब को जवाब देने के लिये कह दिया है। अभी तो हम सब ने बोलना है।

Mr. Speaker : Much of the time of the House has been taken on points of order and other things. I cannot help it.

बाबू बचन सिंह : On a point of order, Sir. स्पीकर साहिब, मेरा प्वायंट आफ आर्डर यह है कि पहला $1\frac{1}{2}$ घंटा तो श्री प्रबोध चंद्र और पंडित मोहन लाल की आपसी कशमकश पर खर्च हो गया। अब जब कि इतने बोलने वाले हैं आपने मिनिस्टर इनचार्ज को काल अपौन कर लिया है।

Extension of Time of the Sitting

Mr. Speaker : Is it the pleasure of the House that the time be extended ?

Voices from the Opposition : Yes, yes, please.

Chief Parliamentary Secretary : You may, Sir, extend the time of the House by half an hour.

---

*Note:—The order to expunge the statement read out by the Chief Minister, was again confirmed by the Chair on 25th March, 1965, when the Home Minister informed the House that the statement of the Chief Minister, copies of which had been distributed on 24th March, 1965, had been withdrawn by Government after taking legal advice. For reference please see P.V.S. debate Vol. I No. 21 dated 25th March, 1965 (Morning Sitting.)

Mr. Speaker : Should the time be extended by half an hour ?

Voices : Yes, yes, please.

Mr. Speaker All right, the time of the House is extended by half an hour.

(*At this stage the Deputy Speaker occupied the Chair.*)

DEMANDS FOR GRANTS

(*Resumption of Discussion*) (*Not concld*)

ਸਰਦਾਰ ਕੁਲਬੀਰ ਸਿੰਘ (ਫਿਰੋਜ਼ਪੁਰ) : ਡਿਪਟੀ ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬਾ, ਅੱਜ ਜਿਸ ਡਿਮਾਂਡ ਉਤੇ ਗੌਰ ਕੀਤਾ ਜਾ ਰਿਹਾ ਹੈ, ਇਸੇ ਮਸਲੇ ਉਤੇ ਪਿਛਲੇ ਸੈਸ਼ਨ ਵਿਚ ਵੀ ਬੜੀ ਹੀਟਿਡ ਡਿਸਕਸ਼ਨ ਹੋਈ ਸੀ, ਜਿਸ ਵਿਚ ਕਿ ਪੰਜਾਬ ਵਿੱਚ ਆਏ ਹੜ੍ਹ ਅਤੇ ਡਰੇਨੇਜ ਸਿਸਟਮ ਤੇ ਬਹੁਤ ਸਾਰੇ ਮੈਂਬਰ ਸਾਹਿਬਾਨ ਨੇ ਡਿਸਕਸ਼ਨ ਕੀਤੀ ਸੀ। ਪਰ ਉਸ ਬਹਿਸ ਨੂੰ ਹੋਇਆਂ ਵੀ ਅੱਜ ਕਿਤਨਾ ਅਰਸਾ ਹੋ ਗਿਆ ਹੈ ਪਰ ਸਰਕਾਰ ਨੇ ਇਸ ਪਾਸੇ ਬਿਲਕੁਲ ਵੀ ਧਿਆਨ ਨਹੀਂ ਦਿੱਤਾ ਜੋ ਕੁਝ ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਕਰਨਾ ਚਾਹੀਦਾ ਸੀ ਉਹ ਵੀ ਨਹੀਂ ਕੀਤਾ। ਸ੍ਰੀ ਫਲੈਚਰ ਅਤੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੀ ਪਾਰਟੀ ਮੌਕੇ ਦੇ ਹਾਲਾਤ ਵੇਖਣ ਲਈ ਪੰਜਾਬ ਦੇ ਹਰ ਸ਼ਹਿਰ ਅਤੇ ਕਸਬੇ ਵਿਚ ਗਈ। ਮੇਰਾ ਵੀ ਇਕ ਡੈਪੂਟੇਸ਼ਨ ਦੇ ਸਬੰਧ ਵਿਚ ਇਨ੍ਹਾਂ ਨਾਲ ਗੱਲ ਕਰਨ ਦਾ ਇਤਫਾਕ ਹੋਇਆ। ਉਥੇ ਇਹ ਗੱਲ ਸਭ ਦੇ ਮਨ ਲੱਗੀ ਕਿ ਡਰੇਨਾਂ ਦੇ ਨਿਕਲਣ ਕਰਕੇ ਸਭ ਤੋਂ ਜ਼ਿਆਦਾ ਨੁਕਸਾਨ ਹੋਇਆ ਹੈ । ਇਸ ਦੀ ਵਜ੍ਹਾ ਇਹ ਹੈ ਕਿ ਬਹਤ ਸਾਰੀਆਂ ਡਰੇਨਜ਼ ਇਨਕੰਪਲੀਟ ਪੁਟੀਆਂ ਜਾਂਦੀਆਂ ਹਨ ਜਿਸ ਕਰਕੇ ਉਸ ਇਲਾਕੇ ਦਾ ਪਾਣੀ ਬਾਹਰ ਹੀ ਨਹੀਂ ਨਿਕਲਦਾ ਅਤੇ ਹੜ ਦੀ ਸ਼ਕਲ ਵਿਚ ਫੈਲ ਕੇ ਇਲਾਕੇ ਵਿਚ ਤਬਾਹੀ ਮਚਾਉਂਦਾ ਹੈ। ਅਸਲ ਗਲ ਤਾਂ ਇਹ ਹੈ ਕਿ ਡਰੇਨੇਜ ਦਾ ਕੰਮ ਕਿਸੇ ਪਲੈਨ ਦੇ ਤਹਿਤ ਨਹੀਂ ਕੀਤਾ ਜਾਂਦਾ। ਨਤੀਜਾ ਇਹ ਹੁੰਦਾ ਹੈ ਕਿ ਕਿਤੇ ਹਿੱਸਾ ਕੰਪਲੀਟ ਹੋ ਗਿਆ ਅਤੇ ਬਾਕੀ ਦਾ ਇਨਕੰਪਲੀਟ ਹੀ ਰਹਿ ਗਿਆ। ਚਾਹੀਦਾ ਇਹ ਸੀ ਕਿ ਸਾਰਾ ਕੰਮ ਕਿਸੇ ਹਿਊਜ ਪੈਮਾਨੇ ਤੇ ਕੀਤਾ ਜਾਂਦਾ ਅਤੇ ਸਭ ਪਲੈਨਜ਼ ਮੁਕੰਮਲ ਕੀਤੀਆਂ ਜਾਂਦੀਆਂ ਪਰ ਡਰੇਨਜ਼ ਦੇ ਮੁਕੰਮਲ ਨਾ ਹੋਣ ਕਰਕੇ ਭਾਵੇਂ ਹਰ ਸਾਲ ਕਾਫੀ ਰੁਪਿਆ ਕੁਝ ਸਕੀਮਾਂ ਤੇ ਲਾਇਆ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ਸਭ ਕੰਮ ਜ਼ਾਇਆ ਹੀ ਜਾਂਦਾ ਹੈ। ਅਸੀਂ ਇਸ ਸਬੰਧ ਵਿਚ ਮਹਿਸੂਸ ਕਰਦੇ ਹਾਂ ਕਿ ਬੜੇ ਹੈਪਹੈਜ਼ਰਡ ਤਰੀਕੇ ਨਾਲ ਕੰਮ ਹੋ ਰਿਹਾ ਹੈ **ਇਸ ਤੋਂ** ਅਫਸੋਸਨਾਕ ਹੋਰ ਕੋਈ ਗੱਲ ਨਹੀਂ ਹੋ ਸਕਦੀ ਕਿ ਸਤੰਬਰ ਤੋਂ ਲੈਕੇ ਅਪਰੈਲ-ਮਾਰਚ ਦੇ ਮਹੀਨੇ ਤਕ ਕੋਈ ਕੰਮ ਨਹੀਂ ਹੋਇਆ। ਉਸ ਦਾ ਕਾਰਨ ਇਹ ਹੈ ਕਿ ਕੁਝ ਫਾਈਨੈਂਸ਼ਲ ਇਮਪਲੀਕੇਸ਼ਨ ਹਨ ਜਿਸ ਦੀ ਵਜ੍ਹਾ ਕਰਕੇ ਕੰਮ ਰੁਕ ਜਾਂਦਾ ਹੈ। ਮੈਂ ਇਸ ਸਬੰਧ ਵਿੱਚ ਕੁਝ ਮਿਸਾਲਾਂ ਦੇਣੀਆਂ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ। ਅਸਲ ਗੱਲ ਇਹ ਹੈ ਕਿ ਮਹਿਕਮੇ ਦੇ ਕੰਮ ਕਰਨ ਦੇ ਢੰਗ ਬੜੇ ਅਜੀਬ ਹਨ। ਨਕਸ਼ਾ ਬਣ ਜਾਣ ਤੋਂ ਬਾਅਦ ਕਿਸੇ ਦੇ ਕਹਿਣ ਤੇ ਅਲਾਈਨਮੈਂਟ ਚੇਂਜ ਕਰ ਦਿੱਤੀ ਜਾਂਦੀ ਹੈ। ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਡਰੇਨੇਜ਼ ਦੇ ਮੁਆਮਲੇ ਤੇ ਨਿਹਾਇਤ ਖੁਰਦਬੀਨੀ ਨਾਲ ਕੰਮ ਹੋਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ। ਮਿਸਾਲ ਦੇ ਤੌਰ ਤੇ ਸੁਕਰਾਨਾ ਨਾਲੇ ਬਾਰੇ ਮੈਂ ਮੌਕੇ ਦੇ ਅਫਸਰਾਂ ਨੂੰ ਕਿਹਾ (*Interruptions*) (ਇਸ ਵੇਲੇ ਚਾਰ ਪੰਜ ਐਮ. ਐਲ. ਏਜ਼. ਚੀਫ ਪਾਰਲੀਮੈਂਟਰੀ ਸੈਕਟਰੀ ਨਾਲ ਗੱਲਾਂ ਕਰਦੇ ਪਏ ਸਨ)।

ਸਰਦਾਰ ਲਛਮਣ ਸਿੰਘ ਗਿੱਲ : On a point of order, Madam. ਕੀ ਹਾਊਸ ਦੇ ਅੰਦਰ ਹੀ ਕੋਈ ਅਸੈਂਬਲੀ ਹੋ ਸਕਦੀ ਹੈ ਜਿਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਦੀ ਤੁਸੀਂ ਵੇਖ ਰਹੇ ਹੋ?

ਸਰਦਾਰ ਜੈ ਇੰਦਰ ਸਿੰਘ : ਤੂੰ ਤਾਂ ਰਾਤ ਨੂੰ ਮਿਲ ਲੈਂਦਾ ਹੈਂ ਅਸੀਂ ਨਾ ਗੱਲ ਕਰੀਏ।

ਸਰਦਾਰ ਲਛਮਣ ਸਿੰਘ ਗਿੱਲ : [* × × × ×)

ਸਰਦਾਰ ਕੁਲਬੀਰ ਸਿੰਘ : ਮੈਂ ਅਰਜ਼ ਕਰ ਰਿਹਾ ਸੀ ਲੋਕਾਂ ਨੇ ਅਫਸਰਾਂ ਨੂੰ ਮੌਕਾ ਦਿਖਾਇਆ ਕਿ ਇਹ ਡਰੇਨ ਨੈਚਰਲ ਫਲੋ ਤੋਂ ਉਲਟੇ ਪਾਸੇ ਬਣਾਈ ਜਾ ਰਹੀ ਹੈ। ਮੌਕਾ ਵੇਖਣ ਵਾਲੇ ਅਫਸਰ ਵੀ ਹਾਲਾਤ ਦੇ ਮਤਾਬਕ ਮੰਨ ਜਾਂਦੇ ਹਨ ਪਰ ਤਸਲੀਮ ਕਰਨ ਦੇ ਬਾਵਜੂਦ ਵੀ ਇਹ ਕੇਸ ਕਮਿਸ਼ਨਰ ਜਾਲੰਧਰ ਨੂੰ ਰੈਫਰ ਕਰ ਦਿੱਤਾ ਗਿਆ। (Interruption)

**Note* Expunged as ordered by the Chair.

पंडित चिरंजी लाल शर्मा : On a point of order, Madam. क्या कोई ग्रानरेबल मैम्बर इस ग्रागस्ट हाऊस में किसी को ऐसे एड्रैस कर सकता है कि क्या तू ने मेरा (* * *) देखा है ? यह लफज़ सरदार लच्छमन सिंह गिल ने कहे हैं ग्रौर हाऊस की डिग्निटी डिमांड करती है कि यह लफज़ वापस होने चाहियें।

उपाध्यक्षा : ग्राप खुद ही ग्रंदाज़ा लगायें कि इस हाऊस की डिग्निटी क्या रह गई है। This is not an August House. यह तो एक बच्चों का खेल सा हो गया है। (The hon. Member can himself well imagine as to what extent the dignity of this House is now left. It no longer appears to be an August House. It has been reduced to a children's club.)

श्री मंगल सेन : On a point of order, Madam. मैं ग्रापका इस बात पर रूलिंग चाहूंगा कि ग्राया किसी को कोई ग्रपना (* * *) दिखा सकता है ?

उपाध्यक्षा : सरदार लछमन सिंह जी ग्रगर ग्राप ने कोई ऐसे लफज़ कहे तो वापिस लिये जायें You are the Deputy Leader. (If the hon. Member Sardar Lachhman Singh Gill has said any such thing, he should withdraw that. He is the Deputy Leader of his party.)

ਸਰਦਾਰ ਲਛਮਣ ਸਿੰਘ ਗਿੱਲ : ਮੈਂ ਜੋ ਕੁਝ ਤੁਸੀਂ ਕਹਿੰਦੇ ਹੋ ਵਾਪਸ ਲੈਂਦਾ ਹਾਂ ।

पंडित चिरंजी लाल शर्मा : डिप्टी स्पीकर साहिबा, यह हाऊस की प्रैस्टीज ग्रौर डिग्निटी का सवाल है। इन्होंने यह कहा है कि जो कुछ ग्राप ने कहा है में वही वापस लेता हूं। Does it amount to withdrawal.

ਸਰਦਾਰ ਲਛਮਣ ਸਿੰਘ ਗਿੱਲ : ਮੈਂ ਤਾਂ ਇਹ ਕਿਹਾ ਸੀ [* * *] ਦੇਖਿਆ ਹੈ । ਅਗਰ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਕਿਸੇ ਤਰ੍ਹਾਂ ਇਹ ਲਫਜ਼ ਹਿਟ ਕਰਦਾ ਹੈ, ਮੈਂ ਸੌ ਦਫਾ ਵਾਪਸ ਲੈਂਦਾ ਹਾਂ ।

उपाध्यक्षा : ग्रगर मगर की बात नहीं। (It should be withdrawn unconditionally.

Pandit Charanji Lal Sharma :—He should witndraw the words in unequivocal terms.

ਸਰਦਾਰ ਲਛਮਨ ਸਿੰਘ ਗਿੱਲ : ਅਛਾ ਜੀ, ਮੈਂ ਵਾਪਸ ਲੈਂਦਾ ਹਾਂ ।

---

*Note—Expunged as ordered by the chair.

श्री मंगल सैन : On a point of order, Madam. मैं बड़े अदब से और नम्रता आपका रूलिंग इस बात पर चाहता हूं कि जैसे आप ने कहा है **'This is not an August House'** मैं चाहूंगा कि आप के होते हुए इस हाऊस की डिग्निटी को नुक्सान पहुंचता है ....

उपाध्यक्षा : इस का मतलब यह है कि आप इस हाऊस की कार्रवाई चलने नहीं देना चाहते । (It means that the hon. Member does not want the House to proceed.)

श्री मंगल सैन : मैं तो आपके हाथ मजबूत करना चाहता हूं ।

उपाध्यक्षा : मेरे हाथ कमजोर नहीं हैं, काफी मज़बूत हैं । (I am quite capable of dealing with the situation)

कैप्टन रत्न सिंह : मेरा प्वायंट ग्राफ आर्डर यह है कि **ਤੁਸੀਂ ਫਰਮਾਇਆ ਸੀ ਕਿ ਇਸ ਹਾਊਸ ਦੀ ਡਿਗਨਿਟੀ ਨਹੀਂ ਰਹੀ ਔਰ ਇਹ ਆਗਸਟ ਹਾਊਸ ਨਹੀਂ ਰਿਹਾ ।** This is an insult.

उपाध्यक्षा : आप अपने मन में सोचिए कि क्या इस तरह से कोई डिग्निटी इस हाऊस की रह गई है । (The hon. Member should himself realise if such a behaviour as has been witnessed here, is in keeping with the dignity of the House.)

चौधरी अमर सिंह : क्या इस हाऊस में कोई मैम्बर किसी दूसरे मैम्बर को (* * *) दिखा सकता है ? यह जो सरदार लछमन सिंह हैं, इन्होंने सरदार जयइंद्र सिंह को (* * *) दिखाया है । [शोर]

डाक्टर बलदेव प्रकाश : कैप्टन रत्न सिंह ने यह कहा है कि हाऊस की डिग्निटी आप नहीं रहने देतीं यह बड़ा डैरोगेटरी रिमार्क है और यह इनको विदड्रा करना चाहिए ।

उपाध्यक्षा : अगर इन्होंने यह कहा है, तो अपने लफज़ वापिस लें । (If he has said so, he should please withdraw the words.)

कैप्टन रत्न सिंह : मैं ने तो वही दुहराया है, जो कुछ आपने कहा है । अपनी तरफ से कुछ नहीं कहा अगर कोई और बात है तो विदड्रा करता हूं ।

लाला रुलिया राम : अगर आज एक मैम्बर ने (* * *) दिखाया तो कल यह भी हो सकता है कि वह इसे फेंक भी दे । इसके लिये कोई रोक लगनी चाहिए ।

श्री सुरेन्द्र नाथ गौतम : मैं यह जानना चाहता हूं कि सरदार लछमन सिंह गिल ने (* * *) दिखा कर क्या लफज़ वापिस कर लिया है ? (शोर)

*Note—Expunged as ordered by the chair.

उपाध्यक्षा : श्री रिज़क़ राम, देखिये क्या हो रहा है। This is the last warning from the Chair. अगर इस तरह से हालत जारी रही तो मैं हाउस को एडजर्न कर दूंगी (Let the hon. Minister Chaudhri Rizaq Ram see what is happening here. He should control the members of his party. This is the last warning from the Chair. If this state of affairs continues then I will adjourn the House.)

ਸਰਦਾਰ ਕੁਲਬੀਰ ਸਿੰਘ : ਡਿਪਟੀ ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬਾ, ਮੈਂ ਕਹਿ ਰਿਹਾ ਸੀ ਕਿ ਇਥੇ ਮਨਿਸਟਰ ਸਾਹਿਬ ਤਾਂ ਇਹ ਕਹਿੰਦੇ ਹਨ ਕਿ ਅਸੀਂ ਅਫਸਰਾਂ ਨੂੰ ਕੰਟ੍ਰੋਲ ਕਰਦੇ ਹਾਂ ਮਗਰ ਅਫਸਰ ਟਰਕਾਉਨ ਦੀ ਕੋਸ਼ਿਸ਼ ਕਰਦੇ ਹਨ। ਇਥੇ ਜਿਹੜੀ ਗੱਲ ਵਜ਼ੀਰ ਕਰਦੇ ਹਨ, ਉਹ ਬਾਅਦ ਵਿਚ ਮੁਕਰ ਜਾਂਦੇ ਹਨ। ਇਥੇ ਕਿਹਾ ਗਿਆ ਸੀ ਕਿ ਡ੍ਰੇਨਜ਼ ਜਿਹੜੀਆਂ ਕਿ ਖਰਾਬ ਹੋ ਗਈਆਂ ਹਨ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਦਰੁਸਤ ਕੀਤਾ ਜਾਏਗਾ ਮਗਰ ਦਰੁਸਤ ਨਹੀਂ ਹੋ ਰਹੀਆਂ ਜਿਹੜਾ ਰੇਵਿਨਿਊ ਮਨਿਸਟਰ ਹੈ, ਇਹ ਤਾਂ ਦੇਵਤਾ ਸਰੂਪ ਹੈ, ਉਨਾਂ ਵਰਗਾ ਆਦਰਸ਼ ਪੁਰਸ਼ ਹਾਊਸ ਦੇ ਵਿਚ ਹੋਰ ਨਹੀਂ ਹੋ ਸਕਦਾ ਲੇਕਿਨ ਜਿਥੋਂ ਤਕ ਐਡਮਨਿਸਟਰੇਸ਼ਨ ਦਾ ਤਾਲੁਕ ਹੈ, ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਬੜਾ ਨਰਮ ਰਵਈਆ ਅਖਤਿਆਰ ਕੀਤਾ ਹੋਇਆ ਹੈ। ਜੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਨੋਟਿਸ ਵਿਚ ਕੋਈ ਸ਼ਿਕਾਇਤ ਲਿਆਈ ਜਾਏ ਤਾਂ ਉਹ ਹਰ ਵੇਲੇ ਪਹਿਲਾਂ ਰਿਪੋਰਟ ਮੰਗਦੇ ਹਨ। ਚੌਧਰੀ ਸੱਤਦੇਵ ਜੀ ਨੇ ਇਕ ਅਰਜ਼ੀ ਚੀਫ ਇੰਜੀਨੀਅਰ ਨੂੰ ਦਿੱਤੀ ਲੇਕਿਨ ਉਸ ਤੇ ਕੁਛ ਨਹੀਂ ਹੋਇਆ ਸਗੋਂ ਜਿਹੜਾ ਪਾਣੀ ਮਿਲ ਵੀ ਰਿਹਾ ਸੀ ਉਹ ਵੀ ਕੱਟ ਹੋ ਗਿਆ। ਫਿਰ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਮੁੜ ਕੇ ਅਰਜ਼ੀ ਦਿੱਤੀ, ਉਸ ਦਾ ਨਤੀਜਾ ਇਹ ਹੋਇਆ ਕਿ ਮੌਕੇ ਦੇ ਅਫਸਰਾਂ ਨੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਕਿਹਾ ਕਿ ਜੇ ਵਜ਼ੀਰ ਸਾਹਿਬ ਨੂੰ ਮੋਘੇ ਵਿਚੋਂ ਘਸੀਟੋ ਤਾਂ ਮੋਘਾ ਚੌੜਾ ਹੋ ਸਕਦਾ ਹੈ। ਕਿਤਨੀ ਡੇਰੋਗੇਟਰੀ ਗੱਲ ਹੈ। (Shame shame from Opposition) ਮੈਂ ਮਨਿਸਟਰ ਸਾਹਿਬ ਦੀ ਨੇਕਨੀਅਤੀ ਤੇ ਸ਼ਕ ਨਹੀਂ ਕਰਦਾ

ਸਰਦਾਰ ਲਛਮਣ ਸਿੰਘ ਗਿਲ : ਕਿਹੜਾ ਅਫਸਰ ਸੀ ਜਿਸਨੇ ਇਹ ਕਿਹਾ ਸੀ ?

ਸਰਦਾਰ ਕੁਲਬੀਰ ਸਿਘ : ਐਗਜ਼ੈਕਟਿਵ ਇੰਜੀਨੀਅਰ ਸਿਰਸਾ ਸੀ ਉਹ। ਮੈਂ ਮਨਿਸਟਰ ਸਾਹਿਬ ਨੂੰ ਅਰਜ਼ ਕਰਨੀ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਉਹ ਐਡਮਨਿਸਟਰੇਸ਼ਨ ਨੂੰ ਠੀਕ ਕਰਨ।

चौधरी इंद्र सिंह मलिक : On a point of order, Madam। इस हाउस में एक ऐसा इश्तिहार बांटा जा रहा है, जिस में लिखा है कि कैरों कत्ल केस में एक वज़ीर का हाथ है और ....

उपाध्यक्षा : आप बैठ जाइए। सरदार कुलबीर सिंह, आप बोलिये। ((The hon. Member should resume his seat and let Sardar Kulbir Singh proceed with his speech.)

ਸਰਦਾਰ ਕੁਲਬੀਰ ਸਿੰਘ : ਮੈਂ ਇਕ ਇਕ ਫਿਕਰੇ ਵਿਚ ਕੁਝ ਗੱਲਾਂ ਕਹਿ ਕੇ ਬੈਠ ਜਾਵਾਂਗਾ। ਜਿਹੜੀਆਂ ਹਾੜ੍ਹੀ ਦੀ ਕਾਸ਼ਤ ਵੇਲੇ ਬੰਦੀਆਂ ਹੁੰਦੀਆਂ ਹਨ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੀ ਵਜ੍ਹਾ ਕਰਕੇ ਫਸਲ ਨੂੰ ਬਹੁਤ ਨੁਕਸਾਨ ਪਹੁੰਚਦਾ ਹੈ। ਇਸ ਕਰਕੇ ਉਸ ਵੇਲੇ ਪਾਣੀ ਮਿਲਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ। ਦੂਸਰੀ ਗਲ ਇਹ ਹੈ ਕਿ ਸੂਬੇ ਦੇ ਵਿਚ ਜਿਹੜੀਆਂ ਚਕਬੰਦੀਆਂ ਹੋਈਆਂ ਹਨ ਇਸ ਦੇ ਸਿਲਸਿਲੇ ਵਿਚ ਵਾਰਾਬੰਦੀ ਵਾਲਾ ਸਟਾਫ ਬਹੁਤ ਸਾਰੀ ਗੜਬੜ ਕਰਦਾ ਹੈ। ਰਿਸ਼ਵਤਸਤਾਨੀ ਹੁੰਦੀ ਹੈ ਔਰ ਜਾਣ ਬੁਝ ਕੇ ਡੀਲੇ ਕੀਤੀ

[ਸਰਦਾਰ ਕੁਲਬੀਰ ਸਿੰਘ]

ਜਾਂਦੀ ਹੈ। ਇਸ ਦਾ ਨਤੀਜਾ ਇਹ ਹੁੰਦਾ ਹੈ ਕਿ ਲੋਕ ਰਕਬਾ ਕਾਸ਼ਤ ਨਹੀਂ ਕਰ ਸਕਦੇ। ਇਸ ਦੇ ਨਾਲ ਸੂਬੇ ਦਾ ਬਹੁਤ ਸਾਰਾ ਨੁਕਸਾਨ ਹੁੰਦਾ ਹੈ। ਇਸ ਪਾਸੇ ਧਿਆਨ ਦੇਣ ਦੀ ਲੋੜ ਹੈ।

ਇਸ ਤੋਂ ਅਗਲੀ ਗੱਲ ਇਹ ਹੈ ਕਿ ਭਾਖੜੇ ਦੀ ਨਹਿਰ ਦੇ ਮੋਘੇ ਪਾਣੀ ਘਟ ਦਿੰਦੇ ਹਨ। ਪਹਿਲੇ ਇਹ ਚੀਜ਼ ਹੁੰਦੀ ਸੀ ਕਿ ਕਿਸਾਨਾਂ ਨੂੰ ਪਾਣੀ ਦੇਣ ਲਈ ਨਾਲੀਆਂ ਸਰਕਾਰ ਖੁਦ ਬਣਾਇਆ ਕਰਦੀ ਸੀ ਮਗਰ ਹੁਣ ਸਰਕਾਰ ਨੇ ਕਿਹਾ ਹੈ ਕਿ ਕਿਸਾਨ ਨਾਲੀਆਂ ਆਪਣੇ ਖਰਚੇ ਤੇ ਬਣਵਾ ਕੇ ਦੇਣ। ਮੈਨੂੰ ਇਕ ਸਵਾਲ ਦੇ ਜਵਾਬ ਵਿਚ ਏਥੇ ਦਸਿਆ ਗਿਆ ਸੀ ਕਿ ਜ਼ਿਮੀਂਦਾਰ ਆਪਣੀ ਮਰਜ਼ੀ ਨਾਲ ਨਾਲੀਆਂ ਮੋਘੇ ਲਿਆ ਕੇ ਦਿੰਦੇ ਹਨ। ਇਹ ਗੱਲ ਬਿਲਕੁਲ ਗਲਤ ਹੈ ਜਿਥੇ ਜ਼ਿਮੀਂਦਾਰਾਂ ਨੂੰ ਮਜਬੂਰ ਕੀਤਾ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ਕਿ ਉਹ ਮੋਘੇ ਨਾਲੀਆਂ ਲਿਆ ਕੇ ਦੇਣ ਜਦ ਕਿ ਇਹ ਮਹਿਕਮੇ ਨੂੰ ਖਦ ਬਣਵਾਉਣੀਆਂ ਚਾਹੀਦੀਆਂ ਹਨ, ਇਹ ਮਹਿਕਮਾਨਾ ਕੁਰੱਪਸ਼ਨ ਹੈ ਇਸ ਨੂੰ ਬੰਦ ਕਰਨ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ। ਦੂਸਰੀ ਗਲ ਇਹ ਹੈ ਕਿ ਨਹਿਰਾਂ ਦੇ ਸਾਈਫਨ ਉਚੇ ਕਰ ਦਿਤੇ ਗਏ ਹਨ ਜਿਸ ਦੇ ਕਾਰਨ ਪਾਣੀ ਦੀ ਰਵਾਨਗੀ ਠੀਕ ਨਹੀਂ ਰਹੀ ਔਰ ਉਸ ਦੀ ਵਜ੍ਹਾ ਕਰਕੇ ਜਿਹੜੀਆਂ ਟੇਲਾਂ ਦੀਆਂ ਜ਼ਮੀਨਾਂ ਹਨ ਉਹ ਸੁਕੀਆਂ ਰਹਿ ਜਾਂਦੀਆਂ ਹਨ। ਇਸ ਤੋਂ ਇਲਾਵਾ ਬਰਸਾਤ ਦੇ ਦਿਨਾਂ ਵਿਚ ਖੇਤਾਂ ਵਿਚ ਵੀ ਪਾਣੀ ਖੜ੍ਹਾ ਹੁੰਦਾ ਹੈ ਔਰ ਨਹਿਰ ਵੀ ਭਰੀ ਹੋਈ ਹੁੰਦੀ ਹੈ। ਮਹਿਕਮੇ ਵਾਲੇ ਨਹਿਰ ਨੂੰ ਬਚਾਉਣ ਲਈ ਉਸ ਦਾ ਕਿਨਾਰਾ ਤੋੜ ਦਿੰਦੇ ਹਨ ਔਰ ਉਸ ਤੋਂ ਬਾਅਦ ਨਹਿਰੀ ਅਫਸਰ ਲੋਕਾਂ ਨੂੰ ਡਰਾਉਂਦੇ ਹਨ ਕਿ ਅਸੀਂ ਤੁਹਾਡੇ ਤੇ ਮੁਕੱਦਮੇ ਚਲਾਵਾਂਗੇ ਅਤੇ ਤਾਵਾਨ ਪਾਵਾਂਗੇ। ਇਸ ਚੀਜ਼ ਨੂੰ ਰੋਕਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ। ਇਸ ਤੋਂ ਬਿਨਾਂ ਬਾਗਾਂ ਨੂੰ ਪਾਣੀ ਦੇਣਾ ਜ਼ਰੂਰੀ ਹੈ ਲੇਕਿਨ ਹੁੰਦਾ ਇਹ ਹੈ ਕਿ ਰਜਬਾਹੇ ਵਿਚ ਪਾਣੀ ਨਹੀਂ ਵਧਾਇਆ ਜਾਂਦਾ ਜਿਹੜਾ ਆਲਰੈਡੀ ਪਾਣੀ ਹੁੰਦਾ ਹੈ ਉਸ ਦੇ ਵਿਚੋਂ ਹੀ ਬਾਗਾਂ ਨੂੰ ਪਾਣੀ ਦਿਤਾ ਜਾਂਦਾ ਹੈ। ਇਸ ਕਰਕੇ ਕਾਸ਼ਤ ਲਈ ਪਾਣੀ ਦੀ ਮਿਕਦਾਰ ਘਟ ਜਾਂਦੀ ਹੈ। ਇਸ ਦੀ ਬਜਾਏ ਸਰਕਾਰ ਨੂੰ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ ਕਿ ਰਜਬਾਹੇ ਦਾ ਡਿਸਚਾਰਜ ਵਧਾ ਦੇਵੇ ਔਰ ਬਾਗਾਂ ਨੂੰ ਪਾਣੀ ਦੇਵੇ। ਬਸ ਮੈਂ ਇਤਨਾ ਕਹਿ ਕੇ ਬੈਠਦਾ ਹਾਂ।

श्री मंगल सैन : On a point of order, Madam. डिप्टी स्पीकर साहिबा, यह पोस्टर हमें दिया गया है जिस में लिखा है "कैरों साहिब के कत्ल में एक मंत्री महोदय का हाथ है" उस में आगे लिखा है "लुधियाने के एक करोड़पति मिल मालिक ...."

(*Interruption*)

Deputy Speaker :—Will you please take your seat? मैं पढ़ने की इजाजत नहीं दूंगी। आप इसे टेबल पर रख दें। (Will you please take your seat ? I do not allow it to be read. You may place it on the Table.) (Noise).

श्री मंगल सैन : डिप्टी स्पीकर साहिबा, मैं इस को हाउस की टेबल पर रखता हूं। (शोर)

मैं समझता हूँ कि अगर हमारे इलाके ने तरक्की करनी है तो किशाऊ डैम जिसके मुताल्लिक पंजाब यू.पी. राजस्थान और दिल्ली की सरकारों ने बनाने का फैसला किया था उसके लिये चौथी योजना में एक कौड़ी भी नहीं रखी गई । मुझे अफसोस है कि इन्होंने मन बदल लिया है । मैं जानता हूँ कि पानी की इन के गांव में भी कमी है और यह जो कहा गया है कि पानी ज्यादा है तो मैं कहना चाहता हूं कि पंजाब का काश्तकार अपने खेत से तीन फसलें लेना चाहता है। जो नहरें खोदी हुई हैं उनमें दो सौ फीसदी पानी और चाहिए, ऐसा मेरा अन्दाजा है । तो कैसे कहा जा सकता है कि नहरों में पानी ज्यादा है । पानी की कमी है और यह पानी की कमी बिजली के पम्पों द्वारा ही पूरी की जा सकती है । मैं समझता हूँ कि पंजाब सरकार एक साल के अन्दर 15 हजार कूओं को बिजली दे सकती है और अगर इसने इस आने वाले साल में इतने कूओं को बिजली दे दी तो मुझे बड़ी खुशी होगी ।

WALK-OUT

Mr. Speaker : Now the Minister for Public Works and Welfare will speak.

(सरदार रणजीत सिंह तथा कुछ माननीय सदस्य स्पीकर साहब से समय लेने के लिये खड़े हुए)

Mr. Speaker : We have no time. (Interruptions)

चौधरी अमर सिंह : आन ए प्वायंट आफ आर्डर, सर ।

Mr. Speaker : I will not allow.

श्री सुरेन्द्र नाथ गौतम : आन ए प्वायंट आफ आर्डर, सर ।

Mr. Speaker : Please take your seat (Interruptions).

सरदार रणजीत सिंह : जनाब, यह तो बड़ी बेइनसाफी है.......(विघ्न)

Mr. Speaker : You can leave the House. I have to go by the Schedule. No hon. Member should obstruct the proceedings.

(At this stage Sardar Ranjit Singh staged a walk-out)

DEMANDS FOR GRANTS

(RESUMPTION OF DISCUSSION)—(CONCLD)

लोक कार्य तथा कल्याण मन्त्री (चौधरी रिज़क राम) : स्पीकर साहिब, कल और आज इस मुअज़्ज़िज़ हाउस में मैंबर साहिबान ने कुछ शिकायतें रखीं और कुछ माकूल तजवीजें रखीं। यह जो सुझाव दिये गए हैं मैं इन के लिये उनका मशकूर हूँ। अभी अभी चौधरी रणवीर सिंह जी ने कुछ बातें कीं। यह भी जिक्र किया कि कोई ड्रेन जान बूझ कर उन के गांव के रकबे में से निकालने की कोशिश की जा रही है, कुछ सड़कों के मुताल्लिक भी चर्चा की और किशाऊ डैम के बारे में भी बात की। यह भी बताया कि पिछले साल की निस्वत इस साल खर्च ज्यादा और आमदनी में कमी हुई है। उन्होंने यह भी फरमाया कि अगर वह मन्त्री रहते तो कहीं ज्यादा काम कर सकते थे। स्पीकर साहिब, इस बात में कोई सन्देह नहीं है कि चौधरी रणबीर सिंह जी का तजरुबा इस हाउस में सब से ज्यादा है बतौर पार्लियामेंटेरियन के भी और वैसे भी मैं उनकी लियाकत को पहुँच नहीं सकता और न ही मैं ने दावा किया है कि मैं उन के बराबर पहुंच सकता हूँ और न ही मैंने कभी उनकी लियाकत को बिलिटल करने की कभी कोशिश ही की है। उन्होंने जो, बुन्यादें रखीं मैं तो उन से ही कुछ सीखने की कोशिश कर रहा हूँ और आशा है कि कुछ सीखता भी हूँ और अगर वक्त मिला तो आगे चलने की कोशिश करूँगा (तालियां) जो सुझाव उन्होंने दिये हैं उन के लिये मैं उनका बड़ा ममनून हूँ मगर उनको मैं यकीन दिलाना चाहता हूँ कि मेरे कभी दिल में भी यह ख्याल नहीं आया कि उन के गांव में से नाजायज़ तौर पर कोई ड्रेन निकाली जाए और कि जिस जगह पर एंजनियर साहिबान की राए हो उस से किसी दूसरी जगह पर निकाली जाए, इसका सवाल पैदा नहीं होता। मैंने चौधरी साहिब से पहले इस बारे अर्ज की थी और अब फिर दोहरा देता हूँ........

चौधरी रणवीर सिंह : उसके बाद भी अलाइनमैंट की जा रही है इसलिये बात की है।

लोक कार्य तथा कल्याण मन्त्री : छिपड़ा ड्रेन, जिसका इससे ताल्लुक है, के बारे में एंजनियर साहबान ने कहा यह मिरज़ापुर खेड़ी गांव से निकाली जाए क्योंकि वहां पर और सांगी का इश्तेमाल हो चुका है। इसी मियार से वहां पर एलाइनमेंट हुई है। अगर उसमें कहीं कुछ लूप्स हों तो, अगर कहीं पर सीधी वगैरह करने के लिये बीघा, आधा बीघा रकबा इधर उधर से लिया हो तो लिया हो वरना इनको विश्वास रखना चाहिए कि हमारे दिल में उन के खिलाफ ज़रा सा विचार भी पैदा नहीं होता। अगर कोई गलतफहमी पैदा हो जाए तो वह हर वक्त मेरे से बात करके साफ कर लें। उन्हों ने अच्छा किया कि जो उनको गलतफहमी पैदा हो गई थी उसको साफ कर दिया। इसके लिये मैं उनका मशकूर हूँ। सड़कों के मुताल्लिक भी उन्होंने चर्चा किया। इस वक्त सारे फैक्टस ऐंड फिगर्ज इस बारे में मेरे पास नहीं हैं वरना अगर यह थोड़ा टाइम दे

[लोक कार्य तथा कल्याण मन्त्री]

के बात करते तो मैं इनकी तसल्ली करा सकता था कि उसमें भी कोई बेइन्साफी नहीं हुई है। फिर भी मैं उनको याद दिलाना चाहता हूँ कि पिछले साल सोनीपत तहसील के 241 गांवों में से 231 गांव ऐसे थे जोकि तकरीबन बरबाद हो गए थे, मकानात भी गिर गए, गुजारे का जरिया भी न रहा, वहां पर कतई तबाही हुई। उस इलाके के लिये सन 1964-65 के बजट में सिर्फ तीस हजार रुपये सड़कों के लिये रखे गये थे और जहां तक मेरे हलके का ताल्लुक है उसके लिये सिर्फ 6 हज़ार रुपये का प्रोवियन था। राड़गढ़ां जो गांव है वहां पर बड़े बड़े लोग जिनमें श्री कामराज जी भी हैं और चौधरी साहब भी हैं उस गांव में गए हुए हैं। तो ऐसे इलाके में अगर कहीं तहसील में जहां सड़कें नहीं थीं पांच सात मील की सड़क दे दी तो कोई बेइनसाफी की बात नहीं की। वहां पर फ्लड आए हैं। हर एक हल्के का ध्यान रखते हुए कि कहां कहां पर सड़कें मौजूद हैं और कहां पर नहीं हैं और किन इलाकों के लिये बजट में प्रोवियन नहीं था उनको सड़कें दी हैं। मैं चौधरी साहिब की पूरी तसल्ली करा सकता हूँ कि कहीं पर कोई बेइन्साफी नहीं हुई है। मगर इस वक्त इसका मौका नहीं था और मैं इसके लिये तैयार हो कर नहीं आया, वरना मैं उनको इस बात की तसल्ली करा देता कि कहीं पर कोई बेइनसाफी नहीं हुई है। मुझे खुशी होती अगर मैं उन लोगों के बारे में जो गमज़दा हैं और तबाही का शिकार हुए हैं चौधरी साहिब से हमदर्दी के अलफ़ाज़ सुनता। मुझे इस बात का गिला नहीं कि इन्होंने अलाइनमेंट करके रोहतक के शहर को बचाया। मैं मानता हूँ कि इन्होंने अपने घर और गांव को बचाया और सारा वबाल सोनीपत के इलाके की तरफ भेज दिया। (विघ्न)

चौधरी साहिब ने किशाऊ ड्रेन के बारे में ज़िक्र किया है इसके बारे में मुझे भी और गवर्नमेंट को भी चिन्ता है और इस सम्बन्ध में हमने यू. पी. गवर्नमेंट के ज़िम्मे लगाया था कि वह इन्वेस्टीगेशन करके हमें रिपोर्ट जल्दी भेज दें। उनकी रिपोर्ट पन्दरह बीस दिन हुए मौसूल हुई थी इस पर गौर किया गया है। हमने प्लानिंग कमिशन को लिखा है। यू. पी गवर्नमेंट को भी लिखा है और अपने फिनांस डिपार्टमेंट से भी रुपया लेने की कोशिश की जा रही है और जो खर्चा इसमें हो उसमें हमारा हिस्सा अगले साल के बजट में डाला जा सके। इसके बारे में जो चौधरी साहिब ने सरकार की अगवाई की है मैं उसके लिये उनका मशकूर हूँ।

कुछ बातें और मैम्बरान ने भी कहीं हैं। कल भी इस डिमांड पर बहस हुई और इस बहिस के दौरान दो अमूर सामने रखे गए। एक तो सैलाब के मुताल्लिक और दूसरे इरीगेशन के बारे में। जहां तक सैलाब का ताल्लुक है मैं इस मोअज़्ज़ज़ इवान का ज्यादा वक्त नहीं लेना चाहता। सिर्फ दो बातें ही अर्ज़ करना चाहता हूँ। एक तो यह कि जब से नई सरकार बनी है सब जानते हैं कि इस बात की कोशिश की गई है कि जितने कदम उठाने चाहिएं उठाए जाएं ताकि सैलाब को रोका जा सके। किसी तरह की लापरवाही इस सरकार की तरफ से नहीं की गई। जुलाई में

नई मिनिस्टरी बनी थी और बारिशें शुरू हो गई थीं जो काम सैलाब को रोकने के लिये पहले किए जा चुके थे उनमें इस सरकार ने दखल नहीं दिया । बारिश भी 1962 और 1963 के मुकाबले में कम थी और सैलाब भी कम था। इस बात का अंदाज़ा इस बात से लगाया जा सकता है कि जहां पहले 42 लाख ऐकड़ में वाटर-लागिंग थी और अब की २६ लाख एकड़ में रह गई है । इससे भी कुछ अंदाज़ा लगाया जा सकता है । पिछले पांच छे साल यह मसला लगातार चल रहा है और यह महकमा इस सैलाब की रोकथाम के लिये लगातार कोशिश कर रहा है । इसके बारे में बहुत से कदम इस सरकार ने उठाए हैं। मैम्बर साहिबान की वाकफियत के लिये बताना चाहता हूँ कि सैलाब के सिलसिले में तमाम जिलों के डी. सीज़. ऐस. पीज़, लैजिस्लेटर्ज़ और एम. पीज़. की मीटिंग बुलाई और उन से जो मालूमात और हिदायात ले सकते थे ले ली गई । उनसे सलाह मश्विरा किया गया। और उसके मुताबिक कार्रवाई शुरू कर दी । एक कमेटी बना दी गई जिसको फ्लैचर कमेटी कहा जाता है । इसके चेयरमैन हमारे सूबे के फिनांशल किमिश्नर हैं उनकी सरकर्दगी में यह कमेटी काम करती रही । इसमें लैजिलेटर्ज़ और इलाके के एम. पीज. को भी शामिल कर लिया गया था । इस कमेटी ने सारे पंजाब के ज़िलों का दौरा किया हरेक डी. सी . से तजावीज़ हासिल की । पब्लिक को इसके साथ असोसिएट किया गया और सारी पड़ताल की गई । जहां पर ड्रेनज़ की अलाइन्मेंट गलत कही जाती थी उन सारी बातों की पड़ताल की गई । और जो काम इस संबंध में हम कर सकते हैं उसके लिये सरकार तैयार है ।

सरदार गुरचरन सिंह ने कहा कि भागी ड्रेन की अलाइन्मेंट का झगड़ा है । इसके नुकाइस को दूर किया जाए तो इलाके को बचाया जा सकता है । इसकी जांच पड़ताल के लिये एक कमेटी बना दी गई । इस में लैजिस्लेटर्ज़ शामिल हुए । और यह पहला कदम था जो हमने उठाया ।

दूसरा पंजाब में फ्लड्ज़ की पोज़ीशन का एक खास अमूर है। इस का संबंध दूसरे सूबों में भी है । यह एक इन्टर स्टेट सवाल है । एक तरफ दिल्ली का बारडर है राजस्थान की इन्टर स्टेट प्राबलम है । इस लिये यह कोशिश की गई है कि इंटरस्टेट मसले को हल करने के लिये कोआरडीनेटिड पालेसी इख्तयार की जाए। हम यह नहीं चाहते कि किसी हमारे कदम से दूसरी स्टेट को कोई नुक्सान हो। इससे बचने के लिये एक कोआरडीनेटिड कमेटी बनाई गई है इसको मोतीराम कमेटी कहा जाता है । जिसके चेयरमैन राजस्थान के चीफ इन्जीनियर और हमारे चीफ इन्जीनियर और सैंट्रल पावर बोर्ड के मैम्बर भी शामिल हैं।

बहुत से और भी मसले हैं जैसा कि धासा बंद का है। इस के पानी को रोक लिया गया था और फिर डिस्चार्ज को जो थोड़ा था बंद कर दिया गया और बाद में खोला नहीं गया। इससे नजफगढ़ झील के रकबे में गुड़गांव ज़िला में नुकसान हुआ । इस बात की मुझे खुशी है कि इसका हल इस दफा निकाला जा रहा है । सब से बातचीत

[लोक कार्य तथा कल्याण मन्त्री]

करने के बाद फैसला किया गया कि इसकी कैपेसिटी 3000 क्यूसेक्स कर दी जाए। और इसके लिये नजफगढ़ नहर को चौड़ा और गहरा किया जाए। वहां पर इन्जीनियर हैं और कई डिवीजन दो शिफ्टों में काम कर रहे हैं। काम मुशकिल है और हर एक इन्जीनियर इस काम को नहीं कर सकता। इस काम को जो इस नहर पर किया जा रहा है सैंटर के इन्जीनियर्ज़ ने और सैंटर की मिनिस्टरी ने इन के काम की सराहना की हैं। वहां पर हमें 12 या 13 फुट पानी के अन्दर जा कर मिट्टी खोदनी पड़ रही है। जहां पर ड्रेन लाइन लगाने हैं वहां पर पानी भरा पड़ा है वहां पर बाहर दूर से मिट्टी ला कर भरनी पड़ती है ताकि ड्रेन लगा कर नदी को चौड़ा किया जा सके और 3000 क्यूसैक्स के निकास का इन्तज़ाम किया जा सके।

इसके साथ ही धांसा पर 3000 क्यूसैक्स का रैगूलेटर बनाने की योजना पर काम चल रहा है। टैन्डर दिये गए थे और तामीर का काम शुरू है। धांसा बांध का काम ज़रा पेचीदा सा मसला बन गया था अब एक तरह से उसका हल निकल आया है। और जो आपत्ति पैदा हुई थी वह अब ठीक हो गई है।

उजीना ड्रेन का झगड़ा राजस्थान से था और जो ड्रेन बनी थी उसकी कपैसेटी 200 क्यूसैक्स की थी और वहां की सरकार ने अपने हिस्से में पानी को रोक लिया था। उन से बातचीत करने के बाद यह तय किया गया कि इसको 200 से 600 क्यूसैक्स तक बढ़ा दिया जाए। इस पर काम होने के बाद नूह और फिरोज़पुर झिरका का मसला हल हो जाएगा और दुबारा इस इलाके को नुक्सान नहीं होगा। गुड़गांव ज़िले के मुताल्लिक महता रूप लाल जी और दूसरे मैंबर साहिबान ने अपने ख्यालात ज़ाहिर करते हुए यह खदशा जाहिर किया था कि उन के ज़िले के साथ अच्छा सलूक नहीं किया जाता। मैं उन मैंबर साहिबान को यह बात बता देनी चाहता हूं कि जहां तक इस जिले का तअल्लुक है, गवर्नमेंट का इस तरफ पूरा पूरा ध्यान है। गौंचीड रेन और इसकी जो भी दूसरी ड्रेन्ज़ हैं हमने इन सब को मुकम्मल करने के लिये बड़ा काम किया है। इन ड्रेन्ज का ज्यादा ताल्लुक यू. पी. और राजस्थान से है, क्योंकि इन सब का पानी उधर ही जाता है। वहां पर खर्च करने के लिये हमारे जिम्मे 75 लाख रुपया लगाया गया था जिसको देने के लिये हम इकरार कर चुके हैं। जो जो मुशकलात गौंची डरेन के मुकम्मल होने में हो रही हैं उसके ऊपर हमारे इंजनियर्ज़ लगे हुए हैं।

ज़िला करनाल के मुताल्लिक श्रीमती ओम प्रभा जैन ने कहा है कि मैं करनाल के मुताल्लिक भी कुछ अर्ज़ करूँ। मैंने एक एक जगह पर 5–6 दिन तक लगा कर देखा है कि ज़िला करनाल में पानी की वजह से बहुत ज्यादा नुकसान हुआ है। कैथल डरेन पूरे ज़ोर से चालू है। अमीन डरेन बनाने का फैसला किया गया है। इसके इलावा खेडी राम नवार डरेन के बन जाने से जो किरमच गांव से रुकावट होती थी वह भी दूर कर दी गई है। करनाल ज़िला के अंदर जितनी भी ऐसी ज़रूरी स्कीमें हैं

उनको हम ने शुरू करने की पूरी कोशिश की है। इसी तरह से अंबाला डरेन के मुताल्लिक भी हम फैसला कर चुके हैं। नाई नाला डरेन की वजह से गोहाना में बड़ा भारी नुक्सान होता रहा है, हमने इसके पानी को यूटिलाइज़ करने के लिये बड़ी इनवैस्टीगेशन की है। कुछ पानी हांसी बरांच की तरफ डाईवर्ट किया है और कुछ बुटाना बरांच की तरफ डाईवर्ट करने के लिये हमारी स्कीम है। यह स्कीम तैयार कर लीं गई है लेकिन इसके मुताल्लिक ऐक्सपर्ट से जांच पड़ताल करवाई जा रही है उमीद है ऐसा हो जाने से हम इस पानी को इरद गिरद के तमाम इलाके को सैराब करने में ज़रूर कामयाब होंगे। इसके इलावा सरस्वती डरेन के मुताल्लिक भी हम कुछ स्टेप्स उठाने जा रहे हैं। सरस्वती डरेन के मुताल्लिक भी हमारा इसी तरह से खेतों के लिये पानी इस्तेमाल करने का इरादा है। करनाल और संगरूर जिले के मुताल्लिक फ्लड् की जो हमारी समस्या है वह राजस्थान से ही तअल्लुक रखती है। अगर हम इधर का पानी उधर निकालते हैं तो इसका राजस्थान पर बुरा असर पड़ता है। पिछले साल इस तरह से पानी के जाने की वजह से सूरतगढ़ फारम का काफी नुक्सान हुआ था। इस बात को मद्देनज़र रखते हुए भी हम ज़िला करनाल और संगरूर के ज़िलों में पानी की निकासी का बहुत ज्यादा काम नहीं कर पाये हैं। जहां तक ज़िला संगरूर के कैथल तहसील का सवाल है, जहां कि वाटर लैवल ऊपर चढ़ता चला आ रहा है हम इसको घटाने की कोशिश में लगे हुए हैं। । आज जिला संगरूर में कुछ इलाके ऐसे हैं जहां वाटर लेवल 1 फुट से भी कम है। अगर इस इलाके के मुताल्लिक, जैसा कि कैथल और गोहाना का इलाका, ज़िला संगरूर में है, सही मानों में देखा जाये तो आज यह इलाका पानी में तैर रहा है। इस इलाके के मुताल्लिक मैंने प्राईम मिनिस्टर साहिब से भी और डाक्टर के. एल. राव से भी साफ लफ्जों में हालात ब्यान किये कि अगर आप ज़िला करनाल और संगरूर के लिये कोई खास स्कीम्ज़ बना कर हमारी हैल्प नहीं करेंगे तो ऐसे हालात में हो सकता है कि यहां की हालत हमारे बेकाबू हो जाये। मैं इस बात के लिये सैंटर के प्राईम मिनिस्टर साहिब का और खास तौर पर, हमारे इरीगेशन मिनिस्टर श्री के. ऐल. राव का मैं बहुत मशकूर हूँ कि उन्होंने पंजाब की मुशकलात को महसूस किया है और इस सम्बन्ध में हो रहे काम को ऐप्रीशियेट भी किया है। खुद प्राईम मिनिस्टर ने रुड़का के मुकाम पर फ्लड्ज़ की समस्या को नैश्नल प्राबलम कहा है और कहा है कि हमें इसको वार फुटिंग पर हल करना चाहिए। पिछले दिनों में पलैनिंग कमिशन की एक मीटिंग हुई थी। वहां पर भी इस प्राबलम को नैशनल प्राब्लम समझ कर ही डिसकस किया गया और मुनासब कदम उठाने के लिये तहैया किया गया। हमारी प्रेरणा से यहां पर वर्लड बैंक टीम आई। हमें इन सारी स्कीम्ज़ को कामयाब करने के लये रुपये की ज़रूरत थी। हमने इन सारी स्कीम्ज़ को कामयाब बनाने के लिये तीसरी पंच वर्षीय योजना में 15 करोड़ रुपये की प्राविज़न रखी है। इसके इलावा और दूसरी स्कीमों के लिये हमने $3\frac{1}{2}$ करोड़ रुपये का प्राविज़न किया है। हालांकि हमारे रिसोरसज़ इतने नहीं हैं लिमिटिड से हैं मगर फिर भी हमने आज तक 28 करोड़ के करीब रुपया फ्लड्ज़ की रोक थाम के ऊपर खर्च किया है। इस से आप बखूबी अंदाज़ा लगा

[लोक कार्य तथा कल्याण मन्त्री]

सकते हैं कि आज गवर्नमेंट इस तकलीफ को दूर करने के लिये कितनी तुली हुई है। हमने वर्ल्ड बैंक की टीम को बुलावा दिया था। उन्होंने यहां पर आकर हमारी स्कीम्ज़ को स्टडी किया, हमारे जारी किये हुए प्रोजैक्ट्स देखे। उनकी यह राये थी कि जिन स्कीम्ज़ पर आज पंजाब में काम हो रहा है वह सराहनीय है। उन्होंने 21 करोड़ तक की रक्म पंजाब स्टेट को देने का वादा किया है। (तालियां)

इस सिलसिला में कल एक मीटिंग दिल्ली में भी हुई थी जिसमें हमारे चीफ मिनिस्टर साहिब ने भी शिर्कत फरमाई थी। इसमें यू.ऐस.ए. से कुछ अमरीकन ऐक्सपर्ट और दीगर सैंटर के लीडर्ज़ फूड मिनिस्टर साहिब भी शामल हुए इसमें हमारे चीफ मिनिस्टर साहब भी शामिल थे, और यह फैसला हुआ था कि यू.एस.ए. की टीम पंजाब में भेजी जाएगी और वह वहां जाकर इस बात का मुताल्या करेगी कि पंजाब की वाटर लागिंग को दूर करने की दिशा में किस किस किस्म की सहायता दरकार है।

On an indication from the Government, U.S.A.I.D. Mission has expressed its interest in the Northern India regional land and water management programme for formulating plans for maximum agricultural production. The U.S.A.I.D. Mission is, therefore, considering bringing to India of a large development and technical consulting firm with an established background of successful planning and execution in river basin development. This firm, the Development Corporation is headed by David Lilienthal, former head of the T.V.A.Mr. Lilienthal accompanied by Mr. Leo Ander son an Agricultural Technician, who is Corporation Vice-President, arrived in India on March 15, 1965. Mr. Lilienthal and Mr. Anderson along with a party of other experts visited Punjab from the 19th to the 21stMarch in order to see the conditions and agricultural practices at site. A meeting has been held at Delhi and it has been decided in that meeting that Mr. Lilienthal will arrange to formulate a plan in about 2 to 2½ months for land, water management, etc.

यू.एस.ए.आई.डी. की तरफ से टैक्नीकल और माली इमदाद जो भी संभव होगी वह पंजाब गवर्नमेंट हासिल करेगी चाहे वह वर्ल्ड बैंक से लेना पड़े, चाहे सैंटर से लेना पड़े चाहे, यू.एस.आई. डी.से हो। गर्ज़ यह कि इस मीनेस को दूर करने के लिये हमारी सरकार हर ममकिन कोशिश करेगी।

बाबू बचन सिंह : गवर्नमेंट ने इस सिलसिले में एक फ्लैचर कमेटी बिठाई थी जिसकी रिपोर्ट इस सैशन में आ जानी चाहिए थी लेकिन वह अब तक नहीं आई। क्या मिनिस्टर साहब, यह रोशनी डालेंगे कि वह इस सैशन के खत्म होने से पहले पहले आ जायगी या नहीं ?

लोक कार्य तथा कल्याण मन्त्री : यह कहना अभी मेरे हाथ में नहीं क्योंकि उसमें सैंटर के लोग भी शामिल हैं। उसके लिये तो जितनी कोशिश मैं करूँगा, उतनी ही आप कर सकते हैं। कल बाबू बचन सिंह जी ने एक तजवीज़ दी थी कि वाटर लागिंग का पानी इस तरह से निकाला जाए कि वह सिंचाई के लिये भी इस्तेमाल हो सके ताकि पैदावार

में इज़ाफा हो सके। मैं उनकी इस तजवीज़ से सहमत हूँ क्योंकि यह बड़ी माकूल है। इस पर सरकार ने गौर किया है और हमने एक झील नशारा नाला के पानी से तैयार की है जो घग्गर के साथ साथ के कई हज़ार एकड़ के रकबे को सैराब करने की स्कीम के तहत है। यही नहीं इसके अलावा भी और कई स्कीमें तैयार हो रही हैं जो इस पानी को इस्तेमाल करने के लिये होंगी। जैसे सरस्ती ड्रेन और ड्रेन नंबर 8 में से दादरी के लिये स्कीम बनी है। झज्जर, गुड़गांव, और राजस्थान के इलाके को जो नुकसान पहुंचता है उसको बचाने के लिये और रेवाड़ी के इलाके को पानी देने के लिये भी एक स्कीम तैयार की जा रही है और राजस्थान और पंजाब गवर्नमेंट ने यह मुश्तरका फैसला किया है कि बांध तामीर किया जाए जिस पर एक करोड़ 50 लाख के करीब खर्च आना है। यह स्कीम सैंट्रल वाटर वर्क्स कमीशन को जा चुकी है। हम यह कोशिश कर रहे हैं कि ज्यादा से ज्यादा इस पानी को यूटीलाइज़ करें।

पंडित चिरंजी लाल शर्मा : यह लम्बी लम्बी स्कीमें तो बना दीं, लेकिन हमारे यहां दो रजबाहे हैं उनको पानी क्यों नहीं मिलता।

लोक कार्य तथा कल्याण मन्त्री : मैंने फ्लड्ज़ के मुताल्लिक कहा है, आबपाशी का जहां तक सवाल है, उसकी तरफ मैं बाद में कहूँगा। स्पीकर साहब, जैसा कि आपको पता है, इरीगेशन का मामला बड़ा पेचीदा मामला बना हुआ है ——

श्री सुरेन्द्र नाथ गौतम : आपने सवां नदी का ज़िक्र क्यों नहीं किया ?

लोक कार्य तथा कल्याण मन्त्री : स्पीकर साहब, यह दुरुस्त है कि होशियारपुर ज़िला में चोओं की वजह से और नदियों की वजह से तबाही होती रही है लेकिन अब सरकार ने इस ओर बहुत सफलता प्राप्त की है और जिन चोओं को ट्रेन करने का काम बाकी है उनकी तरफ भी सरकार इस साल कोशिश करके ध्यान देगी और मुकम्मल करेगी। अभी मुकम्मल करने का इरादा है। जहां तक फ्लड्ज़ का सवाल है, स्पीकर साहब, यह बड़ा पेचीदा मामला होता जाता है। यह जो मसला है, अगर हम कहीं ज्यादा पानी देते हैं तो उससे सेम का खतरा पैदा हो जाता है। इस सारे मसले को सांइटिफिक तरीके से ही हल किया जा सकता है। आज सिर्फ नहरों और ड्रेनों को बनाना ही सांइटिफिक नालेज डीमांड नहीं करता बल्कि उनमें पानी चलाने के लिये भी सांइटिफिक तरीकों की ज़रूरत है और वह जारी हो चुके हैं। 10 साल पहले जिन इलाकों में डीमांड की जाती थी कि वाटर टेबल और ऊंचा होना चाहिए, आज वह ज़मीनें बिल्कुल सेम से तबाह हो गई हैं। इसलिये सिंचाई का जो मसला है यह बहुत अहम मसला है। जहां तक पानी में अज़ाफा करने का ताल्लुक है इसके बारे में मैं बताना चाहूंगा कि पार्टीशन के वक्त सिर्फ 30 लाख एकड़ रकबा ही इरीगेट हो सकता था। लेकिन भाखड़ा डैम बनने से, ब्यास डैम चालू है और इसके इलावा और भी ऐसी स्कीम्ज़ हैं उनके ज़रिये वाटर का पुटैंशल बढ़ता जा रहा है। गुड़गांवा कैनाल के मुताल्लक

[लोक कार्य तथा कल्याण मन्त्री]

श्री रूपलाल जी बड़े बेताब हैं। उनके यह खदशात हैं कि गुड़गावां कैनाल पर कभी काम शुरू हो जाता है कभी बंद हो जाता है । उसकी सही पुज़ीशन यह है कि इस वक्त 2 करोड़ 13 लाख रुपया उस काम पर खर्च हो चुका है और 73 लाख के करीब अब प्रोवाइड किया है। इस तरह से 2 करोड़ 86 लाख रुपया हमने अपने पास से खर्च किया है और 92 लाख राजस्थान सरकार ने अपने हिस्से का देना था जो कि अभी तक हमें नहीं मिला । अगले साल में उन्होंने 50 लाख रुपया देने का यकीन दिलाया है । मेहता रूपलाल जी ने कहा था कि चौधरी रणबीर सिंह ने जब वह मिनिस्टर थे तो यकीन दिलाया था कि दिसम्बर, 1965 में पानी दे देंगे। मैं भी उनको विश्वास दिलाना चाहता हूँ कि उस एशोरेंस से हम, बैकआउट नहीं करते, शैड्यूल के मुताबिक तब तक 300 क्युसैक्स पानी हम उनको दे दें और फिर मार्च 1966 में शैड्यल के मुताबिक बाकी का पानी भी दे देंगे। यह भी उनका खदशा ग़लत है कि 110000 की बुर्जी के आगे 168000 तक का जो एरिया है उसमें काम नहीं होगा। मैं अर्ज़ करना चाहता हूँ कि हम काम करेंगे । मुमकिन यह हो सकता है कि अगर राजस्थान से पूरा पैसा न मिला तो उस एरिया की लाईनिंग न कर सकें लेकिन जहां तक खुदाई का ताल्लुक है वह काम हम शैड्यूल के मुताबिक पूरा करेंगे और पानी चलाने का काम मार्च 1966 तक करेंगे । इस के इलावा मैं अर्ज़ करना चाहता हूँ कि अगर कैनाल जिसमें से पानी की गुज़रगाह होगी उसके लिये एक करोड़ रुपया हमने यू. पी गवर्नमेंट को देना है ताकि उसकी रीमार्डलिंग का काम भी साथ ही साथ हो जाए और कोई रुकावट गुड़गांव ज़िले में पानी पहुंचने में न हो । इसी तरह रिवाड़ी की लिफ्ट स्कीम के लिए बड़ी तेज़ी से लगे हुए हैं । वहां हम बिजली का काम अपने हाथ में ले रहे हैं ताकि ब्रेक डाऊन्ज़ न हों । उस से 65 हजार एकड़ के करीब आबपाशी होगी । महिन्द्रगढ़ और लोहारू के जो खुश्क इलाके हैं उनको पानी देने के लिये दादरी की जो स्कीम बनी है उसे पूरा करने की कोशिश कर रहे हैं । दोहान नदी और कृष्णा नदी के पानी को सिंचाई के लिये इस्तेमाल करना है और उसके लिए हम एक हज़ार फुट ऊंचाई का बांध लगा रहे हैं। 10 लाख रुपया इस बांध के लिये प्रोवाईड किया है। इसके इलावा गुड़गांव जिले के लिये बांध लगाने के लिए आठ लाख रुपया प्रोवाइड किया है। अभी हमने ज़िक्र किया था कि साहिबी नदी से रिवाड़ी को नहर पहुंचाई है, उसे और रेगुलेट करने की कोशिश में लगे हुए हैं। जो 18 ट्यूबवेल हमने रिवाड़ी में लगाए हैं वह भी चालू हो जायेंगे। तो मेरा कहने का मतलब यह है कि पंजाब सरकार सिंचाई के लिये बहुत काम कर रही है । गुड़गांव कैनाल से जो आबपाशी होगी उससे पलवल, बलबगढ़, फीरोज़पुर झिरका और नूह का 1,68,889 एकड़ एरिया इरीगेट होगा । इसी तरह लो लिफ्ट से 153,804 एकड़ में आबपाशी होगी, इसके इलावा, हाई लिफ्ट से 81,680 एकड़ रकबा, इरीगेट होगा। गुड़गांव कैनाल बनाने में 8 करोड़ 31 लाख के करीब अंदाज़ा है खर्च का । 2 करोड़ 42 लाख हम इस साल के आखिर तक खर्च कर देंगे, बाकी जो राजस्थान से लेना है वह खर्च करेंगे ।

ਸਰਦਾਰ ਗੁਰਮੀਤ ਸਿੰਘ : ਬੈਟਰਮੈਂਟ ਲੈਵੀ ਕਮੇਟੀ ਦੀ ਜਿਹੜੀ ਰੀਪੋਰਟ ਹੈ ਉਸ ਦੇ ਬਾਰੇ ਵੀ ਜ਼ਰਾ ਦੱਸ ਦਿਉ ।

लोक कार्य तथा कल्याण मन्त्री : बहुत अच्छा जी मैं बता दूंगा उसके बारे में भी । पहले जो बात कह रहा हूँ उसे पूरा कर लूं। जहां तक इरीगेशन के पोटैंशल के बढ़ाने का सवाल है उसके बारे में जो स्कीम्ज़ थीं या जो जो तजावीज थीं वह मैंने अर्ज़ कर दी हैं। जोगा साहिब ने बताया था कि कल्टीवेटर्ज़ की कुछ और भी दूसरी छोटी छोटी मुश्किलात होती हैं। मैं अर्ज़ करना चाहता हूँ कि उनकी तरफ भी सरकार ने ध्यान दिया है । काफी ऐसे केसिज़ हमारे नोटिस में आए हैं। जहां एक तरफ ज्यादा पानी पैदा करने का सवाल है वहां यह भी सवाल है कि उस पानी का मैनेजमेंट किस तरह से हो। जो आर्ज़ी मोघाजात और फ्लड चैनल्ज़ 20 सितम्बर तक चलती थी हमने उन की पड़ताल की है । उनको बंद करने का मतलब यह होता था कि किसान की फसल जब पकने के करीब पहुंचती थी तो उसे पानी नहीं मिलता था मगर आब्याना वह देते थे। और न दूसरी फसलों के लिए उस पानी को इस्तमाल कर सकते थे । इस लिये हमने फैसला किया और इस दफा 31 दिसम्बर तक आरज़ी मोघे और जो फ्लड चैनल्ज़ थे उनको जारी रखा है । इसके बाद हमने यह भी फैसला किया है कि यह जो माइनर टैक्नीकल दिक्कतें किसानों को शूट्स लेने में और बाराबंदी के सिलसिले में पेश आती हैं उनको भी रिमूव किया जाए । पहले दसतूर था कि आर्ज़ी मोघों के लिये मार्च में दरखास्त दी जाए लेकिन वह बात हमने खत्म की और हमने कहा कि जहां तक किसान की पानी की मांग का संबंध है उस पर कोई ऐसी म्याद नहीं होनी चाहिए। अगर पास में पानी है तो जिस वक्त मांगा जाए उसे पानी दिया जाए चुनांचि इस साल फिरोज़पुर और अमृतसर की तरफ से मांग आई कि जितने नान पैरेनियल चैनल्ज़ हैं उनको अगर फरवरी से चला दें तो नैशकर काश्त कर सकते हैं। हमने इस मांग को माना और जहां जहां से ऐसी मांग आई हमने उन्हें चैनल्ज़ चला दिये । यही नहीं बल्कि नहरी अफसरों की ड्यूटी लगाई कि वह पड़ताल करते रहें कि किस डिस्ट्रीब्यूटरी की मांग पूरी हो चुकी है और किस की बाकी है और जहां मांग पूरी हो चुकी है वहां से पानी बंद करके दूसरी जगह जहां ज़रूरत है पानी दिया जाए इस तरह से हमने पानी को रैगुलेट किया है और इस तरह करने से हम 3½ लाख एकड़ ज़मीन की और आबपाशी कर सके हैं। यह कोई थोड़ा रकबा नहीं है । इसके साथ हमने यह भी देखा है कि कितना रकबा जो सेमज़दा है और जहां पानी की ज़रूरत नहीं है क्योंकि वहां क्राप पैट्रन बदल चुका है । इस लिये हमने इस बात का अंदाज़ा लगाने के लिये किस इलाके में किस वक्त पानी चाहिए ताकि उसे उसके मुताबिक रैगूलेट किया जाए और यह देखने के लिये कि उसका कौनसा रेट हो वगैरह वगैरह उसके लिये एक कमेटी बना दी है जिस के चेयरमैन हमारे एक चीफ इन्जीनियर हैं, एक मैम्बर ऐग्रीकल्चर के एसिस्टंट डायरैक्टर हैं और एक तीसरे और हैं। यह कमेटी सारी जांच पड़ताल करेगी कि कितना एरिया ऐसा है जहां सेम की वजह से पानी की ज़रूरत नहीं लेकिन फिर भी उसमें पानी डालते जा रहे हैं जिससे सेम बढ़ रही है उसके पानी को बन्द करके वहां

[लोक कार्य तथा कल्याण मन्त्री]

अगर ज़रूरत हो और अगर ट्यूबवैल्ज़ के ज़रिये पानी दे सकें तो दें ताकि इस तरह सेम का मसला हल कर सकें । जिस वक्त इस कमेटी की रिपोर्ट आएगी हम सारे मैम्बर साहिबान से सलाह मश्विरा करेंगे । हम पानी की रिडिस्ट्रीब्यूशन करना चाहते हैं ताकि जहां पानी की कम ज़रूरत हो वहां से पानी खारज करके जहां ज्यादा ज़रूरत हो वहां ज्यादा पानी दे सकें । दो तीन मैम्बर साहबान ने ठीक फरमाया कि फलां इलाके में अगर 4 क्यूसिक्स फी हज़ार एकड़ के हिसाब से पानी देते हों तो फलां में 1.9 क्यों हो। ठीक है यह बात नहीं रहनी चाहिए । इस पानी को बढ़ाने के लिये हम भाखड़ा कैनाल्ज़ और दूसरे सिस्टम्ज़ जो हैं उनको इन्ट्रलिंक करने के लिये लिंकिंग चैनल्ज बनाने की स्कीम को इन्वैस्टीगेट कर रहे हैं ताकि जहां पानी की ज्यादा ज़रूरत हो वहां पानी को रैगूलट करके ज्यादा पानी दे सकें । हम नहीं चाहते कि रीज़नल लाइन्ज़ पर पानी के सवाल को देखा जाए बल्कि हम चाहते हैं ज़रूरत के हिसाब से पानी दिया जाए (घंटी) जहां तक रिमार्डलिंग की बात है वह ईस्ट सर्कल की तो हो चुकी है अब वैस्ट सरकल की कर रहे हैं। उस पर अगले प्लान में एक करोड़ 40 लाख रुपये खर्च करेंगे । पानी देने का जहां तक सवाल है मैं फिर अर्ज़ करता हूँ कि हम इन सारे सिस्टम्ज़ को इन्टरलिंक करना चाहते हैं ताकि ज़रूरत के मुताबिक पानी को रैगूलेट करके दिया जा सके। और किसी को यह गिला करने का मौका न मिले कि फलां जगह इतने क्यूसिक्स फी हज़ार एकड़ का पानी मिलता है और फलां जगह इतना कम मिलता है। कोशिश हमारी यही है कि ज़िला हिसार को जहां पानी की ज़रूरत और खपत ज्यादा है वहां अगर 4.5 क्यूसिक्स तक पानी दे सकें तो दें (विघ्न) भिवानी और लुहारू के लिय कोशिश की थी कि सिद्धमुख की तरफ से पानी दें लेकिन वहां लैवल ऊंचा मिला है और पानी चढ़ नहीं सकता है । हम कामयाब नहीं हो सके। अब दहान नदी की तरफ से चलो इरीगेशन के ज़रिए पानी देने की स्कीम को इन्वैस्टीगेट करना चाहते हैं। आशा है कि इस साल उस स्कीम पर काम चालू करके वहां भिवानी और लुहारू में जहां पानी इन ब्रेकेज मिलता है फ्लो इरीगेशन के लिये पानी दे सकेंगे। फिर हम बुटाना ब्रांच के ज़रिए नाई नाला का पानी भी वहां पहुंचाना चाहते हैं। अगर ज्यादा खर्च न हुआ तो लिफ्ट इरीगेशन के ज़रिए भी पानी देने की स्कीम को देखेंगे और सिद्धमुख वाली स्कीम भी अभी ज़ेरेगौर ही है । हम हर तरीका से कोशिश कर रहे हैं कि वहां पानी दिया जाए। हम अपनी औकात के मुताबिक लगे हुए हैं। और पूरी कोशिश कर रहे हैं। हमें पता है कि भिवानी में 60 गांव ऐसे हैं जहां पीने का पानी नहीं है.............

श्री सुरेन्द्र नाथ गौतम : हिल्ली एरियाज़ के बारे भी बता दें।

लोक कार्य तथा कल्याण मन्त्री : हिल्ली एरियाज़ में आप जानते हैं कि दो स्कीमों पर 4 लाख रुपया खर्च करके पानी दे चुके हैं। अगले साल के लिये भी अगर आपने बजट देखा हो तो 6/7 स्कीमें ज़ेरे गौर हैं और उनके लिये रुपया रखा हुआ है ।

उस तरफ हमारा पूरा ध्यान है और लिफ्ट इरीगेशन के ज़रिये वहां भी पानी देने की कोशिश में लगे हुए हैं । बाकी जहां तक वैस्टर्न जमुना ट्रैक्ट का सवाल है वहां भी हम लिफ्ट इरीगेशन के लिये पानी देना चाहते हैं । आज पंजाब में 1400 के करीब सरकार के ट्यूबवैल्ज़ हैं और उन पर हम फ्लो रेट चार्ज कर रहे हैं। (घंटी) नहरी रेट चार्ज कर रहे हैं जिसकी वजह से हमें 60 लाख रुपये सालाना का खसारा बरदाश्त करना पड़ रहा है। इसके बावजूद भी हम समझते हैं कि यह इन्साफ की बात है कि वैस्टर्न जमुना ट्रैक्ट जहां नहरी पानी कम हैं और उसे सप्लीमेंट करने के लिये जो ट्यूबवैल्ज़ लगे हैं उनकी वजह से अगर खसारा भी पड़ता है तो बरदाश्त करें लेकिन पानी वहां ज़रूर दें। चौधरी रणवीर सिंह जी ने कहा कि खर्चा बढ़ गया है । कोई बात नहीं है अगर बढ़ गया है । फिर उन्होंने यह कहा कि नहरी महकमा में ऐस० ईज़० की ज़रूरत नहीं है फ़ज़ूल की पोस्टें हैं। मैं समझता हूँ कि चैक्स ऐंड बैलेंसिज़ के लिये और काम खुश-असलूबी से चलाने के लिये इनका होना ज़रूरी है क्योंकि गलत कार्रवाइयां होने का अन्देशा रहता है । इसलिये मैं एस. ईज को गैर ज़रूरी नहीं समझता यही वजह है कि आठ पोस्टें जो एबौलिश कर दी गई थीं वह मैंने रीवाइव कर दी हैं। आप जानते हैं कि एस. ई ट्यूबवेल की अलहदा पोस्ट थी जो अबोलिश कर दी गई थी । उसका नतीजा क्या हुआ आप जानते हैं। ट्यूबवैल्ज़ की हिस्टरी को अगर आप देखें तो जब से यह लगे हैं चले ही नहीं हैं, काफी ऐसे हैं जो खराब हुए पड़े हैं, काफी एसे हैं जिनके खाल ही नहीं खुद सके हैं और कुछ ऐसे हैं जो नहरों के साथ overlap करते हैं । अब उसके लिए एस. ई. को लगाया है जो देखेगा कि हर एक ट्यूबवैल्ज़ के कमांडिंग एरिया में खाल बने होने चाहिए । इसके लिये उसे मियाद भी दी है कि इतने अर्से के अन्दर वह देखे कि खाल खुद कर पानी चालू किया जाए। हमने किसानों को कहा है कि वह खाल खुद तैयार करें । जहां पर पानी की ओवर लैपिंग है वहां पर नहरों का पानी बन्द कर दिया जाएगा और वहां पर ट्यूबवैलों के द्वारा पानी सप्लाई किया जायगा ।

स्पीकर साहिब, यहां पर बैटरमैंट लैवी का सवाल उठाया गया । उसके बारे में मैं अर्ज़ करना चाहता हूँ कि इसके मुताल्लिक एक कमेटी बनी थी और उसके चेयरमैन सरदार दरबारा सिंह थे । उन्होंने इस के बारे में रिपोर्ट दी और उस रिपोर्ट के हर पहलू को एग्ज़ामिन किया जा रहा है। इनमें दो तीन बातों को सरकार ने मान लिया है । जैसा कि सूद का सवाल है । सरकार ने फैसला किया है कि किसानों से 3 प्रतिशत ही सूद लिया जाएगा । इस तरह से कई ऐसी बातें—जैसा कि इलैक्ट्रिसिटी ड्यूटीज़ लगी हुई हैं, लोकल रेटस हैं, इसके बारे में सरकार सोच रही है । इसी तरह से सतलुज नदी के किनारों पर जमीन को रिक्लेम किया जा रहा है। वहां पर सरकार सोच रही है कि और क्या मदद दी जानी चाहिए । इस तरह से एक और कमेटी बैटरमैंट लेवी के लिये मुकर्रर की जा रही है जोकि इस बारे में जांच पड़ताल करेगी कि किस तरह से यह सिफारिशें लागू की जाएं । मैं हाउस में कहना चाहता हूँ कि यह मामला अभी तै नहीं हुआ है । इस वक्त मैं यह नहीं कह सकता कि इसकी फाइनल पोजीशन क्या होगी । लेकिन हम कोशिश कर रहे हैं।

[लोक कार्य तथा कल्याण मन्त्री]

स्पीकर साहिब, ब्यास डैम के ग्राउस्टीज के मुताल्लिक जितनी ग्रानरेबल मैम्बर को चिन्ता है, उतनी हमें भी चिन्ता है। इसके बारे में एक इम्पलीमेंटेशन कमेटी बनाई थी। उसके जरिए बहुत सी बातें उन के बारे में तै हो चुकी हैं। इसके लिये राजस्थान सरकार ने जमीन देनी थी लेकिन उन्होंने उन के लिये प्रायर्टी नम्बर 5 दिया है। उन से क्वांटिम एग्रीमेंट हुग्रा था ग्रौर हमने कहा कि उसमें तबदीली होनी चाहिए। लेकिन वह रज़ामन्द नहीं हुए। इसके बारे में सैंट्रल गवर्नमेंट के इरीगेशन मिनिस्टर की ग्रध्यक्षता में मीटिंग हुई। उसमें चीफ मिनिस्टर साहिब ग्रौर मैं भी शामिल हुग्रा। हमने वहां पर कहा कि इन को फर्स्ट प्रायरटी दी जाए। चुनांचि यह मामला केन्द्रीय सरकार को रैफर हुग्रा ग्रौर प्लैनिंग कमीशन की एक प्राजैक्ट ग्रथॉरिटी की कमेटी इस महीने तक मुकर्रर हो जाएगी जोकि इन सारी बातों पर गौर करेगी। मैंने उनको चिट्ठियां भी लिखीं ग्रौर खुद भी वहां पर मिला ग्रौर इसके विषय में प्रबन्ध हो रहा है।

स्पीकर साहिब, मैं ग्रापका शुक्रिया ग्रदा करता हूँ कि ग्राप ने मुझे गवर्नमेंट की पोज़ीशन वाज़ेह करने के लिये वक्त दिया। मैं सारे ग्रानरेबल मैम्बरों की बातों पर डिटेल्ज में नहीं जा सका क्योंकि वक्त बहुत कम है लेकिन मैं माननीय सदस्यों को यकीन दिलाता हूँ कि उनकी सुजैशन्ज पर ज़रूर गौर किया जाएगा।

Mr. Speaker : I will put the cut motion in the name of Comrade Jangir Singh Joga to Demand No. 26 to the vote of the House.

Question is—

That the demand be reduced by Rs. 100.

The motion was lost.

Mr. Speaker : Question is—

That a sum not exceeding Rs. 5,88,52,620 be granted to the Governor to defray the charges that will come in the course of payment for the year 1965-66, in respect of charges under head 42—Multipurpose River Schemes.

The motion was carried.

Mr. Speaker : There is one cut motion by Shri Roop Lal Mehta to Demand No. 27.

Shri Roop Lal Mehta : I withdraw it, Sir.

Mr. Speaker : Has the hon. Member the leave of the House to withdraw the motion ?

(Voices : Yes).

The motion was, by leave of the House, withdrawn.

Mr. Speaker : Question is—

That a sum not exceeding Rs. 5,23,98,910 be granted to the Governor to defray the charges that will come in the course of payment for the year 1965-66, in respect of charges under head 43—Irrigation, Navigation, Embankment and Drainage Works (Commercial)

44—Irrigation, Navigation, Embankment and Drainage Works (Non-Commercial).

The motion was carried.

Mr. Speaker : Question is—

That a sum not exceeding Rs. 2,75,33,150 be granted to the Governor to defray the charges that will come in the course of payment for the year 1965-66, in respect of charges under head Charges on Irrigation Establishment.

The motion was carried.

Mr. Speaker : Question is—

That a sum not exceeding Rs. 19,59,48,620 be granted to the Governor to defray the charges that will come in the course of payment for the year 1965-66, in respect of charges under head 98—Capital Outlay on Multipurpose River Schemes.

The motion was carried.

Mr. Speaker : There is one cut motion to Demand No. 48 by Sardar Pritam Singh Sahoke.

Question is—

That the demand be reduced by Rs. 100.

The motion was lost.

Mr. Speaker : Question is—

That a sum not exceeding Rs. 5,50,02,200 be granted to the Governor to defray the charges that will come in the course of payment for the year 1965-66, in respect of charges under head 99—Capital Outlay on Irrigation, Navigation, Embankment and Drainage Works (Commercial).

The motion was carried.

DEMANDS FOR GRANTS (No. 41)

71—MISCELLANEOUS

Education and Local Government Minister (Shri Prabodh Chandra) : Sir, I beg to move—

That a sum not exceeding Rs. 3,49,68,100 *be granted to the Governor to defray the charges that will come in the course of payement for the year* 1965-66 *in respect of charges under head* 71—*Miscellaneous.*

(*Note.*—Discussion on the Local Government only).

Mr. Speaker : Motion moved—

That a sum not exceeding Rs. 3,49,68,100 *be granted to the Governor to defray the charges that will come in the course of payment for the year* 1965-66 *in respect of charges under head* 71—*Miscellaneous.*

(*Note.*—Discussion on the Local Government only).

Cut motions received from various hon. Members to this demand will be deemed to have been read and moved and can be discussed alongwith the main motion.

1. **Comrade Shamsher Singh Josh :** That the demand be reduced by Rs. 100.

2. **Chaudhri Ran Singh :**

3. **Sardar Pritam Singh Sahoke :** That the demand be reduced by Rs. 100.

श्री बलरामजी दास टंडन (अमृतसर) स्पीकर साहिब, इस सदन में आज लोकल बाडीज के बारे में बहस हो रही है। जहां तक देखने में आया है कि पिछले 8,10 सालों के अन्दर यह पहली बार ही इस डिमांड पर डिस्कशन हो रही है । पिछली सरकार इस महकमे को यतीम समझती रही है और इसी कारण से यह महकमा लावारिस बन कर रह गया है । मैं समझता हूँ कि पिछली सरकार ने इस बारे में अपनी कोई जिम्मेदारी नहीं समझी । जहां तक इस नयी सरकार का सम्बन्ध है, जो कुछ इस सरकार ने इनके बारे में किया है, उससे अन्दाज़ा लगाया जा सकता है कि इस सरकार ने कुछ ही ध्यान दिया है लेकिन वह भी नहीं के बराबर है । मैं यह नहीं कह सकता कि यह गवर्नमेंट भी पिछली गवर्नमेंट के फुटपाथ पर चलने की कोशिश करगी या नहीं । मैं नहीं कह सकता कि यह सरकार इस महकमे के तरीकों को बदलने की कोशिश करेगी या नहीं लेकिन अभी तक इस सरकार की तरफ से इन तरीकों को बदलने की झलक नज़र नहीं आई है। जहां तक इस महकमे का सम्बन्ध है, उसके अन्दर बेसिक कमियां हैं और उनको दूर करने की बहुत ही ज़रूरत है । पहली म्युनिसिपल कमेटियों के इलैक्शनों में तबदीली लाने की ज़रूरत है । म्युनिसिपल कमेटी के एक्ट के मुताबिक 3 साल के बाद म्युनिसिपल कमेटी के इलैक्शन होने चाहिए लेकिन मुझे दुख के साथ कहना पड़ता है कि जहां तक म्युनिसिपल कमेटियों के इलैक्शनों का ताल्लुक है, सरकार कभी भी सीरियस नहीं हुई । मैं समझता हूँ कि सरकार तभी सीरियस हो सकती है जब म्युनिसिपल कमेटियों के इलैक्शन्ज़ खत्म हो जाएं, तब म्युनिसिपल कमेटियों के नए वार्डज़ बनाने के लिये काम शुरू हो जाना चाहिए और बाकी का सारा काम भी उसी वक्त

से शुरू हो जाना चाहिए ताकि तीन साल के अन्दर दोबारा रिकार्ड बन कर तैयार हो जाए और वक्त पर इनकी इलैक्शन्ज़ हो जाएं । यह इलैक्शन्ज़ भी दूसरे सूबों की तरह एक वक्त पर हो जानी चाहिएं । इस मामले में देखा जाता है कि सरकार इस मामले में बिलकुल सीरियस नहीं है । पंजाब में कई ऐसी म्युनिसिपल कमेटियां हैं जहां पर पिछले 10,12,17 या 21 साल से इलेक्शन्ज़ नहीं हुए इस से साफ ज़ाहिर है कि सरकार इन संस्थाओं को इगनोर करती रही है और इस महकमें को कोई अहमीयत नहीं देती है । वैसे तो कहने के लिये यही कहते हैं कि यह महकमा बेसिक डैमोक्रेसी की ट्रेनिंग देने वाला है लेकिन गवर्नमेंट का नज़रिया इससे बिल्कुल उल्ट है । अगर सरकार इन कमेटियों के इलेक्शन्ज वक्त पर इस महकमे के द्वारा नहीं करा सकती है तो मैं चाहता हूँ कि यह इलैक्शन्ज़ भी इलैक्शन कमिश्नर के ज़ेर कर देने चाहिएं ताकि वक्त पर इलैक्शन्ज हो सकें । जिसको बेसिक डैमोक्रेसी की ट्रेनिंग समझा जाता है वह बिल्कुल राटन है । मिनिस्टर साहिब को चाहिए कि कोशिश करें कि वक्त पर इलैक्शन हो सके । कितनी हैरानी की बात है कि अमृतसर का इलक्शन हुए बारह साल हो चुके हैं । पंजाब गवर्नमेंट पिछले आठ दस साल से कह रही है कि कार्पोरेशन बनेगी, कार्पोरेशन बनेगी, इसके बारे में रोज़ स्टेटमेंट्स आती रहीं । पिछले चीफ मिनिस्टर साहिब जोकि लोकल बाडीज़ के मिनिस्टर भी थे, असैम्बली के अन्दर भी और बाहर भी यही बात कहते रहे और हमारी इस गवर्नमेंट ने भी कहा कि कार्पोरेशन बनेगी लेकिन आज बड़े अफसोस से कहना पड़ता है कि वह बिल अभी तक खटाई में पड़ा हुआ है । एक साल से सब कमेटी भी बनी है, लेकिन उस की कोई मीटिंग अभी तक नहीं हुई । उसके बाद रिजनल कमेटियों में जाएगा । अगर इसी ढंग से यह बात चलती रही तो यह सारा प्रोसीजर दो तीन साल में भी पूरा नहीं होगा । पहले सब कमेटी रिजिनल कमेटी को रीपोर्ट करेगी, रिजिनल कमेटी में बहस होगी फिर मामला असैम्बली के अन्दर जाएगा । पास होने के बाद गवर्नर साहिब अपनी असैंट देंगे और बाद में रूल्ज़ बनेंगें । मेरा कहने का मतलब यह है कि अगर आज भी सीरियसली शुरू करें तो भी यह प्रोसीजर तीन साल में पूरा होगा । लेकिन ऐसा लगता है कि गवर्नमेंट अभी तक भी इस बात के बारे में सीरियस नहीं है । सारा मामला खटाई में पड़ा है । 12 साल हो गए हैं अमृतसर के म्युनिसिपल कमेटी के इलैक्शन हुए अब मिनिस्टर साहिब ने कहा है कि मई के महीने में होगा । लेकिन अभी तक वार्डों की गज़िट नोटीफिकेशन्ज नहीं हुई, उसके बाद वोटर्ज़ की लिस्ट बनेगी, फिर पबलिश होगी । उस पर एतराजात होंगे कि कौन से जायज़ हैं और कौनसे नाजायज़ हैं कौन से और ऐड होने चाहिएं । उस में भी महीना डेढ़ महीना लग जाएगा । फिर अनाउंसमेंट होगी उसमें भी एक महीना लग जायगा । अब मार्च का महीना खत्म हो रहा है बीच में अप्रैल का महीना रहा है मालूम नहीं है कि मई के महीने में यह कैसे इलैक्शने करवा देंगे । यह कहां तक युक्ति-संगत है कहा नहीं जा सकता ।

इसके बाद जो मैम्बरों का नाम गज़िट होता है उसके बारे में मैं अर्ज़ करना चाहता हूँ । चाहिए तो यह कि रूल्ज़ के मुताबिक जो मैम्बर बन गए हों उन मैम्बरों

[श्री बलरामजी दास टण्डन]

का गज़िट नोटीफिकेशन हो जाए मगर जो हालत आज है कई बार दो दो, और तीन तीन महीने तक गैज़िट नोटीफिकेशन नहीं होता । चाहिए तो यह कि जो मैम्बर चुने जाएं उनके नाम की नोटीफिकेशन ज्यादा से ज्यादा एक हफता नहीं तो 15 दिन में हो जानी चाहिए । यह रूल्ज के अंदर प्रोवीज़न होनी चाहिए कि 15 दिन के अंदर सब मैम्बरों की नोटीफिकेशन हो जाए ताकि किसी प्रकार की इररैगुलैरिटी न हो । फिर प्रैज़ीडैंट का नोटीफिकेशन होता है । हालत यह है कि जब कोई प्रैज़ीडेंट चुना जाता है तो कई कई जगह तीन तीन चार चार और 6,6 महीने तक उनका गैज़िट नोटीफिकेशन नहीं होता । राजपुरा के प्रैज़ीडैंट को चुने हुए 4,6 महीने होने लगे हैं लेकिन अभी तक गज़िट नोटीफिकेशन नहीं हुआ, इसकी क्या वजह है ? अगर कोई आदमी मैंबर बनने और मैम्बर रहने के काबल है और वह चुना गया है तो उन मैम्बरों में से ही कोई मैम्बर प्रैज़ीडेंट चुना जाता है तो उसके लिये स्पेशल नोटीफिकेशन की क्या जरूरत है, जैसे वाईस प्रैज़ीडेंट को ट्रीट किया जाता है वैसे ही प्रैज़ीडेंट को भी किया जाना चाहिए । जो चीज अंग्रेजों के वक्त से चली आ रही है वही आज भी चलाई जा रही है । यहां पर हाउस का स्पीकर चुना जाता है एक मिनट में जाकर कुर्सी पर बैठ जाता है और पावर्स संभाल लेता है। इसी तरह से कौंसिल का चेयरमैन चुना जाता है वह भी एक मिनट में जाकर कुर्सी पर बैठ जाता है और पावर्स संभाल लेता है। लेकिन म्यूनिसिपल कमेटियों के प्रैज़ीडेंट चुने जाते हैं तो उन के नाम की गज़िट नोटीफिकेशन होन में 6,6 महीने लग जाते हैं वह मुंह उठा कर गवर्नमेंट की तरफ देखते रहते हैं। कब जाकर गज़िट नोटीफिकेशन हो और कब जाकर वह प्रैज़ीडेंट बने । इसलिये मैं कहता हूँ कि जिस तरह से वाइस प्रैज़ीडेंट का केस है वैसा ही प्रैज़ीडेंट का होना चाहिए । यह गज़िट नोटीफिकेशन सुपरफलुअस है, नहीं होनी चाहिए । इसकी कोई जरूरत नहीं है । इसमें तबदीली करने की जरूरत है । कई कई महीने तक सारा काम ससपैंड रहता है ।

(At this stage Rao Nihal Singh, a member of the Panel of Chairmen, occupied the Chair).

जहां तक म्युनिसिपल एक्ट का ताल्लुक है वह तीन चार साल से पैंडिंग पड़ा हुआ है । कुछ मीटिंगें सब कमेटी की हुई होंगी लेकिन कब वह रिजनल कमेटी में आएगा और वहां से पास होकर कब हाउस में आएगा, कौंसिल में कब पास होगा, कुछ नहीं कहा जा सकता । 1911 का अंग्रेजों के वक्त का बना हुआ है और 55 साल इस एक्ट को बने हुए हो गए हैं। अभी तक वही लागू है, राट एक्ट। तीन चार साल से उस पर विचार हो रहा है लेकिन अभी तक उसको फाईनल शेप नहीं मिल पा रही इसमें तबदीली की आवश्यकता है । जहां तक एग्ज़ैक्टिव अफसरों की अप्वायंटमेंट का ताल्लुक है वह पैप्सु के अंदर अलग है और पंजाब के अंदर अलग है । दूसरे सारे एक्ट हो चुके हैं लेकिन यह एक्ट मुख्तलिफ है। मैं मिनिस्टर साहिब का ध्यान इस तरफ दिलाना चाहता हूँ। पंजाब में तो यह प्रैक्टिस है कि कोई भी म्युनिसिपल

कमेटी अपनी एबसोल्यूट मजारिटी के साथ अपना एग्जैक्टिव अफसर मुकर्रर कर सकती है। लेकिन पैप्सू में एग्जैक्टिव अफसर गवर्नमेंट ही अपवायंट करती है । जो भी उनको मुनासिब आदमी मालूम होगा उसी को मुकर्रर कर देंगे, चाहे वह ठीक हो या न ठीक हो। आज भी यही प्रैक्टिस चल रही है। मैं चाहता हूँ कि मिनिस्टर साहिब इस तरफ ध्यान दें ताकि नया ऐक्ट जो बन रहा है उसमें किसी तरह की डिस्क्रिमिनेशन न रह जाए । जब तक नया ऐक्ट लागू नहीं होता उस वक्त तक गवर्नर साहिब के नोटीफिकेशन से जो प्रैक्टिस पंजाब में लागू है वही पैप्सू में भी लागू करनी चाहिए ।

पंडित सुरेन्द्र नाथ गौतम : आन ए प्वायंट आफ आर्डर, सर । हाउस का कोरम नहीं है ।

श्री सभापति : कोरम है । (There is quorum in the House)

श्री बलरामजी दास टंडन : चेयरमैन साहिब, मैं कह रहा था कि गवर्नर के आडरे के जरिये इस पुराने ऐक्ट को रीपील किया जाना चाहिए और जिस तरह से पंजाब में चल रहा है वैसे ही पैप्सू में भी लागू होना चाहिए।

इससे आगे मैं यह अर्ज करना चाहता हूँ कि गवर्नमेंट किस तरह से म्युनिसिपल कमेटी की एडमिनिस्ट्रेशन को कंट्रोल करती है । वह बड़ा अजीब तरीका है। कमेटियों में ट्रिपल कंट्रोल है । डी.सी. के पास अगर कोई रैज़ोल्यूशन जाता है तो वह उसको सुप्रसीड कर सकता है उनको वक्तन फवक्तन आर्डर भेज सकता है । दूसरी तरफ कमिश्नर साहिब का 'ए' क्लास कमेटियों पर कंट्रोल होता है । वह उनका बजट पास करते हैं चाहे कितनी देर तक वह रख छोड़ें । उन के रैज़ोल्यूशन को भी वह देखते हैं। तीसरा कंट्रोल गवर्नमेंट का है जिस तरह चाहे, म्यनिसपल कमेटी को सुप्रसीड कर सकती है। इस तरह से कमेटियों पर ट्रिपल कंट्रोल चल रहा है। कोई भी पालिसी मैटर की बात हो, डी० सी. कुछ लिखता है, गवर्नमेंट कुछ लिखती है । इसमें यूनीफार्मिटी नहीं है अलग अलग ढंग से सब काम करते हैं। मैं मिनिस्टर साहिब का ध्यान इस तरफ दिलाना चाहता हूँ कि अगर वे वाकई ही म्युनिसिपल कमेटियों के काम में सुधार लाना चाहते हैं अगर गवर्नमेंट सीरियस है कमेटियों के काम में सुधार करने के लिये तो जैसा कि सब-कमेटी ने रिपोर्ट की है' सारे का सारा काम डायरैक्टोरेट के नीचे लाना चाहिए। अगर डायरैक्टोरेट नहीं होगा, जब तक कोई एक तरह की पालिसी सारी स्टेट में लागू न हो, यह मुमकिन नहीं कि डिप्टी कमिशनर्ज़ अपने अपने व्हिम्ज पर न चलते रहें । कभी पालिसी यूनिफार्मिटी में चल सकेगी यह मुमकिन नहीं । म्युनिसिपल कमेटियों पर से इस ट्रिपल कंट्रोल को जितनी जल्दी खत्म किया जाए भला है। जो आज ऐक्ट लागू है उसके मुताबिक गवर्नमेंट को वाईड पावर्ज हैं। चेयरमैन साहिब, गवर्नमेंट किसी वक्त भी ऐक्ट की धारा 14 के मुताबिक रीजन्ज़ देकर कोई ऐक्शन ले सकती है, चाहे वह नाजायज है या फिर धारा 16 के तहत ऐक्शन ले सकती है। यह दोनों धाराएं एक दूसरे से बिल्कुल अलग हैं। यह गवर्नमेंट को इम्पावर

[श्री बलरामजी दास टण्डन]

करती है कि बगैर पूछे किसी मैम्बर को जहां गवर्नमेंट की मर्जी हो हटा दे और हमेशा के लिये उसकी मैम्बरी खत्म कर दें । चेयरमैन साहिब आजकल की दुनिया के अंदर जब हम डैमोक्रसी के बारे में इतना कुछ करते हैं, वोटें लेकर किसी जगह पर बैठे हैं तो उसके लिये पूरे अधिकार न दिये जायें तो यह ठीक नहीं । क्या गवर्नमेंट ने इसके बारे में महसूस किया है? उसे यह भी पता नहीं कि वह मैम्बर रहेगा या नहीं । किसी जगह पर फारमैलिटी पूरी कर ली और किसी जगह पर वह भी पूरी नहीं की । चेयरमैन साहिब, मैं यह महसूस करता हूँ कि यह जो रैट्रोग्रेड स्टैप अंगरेजों के वक्त से चला आ रहा है इस नए ऐक्ट में तबदील होना चाहिए । जब तक नया ऐक्ट लागू नहीं होता इस ऐक्ट में तबदीली होनी चाहिए । कोई मैंबर रिमूव न किया जा सके । कोई भी एक्शन लेने से पहले उसे पूरा चांस नहीं दिया जाता । कोई मैजिसटीरियल इन्क्वायरी नहीं होती, न ही इन्क्वायरी में यह बताया जाता है कि तुम्हारे खिलाफ ये चार्जिज़ हैं और यह चार्जिज़ प्रूव हुए हैं और ये चार्जिज़ इस्टैबलिश हुए हैं । जब तक यह प्रोसीजर न हो ठीक नहीं । बटाला की म्युनिसिपल कमेटी के मैम्बरों के बारे में सुन कर आप हैरान होंगे । पिछली गवर्नमेंट ने उन के नाम गज़ट भी नहीं किए उन्होंने ओथ भी नहीं ली । लेकिन उनको हटा दिया । उनके खिलाफ ये चार्जिज़ थे कि उन्होंने अपनी पोजीशन का मिसयूज किया है। उन्होंने ओथ नहीं ली, उनका गज़ट नोटफिकेशन नहीं हुआ, इसलिये वे असली मानों में मैंबर नहीं बने । उन के खिलाफ यह चार्ज था कि वहां एक डेमान्स्ट्रेशन हुई, उस डेमान्स्ट्रेशन में वे हिस्सेदार थे । बगैर एक्सप्लेनेशन लिए उनको हटा दिया । पहले तीन साल के बाद टेन्योर खत्म हो जाता था, अब तो बढ़ा दिया है। अब तीन साल के बाद सुप्रीम कोर्ट से उनका फैसला हुआ है । सरकार इलैक्शन करवाने के लिये कितना रुपया सर्फ करती है जब मैम्बर बन गए तो तीन साल तक उनका केस हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में रहा । यह तरीका गवर्नमेंट के लिये कहां तक मुनासब है । जिन के नाम गजट भी नहीं हुए उन के साथ ऐसा किया गया है । ये तरीके हमें लागू नहीं करने चाहिएं मैं समझता हूँ कि मिनिस्टर साहिब अच्छी भावना लेकर बैठे हैं कि डैमोक्रेसी को पनपने दिया जाए । मुझे उम्मीद है कि यह इसमें तरमीम करेंगे, इस एक्ट को नए एक्ट में बदलेंगे । ऐसी सारी की सारी क्लाज़िज को खत्म करेंगे । म्युनिसपल कमेटियों को सुपरसीड कर दिया जाता है, उन पर ग्रास नेग्लीजैंस के चार्जिज़ लगाते हैं। ग्रास नेग्लीजेंस के चार्जिज़ की इन्क्वायरी इन्डीपेंडेंट एजेंसी करे। अगर किसी जगह पर दूसरी पार्टी की मैजारिटी है तो कमेटी का प्रैजीडेंट उनका बन जाता है । हैरानी इस बात की है कि अगर गवर्नमेंट पार्टी के बगैर किसी दूसरी पार्टी का प्रैज़ीडेंट बन जाता है तो गवर्नमेंट उस कमेटी को सुपरसीड कर देती है । यह बहुत नामुनासिब बात है। पहले उस बात की इन्क्वायरी होनी चाहिए । डिस्ट्रिक्ट जज इन्क्वायरी करे और अपनी रिपोर्ट दे। उसके बाद अगर सरकार उस कमेटी को सुपरसीड करे तो 6 महीने में दोबारा इलैक्शन हो। लुध्याना म्युनिसिपल कमेटी की मिसाल आप के सामने है । पांच पांच सात सात साल हो जाते हैं कोई चुनाव नहीं

होता । ये चीजें निहायत बुरी हैं। मलोट की म्युनिस्पल कमेटी की मिसाल आप के सामने है। अगर उन्होंने कोई भी रैजोल्यूशन पास कर दिया जोकि सरकार न चाहती हो तो उस म्युनिसपल कमेटी को सस्पेंड कर देते हैं। वहां पर दूसरी म्युनिसिपल कमेटी आ जाती है। वे लाठियां और पिस्तौल लेकर आते हैं। एस. डी. ओ. साहिब को मजबूर किया कि उन के खिलाफ एक्शन लें। उन्होंने जा कर कहा कि हमें धमकियां देते हैं। अपनी नारमल फंकशन को डिस्चार्ज करने के लिये वे एक रैज़ोल्यूशन पास करते हैं। उस एस. डी. ओ. को मजबूर करते हैं कि रैज़ोल्यूशन मान ले। इसके बावजूद कोई ध्यान नहीं दिया जाता। मैं मिनिस्टर साहिब से कहूँगा कि ज़िला फिरोजपुर में म्युनिसिपल कमेटी मलोट की तरफ ध्यान दिया जाए। वहां इस तरह की धांधली मची हुई है। उसकी तरफ ध्यान दें। इसके साथ कुछ और बातें हैं। म्युनिसपल कमेटियां अपने बजट बनाती हैं। गवर्नमेंट की तरफ से डाइरैक्शन है कि 7 जनवरी तक वह अपना बजट कमिशनर या डिप्टी कमिश्नर, जैसा भी म्युनिसपल कमेटी का स्टेटस हो, उसके पास भेज दे। 30 नवम्बर के एक्चुअल फिगर्ज देने पड़ते हैं। इस तरह वे 20 या 25 दिसंबर तक यह काम कर पाते हैं। उसके बाद 14 या 15 दिन में उनको बजट पास करवाना होता है। आप यह जान कर हैरान होंगे कि व बजट तो 7 जनवरी को पास करवा के भेजते हैं लेकिन 31 मार्च या पहली अप्रैल तक कमिश्नर या डिप्टी कमिश्नर कन्सर्न्ड उसको पास कर के नहीं भेजता। उनको आर्डर दे दिया जाता है कि आपका बजट अंडर कंसिडरेशन है, आप अपने मुलाज़मों को तनखाह दे सकते हैं। यह सैंक्शन वहां से मिलती है। यह कितनी अजीब बात है। म्युनिसपल कमेटी एक पैसा खर्च नहीं कर सकती जब तक आडिटर की कलम न चल जाए, प्री-आडिट होता है। हर कमेटी अपना रैजोल्यूशन पास करती है। जहां 1 रुपये या 10 रुपए का खर्च होता है, वह उसको 3 दिन के अंदर अंदर डिप्टी कमिश्नर को भेजना पड़ता है। तो बजट के संबंध में ये फार्मैलिटीज़ चलती हैं। जब तक कमिश्नर या डिप्टी कमिश्नर उसे पास नहीं करता कमेटी खर्च नहीं कर सकती। किसी भी ढंग से इसे मुनासिब समझा जा सकता है, यह मेरी समझ में नहीं आया। मैं अपने मिनिस्टर साहिब से कहूँगा कि वह इन बातों की तरफ ध्यान दें यह जो गलत बातें चल रही हैं उनको दूर किया जाए।

दूसरा प्वायंट है रिसोर्सिज़ का कि म्युनिसपल कमेटियों के रिसोर्सिज़ कैसे हैं। मिनिस्टर साहिब भी जानते हैं और आप भी जानते हैं कि जो म्युनिसिपल कमेटियों की हालत है इससे बदतर हालत तो शायद ही मेरे ख्याल में किसी जगह पर होगी। जो म्युनिसपल कमेटियां बनी हुई हैं और जिस ढंग से गवर्नमेंट उन को चला रही है उसको देख कर और भी हैरानगी होती है। पिछले दिनों जब आज़ादी मिली थी तो उसके बाद 1959 में गवर्नमेंट आफ इंडिया ने एक लोकल फंडज़ कमेटी कायम की जिसने 1951 में अपनी रिपोर्ट पेश की। उसने सुझाव दिये और महता कमेटी ने भी अपने सुझाव दिये, लेकिन मुझे अफसोस के साथ कहना पड़ता है कि उनकी तरफ

[श्री बलरामजी दास टण्डन]
पहली गवर्नमेंट ने कोई ध्यान नहीं दिया । अब इसकी तरफ ध्यान देना चाहिए क्योंकि नया ऐक्ट बन रहा है ।

म्युनिसिपल कमेटियों के रिसोर्सिज के बारे में सेंटर गवर्नमेंट ने सारी स्टेट गवर्नमेंट्स को डाइरैक्टिव भी दिया है । लोकल फंडज़ कमेटी के चेयरमैन मिस्टर बिट्ठल थे। सारी स्टेट गवर्नमेंट्स इसको इम्पलीमेंट करें । यह 1949 की बात है। मैं मिनिस्टर साहिब से दरखास्त करूँगा कि वह इसको ज़रूर देखें और अपने डिपार्टमेंट से कहें कि इसको देखने की कोशिश करें । गवर्नमेंट को चाहिए कि लोकल बाडीज के रिसोर्सिज़ को बढ़ाने की कोशिश करे, उन के रिसोरसिज़ को ठीक तरह से वाईडन करने की कोशिश करें । रिसोर्सिज़ भी बढ़ाएं और इनके जो फंक्शन्ज़ हैं उनको भी डिवेल्प करने की कोशिश करें । लेकिन, चेयरमैन साहब जो कुछ हो रहा है वह बिल्कुल उल्ट है। (घंटी की आवाज़) चेयरमैन साहब, अभी मैंने बहुत सारी चीज़ कहनी हैं इस लिये मुझे अभी और समय दिया जाए। तो मैं अर्ज़ कर रह था कि जहां तक गवर्नमैंट के प्रापर्टी टैक्स लगाने का ताल्लुक है उससे जितनी वसूली हो वह सारी की सारी कमेटियों को दी जानी चाहिए और यह गवर्नमैंट के पास न जाए जोकि इस वक्त सिर्फ पंजाब में और बम्बई के दो प्रान्तों में जा रही है । लेकिन इस सिफारिश के बावजूद हुआ यह कि गवर्नमेंट यह सारी आमदनी अपने हाथों में रखे हुए है। हमने भी यही चीज़ गवर्नमेंट को कही है कि यह सारे का सारा जितना रुपया प्रापर्टी टैक्स से गवर्नमेंट को मिलता है यह सारा म्युनिसिपल कमेटियों को मिलना चाहिए ताकि उनकी माली हालत सुधर सके। क्योंकि उनकी इस वक्त माली हालत यह है कि बहुत सारी कमेटियां पैसे न होने की वजह से आनरेरी एग्ज़ैक्टिव अफसर और आनरेरी सैक्रेटरी रखे हुए हैं क्योंकि उन के पास उनकी तनखाहें पे करने के लिये फण्डज़ नहीं होते । इस बारे में गवर्नमेंट को सीरियसली सोचना चाहिए। अब तक इसने इस बारे में सोचने की कोशिश ही नहीं की आखिर इनको अपने फंक्शन्ज़ पूरे करने के लिये जो पैसा चाहिए वह इन के पास कहां से आए ।

इस सरकार ने कमेटियों के रिसोरसिज़ बढ़ाए तो है नहीं बल्कि इस की तरफ से कोशिश यह की जाती है कि इनके रिसोर्सिज कट करके इन के फाईनांसिज़ को क्रिपल डाऊन कर के इनको खत्म किया जाए । आप देखें पिछली गवर्नमेंट ने आक्ट्राए को एग्रीकल्चरल प्रोड्यूस पर से हटा कर इनकी आमदनी को कम किया। मुझे इस बात में एतराज़ नहीं है कि उन्होंने यह आक्ट्राए क्यों हटाया बल्कि मुझे इस बात पर एतराज़ है कि इसने यह नहीं सोचा कि आकट्राए के हटाने से जो घाटा उन कमेटियों को पड़ने वाला है वह कहां से पूरा कर सकेंगी और उस कमी को पूरा करने के लिये हमने किसी किस्म की कोई एड उनको देने के लिये नहीं सोचा । आप देखें अगर एक कमेटी को एग्रीकल्चर प्रोड्यूस पर लगे आक्ट्राए से अगर सालाना आमदनी 5 लाख होती थी जोकि अब हट गई है उस कमी को वह कमेटी किस तरह से पूरा करेगी । इस गवर्नमेंट ने

सरदार गुरदयाल सिंह ढिल्लों : आप का खतशा गलत है। इस को सीरियसली लें। स्टेट की प्राब्लम्ज़ होती हैं। उन प्राब्लम्ज़ पर माईंड अप्लाई न करें तो इस तरह तो काम नहीं चलेगा। यह चीज़ें चलती हैं। आज प्राईमरी स्कूलों के टीचर्ज़ और गवर्नमैंट कालेजिज़ के टीचर्ज़ जो हैं उनकी तनखाहों का सवाल आता है। पिछले सालों में, जो प्राईवेट कालेजिज़ के लैकचरर्ज़ और प्रोफैसर्ज़ हैं उनकी तनखाहों के बारे में कोशिश की गई कि गवर्नमैन्ट कालेजिज़ के बराबर की जायें। ताकि उनका काम रिस्पैक्टेबल हो। ऐसा चाहिये कि आधी रकम पंजाब सरकार दे और आधी यूनिवर्सिटी ग्रांट्स कमीशन दे। एक दो साल से उन्होने अपनी कंट्रीब्यूशन नहीं दी और यूनिवर्सिटी ग्रांट्स कमिशन भी नहीं देता। इस तरफ तवज्जोह देनी चाहिये। पिछले साल भी कहा था और अब भी कहता हूं कि इस तरफ तवज्जोह देनी चाहिये। प्राईवेट स्कूलज़ और प्राइवेट कालेजिज़ की बहबूदी करनी चाहिये। गवर्नमैन्ट स्कूलज़ में कम्पलसरी ऐजूकेशन और फ्री ऐजूकेशन रखी है। अगर दोनों सिस्टम्ज़ चलने हैं तो आप को प्राईवेट इन्स्टीट्यूशन्ज़ को बन्द करना पड़ेगा, वरना क्वालिटी में फर्क आयेगा। टीचर्ज़ टिक नहीं सकेंगे, हैरस होंगे टीचर्ज़ की क्वालिटी बढ़ाने की जरूरत है।

श्री अध्यक्ष : सरदार गुरदयाल सिंह जी, कितना टाईम और लेंगे? (How much more time would the hon'ble Member take to finish his speech.)

सरदार गुरदयाल सिंह ढिल्लों : बहुत जल्दी खत्म कर रहा हूं। मैं ने तो किसी इंडीविजुअल की और न प्राईवेट की बल्कि मैं तो एजुकेशन डिपार्टमैन्ट की पालिसी पर विचार कर रहा हूं।

Mr. Speaker : That is right.

सरदार गुरदयाल सिंह ढिल्लों : एन. सी. सी. के नाम पर हमें फ़ख्र है। देश की एमरजैन्सी में इस ने बहुत काम किया। खास तौर पर हमारी यूनिवर्सिटियों ने। लेकिन एक बात होनी चाहिये कि अगर एन. सी. सी. की क्लास 3 साल हो जायें तो अच्छा है। जो सीनियर क्लासिज के स्टूडैन्ट्स हैं जैसे साइंस और एम. एस. सी., और ला वगैरा के उनके लिये मुश्कल है। आप जानते हैं कि कितना सख्त काम करना पड़ता है। एन. सी. सी. उस स्टेज से पहले पहले खत्म करनी चाहिये वरना मैं समझता हूं कि उनके फाइनल रीजल्ट्स पर इस बात का काफी असर पड़ेगा।

इन्होंने 35 मिडल स्कूल अपग्रेड किये हैं थर्ड प्लान में और आज भी मेरा ख्याल है कि बहुत सी दरखास्तें पैनडिंग पड़ी हैं। लोगों ने बिल्डिंगें बनाईं और बहुत पैसा खर्च किया है। मेरे अपने ज़िले के गांव गगोबुआ, ठरू, पंडोरी तख्त मल, खदूर साहिब, अलगो और कछ दूसरे गांवों की दरखास्तें पैन्डिंग पड़ी हैं। लोग यह समझते हैं कि अपना मैम्बर है यह बात कर के आता है। इन मेरे इलाके के स्कूलों को हर सूरत में इसी साल में अपग्रेड करना चाहिये। यूं तो हर एक मैम्बर को चिट्ठियां लिखी हैं कि कौन से हल्के की क्या प्राब्लम हैं और कौन कौन से स्कूल अपग्रेड करना चाहते हो लेकिन यहां तो मुझे इस बात का कोई नतीजा निकलता नज़र नहीं आता।

कल प्रिंसिपल रला राम ने बोलते हुए अंग्रेज़ी का ज़िक्र किया। मैं उन्हें बता दूं कि इस तरह लैंगुएज के बेसिज पर कोई बात करना अफसोसनाक है। हम ने इस सूबे में रिजनल फारमूला को ले कर कुछ फैसले किये हैं खाह वह गल्त थे या सही थे और आपको पता ही है कि मैं ने उसके खिलाफ राए दी थी लेकिन एक दफा उस फारमूला को एडाप्ट कर लिया तो फिर इस तरह के झगड़े में नहीं पड़ना चाहिये। जिस ज़बान को हम ने एडाप्ट कर लिया है और जिस तरह की पालिसी चलती आ रही है उसे चलने देना चाहिये। एक बात होनी चाहिये कि जिस ज़बान में कोई दरखास्त आए उसी में उसका सरकार की तरफ से जवाब जाना चाहिये। जो चीज़ बैठ गई उसको जगाने की कोशिश नहीं करनी चाहिये। अंग्रेज़ी के बगैर तो प्रिंसिपल साहिब काम नहीं चलेगा इस में साइंस और दूसरे Technical subjects हैं वही इसी ज़बान में अच्छे पढ़े जा सकते हैं। Printed Hindi तो हम पढ़ सकते हैं लेकिन शिकस्ता पढ़ना मुश्किल है। दो-दो चार-चार फारेनलैंगुवेजिज़ चलेंगी तो उस वक्त तो पढ़नी ही पड़ेंगी। लेकिन काम काज के लिये अगर किसी हिन्दी पढ़े हुए को पंजाबी नहीं आती तो अंग्रेज़ी में काम चल जायेगा और यदि पंजाबी वाले को हिन्दी नहीं आती तो अंग्रेज़ी में चल जायेगा लेकिन इसे बिल्कुल ही हटा दें तो मुश्किल है। आहिस्ता आहिस्ता चलेंगे। आप ने देखा है कि साऊथ में क्या हुआ है। लिंगुइस्टिक फैनाटिज़म में पड़

गये। हिन्दी के व्यू वाले आप लोग ही थे या हम ही थे। ऐसे मामलात में हमें रिंगल आऊट नहीं करना चाहिये। यह स्टेट के फायदे में होगा। स्पीकर साहिब, मैं आप का मशकूर हूं।

पंडित चिरंजी लाल शर्मा (गनौर) : स्पीकर साहिब, कल से ऐजूकेशन की डिमांड पर बहस जारी है। इस में सरकार 21 या 22 करोड़ के करीब रुपया मांग रही है और बहुत से मैम्बरान अपने विचार इस हाऊस में रख चुके हैं। कल प्रिंसिपल रला राम जी ने डिस्कशन को ओपन किया था और कुछ फैक्ट्स एंड फिगर्ज़ इस हाऊस को बताये कि 1957-58 में तुलबा की तादाद 21 लाख के करीब थी जब कि आज 32 या 33 लाख के करीब है और उस के हिसाब से ऐजुकेशन पर रुपया खर्च होना चाहिये। उस के साथ साथ कुछ कैलेफोरनिया यूनिवर्सिटी का भी ज़िकर किया, बाहिर के देशों के हवाले दिये। और आज आदरणीय ढिल्लों साहिब ने भी इथोपिया और दूसरे मुमालिक के हवाले देते हुए बताया। लेकिन वह यह भूल जाते हैं कि हम हिन्दुस्तान में रहते हैं, पंजाब में रहते हैं। हम उस देश के वासी हैं जिस देश के देहात में रूस है... (आवाज़ : जिस देश में गंगा बहती है।) और शहर में अमरीका है। इस देश में गंगा और यमुना सब बहती हैं।

सरदार गुरदयाल सिंह ढिल्लों : मेरे वाली बातें तो आप को कहनी चाहियें थीं, जो मैंने कही।

पंडित चिरंजी लाल शर्मा : हम देहात में तो फैसला कर देते हैं कि 30 स्टैन्डर्ड एकड़ की सीलिंग लगा दो लेकिन शहर में कोई सीलिंग नहीं बड़ी खुशी की बात है कि फारेन कंट्रीन्ज़ का ज़िक्र किया कि वहां टीचर्ज़ की तनखाह बहुत ज्यादा है। तो फिर हमें आमदनी के जरिये भी उसी तरह बढ़ाने चाहियें, स्टैंडर्ड आफ ऐजूकेशन ऊंचा हो और टीचर्ज के स्टैंडर्ड को रेज़ करने के लिये अगर हमारी कोशिश है तो हमें वह ज़राये भी बढ़ाने पड़ेंगे। आमदनी में इज़ाफा करने के लिये यह ज़राय ज़रूरी हैं। हम चाहते हैं कि हमारे टीचर्ज़ साहिबान को ज्यादा तनखाह मिले। हमारी डैमोक्रैटिक सोसायटी में क्वालिटीज़ को अच्छा करना है डैमोक्रैटिक सोसायटी में टीचर्ज़ के स्टैंडर्ड को हमें रेज़ करना पड़ेगा। हर एक मानता है और महसूस करता है कि टीचर्ज़ को वह रिस्पैक्ट नहीं मिल रही जो इन को मिलनी चाहिये और सुसायटी में उनको वह मुकाम हासिल नहीं जिसके वह हकदार हैं। टीचर जो कौम को बनाने वाले हैं अगर उनको पेट भर टुकड़ा भी न मिले तो आप अन्दाज़ा लगा सकते हैं कि समाज में उनकी क्या इज्जत हो सकती है। मैं वज़ीर साहिब से मुखातिब हो कर एक बात खास तौर पर इन से अर्ज़ करनी चाहता हूं कि उनको पता है कि यहां दूसरे हाऊस के दो मैम्बर साहिबान ने भूख हड़ताल कर रखी है जिसका ज़िक्र अभी ढिल्लों साहिब ने भी किया है। उनको पता है कि किस तरह चन्द मैम्बर साहिबान जिन में मैं, ढिलों साहिब, मंगल सैन जी और देवी लाल जी भी थे बीच में पड़े ताकि बाइज्जत सोल्यूशन निकालने की बात निकले और भूख हड़ताल खत्म कराई गई लेकिन उसका अभी तक नतीजा मायूसकुन है। मैं नहीं कह सकता कि वज़ीर साहिब इस के लिये किस कदर कसूरवार हैं या हक बजानब हैं

[पंडित चिरंजी लाल शर्मा]

लेकिन यह मैं ज़रूर कह देना चाहता हूं कि जब ऐसे हालात हो जायें कि बीच में किसी को डाल कर और उसकी मर्ज़ी के मुताबिक कोई सोल्यूशन बनाया जाये तो फिर यह फर्ज़ बन जाता है कि उसका खातरखाह नतीजा निकाला जाये। इस लिये मैं अर्ज़ करता हूं कि जो एशोरेंस डाइरैक्टली या इनडायरैक्टली दी गई है वह पूरी कर दी जाये तभी यह हार्ट बर्निंग बन्द हो सकती है। हमारे सूबे में बड़ा दावा किया जाता है कि हम फ्री ऐजूकेशन दे रहे हैं पिछली हकूमत तो बुलंद बांग दावे करती थी और अब यहां प्रबोध चन्द्र जी के एक ब्यान का हवाला भी आया : मैं कहता हूं कि यह कहना कि मिडल स्टैन्डर्ड तक फ्री ऐजुकेशन दे रहे हैं बिल्कुल गल्त है और हकायक के खिलाफ है। आप फ्री ऐजूकेशन नहीं बल्कि इस बहाने से प्राइवेट एडिड और गवर्नमैंट स्कूलों में बड़ा भारी डिसक्रिमीनेशन कर रहे हैं। जो बच्चे गवर्नमैन्ट स्कूलों में पढ़ते हैं उन से तो आप फीस नहीं लेते हैं लेकिन क्या यह हकीकत नहीं है कि प्राइवेट और एडिड स्कूलों में फीस ली जाती है। फिर आपके गवर्नमैन्ट स्कूल हैं भी कितने और जो हैं वह भी ज्यादातर शहरों में ही हैं। ज्यादा तादाद स्कूलों की प्राइवेट और एडिड स्कूलों क है। इसका मतलब यह है कि आप यह अपनी फ्री ऐजूकेशन कुछ बच्चों को ही दे रहे हैं और मैजारिटी फीस दे कर पढ़ रही है। आप और रुरल जगह को छोड़ें सोनीपत की ही मिसाल ले लें। आप हैरान होंगे कि वहां 60 हजार की आबादी है, इंडस्ट्रियल टाऊन है, सब-डिवीज़न है और रेलवे लाइन पर है लेकिन वहां कोई हाई या हायर सैकंडरी स्कूल गवर्नमैन्ट का नहीं है। वहां पर तीन प्राइवेट हाई स्कूल, हिन्दु हाई स्कूल, सी.आर. जैड. हाई स्कूल और हरियाणा हाई सकूल हैं और उन में $3\frac{1}{2}$ हज़ार तुल्बा पड़ते हैं। मैं इस सरकार से जो फ्री ऐजूकेशन का दावा करती नहीं थकती पूछना चाहता हूं कि आप इन $3\frac{1}{2}$ हजार तुलबा को कौनसी किस्म की फ्री ऐजूकेशन दे रहे हैं। सब बच्चे वहां फीस दे कर पढ़ते हैं। इसी तरह बाकी जगह है। देहात में तो हैं ही प्राइवेट स्कूल जहां बच्चे फीस देते हैं और पढ़ते हैं। तो फिर यह फ्री ऐजूकेशन का दावा महिज़ ढोंग नहीं तो और क्या है? मैं तो यह भी कहूंगा कि अगर यह एडिड और प्राइवेट स्कूल पंजाब में न हों तो आप ऐजुकेशन का मसला हल नहीं कर सकते। फिर आप क्रैडिट किस बात का लेते हैं? आप क्रैडिट क्लेम नहीं कर सकते कि आप ने पंजाब में तालीम का आला इंतजाम कर दिया है। आप स्कूलों में देखें कि टीचर्ज़ की कितनी डर्थ है। (At this stage Deputy Speak r occupied the Chair.) सौ सौ बच्चों की क्लास के लिये एक टीचर है। मैं मानता हूं कि हर जगह गवर्नमैंन्ट स्कूल तो खुल नहीं सकते और यह भी आप के लिये मुश्किल है कि सारे एडिड प्राइवेट स्कूलों को अपने हाथ में ले लें। आपकी भी मुशिकलात हैं और उनका हमें एहसास है लेकिन यह आप कर सकते हैं कि जो स्कूल तालीमी मैदान में इतना काम कर रहे हैं उन्हें ग्रांटस तो दें और जिस तरह गवर्नमेंट स्कूलों में मिडल तक मुफत तालीम देते हैं उसी तरह इन एडिड स्कूलों में भी मुफत तालीम करें तभी सही मायनों में फ्री ऐजूकेशन की बात हो सकती है। यह स्कूल बड़ी अच्छी तरह चल रहे हैं और गवर्नमन्ट स्कूलों के मुकाबले में अच्छा रिज़ल्ट देते हैं। तो मैं कहना चाहता हूं कि अगर आप फ्री ऐजूकेशन

का क्रैडिट लेना चाहते हैं तो इन प्राइवेट स्कूलों को Substantial ग्रांटस दे कर इन में फ्री ऐजूकेशन करें और खास तौर देहाती और बैकवर्ड इलाकों के स्कूलों के लिये यह ग्रांटस जरूर दें। जहां तक अपग्रेडिंग का ताल्लुक है उसके लिये मैं वज़ीर साहिब का शुक्रिया अदा करता हूं कि उन्होंने बगैर किसी पार्टी के भेद भाव के सारे मैम्बर साहिबान के जज़बात का एहतराम किया है। जे.बी.टी. यूनिटस खोलने थे तो भी उन्होंने मैम्बर साहिबान को कंफीडैन्स में लिया। मेरी तारीफ करने की कुछ आदत नहीं लेकिन सच बात यह है कि यह काबिले तारीफ है कि प्रबोध जी ने मैम्बरान को खुद पूछा। पहली दफा यह बात पंजाब में किसी वजीर ने की है। वरना तीन साल से मैं भी देखता रहा हूं कि वजीर साहिब के पीछे गिड़गिड़ाते रहे हैं लेकिन आंख भिड़ती बात चली रही है। मेरे इलाके को न मालूम इस वजह से कि मैं आपोजीशन का था या मैं जूतियां न चटखार सका किसी ने न पूछा। मैं प्रबोध जी की तारीफ किए बगैर नहीं रह सकता कि उन्होंने सारे मैम्बरान को कदर की निगाह से देखा और उन्होंने ठीक किया क्योंकि आखिर हर मैम्बर अपने इलाके के इंट्रैस्ट्स को रीप्रीजैन्ट करता है दुख-सुख और भला-बुरा जानता है। अगर एक मैम्बर के हल्के में 100 गांव हैं तो उन सब में तो स्कूल एक साथ-अपग्रेड नहीं किये जा सकते लेकिन वह यह तो जानता है कि कहां ज़रूरत ज्यादा है। उन्होंने ठीक कदम उठाया जो मैम्बर साहिबान को कन्फीडैन्स में लिया पहले तो कोई किसी को पूछता नहीं था कांग्रेस और आपोजीशन देखी जाती थी। लेकिन उन्होंने कोई ऐसा डिसक्रिमीनेशन नहीं किया है और उसके लिये मैं उन्हें आपोजीशन की तरफ से बधाई देता हूं। इसके साथ साथ एक नुक्स की तरफ भी मैं उनकी तवज्जोह दिलाना चाहता हूं। पिछले साल कोई अप-ग्रेडिंग नही हुई खैर आप की अपनी फाइनैंशल मुश्किलात होंगी लेकिन एक चीज समझ नहीं आई कि प्राइमरी से मिडल करना है तो लोग 7,800 रुपया जमा करायें और मिडल से हाई करना है तो 18 हजार रुपया जमां करायें। यह किस लिये आप मांगते हैं जब कि लाखों रुपये इक्ट्ठे करके बिल्डिंग्ज़ बना कर आप को लोग देते हैं। क्या ऐजूकेशन देना आपकी ज़िम्मेवारी नहीं है? मैं अर्ज़ करता हूं कि तालीम का देना सरकार की ज़िम्मेवारी है। इस लिये जो लोग लाखों की बिल्डिंगज़ बना कर आपके हवाले करते हैं इन पर रहम करो और यह जो 7,800 और 18 हजार रुपये की शर्त उन पर आयद की है उसे हटायें। पुरानी हकुमत ने कुछ ऐसे फैसले किये थे जो काबिले मुज़म्मत थे और जिनको अनडू भी किया है और उसके लिये लोगों ने आप की तारीफ भी की है। यह भी एक निकम्मा काम पुरानी हकूमत ने किया था जो 7,800 और 18 हजार की शर्त लगाई थी। इसे भी आप अनडू करें। ठीक है आपकी भी माली दिक्कतें होंगी और अगर आप हटा नहीं सकते तो कम से कम जिन स्कूलों ने अभी हाल ही में आपको इमारतें बना कर दी हैं उन से ईज़ी इंस्टालमैन्ट्स में यह पैसे लें। वहां मेरे हलके में पुरखाश, पिन्हाना वगैरा में लोगों ने निहायत अच्छी बिल्डिंगज़ बना रखी हैं हालांकि फल्डज़ ने लोग मार रखे हैं। डिप्टी स्पीकर साहिबा, Education is the entire responsibility of the State under the Constitution, मैं आप के द्वारा मन्त्री साहिब से प्रार्थना करना चाहता हूं कि स्कूलों के अपग्रेडेशन के बारे में नजर सानी करें। देहातों के अन्दर सरकार ने डिस्ट्रिक्ट बोर्डज़ से जो स्कूल टेक ओवर

[पंडित चिरंजी लाल शर्मा]
किये उन की हालत बहुत ही खराब है । उन की मुरम्मत होने की ज़रूरत है। इस के लिये सब काम तैयार हो जाता है लेकिन उन को ठीक नहीं किया जा रहा है। खास तौर पर मैं अपने इलाके की बाबत अर्ज़ करना चाहता हूं । हमारे इलाके में फलड्ज़ आने के कारण उन बिल्डिंगज़ की हालत बहुत ही खराब हो चुकी है । लड़के वहां पर बैठते हैं तो वहां पर मच्छर ही उन को खाते हैं। इस की तरफ सरकार कोई ध्यान नहीं दे रही। इसी तरह से बच्चों को पानी पिलाने के लिये देहातों में ढाई या तीन रूपये में आदमी रखना चाहते हैं। आजकल के ज़माने में इतनी थोड़ी तनखाह पर कौन लग सकता है । मंत्री साहिब को इस ओर ज़रूर ध्यान देना चाहिये।

डिप्टी स्पीकर साहिबा, को-एजूकेशन के बारे में ज़िक्र करना चाहता हूं । इस के बारे में कल भी और आज भी कई माननीय सदस्यों ने अपने विचार प्रकट किए हैं । मैं भी इस के बारे में फिर कहना चाहता हूं । अगर सरकार ने को-एजूकेशन चौथी या पांचवी जमात तक ही सीमित रखनी हो तो कोई नुक्सान नहीं होगा । अगर सरकार इस के ऊपर भी रखना चाहती है तो मैं समझता हूं कि इस से बच्चों के करैक्टर पर बुरा प्रभाव पड़ेगा । उन का मोरेल नीचे ही गिरेगा । मैं मन्त्री महोदय से अर्ज़ करना चाहता हूं कि वह कल्चरल प्रोग्राम को समाप्त कर दें । जो ड्रैस प्रस्क्राइबड की जाती है, वह किसी से छुपी हुई नहीं है। हर एक की टैंडसी बन चुकी है कि वह दूसरे मुल्कों की कापी करने की कोशिश करते हैं। इस से देश का वातावरण बिलकुल मुख्तिलफ बनता जा रहा है । अगर उन की नकल करनी है तो उस के लिए काफी अर्सा दरकार है । डिप्टी स्पीकर साहिबा, मैं अर्ज़ करना चाहता हूं कि सरकार को को-एजुकेशन सिस्टम खत्म करना चाहिए । लेला मजनू के किस्सों को छोड़ो । लेकिन यहां पर भी करैक्टर गिरते जा रहे हैं । मैं किसी इंडीविज्यूल या किसी स्कूल के ऊपर इल्ज़ाम नहीं लगाना चाहता हूं लेकिन को-एजूकेशन से सिर्फ स्कूल के बच्चों और लड़कियों में प्रेम की बातें नहीं होती बल्कि टीचर्ज़ और टीचरैसिज़ में भी मुहब्बत की पींगे पड़ती हैं । इस से अन्दाज़ा लगाया जा सकता है कि स्टूडेन्टस पर क्या असर पड़ता है। (घंटी) मैं ने तो अभी 7-8 मिनट ही लिए हैं और अपने बिचार हाउस में रखना चाहता हूं ।

उपाध्यक्षा : माननीय सदस्य 14 मिनट बोल चुके हैं और वह जल्दी ही वाइंड अप करें। (The Hon. Member has spoken for 14 minutes. He may now wind up within a few minutes.)

Pandit Chiranji Lal Sharma : I am opening debate on behalf of the Opposition.

कुछ आनरेबल मेम्बर 44, 45 मिनट बोले हैं । मुझे तो अपने विचार प्रकट करने के लिए कम से कम 20, 25 मिनट दिए जाएं ।

Deputy Speaker He may wind up within 5 minutes.

पंडित चिरंजी लला शर्मा : डिप्टी स्पीकर साहिबा, यहां हायर सैकंडरी सिस्टम के बारे में ज़िक्र किया गया । श्री जोशी, वाईस चांसलर, पंजाब यूनिवर्सिटी ने भी इस बारे में अपने

विचार प्रकट किए थे । टीचर्ज़ की ज़बानी भी हम सुनते हैं कि हायर सैकंडरी सिस्टम कामयाब होता दिखाई नहीं देता । सरदार गुरदयाल सिंह ढिल्लों ने भी अपनी स्पीच में कहा है कि इस सिस्टम को लोगों के ऊपर थौंपा न जाए । उस से हाई स्कूल बेहतर हैं । अगर सरकार इस सिस्टम को चालू करना चाहती है तो सरकार को प्राइवेट स्कूलों को 90 प्रतिशत एड देनी चाहिए । इन को देहली पैंटरन पर चलाने चाहिएं । सरकार को साइंस के एप्रेटस के लिए प्राइवेट स्कूलों को एड देनी चाहिए । सरकार को इस के लिए खास इन्तज़ाम करना चाहिए ।

डिप्टी स्पीकर साहिबा, मैं जे. बी. टी. टीचर्ज के बारे में अर्ज़ करना चाहता हूं । इन की ट्रेनिंग एक साल से दो साल कर दी गई है लेकिन अगर आज भी इन का मुकाबला नार्मल और एस. वी. टीचर्ज़ के साथ किया जाए तो मैं कह सकता हूं कि सही मायनों में नार्मल और एस. ए.वी. ही टीचर्ज़ हैं । मैं समझता हूं जो जे.बी. टी. पास करने के लिए टीचर्ज़ लग रहे हैं उन से शिक्षा का स्टैंडर्ड ऊपर नहीं हुआ है । मैं समझता हूं कि मिनिस्टर साहिब को पता ही होगा कि बच्चों की फाउंडेशन पहली जमात से बनती है । लेकिन आजकल देखा जा रहा है कि पहली जमात के बच्चे फाउंटेनपैन के बगैर लिखते ही नहीं हैं । मुझे अपनी बात याद है कि जब हम पढ़ा करते थे तो हमें मास्टर कहते थे कि जी और जैड की निब से लिखें लेकिन आज जी और जैड की निबें मार्किट में दस्तयाब ही नहीं हैं । अगर हम कहीं आठवीं या दसवीं जमात में फाउनटेन पैन का इस्तेमाल कर लेते तो हमें मास्टर खूब पीटते थे । आजकल बच्चों का हैंड राइटिंग बिलकुल तबाह हो चुका है । इस का सब से बड़ा दोष मास्टरों के ऊपर है । जे. बी. टी. में क्राफट का सबजैक्ट होना चाहिए । आजकल बच्चे चार जमात पढ़ कर भी 40 या 50 रुपए देकर विद्या विनोदिनी का सर्टीफिकेट ले लेते हैं और जे. बी. टी. में दाखल हो जाते हैं । इस से अन्दाज़ा लगाया जा सकता है कि शिक्षा का स्तर कितना ऊंचा होगा । मैं अर्ज़ करना चाहता हूं कि सरकार को जे. बी. टी. में क्राफट का सबजैक्ट लागू करना चाहिए । अध्यापक बच्चों की अच्छी फाउंडेशन बनाने वाले हैं । इसलिए सरकार को इन की तरफ ज़रूर ध्यान देना चाहिए । बच्चों की फाउंडेशन को पक्का बनाने के लिए अच्छे आदमी रखने चाहिएं ताकि उन का स्टैंडर्ड ऊंचा हो सके ।

डिप्टी स्पीकर साहिबा, यहां यूनिवर्सिटी का ज़िक्र किया गया । पंजाब में चार यूनिवर्सिटीज़ चण्डीगढ़, लुध्याना पटियाला और कुरुक्षेत्र में हैं । यहां पर भी कहा गया है कि डी. पी. आई. के दफतर में पालेटिक्स इन्वाल्व हो चुका है । मेरे इस बारे में बिलकुल विचार भिन्न हैं । यूनिवर्सिटी में 80, 90 सैनेटर्ज होते हैं और सिंडीकेट में भी 16-17 मेम्बर्ज़ होते हैं । उन में बहुत ही कम एजूकेशनिस्ट होते हैं और बाकी के सारे पब्लिक के नुमायंदें होते हैं । मैं समझता हूं कि यूनिवर्सिटीज़ के अन्दर पालेटिक्स का गढ़ बन चुका है । नतीजा यह है कि favour after favour is showered by University authorities on individuals. जितनी फेवरटिज्म रैड टैपइज्म और बाकी की इज़्म यूनिवर्सिटी में चल रही हैं उतनी अन्य किसी जगह नहीं हैं । गवर्नमेंट के दफतरों में इतनी फेवरटिज्म नहीं हो रही है । अगर महकमा तालीम में कोई ऐसी नाजायज़ बात होती है तो हम मिनिस्टर साहिब के नोटिस में ला सकते हैं, अपने ग्रीवैंसिज़ हाउस

[पंडित चिरंजी लाल शर्मा]

में प्रकट कर सकते हैं लेकिन जब कोई बात यूनिवर्सिटी के बारे में आती है तो कहा जाता है कि इस पर डिस्कशन नहीं हो सकती क्योंकि यह अटानोमस बाडी है । सरदार गुरदयाल सिंह ने ठीक ही कहा है क्योंकि वह पंजाब यूनिवर्सिटी की सैनेट के मेम्बर हैं । उन्होंने कहा कि पिछले साल यूनिवर्सिटी को इतना रुपया दिया और इस साल इतना रुपया देने जा रहे हैं । मैं तो कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी के बारे में अर्ज़ करना चाहता हूं कि हिन्दी रिजन में यह पहली यूनिवर्सिटी खोली गई है । That is a University in the making. That is a University which was started with the patronage of the Centre. मैं अर्ज़ करना चाहता हूं कि इस यूनिवर्सिटी में हमारे लिए जगह नहीं है । इस रिजन के लैक्चरार्ज़ और प्रोफैसरों के लिए जगह नहीं है । पंजाब यूनिवर्सिटी में 90 मेम्बर्ज़ होंगे और उनमें हमारे 9 से अधिक मेम्बर्ज़ नहीं होंगे । हिन्दी रिजन को हर तरह से इग्नोर किया जा रहा है । फिर कहते हैं कि यूनिवर्सिटी में दखल न किया जाए । पीछे नौमीनेशन के बारे में यहां पर सवाल आया था तो उस वक्त मिनिस्टर साहिब ने जवाब देते हुए कहा था कि गवर्नर साहिब ने टेलेंट के बेसिज पर लोगों की नौमीनेशन की । लेकिन हमारी नौमीनेशन उस में नहीं आई । मैं आप के द्वारा बताना चाहता हूं कि जाट कालिज रोहतक 50 साल पुराना इंस्टीच्यूशन है वहां की मैनेजिंग कमेटी का चेयरमन चौधरी राम धन सिंह वह शख्स है जो कि लायलपुर कालिज का प्रिंसिपल था । वह काबलियत का मुजिस्मा है । मैं पूछता हूं कि क्या वजह है कि उस को यूनिवर्सिटी में नहीं लिया गया । वैश्य हाई स्कूल की संगे बुनियाद महात्मा गांधी ने रखी थी उस के साथ एक गर्ल्ज़ स्कूल भी है वहां पर इतने पुराने पुराने टीचर्ज़ हैं जिन को चालीस चालीस साल और पचास पचास साल पुराना टीचिंग का और एडमिनिस्ट्रेटिव एक्सपीरिएंस है । बड़ी एक्सपीरिएंस्ड मैनेजिंग कमेटी है । और अर्ज़ करूं चौधरी हरद्वारी लाल कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी के वाईस चांसलर रह चुके हैं अब इस सदन के मेम्बर बन गए हैं उन को पंजाब यूनिवर्सिटी की सेनेट में रखा जा सकता था । क्यों नहीं रखा गया हमें इस बात का कोई तसल्लीबख्श जवाब नहीं मिलेगा । इतने तजरुबाकार आदमियों से किसी को भी यूनिवर्सिटीज़ में नहीं रखा गया । हिन्दी रिजन को कुछ रीप्रेज़ैंटेशन नहीं दी जाती । न तो टीचर्ज़ में, न स्टूडैंट्स में और ना ही मैनेजमैंट में कोई नुमाइंदगी दी जाती है । मैं वज़ीर साहिब का ध्यान इस ओर दिलाना चाहता हूं (घंटी की आवाज़) डिप्टी स्पीकर साहिबा, मैं दो तीन मिनट और लूंगा । पंजाब प्रांत में 65 नान-गवर्नमैंट कालिज हैं । पहले यूनिवर्सिटी ग्रांट कमिशन ग्रांट देती थी और उस के मुताबिक कालिजिज़ ने अपने प्रोफैसरों, लैक्चरर्ज़ के ग्रेड ऊंचे कर के उन की तनखाहें बढ़ा दी थीं अब यूनिवर्सिटी ग्रांट कमिशन ने वह ग्रांट बंद कर दी है तो 65 कालिजों में से 25 कालिज ऐसे हैं जिन्हों ने ग्रेड रीवाइज़ कर दिये और तनखाहें कम कर दीं । लेकिन चालीस कालिज ऐसे हैं कि जिन्होंने बावजूद इस बात के कि ग्रांट विदड्रा कर ली गई है इस आशा में कि गवर्नमेंट रीइम्बर्स करेगी तनखाहें बदस्तूर उसी तरह से दीं । लेकिन ताज्जुब की बात है कि गवर्नमेंट ने उन चालीस कालिजों को बजाए क्रैडिट देने के और बजाए उन की हौसला अफज़ाई करने के पीनलाईज़ किया । दूसरे 25 कालिजों को तीन लाख रुपया ग्रांट देने का फैसला किया है मगर यह बात तो बेइनसाफी पर मबनी है । अगर उन्होंने रुपया देना है तो 65 के 65 कालिजों को

देना चाहिये नहीं तो प्रोफैसरों के जज़बात को ठेस पहुंचेगी । अगर तनखाहें नीचे से ऊपर की जाएं तो उन का पढ़ाने के लिये हौसला बढ़ता है लेकिन अगर ऊपर से तनखाह, जो कि वे पिछले दो तीन साल से ले रहे हों नीचे की जाए तो उन के जज़बात को ठेस पहुंचेगी । इस लिए मैं हकूमत का ध्यान इस तरफ दिलाना चाहता हूं ।

इस से आगे, डिप्टी स्पीकर साहिबा, मैं वज़ीर साहिब का ध्यान एग्ज़ामिनेशन्ज़ की तरफ दिलाना चाहता हूं । जो लड़के इम्तहानों में अनफेयर मीन्ज़ अडाप्ट करते हैं उन का रिज़ल्ट लेटर आन कर दिया जाता है लेकिन एक एक साल गुज़र जाता है और उन का रिज़ल्ट अनाउंस नहीं किया जाता । अगर कोई अनफेयर मीन्ज़ अडाप्ट करता है तो उस को पीनलाईज़ किया जाए लेकिन यह तो ठीक नहीं है कि एक एक साल तक रिज़ल्ट ही न डिक्लेयर किया जाए । कई एक तो एग्ज़ानोरेट कर दिया जाता है । हम रोज़ वहां से टैलीफोन करते रहते हैं कभी निझावन साहिब को और कभी नारंग साहिब को, मैं यह बात प्रबोध चन्द्र जी के खास तौर पर नोटिस में लाना चाहता हूं......(घंटी की आवाज़) गवर्नमेंट ने कुछ स्कूल प्राविंशलाईज़ किये थे सन् 1957 में, जो टीचर्ज़ डिस्ट्रिक्ट बोर्ड में से गवर्नमेंट सर्विस में आए उन की अभी तक 1950 और 1951 की तनखाहें नहीं मिलीं । सैंकड़ों टीचर्ज़ ऐसे हैं । कई एक ने तो तंग आ कर गवर्नमैंट को नोटिस दे रखा है हकूमत के खिलाफ वे लोग दावा करेंगे । तनखाहें तो एक तरफ उन को प्रावीडैंट फंड भी अभी तक नहीं मिले । रोहणे स्कूल, तहसील रोहतक से राम कुमार टीचर सन 1959 में रीटायर हुआ था उस की अभी तक 50, 51 की तनखाह एरियज़ में पड़ी हुई है । उस ने कई बार रजिस्टरी करवा कर गवंनमैंट को अर्ज़ियां भेजी हैं उस को कोई इक्नौलिजमैंट नहीं मिलती । वह भी गवर्नमैंट के खिलाफ दावा करेगा और डिग्री होगी । इस तरफ भी ध्यान देने की ज़रूरत है ।

आई. टी. आई. के दाखले के बारे में अर्ज़ करना चाहता हूं । पानीपत की मिसाल देना चाहता हूं गवर्नमैंट को क्रेडिट जाता है कि वहां पर इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग के लिये स्कूल खोल रखा है। स्टेट में बहुत से ट्रेनिंग स्कूल खोले हैं । लेकिन वहां पर दाखले के वक्त बहुत शरारत होती है, रिश्वत चलती है । बदमाशी होती है और शराब की बोतलें मांगी जाती हैं । एक प्रिंसिपल बी. आर. भक्त, एट दी वर्ज आफ रीटायरमेंट हैं वह वहां पर बैठे हैं । जो लड़के दाखल नहीं हो सके उन को आज बुला बुला कर, चिठियां लिख कर घर से बुलाया जा रहा है और दाखल किया जा रहा है । वहां पर एक रेगुलरली कान्स्टीच्यूटिड बोर्ड भी बना हुआ है उस में एक फोरमैन है वह भी वहां पर बैठता है । सोनीपत में स्कूल में दाखले के लिये वे लोग वहां पर बैठते हैं चौधरी रिज़क राम जी, अब तो मिनिस्टर बन गए हैं, जब एम. एल. ए. थे तो यह भी उस कमेटी में बैठते थे । इन के बाद कोई एम. एल. ए. उस कमेटी पर नहीं लिया गया । क्या किया उन्हों ने दो आदमियों को बुला कर लगा लिया है । एक तो डिस्ट्रिक्ट कांग्रेस कमेटी के प्रेज़ीडैंट और दूसरे चौधरी फूल सिंह को टैलीफोन कर के घर से बुला कर उस कमेटी में बैठा लिया गया । वे लोग बुला बुला कर लड़कों को कहते हैं कि कौन है हमारे इलाके का चलो दाखल हो जाओ.। जिन लड़कों की दरखास्तें होती हैं उन को कोई पूछता नहीं है, जो क्वालीफाइड हैं उन को दाखल नहीं किया जाता, जिन का हक बनता है, जो पोलिटीकल सफरर हैं उन को कोई पूछता नहीं है । उस प्रिंसिपल और फोरमैन को लामहदूद ताकत दे रखी है । वे लोग

[पंडित चिरंजी लाल शर्मा]
अपनी मर्ज़ी से दाखला करते हैं । मैं कहना चाहता हूं कि अगर आप इस चीज़ को चलाना चाहते हैं तो लोगों के ज़ज़बात को मत भड़काओ नहीं तो वे इस के खिलाफ सदाए एहतजाज बुलंद करेंगे वे कभी बरदाश्त नहीं करेंगे। मैं मिनिस्टर साहिब से दरखास्त करूंगा कि वह इस बात की इन्क्वायरी करें (घंटी की आवाज़) डिप्टी स्पीकर साहिबा, मैं आप का शुक्रिया अदा करता हूं और आप से माफी चाहता हूं कि आप के कहने के बावजूद मैं ने एक दो मिनट ले लिये ।

उपाध्यक्षा : पेश्तर इस के कि मैं किसी मेम्बर को बोलने के लिये काल अपान करूं आई वुड लाईक टू सीक दी कोआप्रेशन आफ दी हाउस । मेरे पास सिर्फ एक घंटा बाकी है । मिनिस्टर साहिब ने भी जवाब देना है और डीमांड भी पुट करनी है । इस लिये मैं चाहती हूं कि हाउस के मेम्बरान तावन दें । जो साहिब बोलने के लिये खड़े हों अगर वे अपनी मर्ज़ी से ही बोलते जाएं तो चेयर को बड़ी मुश्किल पेश आती है । इस लिये मैं आप से मदद चाहती हूं । अगर हर एक बोलने वाले पर दस मिनट की पाबंदी लगा दें तो सारे 6 मेम्बर बोल सकते हैं । बार बार घंटी बजाना अच्छा नहीं लगता । मैं हाउस की कोआप्रेशन चाहूंगी । (Before calling upon any hon. member to speak, I would like to seek the co-operation of the House. We have only one hour left. The Minister has yet to reply and the demand is to be put. So I would like the members to co-operate with me otherwise the Chair's becomes a difficult job. I seek your help. Six Members will be able to speak if we limit the speeches to 10 minutes each. Repeated ringing of bells does not sound proper. I seek the co-operation of the House.)

डाक्टर बलदेव प्रकाश : आन ए प्वायंट आफ आर्डर मैडम । एक घंटे के अन्दर 6 मेम्बर बोलें यह कोई कानून नहीं है । कल से यह डीबेट चल रहा है, कोई मेम्बर आधा घंटा बोला, कोई पौना घंटा बोला उन पर कोई टाईम लिमिट नहीं लगाई तो आज दस मिनट के लिये टाईम लिमिट लगाई जा रही है । यह ठीक नहीं है ।

ਕਾਮਰੇਡ ਸ਼ਮਸ਼ੇਰ ਸਿੰਘ ਜੋਸ਼ : On a point of order, Madam. ਮੇਰਾ ਪੁਆਇੰਟ ਇਹ ਹੈ ਕਿ ਤੁਸਾਂ ਹੁਣ ਜਦ ਕਿ ਮੀਟਿੰਗ ਖਤਮ ਹੋਣ ਵਿਚ ਦੋ ਘੰਟੇ ਰਹਿ ਗਏ ਹਨ, ਫਰਮਾ ਦਿਤਾ ਹੈ ਕਿ ਟਾਈਮ ਲਿਮਿਟ ਮੁਕਰਰ ਕਰ ਲਈਏ । ਪਹਿਲਾਂ ਜਿਹੜੇ ਆਨਰੇਬਲ ਮੈਂਬਰ ਬੋਲੇ ਹਨ, ਉਹ ਕੋਈ 20 ਮਿਨਟ ਲੈ ਗਿਆ ਹੈ ਕੋਈ ਅਧਾ ਅੱਧਾ ਘੰਟਾ ਬੋਲਿਆ ਹੈ । ਹੁਣ ਤੁਸੀਂ ਸਾਡੇ ਉਤੇ ਪਾਬੰਦੀ ਕਿਉਂ ਲਗਾ ਰਹੇ ਹੋ ? (ਵਿਘਨ)

उपाध्यक्षा : मैंने तो आप की मदद मांगी है । अगर आप कोई टाईम लिमिट फिक्स नहीं करना चाहते तो इस टाईम के अन्दर अन्दर जितने मेम्बर साहिबान बोल सकते हों बोल लें । मुझे इस में क्या एतराज़ हो सकता है । लेकिन इस से दूसरे मेम्बर साहिबान के साथ बेइन्साफी होती है जिनको बोलने का मौका नहीं मिलता । (I have just sought your help. If the hon. Members are not in a mood to fix some time limit for the speeches then let only those

Members to speak who can do so within this time now left at our disposal. I have no objection to that. But it will be injustice to those hon. Members who do not get opportunity to speak.)

श्री रूप लाल मेहता: आन ए प्वायंट आफ आर्डर मैडम । आप चाहे कोई टाईम लिमिट लगाएं । दस मिनट लगाएं या ज्यादा लेकिन हमें ज़रूर टाईम मिलना चाहिए (विघ्न)

(इस वक्त डाक्टर बलदेव प्रकाश बोलने के लिए खड़े हुए ।)

उपाध्यक्षा : मैं ने अभी किसी को काल अपान नहीं किया । श्री प्रबोध चन्द्र जी, आप से मैंने मदद मांगी थी । आप की तरफ से कोई जवाब नहीं आया । (I have not yet called upon any Member. I sought help from Shri Prabodh Chandra, but without response.)

शिक्षा तथा स्थानीय शासन मन्त्री : जहां तक इस साईड के मेम्बर साहिबान का ताल्लुक है, उन से तो मैं दरखास्त कर सकता हूं कि आप के हुक्म का पालन करें और आप दस बारह मिनट जितना भी टाईम मुकर्रर करें उसी टाईम के अन्दर अपनी अपनी स्पीच को खत्म कर दें । बाकी जहां तक उधर का ताल्लुक है, आप ने सरदार गुरनाम सिंह जी से मदद मांगी है । वह आप की मदद कर देंगे ।

उपाध्यक्षा : सरदार गुरनाम सिंह जी, आप ने क्या कहना है ? आप बता दीजिए, फिर मैं अपना फैसला करूंगी । (What has Sardar Gurnam Singh Ji to say, then I will take my decision.)

ਸਰਦਾਰ ਗੁਰਨਾਮ ਸਿਘ : ਉਪਰ ਤਾਂ ਗੌਰਮੈਂਟ ਦੇ ਬੰਦੇ ਹਨ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਜੋ ਕੁਝ ਕਹਿਣਾ ਹੈ ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਕਰ ਦੇਣਾ ਹੈ । ਇਧਰ ਦਿਆਂ ਮੈਂਬਰਾਂ ਨੂੰ ਬੋਲ ਲੈਣ ਦਿਉ । ਜਿਤਨਾ ਵਕਤ ਦੇਣਾ ਚਾਹੁੰਦੇ ਹੋ ਉਸ ਵਿਚ ਇਨ੍ਹਾਂ ਗਰੀਬਾਂ ਨੂੰ ਬੋਲ ਲੈਣ ਦਿਉ—ਇਸ ਪਾਸੇ ਵਲ ਕੁਝ ਜ਼ਿਆਦਾ ਟਾਈਮ ਦੇ ਦਿਉ ।

Chaudhri Khurshed Ahmed (Nuh) : Madam, Deputy Speaker, we have been discussing the Demand for Grant in respect of "Education" for which we have provided near about Rs 20 crores. As other hon. Members have pointed out, I may initially state that this amount for such an important item/Department upon which the future of the Nation depends is absolutely inadequate. This Department should be granted certain percentage of the budget say atleast 25 per cent of the total budget of the State. After all this is the responsibility of the senior generation, who are sitting as Ministers or responsible Members of this House, to provide better opportunities for the younger generation, which is to come up. But what is happening in this Prant ? I am pained to say that most of the things which are being done by the elder generation here for the younger generation are absolutely inadequate.

The main responsibility of the Education Department is to teach the younger people and to train them as better citizens of the State. But this is not being done. There are reasons for it which are not good. Some are minor points which come up before the Members. For example, particular tracts of the State are not taken up by the Government in a responsible manner. I must say that some of the areas have been neglected by all the

[Chaudhri Khurshed Ahmed]

Departments of the Government and kept backward. At least this Department, i.e., the Education Department should not have neglected the areas which are backward. There are areas which are not provided even with the educational facilities, not to speak of industries or other things. What to speak of any other thing, at least this Government should have the courage of taking a bold stand of educating the people of backward areas; of giving them better education ; better schools and giving them preference over the advanced areas. There are some areas which have been singularly neglected in the matter of upgrading of schools because the people there were unable to fulfil certain conditions imposed by the Education Department. The Government should relax some of those conditions in regard to those areas . Rather I would suggest that the Education Department should have a separate formula for the areas which are advanced and which have plenty of schools and there should be another policy, completely distinct, for the backward areas.

Now I come to the higher education. We admit that there are four universities in our State. But with all respect for their autonomous character, I would dare say that the Universities are not working properly As far as the Education Department and its administration is concerned. it isdirectly under the charge of the Government which can be questioned, and the Department can be turned correct. But who is to tell these Universities; who is to correct them when they go on doing what they want. Many a time Government have been informed and the people have taken pains to point it out that corruption has been perpetrated in the Universties by the high officers or the high responsible persons there. If this corruption creeps in the Universities where, as our hon. Friend, Principal Rala Ram said that if you want to root out corruption, you have got to root it out from the institutions, the generation who is to come in the practical field is being trained, then it will be difficult to find a place without corruption. To have a better example, if there is corruption in the head of a University, then I do not think they can talk of any character building in that University. There are definite allegations against a Vice-Chancellor pending with the Government. But the Government has slept over all those allegations. There were memoranda submitted from different quarters at different intervals against that University. But nothing has happened and they have been allowed to do which as head of an institution, responsible officers of the University they should not do . Madam, Deputy Speaker, as I once pointed out, I have written to the Government —I have requested all the authorities concerned, to look into the grievances of some of the inmates of some of the Universities. I would talk about other Universities later ,and would refer to the Kurukshetra University first. As pointed out earlier, I have told this and asked to whosoever is concerned, not only verbally but in writing to look into the affairs of this University. Out of the four Universities established in our State, this is the only University which has been located in the unfortunate region known as Hariana Region. Against the Vice -Chancellor of this University, there have been repeated allegations. But defence has been prepared on political grounds.

शिक्षा तथा स्थानीय शासन मन्त्री : डिप्टी स्पीकर साहिबा, मैं आप की मार्फत अपने साथी से अर्ज़ करूंगा कि अगर किसी यूनिवर्सिटी के वाईस-चान्सलर का नाम लेकर उस के बारे में बुरा- भला कहा जाए तो अच्छा नहीं लगता । हमारे हाउस की यह कन्वैन्शन बनी हुई है कि चूंकि यूनिवर्सिटीज़ आटानोमस बाडीज़ है इसलिए उन के वाईस- चान्सलरज़ और दूसरों की बाबत नाम लेकर ज़िक्र

नही किया जाता । इस लिए अगर आप उन की ज़ात की बाबत कुछ कहेंगे तो मुनासिब नहीं होगा ।

Chaudhri Khurshed Ahmed : As far as the demand is concerned, we are giving something to that University also and this House, I think, has the right to question that the money is not squandered and I am maintaining that right. I pointed out time and again and it has been said by other Members also that political figures should not be appointed as Vice-Chancellors. Those who are concerned with politics have been thrust upon the Universities as Vice-Chancellors. Would they create an example as Principal Rala Ram has said, of a person looking at whom people or students working and studying in those institutions can formulate their, ideals ? If corruption is there with the Head of those educational institutions I think the students do not get a better ideal for being better students or being free from corruption. I point out that a politician, a mere politician has been appointed as a Vice-Chancellor of the Kurukshetra Univesity. Of course, he may have educational qualifications but those qualifications cannot be rated with the best qualifications of persons available in that region itself and, if so, why a perons should be imported from an other region and imposed on the other region. Not only that, remaining as the Vice-Chancellor of that University, if he meddles in politics that does not create good atmosphere in that University or in the State but such a practice has been continuing. When, one- Vice-Chancellor can indulge in Politics why should not the members have the right to question his activities and limit his sphere to education itself. I may point out that one of the Vice-Chancellors and to name him, the Vice-Chancellor of the Kurukshetra University, submitted an affidavit No. 262 before the Das Commission. He submitted that affidavit remaining as the Vice-Chancellor......

Deputy Speaker: As Vice-Chancellor of the Univerisity ?

Chaudhri Khurshed Ahmed : He submitted affidavit No. 262 in favour of late Sardar Partap Singh Kairon, remaining as the Vice-Chancellor..........

Pandit Chiranji Lal Shrarma : If it is a fact, he does not deserve to be a Vice-Chancellor of the University.

Chaudhri Khurshed Ahmed : Madam, Deputy Speaker, that affidavit was given against the charge-sheet drafted and submitted by our Hon. Education Mininister under his own name and the same was endorsed by the Memorialists and submitted to the Das Commission. Again, when Mr. Prabodh Chandra became the Education Minister, the same. Vice-Chancellor came to the Secretariat and invited the Education Minister. When our Education Minister entered into the Campus, he, the Vice Chancellor, while receiving him said in the meeting of the University student. and audience that "You , Sir, have always resisted the evil". Of course our Education Minister has resisted evil. But has the Vice Chancellor also done that ?

(Voices : No.).

He has not only filed an affidavit but has started a campaign of inviting all the Ministers to his University on flimsy excuses such as opening ceremonies of buildings which were in use for months, not only for months but for years.

उपाध्यक्षा : अब आप यूनिवर्सिटी को छोड़ दें और अगर और कुछ कहना है तो कह लें घड़ी तो चल रही है । (The hon. Member may now leave cussing the University. He may now say something else as the time at his disposal is very short)

Chaudhri Khurshed Ahmed : Most of the things have already been said about backward areas. I would, Madam, say something about this and then come to Schools.

Not only this, Madam, there is a complaint by the inmates of the University consisting of 16 pages (* * * *) That is not only about his indulgence in politics, but also about the purchase of library books. The racket he has created in the University speaks of the corruption he is interested in continuing in that University. Not only that, there are cases of false Travelling Allowance pending against him. (Voices ; *Shame, Shame*). There are other forms of corruption also, in the appointment of teaching staff, of favouritism, nepotism etc. If these things are not checked because of the guise of the autonomy of the University, we cannot create any example of character and character building. There are serious allegations against him from other quarters also. There is a letter addressed to the Education Minister by some contractor doing some work in that University, a copy of which I received yesterday. Madam, even a private firm having no concern with the Government has to approach the Minister against the corruption he is indulging in and trying to extract something from the people working in the University. If the things that he is doing are allowed to continue, how can we build character of our younger generation. I think you are betraying the trust if you are not checking such sort of things.

In Punjab University also there have been serious complaints of corruption directly involving no less than the Vice-Chancellor himself. Those have been listed in a separate memorandum which has been submitted to the Government and a copy of which has also been sent to us as members of the Vidhan Sabha. I lay this on the Table of the House.** If these allegations are not looked into, Madam, then we are talking all farce. If educational institutions are not free from corruption, we cannot hope for any better training grounds for our younger generation.

Then, Madam, there was a cry against English. How many languages are you determined to kill ? Urdu you have buried. English you are killing. Why can't our children learn more languages when students in other countries can learn several languages at the same time. In our State people are not prepared to learn English and Urdu. Further, in one region they are not prepared to learn even Hindi and in the other even Punjabi. This is a shameful bickering about languages. Teach the students as many languages as they can learn. Young people are not mentally unfit to learn many languages like the old ones. In Russia, a student starts with five languages. Why can't we, in Punjab, teach the students more than one language ?

Madam, there was some criticism about co-education . It is a serious thing. If co-education is to be stopped, have you got alternative arrangements, a separate machinery to teach the younger generation of girls and

*Note Expunged as ordered by the Chair on 11th June, 1965.

**Note Placed in the Library.

the future generation of mothers ? If you can't there is no alteranative but you have got to have co-education. As far as the evils about this type of education are concerned, they have to be remedied. It is no remedy that you stop it or kill it. Co-education has come as a system of education not only in this country but every where in the world. It is bound to stay and it ought to be supported. There are, nodoubt, evils. Those evils are travelling with us in every walk of life.
If you want to clean other walks of life first clean this atmosphere, this corruption, remove this example of corruption. Then only you can clean your boys and girls. You cannot blame them that they are something very very bad. I say, if you want to abolish this system of co-education do you have any other alternative arrangements for their teaching ? There are special classes and courses on sex in different countries. Can you take such a bold step of starting such a thing here ? You may start sex education, if you want to bring about reform in the co-education system. As a system, this system has not been condemned wholesale. This system has got to stay.

Madam, Deputy Speaker, coming to the upgrading of schools—my hon. Friends Shri Roop Lal Mehta and Shri Babu Dayal Sharma belong to my district. I would request that our district is absolutely backward in the matter of education. We have many a time requested that preference should be given to backward areas in the matter of up-grading of schools and I Would once again propose that those areas which have no schools should be given more schools. Madam, sometimes an argument is made that if there are no primary schools what for have a Middle School ? Likewise, if there is no Middle School what for have a High School ? Madam, Deputy Speaker, I would request the Government that for God's sake have as many Primary Schools, as many Middle Schools as those people are demanding. If they have constructed the buildings in the villages; if they have arragned every thing, then those institutions should be up-graded. If they are fit in all respects, they should be given preference. With these words, I thank you, Madam, Deputy Speaker and resume my seat.

उपाध्यक्षा : पेश्तर इसके कि मैं किसी और को काल अपोन करूं चूंकि डीमांड बड़ी ज़रूरी है और बहुत से सदस्य इस पर बोलना चाहते हैं इस लिये मैं हाउस को एक घंटे के लिये ऐक्स्टैंड करती हूं । (तालियां) मगर मेम्बर साहिबान से दरखास्त करूंगी कि वह कम से कम टाइम में अपनी बात कहने की कोशिश करें ताकि ज्यादा से ज्यादा मेम्बर इस बहस में हिस्सा ले सकें। (The demand being very important a number of Members want to take part in the discussion. I, therefore, extend the sitting by one hour. (Cheers) I would request the Hon, Members to finish their speeches in the minimum time to enable me to accommodate the maximum number of members.)

श्री रूप लाल मेहता (पलवल) : डिप्टी स्पीकर साहिबा, आज सदन में ऐजूकेशन की डिमांड पर बहस चल रही है । मन्त्री महोदय ने इस विभाग के लिये 20 करोड़ रुपया मांगा है । हम यह देख रहे हैं कि हर साल इस मद पर खर्च करने के लिये हमारी ज़रूरतें बढ़ रही हैं । जब से पंजाब में कम्पलसरी ऐजूकेशन नाफ़ज़ हुई है तब से सरकार का खर्च काफी बढ़ रहा है । और 6 साल से लेकर 11 साल की एज ग्रुप के काफी बच्चे स्कूलों मे जा रहे हैं । अगर मुकाबला किया जाए तो पता चलता है कि पार्टीशन से ले कर अब जैनरल और टैक्नीकल ऐजुकेशन

[श्री रूप लाल मेहता]

दोनों पर सरकर का बहुत ज्यादा खर्च होने लगा है । और इस बात की ज़रूरत भी है कि हम अपनी आने वाली जैनरेशन को सही मायने में तालीम दे कर उन को अपने पांव पर खड़ा करें । मगर इस के लिये पैसे की ज़रूरत पड़ती है इस लिये हमें अपने बजट को देखना पड़ता है कि हमारी माली हालत इस बोझ को बरदाश्त करने के काबिल है कि नहीं । किसी दोस्त ने कहा कि इस मद पर खर्च कुल खर्च का 70 फीसदी होना चाहिए और किसी ने कहा कि 25 फीसदी होना चाहिए । हम ने समाजवाद कायम करने का उद्देश्य बनाया है । इस के लिये यह ज़रूरी है कि यहां पर गरीब से गरीब बच्चे को भी तालीम दी जाए अगर कालिज तक नहीं तो कम से कम हायर सैकण्डरी तक तो ज़रूर उस को तालीम दी जानी चाहिए । गरीबों के पास साधन नहीं होते इस लिये उन के बच्चे तालीम से महरूम रह जाते हैं । ठीक है आठवीं तक तालीम फ्री की गई है मगर देखना यह है कि इस से कितने बच्चों को गरीबों के बच्चों को फायदा पहुंचा है और आगे तालीम के मैदान में बढ़े है और इस तरह से अच्छे शहरी बने हैं । यह सरकार की जिम्मेदारी है कि उन को अपने पांव पर खड़ा करे । हम देखते हैं कि अमीरों के बच्चों के लिए पब्लिक स्कूल हैं और भी दूसरी सहूलतें हैं मगर इन से सिर्फ अमीरों के बच्चे ही फायदा उठा सकते हैं सभी नहीं । अगर हमने यहां पर वाकई समाजवादी ढांचा बनाना है तो कालिज त क तालीम मुफत करनी होगी । आप देखें जब बर्मा में समाजवादी सरकार बनी तो उन्होंने बच्चों को मुफत तालीम दी, सरकारी खर्च पर उन को फौरेन मुल्कों में पढ़ने के लिये भेजा । इस तरह से मुल्क तरक्की कर सकते हैं न कि सिर्फ अमीरों के बच्चों के लिये कुछ सहुलतें दे कर । स्टडी की सुविधाएं आम गरीब किसान और मज़दूर के बच्चों को मिलनी चाहिएं । उन को वज़ीफे ज़्यादा से ज़्यादा तादाद में दिए जाने चाहिएं । इस लिये मैं समझता हूं कि यह 20 करोड़ रुपया भी काफी नहीं है ।

जहां तक टीचर्ज़ का सम्बन्ध है हम उन पर अपने बच्चों के बनाने के लिये भरोसा करते हैं । वह हमारी कौम को बनाने वाले हैं । मैं समझता हूं कि टीचर्ज़ को सब से ज़्यादा दर्जा और सुविधाएं मिलनी चाहिएं । आप देखें कि सरकार के दूसरे महकमे वाले जैसे कि पी. डब्ल्यू. डी., पुलिस, सिविल स्पलाइज़, इरीगेशन वगैरह में करप्शन चलती है मगर एक टीचर बेचारा क्या करेगा, उस ने तो अपनी तनखाह से ही रोटी खानी है या ज़्यादा से ज़्यादा कहीं ट्यूशन कर के मेहनत करेगा । इस लिये इन को ज़्यादा से ज़्यादा सुविधाएं देनी चाहिए । इन का स्टैंडर्ड ऊंचा तभी हो सकता है जब इन को सुविधाएं मिलेंगी । तब ही उन की क्वालिटी अच्छी होगी । हम देखते हैं कि आप की जे. बी. टी. क्लास में सैकन्ड और थर्ड डिवीज़न वालों को लिया जाता है । मैं समझता हूं कि पहली से लेकर पांचवीं तक लायक से लायक और बी. टी. टीचर्ज़ को लगाया जाना चाहिए क्योंकि इस उम्र में ही बच्चों ने बनना बिगड़ना होता है । जो सैकंड और थर्ड डिवीज़न लोग मास्टर लगाए जाते हैं उन को तो खुद नहीं पता होता कि चाय कहां पैदा होती है, उन को नहीं पता होता कि यह पालमपुर और आसाम में होती है । फिर आप देखें कि एक मैट्रिक पास लड़का सीधा ही अगर क्लर्क बन जाता है तो उस को सौ रुपया माहवार मिल जाता है मगर एक उस्ताद पहले मैट्रिक करे फिर जे. बी. टी. करे तब

भी सौ रुपया ही मिलता है यह ठीक बात नहीं है । साथ ही साथ उन को किसी गांव में जा कर काम करना होता है जहां का जीवन शहर के मुकाबले में कठिनाई से चलता है और कोई तरक्की भी नजर नहीं आती । तो ऐसी हालत में वह बच्चों की पढ़ाई में क्या दिलचस्पी लेगा । इन की हालत को सुधारा जाना चाहिए । इस के साथ ही मैं समझता हूं कि प्राइमरी तालीम को अच्छा बनाने के लिये यह बेहतर होगा कि प्राइमरी स्कूलों में लेडी टीचर्ज़ को लगाया जाए । वह ज़्यादा अच्छी तरह से उन का ख्याल रख सकती हैं, अच्छी बातें सिखा सकती हैं वरना हम ने देखा है कि दसवीं पास कर के मास्टर साहिब आ जाते हैं और सिग्रेट पीते रहते हैं और दूसरी बुरी बातें करते हैं । इसलिये प्राइमरी क्लासिज़ में हाईली क्वालीफाइड यानी बी. टी. या बी. ऐड. लेडी टीचर्ज़ लगाई जाएं । तब ही हमारे देश के बच्चे अच्छे बन सकेंगे और देश तरक्की कर सकेगा ।

फिर स्कूल बिल्डिंग्ज़ हैं । मैं अर्ज़ करता हूं कि हमारा इलाका बहुत पसमांदा है, लोग निहायत गरीब हैं । मगर सरकार ने अपग्रेड करने के लिये शर्तें लगा रखी हैं कि पहले इतने कमरे बनाओ, इतना रुपया दो तब अपग्रेड करेंगे । मैं समझता हूं कि जैसा हमारा पिछड़ा हुआ इलाका है इन पर से यह सारी शर्तें उड़ा दी जानी चाहिएं वह लोग पिछले दो सौ साल से पसमांदा चले आ रहे हैं, यह शर्तें उन पर ज़ुल्म हैं । मेरे इलाके में कुछ मिडल स्कूल हैं जिन्होंने कमरे भी बना लिये हैं जैसा मन्डकोला है । इस का नींव पत्थर सरदार प्रताप सिंह कैरों ने रखा था दातौली है, अटाली है जिस का नींव पत्थर गवर्नर साहिब ने रखा था इसी तरह बतीर का स्कूल है । इन सब को अपग्रेड किया जाना चाहिए । डी. पी. आई. साहिब ने कहा कि तीन चार कमरे और बनवाओ । मैं अभी जब वहां दौरे पर गया था तो पत्थर रख आया हूं और कमरे बन रहे हैं इन सब को हाई स्कूल बना देना चाहिए । आप देखें कि अटाली स्कूल का फाऊंडेशन स्टोन गवर्नर साहिब ने रखा था लेकिन फिर भी इसे आज तक शुरू नहीं किया गया । मेरे ज़िला गुड़गावां में 4 ऐसे स्कूल हैं जिन के पत्थर महानुभावों ने रखे । दो के माननीय मुख्य मन्त्री और गवर्नर साहिब ने रखे लेकिन आज तक इन स्कूलों में काम शुरू नहीं किया गया । भगोला स्कूल पर पत्थर मैं ने खुद रखा । स्कूल का फन्ड भी दे दिया गया । अभी तक कमरे नहीं बनाए जा सके । इस लिए मैं मन्त्री महोदय से कहूंगा कि ज़िला गुड़गावां को ग्रांट दी जाए ताकि स्कूलों को बनाया जा सके ।

जहां तक पलवल के हायर सैकंडरी स्कूल का सम्बन्ध है आज से 34 साल पहले इस को बनाया गया था । और जिन कमरों को अब बनाया जाना था वह आज तक नहीं बन सके । हालत यह है कि कमरे नहीं हैं जहां पर शिक्षा दी जा सके । इस के लिए माकूल ग्रांट दी जानी चाहिए ताकि कमरे बनाए जा सकें । इस पर छात्रों का बोझ भी ज्यादा है । अगर इस के आस पास के चार सकूलों को अपग्रेड कर दिया जाए तो इस मुश्किल को हल किया जा सकता है । यहां से 6 मील दूर भगोला है, 8 मील कोला और 12 या 13 मील अटाली है । इन स्कूलों को अगर अपग्रेड किया जाए तो पलवल के स्कूल की एक समस्या हल हो जाएगी ।

जहां तक छात्रों के लिबास का सम्बन्ध है भड़कीले लिबास पहनने की मनाही कर देनी चाहिए । ए.सी.सी. और एन.सी.सी. को छोड़ कर जिनकी अपनी वरदी है बाकी के लिए

[श्री रूप लाल मेहता]

एक समान यूनीफार्म होनी चाहिए । कोई तो कोट पैंट पहन कर आ जाता है और कोई फटे पुराने कपड़ों में स्कूल में चला जाता है । इस से एक छोटे बड़े का इम्तियाज़ पैदा होता है और इस तरह की बातों का छात्रों के मन पर बहुत बुरा असर पड़ता है जो उनकी मानसिक उन्नित के राह में बाधा बनता है । इस लिये सरकार को एक आदेश जारी करना चाहिए कि सब लड़के एक ही यूनीफार्म पहन कर आएं । जो बिलकुल सादा हो—कुड़ता पेजामा या निक्कर वट ऐवर इज़ प्रेसक्राईबड ताकि स्कूलों के लड़कों में मुसावात की भावना पैदा हो सके । इस से उनके चलन में बेहतरी होगी और जो समाजवाद में कमी है उसको पूरा किया जा सकेगा । बच्चों में ऊंच नीच की भावना को दूर किया जाना चाहिये । यूनीफार्म का कपड़ा सादा हो और सस्ता हो ताकि गरीब को भी खरीद करने में कोई दिक्कत न हो । इस के साथ साथ टीचरों के तंग और भड़कीले लिबास की बात है । इस का असर बच्चों के मन पर बहुत बुरा पड़ता है । इन के बारे में भी हदायत होनी चाहिए कि यह बिलकुल सादा लिबास पहनें । ताकि लड़कों की भावनाएं अच्छी हो सकें ।

जहां तक स्कूल खोलने का और अपग्रेड करने का सम्बन्ध है, इस में पसमांदा इलाके को और ऐसे इलाके का जहां पर आए साल फल्डज़ आते हों और जो इलाका तालीम के लिहाज़ से पीछे रह गया हो उनको तरजीह देनी चाहिए । इस लिए जो मिडल स्कूलों को अपग्रेड करने के लिए सरकार ने शर्तें मुकरर कर दी हैं उन को ऐसे इलाकों के सम्बन्ध में वेव कर देना चाहिए । मेरा इलाका गुड़गावां भी इसी तरह का इलाका है इस में तालीम का फायदा तब ही हो सकता है कि अगर इस तरह की शर्तों को वेव कर दिया जाए ।

जहां तक मैडीकल कालेज और दूसरे टैक्नीकल कालेजों के खोलने का सम्बन्ध है हमारे इलाके को हर बार नज़र अन्दाज़ किया जाता रहा है । इस इलाके में ना तो कोई इस किस्म का कालेज ही खोला गया है और न ही कोई सरकारी लेबारेट्री ही कायम की गई है । हालांकि यह वह इलाका है जो हमेशा अंग्रेज़ के साथ लड़ता रहा । लोगों ने कैद काटी और हर तरह की कुरबानी दी । देश की जंगे आज़ादी में दूसरों से बढ़ कर हिस्सा लिया । 1857 के गदर में इस इलाके के लोगों ने नुमायां काम किया और फांसी के तख्ते पर लटकाए गए । और शहीद हुए । इस इलाके का तो ख्याल सरकार को करना चाहिए ताकि इस इलाके में तालीम आ सके । मैं इस सरकार से आशा रखता हू कि वह इस पसमांदा इलाके की काया को पलटने में मुनासिब कारवाई करेगी जिन स्कूलों का मैं ने ज़िक्र किया है उन्हें अपग्रेड किया जाए ताकि हमारी सरकार इस इलाके की बधाई ले सके ।

जहां तक पलवल के स्कूल का सम्बन्ध है बारिश में बच्चों को धर्मशाला में जाना पड़ता है । फिर किसी को सांप काट जाता है और किसी को और कई किस्म की कठनाइयों का सामना करना पड़ता है । फिर सरकार को लोगों की तरफ से तरह तरह की नुक्ताचीनी का शिकार होना पड़ता है । इस लिए इस स्कूल की बिलडिंग के लिए खास तौर पर रुपया देना चहिए ता कि पसमांदा इलाके के लोगों के दिल में इस सरकार के बारे में विश्वास पैदा हो सके । और यह इलाका तालीम के क्षेत्र में तरक्की कर सके ।

डाक्टर बलदेव प्रकाश (अमृतसर शहर पूर्व) : डिप्टी स्पीकर साहिबा, ऐजूकेशन की डिमांड पर दो दिन से बहस चल रही है और बहुत से प्वाइंट आफ व्यू इस हाऊस के सामने आए हैं । अधिकतर इस बात पर बहस सैंट्रेलाइज़्ड रही कि टीचरों की तनखाह बढ़नी चाहिये और यूनीवर्सिटीज़ के अन्दर ठीक ढंग से काम हो लेकिन इस के साथ ही ऐजूकेशन की दूसरी साइड भी है । मैं यह समझता हूं कि ऐजूकेशन की जो मद है यह किसी भी स्टेट के लिये एक बहुत ही इम्पार्टेंट और महत्वपूर्ण मद है । देश के अन्दर लोगों को एक अच्छा शहरी बनाने के लिए ऐजूकेशन से बढ़ कर बड़ा काम नहीं हो सकता । लेकिन आज हम क्या देखते हैं आज जो ऐजूकेशन है इसे सही ऐजूकेशन नहीं कहा जा सकता । यह तो एक लिट्रेसी फैलाना है और अक्षर ज्ञान देना मात्र है । यह ऐजूकेशन तो साक्षरता देती है । लाखों करोड़ों रुपया खर्च करके बच्चों को सिर्फ यही सिखाया जाता है कि वह पढ़ सकें । लेकिन इस के बाद ऐजूकेशन का और भी मकसद है । ऐजूकेशन का मकसद यह है कि वह शहरियों को पर्पज़फुल और यूज़फुल बनाने में कामयाब हो । ऐजूकेशन की कुआलीटेटिव साइड भी है । कुआन्टिटी के साथ कुवालीटेटिव साइड भी है और मैं यह कहूंगा कि हमारी ऐजूकेशन कुआलिटेटिव साइड को बेहतर बनाने में कामयाब नहीं रही है । अंग्रेज़ तो चाहता था कि ऐसा सिस्टम हमारे देश में ऐजूकेशन का हो कि यहां कलर्क पैदा हों सकें और पैट्रियाट और नेशनल माइन्डिड लोग पैदा न हो सकें । इस लिए सारे सिस्टम को इन्हों ने इस ढंग का बना रखा था । डिप्टी स्पीकर साहिबा आज हमारे देश को आज़ाद हुए 17 साल हो गए हैं और हर मन्त्री ने हर पढ़े लिखे आदमी ने और राष्ट्रपति से लेकर नीचे तक सब ने कहा है कि जो ऐजूकेशन का सिस्टम आज हमारे हां है, यह कलर्क मेकन्ग मशीन है । डिप्टी स्पीकर साहिबा, यह वही सिस्टम है जिस के बारे में हमारे शिक्षा मन्त्री जगह जगह जाते हैं स्कूलों में या उद्घाटनों पर तो यही कहते हैं कि यह ऐजूकेशन का सही तरीका नहीं है । तो मैं यह जानना चाहता हूं कि यह जो 20 करोड़ रुपये की रक्म खर्च की जा रही है इस में कौन सा तरीका निकाला गया है जिस से ऐजूकेशन का सिस्टम अच्छा हो सके ।

डिप्टी स्पीकर साहिबा, कुछ चीज़ें और मैं आपके सामने रखना चाहता हूं । हमें आज़ादी हासिल किये आज 17 साल हो गये हैं मगर अंग्रेज़ी का ज़ोर दिन बदिन बढ़ता जा रहा है । हमारे स्कूलों में यह बात इतनी ज़्यादा फैल गई है कि बच्चे पंजाबी या हिन्दी में बोलना तक पसंद नहीं करते, वह इन ज़बानों में बोलना एक तरह का घटिया पन सा महसूस करते हैं । क्या लड़के और क्या लड़कियां सभी अंगरेज़ी के अन्दर आपको गिट मिट करते नज़र आयेंगे । हमें आज़ादी मिलने के बाद अपने आप को इस देश की सभ्यता के साथ ऐडजस्ट करना चाहिए था । मैं समझता हूं कि अब कोई गैर हकूमत नहीं या कोई ऐसी ऐमरजेंसी नहीं कि जिस के कारण हमारा काम नहीं चल सकता । हमें स्कूलों में ऐसी ऐजूकेशन देनी चाहिये जो कम अज़ कम अपने मुल्क की सभ्यता के अनुकूल हो । ऐजूकेशन का यह मतलब नहीं होना चाहिए कि अगर हम अंगरेज़ी नहीं बोलेंगे तो हम में किसी तरह का घटियापन आयेगा । डिप्टी स्पीकर साहिबा, यह एक बड़ी भारी तब्दीली है जो इस देश के ऐजुकेशन के सिसटम में आनी चाहिये । आज़ादी हासल करने के बाद हमारा दूसरा सटैप यही होना चाहिये कि हम अपने बच्चों को ऐसी शिक्षा दें कि जिस से वह अपनी मातृभूमि से प्यार करने वाले, इस देश की सभ्यता से प्यार करने वाले और एक अच्छे शहरी बनें । जो ऐजूकेशन उन को आज दी जा रही है यह सही ऐजूकेशन नहीं डिप्टी स्पीकर साहिबा, मैं इस सिलसिले मे दो चीज़ें आपकी खिदमत में रखना चाहता हूं ।

[डाक्टर बलदेव प्रकाश]

पहली बात तो यह है कि गांव के स्कूलों में वह बच्चे पढ़ते हैं जिन के माता पिता अक्सर खेती का ही काम करते हैं । अगर हम इन बच्चों को बेसिक ऐजूकेशन के साथ ऐसी ऐजूकेशन दें जो ऐगरीकल्चरल ढंग की हो तो यह बच्चे मुल्क के अच्छे शहरी बनने के साथ साथ इस मुल्क के लिये अच्छे असेट भी साबित हो सकते हैं । मगर आज जब बच्चा खेत में अपने मां बाप के लिये रोटी लेकर जाता है जो कि खेत में काम कर रहे होते हैं, तो इस के साथ ही उस के दिमाग में अगर इंगलैंड की हिस्टरी या अलजेबरा घूम रहा हो तो उसका तवाज़न बिगड़ जाता है और वह अपने वातावरण से ज़रूर ही दूर चला जायेगा । हम उसको इस मुल्क के लिये यूज़फुल बनाने की कोशिश नहीं करते बल्कि हम उसकी रुचियां जो एक ऐगरीकलचरल बच्चे के पर्पज़ के लिये चाहिये उस से दूर ले जाते हैं । हम उसे मुल्क के लिये यूज़फुल बनाने की कोशिश नहीं करते । अगर हम ने उन की यूटिलटी बाननी है तो हमें उन बच्चों को ऐसी हायर ऐजूकेशन देनी चाहिए जो हमारी ऐगरीकलचर के लिये फायदामंद हो । जिनके माता पिता शहरों में बसते हैं उन के बच्चों को ऐसी तालीम मिलनी चाहिये जो इंडस्टरी के लिए या दूसरी टैकनीकल डिवैल्पमट के लिये मुफीद हो । आज देश की आबादी बढ़ रही है । सिवाये इसके कि 90 प्रतिशत विद्यार्थियों को आप कलर्क बनाएं और मौजूदा तालीम का कोई लाभ मालूम नहीं देता । आज सभी तालीमयाफता कलर्क बनते जा रहे हैं । बड़ी मुश्किल से 10-15 प्रतिशत लोग होंगे जो इंडस्टरी की तरफ जाते हैं । आज पढ़ने वाले हाथ से काम करना या इंडस्टरी में जाना बिलो-डिगनिटी समझते हैं । एक पढ़ा हुआ लड़का 60 रु० माहवार पर बड़ी खुशी से कलर्क का काम करने को तो तैयार हो जाता है मगर इंडस्टरी में उसे अगर 200 रु० महावार की भी इनकम होती है तो वह जाने के लिये तैयार नहीं होता । कौम की भलाई इसी में है कि समाज की दृष्टि में डिगनिटी आफ लेबर लाई जाए । मैं नहीं समझ सकता कि इस के बगैर कैसे हमारी कौम तरक्की कर सकती है । हमारे जवानों की मुल्क के लिये किस तरह युटिलटी बढ़ाई जा सकती है इस के लिये एक रैडीकल चेंज हमें मौजूदा तालीम के सिसटम में लाना होगा । हमारी सरकार यह आदर्श लेकर चली है कि हम ने मुलक में सोशलिज़्म लाना है मगर आज भी इस देश के अन्दर ऐसे स्कूल हैं जो दो तीन सौ रुपए माहवार तक एक बच्चे पर खर्च करते हैं और दूसरी तरफ ऐसे स्कूल भी हैं जहां पूरी तरह से बच्चों को किताबें तक नहीं मिलतीं । इस तरह का टियूशनज़ में जो फर्क है यह सोशलिज़म लाने में एक बड़ी भारी रुकावट है । पब्लिक स्कूल का पढ़ा हुआ बच्चा और किसी को इनसान ही नहीं समझता ; वह अगर समझता है तो वह अपने पब्लिक स्कूल के स्टूडैंट्स को ही इनसान मानता है । हमें मुल्क में सोशलिज़म लाने के लिये अपने ऐजूकेशन के सिस्टम में यूनीफारमिटी लानी होगी । पुराने ज़माने में भी शिक्षा में सब को एक साथ बैठा कर दी जाती थी । श्री कृष्ण और सुदामा का प्यार जो उन्होंने दिखाया वह उस शिक्षा का ही नतीजा था जो उन्होंने बचपन में इकट्ठे रह कर एक शिक्षा केंद्र में हासिल की थी । एक तरफ 500 रु० माहवार तक एक बच्चे पर खर्च किया जाता है और दूसरी तरफ उसी क्लास का बच्चा 2 रु० माहवार फीस देता है । यह टाट पर बैठता है और दरखतों के नीचे जाकर पढ़ता है । हम लगातार 17 साल से इस मुल्क के अन्दर सोशलिज़म का नारा लगा रहे हैं, चिल्ला रहे हैं कि यह कलर्क बनाने वाली शिक्षा खत्म होनी चाहिये ।

पब्लिक स्कूल्ज को जो भी ग्रांट्स मिलती हैं, यह बंद होनी चाहिये । प्राईमरी लेवल तक चाहे कोई भी इन्स्टीच्यूशन हो प्राईवेट या सरकारी तालीम होनी चाहिये । जिस तरह की फ्री ऐजुकेशन का हम नारा लगा रहे हैं वह ठीक नहीं । आज प्राईमरी कलासिज के बच्चों पर 6-7 रु० माहवार बतौर इलैकट्रिक चार्जिज़, लाईब्रेरी चार्जिज़ और कई तरह के दूसरे इनडायरेक्ट खर्चे डालते हैं । इस तरह फ्री ऐजुकेशन का नारा लगाना मैं समझता हूं कि अपने आप को धोखा देना है । कहने के लिये फ्री ऐजूकेशन कहते हैं, डिप्टी स्पीकर साहिबा, मगर ऐक्चुअल पुज़ीशन कुछ और है ।

टैक्नीकल ऐजूकेशन के लिये भी मैं यहां पर कुछ अर्ज़ करना ज़रूरी समझता हूं । वह यह कि टैक्नीकल ऐजूकेशन के लिये सरकार ने एक कमेटी बनाई थी । मगर इस में कांग्रेसी एम. एल. ए. को ही शामिल करने की कोशिश की जाती रही अमृतसर के आपोज़ीशन के एम. एल. ए. जब तक रिटर्न होकर आते रहे उन को नहीं लिया गया । क्या इस कमेटी में महज़ कांग्रेसी एम. एल. एज़. ही को लिया जाना था और वह कांग्रेसी एम. एल. एज़. भी वह जिन के मुताल्लिक मैं इस हाउस में कुछ कहना नहीं चाहता । क्या यह सरकार का फर्ज़ नहीं है कि अगर वह कोई कमेटी बनाती है तो उसमें देखे कि आया इधर से भी कोई एम. एल. एज़. लिये जा सकते हैं या नहीं । फगवाड़ा का एम. एल. ए. तो लिया गया क्योंकि वह कांग्रेसी था मगर कपूरथले का इस लिए नहीं लिया गया क्योंकि वह अपोज़ीशन में था । अगर ऐजुकेशनल इन्स्टीच्यूशनज़ का यह हाल है तो हम क्या आदर्श कायम कर सकते हैं । इसका मतलब तो यह है कि हमारी करनी और कथनी में फर्क है । मैं समझता हूं कि इन कमेटियों को फौरन रिकांस्टीचूट किया जाना चाहिए । और किसी प्रिंसिपल को सामने रख कर किया जाना चाहिए ।

मैं अब लैंग्वेज़ डिपार्टमेंट के बारे में कहना चाहता हूं । जो हिन्दी और पंजाबी डिपार्टमैंट्स बने हुए हैं उनका काम ठीक ढंग से नहीं चल रहा । क्योंकि इसके डाइरैक्टर्स अलग अलग नहीं हैं । इस लिए काम में गड़बड़ी होती है । अगर हिन्दी और पंजाबी की डिवलैपमैंट रीजनल फारमूले के मुताबिक करनी है तो यह लाज़िमी है कि दोनों भाषाओं के डाइरैक्टर्स अलग अलग हों ।

जहां तक ग्रांट का सवाल है मैं यह जानता हूं कि बहुत से ऐसे स्कूल हैं जिनको सरकार की तरफ से ग्रांट नहीं मिली । पुंडरी का ए. एस. स्कूल है जो करनाल ज़िले में है लेकिन उसके 11 हज़ार 900 रुपए एरियर्स के पड़े हुए हैं । अब बतलाइए कि वह अपना क्या स्टैंडर्ड मेनटेन करेगा । प्राइमरी स्कूलों में लड़कों को पानी तक पीने को नहीं मिलता । और सिर्फ पानी देने के लिए उनसे दो दो तीन तीन रुपए लिए जाते हैं । यही नहीं जो भी प्राइमरी स्कूल हैं वह इस तरह से बने हुए हैं जैसे कैदखाने होते हैं । अब बतलाइए कि जिस देश के बच्चों को जीवन के प्रारम्भ में यह अनुभव न हो कि वह स्वतन्त्र देश के बच्चे हैं और उनकी देखरेख करने वाली उनकी अपनी आज़ाद सरकार है तो उनकी क्या साइकालोजी बनेगी । जब कि साइकालोजी पांच सात साल की उम्र तक ही बन जाती है ।

मैं एक बात इंजीनियरिंग कालेज के बारे में खास तौर से मिनिस्टर साहब को कहना चाहता हूं और वह यह है कि इंजीनियरिंग कोर्स और डिप्लोमा इन प्रोडक्टिव इंजीनियरिंग

[डाक्टर बलदेव प्रकाश]
कोर्स के लिये क्वालिफिकेशन तो एक ही रखी गई हैं लेकिन इंजीनियरिंग कोर्स के लिए डिग्री दी जाती है और प्रोडक्टिव इंजीनियरिंग के लिए डिपलोमा ही दिया जाता है । जब यह लड़के दूसरे सूबों में जाएंगे और सिर्फ डिप्लोमा होल्डर होंगे तो क्या इम्प्रैशन पड़ेगा ? मेरा सुझाव है कि इसको फौरन डिग्री कोर्स के अन्दर तबदील कर देना चाहिए ।

टीचर्ज़ के बारे में जो एश्योरेंस उनको दिलाई गई थीं उस पर विचार किया जाना चाहिए। मैं भी उन लोगों में से था जो उनकी डिमांड्ज़ को सुनने और उसके बाद, उनसे अपील करने गए थे कि वे अपनी भूख हड़ताल तोड़ दें । यह बिलकुल जायज़ है कि उनकी तनखाहें बढ़ाई जाएं । जब हम स्वीपर्स के ग्रेड बढ़ा सकते हैं तो क्या वजह है कि टीचर्ज़ के ग्रेड बढ़ाने से गुरेज़ करते हैं । सरकार ने एक बार 1 मई, 1957 को टीचर्ज़ को एक इनक्रीमेंट दिया था लेकिन उसके बाद ए० जी० के यहां से आबजैकशन आया कि इनक्रीमट 14 जुलाई, 1958 से होना चाहिए था । जिसका नतीजा यह हुआ कि अब एक एक टीचर के ज़िम्मे 490 रुपए एरियर्ज़ के निकाल दिए । यह है नतीजा उस रिवीज़न का और इनक्रीमेंट के बढ़ाने का । सरकार को चाहिए तो यह कि गलती को रेगुलेराइज़ करे न कि टीचर्ज़ को पनिश करे ।

मैं सरकार के नोटिस में यह बात लाना चाहता हूं कि टीचर्ज़ देश के बनाने में सब से ऊपर हैं इस लिए उनको हम सारे बैनेफिटस जैसे हाउस-रैंट, सर्विस बैनफिट और पैंशन बैनिफिट दिये जाने चाहिएं । हाउस रैंट का अजीब किस्सा है । सरकार कहती है कि अगर इतने परसैंट टीचर खुद हाउस रैंट दे यानी 10 परसैंट वह खुद दे तो सरकार 5 या 7 परसैंट दे देगी । यह एक मज़ाक किया जा रहा है । इन चीज़ों की तरफ सरकार को गौर करना चाहिए और टीचर्ज़ की हार्डशिप को कम करना चाहिए । जहां तक ऐजूकेशन के बजट का ताल्लुक है मैं कह सकता हूं कि मद्रास में 25 परसैंट खर्च किया जाता है । और वैस्ट बंगाल में 30 परसैंट खर्च किया जाता है लेकिन पंजाब के अन्दर सिर्फ 15 परसेंट ही खर्च होता है । अब आप देख सकते हैं कि शिक्षा का स्तर कैसे ऊंचा उठ सकता है । इसलिए मैं (घंटी) मिनिस्टर साहब से इस बात की सिफारिश करूंगा कि अगर वह देश की उन्नति चाहते हैं तो ऐजूकेशन पर बजट का कम से कम 25 पीसदी तो ज़रूर खर्च करें ।

सरदार प्रेम सिंह प्रेम(राजपुरा) : डिप्टी स्पीकर साहबा, आपका बहुत बहुत शुक्रिया । इस डिमांड पर जो बहस हो रही है उससे पता चलता है कि सरकार शिक्षा के क्षेत्र में क्या कर रही है । मैं कांग्रेस सरकार को इसके लिए बधाई देता हूं कि मुल्क के आज़ाद होने के बाद ऐजूकेशन का बहुत फैलाव हुआ है ।

जहां तक ऐजुकेशन के सिसटम का ताल्लुक है उसके बारे में तो स्वयं छागला साहब ने और श्री प्रबोध चन्द्र जी ने कहा है कि यह सिसटम डिफैक्टिव है । मैं यह नहीं कहता कि आजकल जो सिसटम चल रहा है उसे राइट आफ कर दें बल्कि सोचने वाली बात यह है कि अगर डिफैक्टिव है तो सही क्या है । मैं एक बात कह सकता हूं कि हम इस में कलर्क पैदा करते हैं, जो बाद में ऐंप्लायमेंट ऐक्सचेंजिज़ के दरवाज़ों पर जगह जगह घूमते फिरते हैं । गांधी जी ने एक तरीका बताया था । उनका कहना था कि एजूकेशन सेल्फ सफीसैंसी के लिए होनी चाहिए और वह है right type of training in the

art of living हो और जो ज़िन्दगी की नीड्ज़ हैं, जरूरतें हैं वह आदमी पूरी कर सके । इस तरीके की ऐजूकेशन के लिये उन्होंने ने एक बेसिक ऐजूकेशन का तरीका बताया था । गांधी जी के हम जो फालोअर्ज़ हैं, हम ने संजीदगी से उसको टरायल नह दिया । पंजाब में जवाहर लाल जी के कहने पर नई तालीम के स्कूलों में फरीदाबाद और र.जपुर में कुछ बेसिक ऐजूकेशन शुरू की थी। उस ऐजूकेशन में एक तरीका है कि काम भी सब सीखते हैं ताकि रूरल इकानमी में खप जाएं और बाहर जा कर लोग कुछ काम कर के अपना पेट पाल सकें । 1957 में ऐसे 4 बेसिक स्कूलों को which were not in time with the coventional education ? टेक ओवर कर के ,इस स्सिटम को सक्रेप कर दिया और उन को ट्रैडीशनल तरीके पर ले आये । डिप्टी स्पीकर साहिबा, हमारे मरहूम राष्ट्रपति डा० राजेन्द्र प्रशाद जी ने उस बेसिक इन्सटीच्यूट का नींव पत्थर रखा था । उस पर लाखों रुपया खर्च किया गया था । मतलब यह था कि बेसिक स्कूलों में कुछ स्टूडेंट्स आयें और कुछ नए ढंग से सीखें मगर अब वह वहीं जा कर पढ़ेंगे जिन बैसिक स्कूलों को पजाब गवर्नमेंट ने टेक ओवर कर लिये और उन्हें तबदील कर लिय । उस सिस्टम को चलाने के लिये कुछ नहीं किया। कसतूरबा सेवा मन्दिर ने बाद में अपना स्कूल खोल लिया। इस सम्बन्ध में मैं तो यह बात कहना चाहता हूं कि हमारी सरकार को उसको ट्रायल देना चाहिए ।

दूसरी बात यह है कि जो वहां कस्तूरबा सेवा मन्दिर का स्कूल चलता है जिसमें सैंकड़ों बच्चे पढ़ रहे हैं यहां से पास हो कर उन्होंने पोस्ट बेसिक इन्सटीचूट में जाना है । इस सम्बन्ध में सारे हिन्दुस्तान की एक यूनीवर्सिटी कायम हो गई है यानी जहां जहां भी ऐसे इन्स्टीचूट्स हैं उनकी यूनीवर्सिटी अलहदा होगी । अब उनकी कुछ मांगे हैं। वह चाहते हैं कि वहां उनको सलेबस बना कर भेजा जाए । पंजाब सरकार ने कई सालों से वह बना कर नहीं भेजा था । उन्हों ने खुद अपना सिलेबस बना कर भेजा तो उसको मन्जूर नहीं किया गया । इस के अलावा जो लड़के मेरिट पर फर्स्ट और सैकन्ड आते हैं उनको स्कालरशिप के लिए दाखिल नहीं करते । आज तक इस तरफ ध्यान नहीं दिया गया । मैं ज्यादा तफसील में नहीं जाऊंगा क्योंकि वक्त थोड़ा है। ऐजूकेशन मिनिस्टर साहिब इस बात की तरफ तवज्जोह दें।

एक और बात जो मैं अर्ज़ करना चाहता हूं वह यह है कि हमारे एक रिवाज सा है, पेरन्ट्स की विश्ज़ होती हैं चाहे उन का लड़का हो या लड़की हो तो वह चाहते हैं कि वह डाक्टर या इन्जीनियर बने । तो उसी बेसिज़ पर चला जाताहै । इसके लिए उसे साइन्स या मैथेमेटिक्स ले देते हैं, चाहे उस लड़के या लड़की को मैथिमेटिक्स या साइन्स का कुछ आता हो या ना आता हो । मैं तजवीज करना चाहता हूं कि ऐजूकेशन डिपार्टमेंट में एक सैक्शन ऐसा होना चाहिए जो इन्टेलिजैन्स ब्यूरो का काम करे। उसमें शुरू से ही देखा जाए, जब बच्चा स्कूल में पढ़ने जाता है कि उस बच्चे को किधर की ट्रेनिंग देनी है । अगर उसका बाप उसे इन्जीनियर बनाना चाहता है और वह स्टूडेन्ट 6 साल में मैथेमेटिक्स में पास ही नहीं होता या उसे साइन्स आती ही नहीं तो वह इस तरफ कैसे जाएगा । उस बच्चे को ऐजुकेशन डिपार्टमेंट को ठीक तरह से स्टार्ट देने के लिए राए देनी चाहिए ताकि उसे पता लग सके कि वह किधर ठीक चलेगा ।

डिप्टी स्पीकर साहिबा, मुझे यह तसलीम करने में ज़रा भी झिझक नहीं कि हमारे देश का कैक्टर लो हो रहा है, हम कुरप्शन को रूट आऊट नहीं कर सके । इस का कारण यह है कि

[सरदार प्रेम सिंह प्रेम]

हमारा कैक्टर लो है । अगर इस कैक्टर को बनाया नहीं जाएगा तो काम कैसे चलेगा ? अपने आप तो यह बन नहीं सकता । जो आइन्दा जैनरेशन आ रही है अगर उसका कैक्टर नहीं बनाएंगे और उसमें से सैकूलर आउट लुक वाले और देश को प्यार करने वाले बच्चे नहीं निकलेंगे तो बड़ी मुश्किल हो जाएगी । तब इस देश का क्या बनेगा ? इस की तरफ तवज्जोह देनी चाहिए । मिसाल के तौर पर हमारे मुल्क पर चीन ने हमला किया तो उस वक्त महाराणा प्रताप और गुरू गोविन्द सिंह की वीर रस की बातें याद करवानी पड़ीं । क्यों न पहले से ही बच्चों को गुरू गोविन्द सिंह की ऐसी बातें हमारे डिपार्टमेन्ट की ओर से बताई जाएं । जैसे कि :

देह शिवा मोहे वर एहे शुभ कमर्न ते कबू न डरूं...

मैं ज्यादा लम्बा नहीं जाना चाहता । यह बातें कोर्स में आनी चाहिएं । (प्रशंसा) बच्चे यह देखें और समझें और उन में अपनी जान पर खेलने का हौसला हो । इसी तरह से शिवाजी और दूसरे जितने भी हमारे बड़े बड़े हुए हैं उनकी बातें इन किताबों में आनी चाहिएं । जो अब किताबों का सिस्टम बना रखा है वह यह है कि सारा साल तो वह बच्चे उसको कैम करते रहते हैं और याद करते रहते हैं और फिर जब इम्तहान में जाते हैं तो फेल हो जाते हैं । इस लिए उन्हें ठोस चीज़ देनी चाहिए । तो यह जो सिलसिला, है यह गलत है ।

मैं एक बात और कहना चाहता हूं । इन बच्चों की किस्मत का फैसला आखीरी वक्त में यानी सालाना इम्तहान पर ही नहीं बेस करना चाहिए । जो इस से पहले तीन या चार इम्तेहान होते हैं उनके मुताबिक फैसला देना चाहिए । उसके लिए एक तरीका बना कर रखना चाहिए । फर्ज़ करो सलाना इम्तेहान में पास मार्क्स लेते वक्त वह दो या चार नम्बर पीछे रह गया तो देखना चाहिए कि उसने पीछे इम्तिहानों में क्या किया है । उस के मुताबिक फैसला करना चाहिए । इस बात की तरफ डिपार्टमेंट को तवज्जोह देनी चाहिए । डिप्टी स्पीकर साहिबा, यह सब बातें जो मैं अर्ज़ कर रहा हूं यह सब बातें पालेसी की अर्ज़ कर रहा हूं और पालेसी गवर्नमेंट ने बनानी है, लैजिसलेटर्ज़ ने बनानी है ।

जहां तक ऐजूकेशन डिपार्टमेंट में काम करने वाले जो अफसर लगे हुए हैं उनका ताल्लुक है मुझे उनसे कोई शिकायत नहीं, मैं सैटिसफाइड हूं । उन्होंने तो जो पालेसी गवर्नमेंट बनाती है उस को ऐक्सीक्यूट करना है । प्रबोध जी भी कहें कि ऐजूकेशन सिस्टम खराब है और छागला जी ने भी कहा है कि यह सिस्टम खराब है तो इस को तब्दील कौन करेगा । कोई ऐक्सपर्ट्स की कमेटी बनाई जाए जो इस की जांच करे । इस सिस्टम से बच्चों का नुक्सान होता है ।

एक बात और जो मैं अर्ज करना चाहता हूं वह है अपग्रेडिंग की । बात छोटी सी भी है और बड़ी भी । मुझे इस बात की खुशी है कि जे. बी. टी. यूनिटस एलाट करने के वक्त भी और अपग्रेडिंग आफ स्कूल्ज़ के वक्त भी हमारे ऐजूकेशन मिनिस्टर साहिब यह जांचने की कोशिश करते हैं और मेम्बरों से भी पूछते हैं कि कौन कौन से स्कूल अपग्रेड किए जाएं । यह बड़ी अच्छी बात है । मैं तारीफ करता हूं लेकिन एक बात, डिप्टी स्पीकर साहिबा, मैं कहना चाहता हूं कि जिस दिन से हम आज़ाद हुए हैं उस दिन से अगर फैक्टस और फिगर्ज़ को देखा जाए तो एक खास ट्रेंड का पता चलता है । रोड्ज़ के मामले को देखें । इलैक्ट्रिसिटी के

बारे परसों तरसों फिगर्ज़ आए थे। अमृतसर में 58 फीसदी इलैक्ट्रिफिकेशन हो गई, जालन्धर में उस से कम और लुधयाना में उस से कम। पटियाला में 18 पर सैन्ट और अम्बाला में 12 परसैंट। इसी तरह करनाल में उस से भी कम। मेरा कहने का मतलब यह है कि अभी तो यह ठीक है पूछकर करते हैं मगर जो पिछली इतने फर्क वाली बात हुई है उस की तरफ भी तवज्जो करनी चाहिए। 1957 से ऐसा ही चला आ रहा है। मैंने पहले भी कहा है और काफी अरसे से कहता आ रहा हूं कि हमारे राजपुरा तहसील में उगानी में जो स्कूल है उसे हाई स्कूल बनाया जाए लेकिन कोई नहीं पूछता है। मेरे कहने का मतलब है कि इस तरह की यह जो चीज़ चली आ रही थी उसकी तरफ भी तवज्जुह होनी चाहिए

"गुल फैंके हैं औरों की तरफ बल्कि समर भी,
ए खाना बर अंदाज़ कुछ तो इधर भी"

मेरी अर्ज़ है कि जब किसी अगली चीज़ का फैसला करना होता है तो जो चीज़ पीछे हुई हुई है उसकी तरफ ध्यान पहले दे लेना चाहिए। आप देखते है कि यहां रोज़ाना स्कूल के बारे में डैपूटेशनों पर डैपूटेशन आते हैं और कहते हैं कि हमारा स्कूल बनाया जाए हमारा स्कूल अपग्रेड किया जाए। मुझे खुशी है कि आज हमारे लोगों में तालीम के लिए इतनी कांशसनैस आ गई है कि खुद लाखों रुपए इकट्ठे करके बिलडिंगज़ बनाते हैं। हमारे नेता जवाहर लाल जी तो कहते थे कि तालीम दो चाहे दरख्तों के नीचे ही बच्चों को पढ़ाओ। मेरे एक गहरे दोस्त ने तो इस बात से इत्तफाक नहीं किया। मैं समझता हूं कि बिलडिंगज़ का अब कोई सवाल नहीं है क्यों कि हर एक जगह गांव वालों ने बिलडिंगें तैयार कर ली हैं और देने के लिए तैयार हैं। मैं समझता हूं कि गवर्नमेंट के पास पैसे की तंगी है तो कोई वजह नहीं कि धर्मशालाओं या दूसरी जगहों में न चलते रहें। उनको तो स्कूल चाहिए क्योंकि वह अब अपने बच्चों को पढ़ाना चाहते हैं। कोई ज़माना था जब हम लोगों के पीछे फिरते थे और उनकी मिन्नत समाजत करते थे कि अपने बच्चे पढ़ाओ लेकिन आज यह हालत है कि लोग बिलडिंगें तैयार करके सरकार के पीछे फिरते हैं कि बच्चों के लिए स्कूल दो तो हम लाचारी का इज़हार करते हैं। मैं कहता हूं—

"पिला दे ओक से साकी गर हम से नफरत है
प्याला नहीं देता न दे शराब तो दे"

उपाध्यक्षा : प्रेम जी शराब की बातें न करें कोई और अच्छी बात करें। Kindly wind up now. (Let the hon. Member turn his attention to some topic better than drinking.) Kindly wind up now.

सरदार प्रेम सिंह प्रेम : मैं तो डिप्टी स्पीकर साहिबा, बहुत कम बोलने वाला हूं, अगर नहीं मानते तो एक बात कह कर बैठ जाता हूं, तो मैं अर्ज़ करना चाहता हूं कि राजपुरा में एक सरदार पटेल मैमोरियल कालिज की बिलडिंग के लिए कोई दो लाख रुपया खर्च किया गया और इस दो लाख में से शायद 1½ लाख रुपया सैंटर से रीहैबलीटेशन मिनिस्टरी ने दिया। पिछली हकूमत के चीफ मिनिस्टर साहिब वहां जब तशरीफ ले गए थे तो उन्होंने बिलडिंग को देख कर वायदा भी किया था कि कुछ करेंगे लकिन यहां आ कर कुछ नहीं किया। मैं अर्ज़ करता हूं कि वहां 30-35 हज़ार के नज़दीक आबादी है और पटेल साहिब जैसे आदमी के नाम पर वहां कालिज की बिलडिंग दो लाख की लागत से बनी हुई है। मैं अर्ज़ करूंगा कि उस कालिज को ज़रूर

[सरदार प्रेम सिंह प्रेम]

जल्दी चलाएं (घंटी) कम से कम चौथे प्लान में उसे ज़रूर शामिल करें । मैं ने अभी कुछ ज़रूरी बातें कहनी थीं लेकिन आपने घंटी बजानी शुरू कर दी है इस लिए मैं खड़ा न रह कर बैठ जाता हूं ।

चौधरी रण सिंह (राडौर, ऐस. सी.) : डिप्टी स्पीकर साहिबा, मैं आपका शुक्रिया अदा करता हूं जो आपने मुझे समय दिया है । मैं ज्यादा समय नहीं लूंगा, सिर्फ चन्द मिनट में अपने हलके की बात कह कर बैठ जाऊंगा । इस में शक़ नहीं है कि आज़ादी के बाद भारत में और खास तौर पर पंजाब में महकमा तालीम ने बहुत तरक्की की है । जगह जगह स्कूल खुल रहे हैं और छोटे स्कूल अपग्रेड हो रहे हैं । यह बात भी काबिले तारीफ है कि सरकार ने जनता में तालीम का बहुत प्रचार किया है और दिहातों के लोग भी अब बहुत ऐजूकेशन माइंडड हो गए हैं । चाहे छोटे गांव हैं या बड़े उन्होंने लाखों रुपए खर्च करके बिलडिंगें बना ली हैं और स्कूलों की मांग कर रहे हैं लेकिन सरकार उनकी सारी मांगें पूरी नहीं करती है और कहती है फंड्ज़ नहीं हैं इस लिए अपग्रेड नहीं कर सकते । इस से ज्यादा बुरी बात और क्या हो सकती है कि लोग खुद अपने पल्ले से बिलडिंगें बना कर भी जब कहते हैं कि हमें अपने बच्चे पढ़ाने के लिए स्कूल दो तो सरकार न दे । एक तरफ तो हम यह कहते हैं कि हम तालीम न होने की वजह से ही बैकवर्ड और गुलाम रहे हैं लेकिन दूसरी तरफ जब लोग कहते हैं कि हमें तालीम दो तो हम कहते हैं पैसे नहीं है । यह एक धब्बा है सरकार के ऊपर और यह तब ही दूर होगा जब सरकार लोगों की इस मांग को पूरा करेगी । मैं वज़ीर साहिब से अर्ज़ करूंगा कि जहां जहां लोग स्कूल मांगते हैं खास तौर पर उन बैकवर्ड इलाकों में जहां पहले स्कूल कम हैं वहां फी हलका एक स्कूल वाली बात न करें बल्कि जितने स्कूल वहां लोग मांगते हैं उतने दें । हमारे वज़ीरे तालीम ने जब से यह महकमा अपने हाथ में लिया है उन्होंने जो खामियां उस में देखीं उन सब को दूर करने का यत्न किया है । उन्होंने बगैर यह देखे कि कौन कांग्रेसी है और कौन आपोज़ीशन का है सब मैम्बरान को चिट्ठी लिखी कि अपने अपने हलकों में जहां स्कूलों की बहुत ज़रूरत है लिख कर उन्हें भेजो । सारे मैम्बरान ने उनके इस कदम की सराहना की है और मैं भी उनको मुबारिकबाद पेश करता हूं जो उन्होंने ऐसा शानदार कदम उठाया है । आज तक किसी वज़ीर ने मैम्बरों को चिट्ठी नहीं लिखी कि अपने हलके की मांग भेजो । उन्होंने ही पहली दफा यह काबिले तारीफ काम किया है । मैं अब यह अर्ज़ करना चाहता हूं कि वैसे तो पंजाब में कई इलाके पिछड़े हुए होंगे लेकिन करनाल का ज़िला बहुत ही पिछड़ा हुआ है । कई ज़िलों में तो यह हाल है कि लड़कों के लिए अलहदा सरकारी कालिज है और लड़कियों के लिए अलैहदा है जो गवर्नमेंट चला रही है लेकिन ज़िला करनाल में लड़कियों की तो बात ही कहां लड़कों की तालीम के लिए भी सरकार ने इन्तज़ाम नहीं किया है, वहां बिल्कुल कोई सरकारी कालेज नहीं है । यह ठीक है कि वहां एक यूनिवर्सिटी बनाई गई है लेकिन वह तो स्टेट लैवल और आल इन्डिया लैवल की चीज़ है । कैथल के लोग कई साल से लगातार मांग करते आ रहे हैं कि वहां का कालिज पानी में डूबा रहता है उसे अपने हाथ में सरकार ले कर चलाए लेकिन कोई ध्यान नहीं दिया गया है । उन्होंने तीन लाख रुपये की बिलडिंग खड़ी की हुई है जिसे वह सरकार को देने के लिए तयार हैं मगर सरकार ने आज तक कुछ नहीं किया है । मैं ने सुना है कि पंजाबी

रिजन में सरकार ने सठियाला का कालिज ले लिया है, take over कर लिया है लेकिन हिन्दी रिजन वालों की मांग को नहीं माना जाता । इस तरफ ध्यान दिया जाए । लोगों ने कई स्कूल देने के लिए offer किया हुआ है लेकिन सरकार ने कोई कदम इस तरफ नहीं उठाया है । हमारे यहां बाबैन (Babain) का स्कूल है । पंचायत की माली हालत कमज़ोर है इस लिए वह स्कूल चला नहीं सकती है । पंचायत ने भी और ब्लाक समिति ने भी लिख कर भेजा है और resolution पास किए हैं कि हम स्कूल देने के लिए तैयार हैं लेकिन उसे नहीं लिया गया है । सरकार को इस बारे में सोचना पड़ेगा क्योंकि अब लोगों में अपने बच्चे पढ़ाने का बहुत शौक है । लोगों ने गरीबी के बावजूद लाखों रुपए इकट्ठे करके आलीशान इमारतें बनाई हैं और स्कूल चाहते हैं लेकिन सरकार दे नहीं रही है । वज़ीर साहिब को पता है कि कितने डैपूटेशन उनको इस काम के लिए रोज़ मिलने आते हैं । मेरे साथ हर दूसरे या तीसरे दिन एक डैपूटेशन इस मतलब के लिए उनके पास आता है । उनकी और कोई मांग नहीं होती है । वह स्कूल ही मांगते हैं । उन की ऐसी मांगों को पूरा करना चाहिए । यहां पर कई मेम्बरों ने, जिन में सरदार गुरदयाल सिंह ढिल्लों का नाम लेना विशेष कर ज़रूरी समझता हूं, कहा कि विदेशों में मास्टरों की तंखाहें यहां की निस्बत बहुत ही ज़्यादा हैं । जब मास्टरों का इतनी थोड़ी तनखाह से गुज़ारा नहीं हो सकता है तो मैं समझता हूं कि वह पढ़ाई की तरफ कैसे ध्यान दे सकते हैं ।उन के सामने तो महंगाई की समस्या विद्यमान है । इसलिए मैं चाहता हूं कि सरकार इन के ग्रेड्ज़ को बढ़ाए ताकि वह इस बेचैनी से बचकर देश के निर्माण में योगदान दे सकें। पार्टीशन के कुछ ही पहले की बात है कि हम स्कूलों में पढ़ा करते थे और हमारे गुरू हमें बहुत प्यार से और काफी देर तक पढ़ाया करते थे । हमें उस वक्त ट्यूशन रखने की ज़रूरत महसूस नहीं होती थी और न मास्टर्ज़ ही इस लालसा में पड़े हुए थे कि ट्यूशनों से रुपया कमाया जाए । लेकिन आजकल के हालात किसी से छुपे हुए नहीं हैं । आजकल मास्टर्ज़ अपने कर्त्तव्य का पालन नहीं कर रहे हैं । आजकल कोई भी बच्चा पहली श्रेणी में प्रवेश होता है तो उस के लिए ट्यूशन की मांग पहले हो जाती है और उसे ट्यूशन पढ़ाने के लिए मास्टर उस के घर आता है । और बहुत से मास्टर लोग ट्यूशन के लालची हो गए हैं । लेकिन हमारे समय में हम मास्टर के घर जाया करते थे और वह बिना ट्यूशन फी लिए हमें बड़ी खुशी से पढ़ाने में फख्र समझते थे लेकिन आजकल तो ट्यूशन का ज़माना आ गया है । अगर बच्चे को पहली जमात में ट्यूशन रख दी जाए तो क्या उस का करैक्टर ऊंचा होगा ? क्या ऐजूकेशन मिनिस्टर साहिब बतला सकते हैं कि उन पर मास्टरों के चरित्र का क्या प्रभाव पड़ेगा ? मैं समझता हूं कि इस तरह से देश का भविष्य उज्जवल नहीं होगा।

डिप्टी स्पीकर साहिबा, हमारी सरकार ने ऐम. ए. पास किए हुए टीचरों में भी डिस्क्रीमीनेशन डाल दी है । सरकार ने फस्ट, सैकंड क्लास तथा थर्ड क्लास ऐम. ए पास मास्टरों के ग्रेड अलग अलग कर दिए हैं । मैं समझता हूं कि यह सरकार का सराहनीय कदम नहीं है । कई कई बार ऐसा भी पाया जाता है कि ऐम. ए फस्ट क्लास टीचर्ज़ लड़कों को अच्छा नहीं पढ़ा सकते और ऐम. ए. थर्ड क्लास मास्टर अच्छा पढ़ा सकता है । यह तो पढ़ाने का ढंग है । इस में Division के बिना पर ग्रेडज़ फिक्स नहीं करने चाहिएं थे । सरकार फस्ट क्लास एम. ऐ. के लिए 210 रुपए, सैकंड क्लास के लिए 180 रुपए और थर्ड क्लास के लिए इस से

[चौधरी रण सिंह]

कम रुपए देती है । वह एक जैसा क्लासों में पढ़ाते हैं लेकिन तंखाह में डिस्पैरिटी रखी गई है । मैं समझता हूं कि इस की वजह से उन के दिलों में बर्निंग है । यह कोई सराहनीय काम नहीं है । सरकार को इस बारे में दोबरा सोचना चाहिए ।

डिप्टी स्पीकर साहिबा, मेरा खादर का इलाका है । हर गांव में बहुत से नाले हैं । एक गांव से दूसरे गांव में जाना हो तो उन नालों को पार करके जाना पड़ता है ।. बच्चे एक गांव से दूर गांव में शिक्षा प्राप्त करने के लिए नहीं जा सकते हैं । चाहे वह प्राइमरी के बच्चे हों या हायर स्कूलों के बच्चे हों उन को वहां पर जाना बहुत ही कठिन है । यहां पर मिनिस्टर साहिब ने कहा है कि हर एक कांस्टीचुएंसी में एक ही स्कूल दिया जाएगा । इस से मुझे निराशा ही हुई है । मेरे हल्के में 300 गांव हैं और दलदल का इलाका है । साल के 4 महीने पानी ही पानी रहता है और वहां पर झील की शक्ल इख्तियार करता है । अगर वहां पर भी एक स्कूल दिया जाए और जिस हलके में 40, 50 गांव हों वहां पर भी एक स्कूल दिया जाए तो मैं समझता हूं कि हमारे साथ बेइंसाफी हो रही है हमारा इलाका तो पहले ही शिक्षा के लिहाज से बहुत पिछड़ा हुआ है । इस सूरत में इस की ओर विशेष ध्यान देने की जरूरत है । मन्त्री महोदय ने मुझे आश्वासन भी दिया था कि जिन इलाकों में शिक्षा की कमी रही है उन की ओर ध्यान दिया जाएगा और स्कूल देते हुए इस बात का ध्यान रखा जाएगा । (घंटी) डिप्टी स्पीकर साहिबा, मैं एक और बात कह कर अपनी स्पीच वाइंड अप कर दूंगा । करनाल जिले में चाहे वह पानीपत करनाल या कैथल का इलाका है, वहां पर कोई कालिज नहीं है । इस लिए वहां पर कालिज खोला जाए ताकि वहां के स्टूडैंट्स को उच्च शिक्षा प्राप्त करने में सुविधा हो सके । (घंटी) डिप्टी स्पीकर साहिबा, मैं आप का धन्यवाद करके अपनी सीट सम्भालता हूं ।

ਸਰਦਾਰ ਲਛਮਣ ਸਿੰਘ ਗਿੱਲ (ਜਗਰਾਓਂ) : ਡਿਪਟੀ ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬਾ, ਅਜ ਅਸੀਂ ਇਕ ਅਹਿਮ ਮਦ ਪਾਸ ਕਰਨ ਲਗੇ ਹਾਂ । ਇਹ ਮਦ ਐਜੂਕੇਸ਼ਨ ਦੀ ਹੈ । ਇਹ ਠੀਕ ਹੈ ਕਿ ਅਸੀਂ 4 ਸਾਲਾਂ ਤੋਂ ਸਰਕਾਰ ਦਾ ਧਿਆਨ ਇਸ ਪਾਸੇ ਦਿਲਾ ਰਹੇ ਹਾਂ ਲੇਕਿਨ ਇਹ ਮੈਂ ਕਹਿਣਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਸਰਕਾਰ ਨੇ ਇਸ ਵਲ ਕੋਈ ਧਿਆਨ ਨਹੀਂ ਦਿਤਾ ਕਿ ਦੇਹਾਤ ਵਿਚ ਐਜੂਕੇਸ਼ਨ ਦਿਤੀ ਜਾਵੇ । ਮੈਂ ਗਵਰਨਰ ਸਾਹਿਬ ਦੇ ਐਡਰੈਸ ਤੇ ਬੋਲਦਿਆਂ ਹੋਇਆਂ ਅੰਕੜੇ ਭੀ ਪੇਸ਼ ਕੀਤੇ ਸਨ ਕਿ 80 ਫੀ ਸਦੀ ਜਨਤਾ ਪਿੰਡਾਂ ਵਿਚ ਰਹਿੰਦੀ ਹੈ ਅਤੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਵਲ ਸਰਕਾਰ ਕੋਈ ਧਿਆਨ ਨਹੀਂ ਦਿੰਦੀ । ਇਹ ਐਜੂਕੇਸ਼ਨ ਦਾ ਮਸਲਾ ਹੀ ਨਹੀਂ ਸਗੋਂ ਪਿੰਡਾਂ ਨਾਲ ਹਰ ਮਾਮਲੇ ਵਿਚ ਮਤੇਈ ਮਾਂ ਵਾਲਾ ਸਲੂਕ ਕੀਤਾ ਜਾਂਦਾ ਹੈ । ਇਸ ਵਿਚ ਕਿਸਾਨ, ਜ਼ਿਮੀਂਦਾਰ ਅਤੇ ਦੁਕਾਨਦਾਰ ਵੀ ਆਉਂਦੇ ਹਨ ਜਿਹੜੇ ਪਿੰਡਾਂ ਵਿਚ ਰਹਿੰਦੇ ਹਨ । ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਕਿਸੇ ਪਹਿਲੂ ਵਿਚ ਵੀ ਅਗੇ ਵਧਣ ਦਾ ਮੌਕਾ ਨਹੀਂ ਦਿੰਦੇ । ਪਿਛਲੀ ਸਰਕਾਰ ਦੇ ਬਾਰੇ ਮੈਂ ਜ਼ਿਕਰ ਕਰਨਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਉਹ ਪੁਲੀਟੀਕਲ ਪਰੈਸ਼ਰ ਨੂੰ ਹੀ ਮੁਖ ਰਖ ਕੇ ਕੰਮ ਕਰਦੀ ਸੀ ਅਤੇ ਉਹ ਨਿਕੰਮੀ ਸਰਕਾਰ ਸੀ। ਲੋਕ ਉਨ੍ਹਾਂ ਕੋਲੋਂ ਤੰਗ ਆ ਚੁਕੇ ਸਨ । ਪਿਛਲੀ ਸਰਕਾਰ ਦੀ ਜਿੰਨੀ ਵੀ ਮੁਜ਼ੱਮਤ ਕੀਤੀ ਜਾਏ ਓਨੀ ਥੋੜੀ ਹੈ । ਉਸ ਤੋਂ ਬਾਦ ਦੂਜੀ ਸਰਕਾਰ ਜੋ ਨਵੀਂ ਹੈ ਉਹ ਆਈ । ਉਸ ਵੇਲੇ ਆਪੋ-ਜ਼ੀਸ਼ਨ ਅਤੇ ਸਰਕਾਰੀ ਬੈਂਚਾਂ ਵਾਲਿਆਂ ਨੂੰ ਹੌਂਸਲਾ ਹੋਇਆ ਕਿ ਪੰਜਾਬ ਦਾ ਵਾਯੂਮੰਡਲ ਬਦਲੇਗਾ

ਅਤੇ ਖਾਸ ਤੌਰ ਤੇ ਜਿਹੜੀਆਂ ਪਿਛੜੀਆ ਹੋਈਆਂ ਸ਼ਰੇਣੀਆਂ ਹਨ ਅਤੇ ਲਤਾੜੇ ਹੋਏ ਆਦਮੀਆਂ ਨੂੰ ਅਗੇ ਵਧਣ ਦਾ ਮੌਕਾ ਮਿਲੇਗਾ । ਮੇਰੇ ਕਹਿਣ ਦਾ ਇਸ਼ਾਰਾ ਪਿੰਡਾਂ ਦੇ ਲੋਕਾਂ ਵਲ ਹੈ। ਆਸ ਹੈ ਇਹ ਸਰਕਾਰ ਐਜੂਕੇਸ਼ਨ ਸਬੰਧੀ ਪਿੰਡਾਂ ਵਲ ਧਿਆਨ ਦੇਵੇਗੀ । ਅਜ 118 ਕਰੋੜ ਰੁਪਏ ਦੇ ਬਜਟ ਵਿਚੋਂ 21 ਕਰੋੜ ਰੁਪਿਆ ਐਜੂਕੇਸ਼ਨ ਲਈ ਪਾਸ ਕਰ ਰਹੇ ਹਾਂ । ਇਹ ਠੀਕ ਹੈ ਕਿ ਪਿਛਲੇ ਸਾਲ ਨਾਲੋਂ ਇਸ ਸਾਲ 5 ਜਾਂ 6 ਕਰੋੜ ਰੁਪਿਆ ਜ਼ਿਆਦਾ ਖਰਚ ਕਰ ਰਹੇ ਹਾਂ । ਲੇਕਿਨ ਪਿੰਡਾਂ ਵਲ ਘਟ ਹੀ ਧਿਆਨ ਦਿਤਾ ਜਾ ਰਿਹਾ ਹੈ । ਇਕ ਕੰਸਟੀਚੁਐਂਸੀ ਵਿਚ ਡੇਢ ਲਖ ਆਬਾਦੀ ਹੁੰਦੀ ਹੈ। ਉਸ ਵਿਚ ਕੇਵਲ ਇਕ ਹੀ ਸਕੂਲ ਅਪਗਰੇਡ ਕਰਨ ਦਾ ਸਰਕਾਰ ਨੇ ਫੈਸਲਾ ਕੀਤਾ ਹੈ । ਇਸ ਤੋਂ ਅੰਦਾਜ਼ਾ ਲਗਾਇਆ ਜਾ ਸਕਦਾ ਹੈ ਕਿ ਇਹ ਸਰਕਾਰ ਜਨਤਾ ਦੀ ਹੇਤੂ ਕਹਿਲਾਉਣ ਲਈ ਕਿਥੋਂ ਤਕ ਹੱਕਦਾਰ ਹੋ ਸਕਦੀ ਹੈ ।

ਮੈਂ ਅਰਜ਼ ਕਰਨਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਸਾਡੇ ਐਜੂਕੇਸ਼ਨ ਮਨਿਸਟਰ ਸਾਹਿਬ ਖਾਸੇ ਤਾਲੀਮ ਯਾਫਤਾ ਹਨ । ਇਸ ਤੋਂ ਪਹਿਲਾਂ ਉਹ ਪਹਿਲੀ ਸਰਕਾਰ ਵਿਚ ਵੀ ਮਨਿਸਟਰ ਰਹਿ ਚੁਕੇ ਹਨ। ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਸਪੀਕਰ ਰਹਿਣ ਦਾ ਭੀ ਸੁਭਾਗ ਪਰਾਪਤ ਹੋਇਆ । ਇਹ ਸਭ ਨੂੰ ਪਤਾ ਹੈ ਕਿ ਉਹ ਚੰਗੇ ਕਮੈਂਟਸ ਅਤੇ ਚੰਗੇ ਰੂਲਿੰਗ ਦਿੰਦੇ ਸਨ । ਹੁਣ ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਐਜੂਕੇਸ਼ਨ ਦੇ ਇੰਚਾਰਜ ਬਣਾਇਆ ਗਿਆ ਹੈ । ਮੈਂ ਮਨਿਸਟਰ ਸਾਹਿਬ ਨੂੰ ਕਹਿਣਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਜਿਸ ਉਤਸ਼ਾਹ ਨਾਲ ਉਹ ਆਏ ਹਨ ਉਸੇ ਉਤਸ਼ਾਹ ਨਾਲ ਇਸ ਕੰਮ ਨੂੰ ਅਗੇ ਲੈ ਜਾਣ । ਮੈਂ 4-5 ਗਲਾਂ ਮਨਿਸਟਰ ਸਾਹਿਬ ਦੇ ਨੋਟਿਸ ਵਿਚ ਲਿਆਉਣਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਲੇਕਿਨ ਉਸ ਤੋਂ ਪਹਿਲਾਂ ਮੈਂ ਆਪਣੀ ਕੰਸਟੀਚੁਐਂਸੀ ਬਾਰੇ ਕਹਿਣਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ। ਮੈਂ ਜਗਰਾਓਂ ਦੇ ਸਨਮਤੀ ਜਨਤਾ ਕਾਲਿਜ ਦੇ ਬਾਰੇ ਜ਼ਿਕਰ ਕਰਨਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ । ਇਸ ਕਾਲਜ ਦਾ ਨਾਉਂ ਸਨਮਤੀ ਜਨਤਾ ਕਾਲਜ ਹੈ । ਇਹ ਕਾਲਜ ਹਿੰਦੂ, ਸਿਖਾਂ ਸਾਰੇ ਪਿੰਡ ਵਾਲਿਆਂ ਨੇ ਬਣਾਇਆ ਹੈ ਅਤੇ ਇਕ ਮਹਾਨ ਤਪਸਵੀ ਦੇ ਕਹਿਣ ਤੇ ਬਣਾਇਆ ਗਿਆ ਹੈ । ਅਸੀਂ ਉਥੇ ਬੜੀ ਸ਼ਾਨਦਾਰ ਬਿਲਡਿੰਗ ਬਣਾਈ ਜਿਸ ਤੇ 6 ਲਖ ਰੁਪਿਆ ਖਰਚ ਕੀਤਾ ਗਿਆ । 175 ਏਕੜ ਜ਼ਮੀਨ ਕਾਲਜ ਦੇ ਪਾਸ ਹੈ ਅਤੇ ਮੈਨੇਜਮੈਂਟ ਕੋਲ 25,000 ਰੁਪਿਆ ਹੈ । ਮੈਂ ਵੀ ਉਸ ਵਿਚ ਪੈਸਾ ਪਾਇਆ ਹੈ । ਪਿਛਲੀ ਸਰਕਾਰ ਨੇ ਪੰਜਾਬ ਦੇ ਵਾਯੂਮੰਡਲ ਨੂੰ ਪੁਲੀਟੀਕਲੀ ਐਨਾ ਗੰਦਾ ਬਣਾ ਦਿਤਾ ਸੀ ਕਿ ਇਸ ਨੂੰ ਠੀਕ ਕਰਨ ਲਈ ਬੜੀ ਦੇਰ ਲਗੇਗੀ। ਐਜੂਕੇਸ਼ਨ ਨੂੰ ਕਦੇ ਵੀ ਪੁਲੀਟੀਕਲ ਪਲੇਟਫਾਰਮ ਨਹੀਂ ਬਣਾਉਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਲੇਕਿਨ ਪਿਛਲੀ ਸਰਕਾਰ ਨੇ ਇਸ ਨੂੰ ਵੀ ਪੁਲੀਟੀਕਲ ਪਲੇਟਫਾਰਮ ਬਣਾ ਦਿਤਾ ਅਤੇ ਕਾਂਗਰਸ ਦਾ ਪਲੇਟਫਾਰਮ ਬਣਾ ਦਿਤਾ। ਟੀਚਰਾਂ ਦੇ ਦਿਮਾਗ ਤੇ ਵੀ ਪੁਲੀਟੀਕਲ ਪਰੈਸ਼ਰ ਪਾ ਦਿਤਾ । ਪੁਲੀਟੀਕਲ ਪਾਵਰ ਤੋਂ ਬਿਨਾ ਇਨ੍ਹਾਂ ਟੀਚਰਾਂ ਦੀ ਕੋਈ ਗਲ ਨਹੀਂ ਮੰਨੀ ਜਾਂਦੀ ਸੀ ਅਤੇ ਇਸ ਗਲ ਨੂੰ ਮੁਖ ਰਖਿਆ ਜਾਂਦਾ ਸੀ ਵਰਨਾ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੀ ਕੋਈ ਆਵਾਜ਼ ਨਹੀਂ ਸੁਣੀ ਜਾਂਦੀ ਸੀ । ਸਾਡੇ ਪਿਛਲੇ ਚੀਫ ਮਨਿਸਟਰ ਸਾਹਿਬ ਅਲੈਕਸ਼ਨਾਂ ਵੇਲੇ ਜਗਰਾਓਂ ਗਏ ਅਤੇ ਲੋਕਾਂ ਨੂੰ ਵਰਗਲਾਉਣ ਦੀ ਕੋਸ਼ਿਸ਼ ਕੀਤੀ ਕਿ ਇਸ ਨੂੰ ਮੈਂਬਰ ਨਾ ਬਨਣ ਦਿਓ, ਲੇਕਿਨ ਮੈਨੂੰ ਫਖਰ ਹਾਸਲ ਹੈ ਕਿ ਮੈਂ ਉਸ ਕਨਸਟੀਚੁਐਂਸੀ ਤੋਂ ਚੁਣ ਕੇ ਆਇਆ ਹਾਂ ਜਿਸ ਵਿਚ 27,000 ਹਿੰਦੂ ਵੋਟਰਜ਼ ਹਨ । ਮੈਂ 85 ਫੀ ਸਦੀ ਤੋਂ ਜ਼ਿਆਦਾ ਹਿੰਦੂ ਵੋਟ ਲੈ ਕੇ ਆਇਆ ਹਾਂ । ਉਥੇ ਜਾ ਕੇ ਪਹਿਲੇ ਚੀਫ ਮਿਨਿਸਟਰ ਨੇ ਕਿਹਾ ਕਿ ਮੈਨੂੰ ਸਮਝ ਨਹੀਂ ਆਉਂਦੀ ਕਿ ਹਿੰਦੂ ਕਿਉਂ ਇਸ ਆਦਮੀ ਨੂੰ ਵੋਟ ਦੇ ਰਹੇ ਹਨ । ਇਸ ਲਈ ਵੋਟ ਦੇ ਰਹੇ ਹੋ ਕਿ ਕਾਲਿਜ ਬਣ ਜਾਏ ਪਰ ਯਾਦ ਰਖਿਓ ਕਿ ਤੁਸਾਂ ਜਿਸ ਕਾਲਿਜ ਦੀ ਨੀਂਹ ਰਖੀ ਹੈ ਮੈਂ ਇਸ ਦੀ ਇਟ ਨਾਲ ਇਟ ਵਜਾ ਦਿਆਂਗਾ ਅਤੇ ਮੰਨਜ਼ੂਰੀ ਨਹੀਂ ਦਿਆਂਗਾ ਜਦੋਂ ਤਕ ਜੀਉਂਦਾ ਰਹਾਂਗਾ । ਜਦੋਂ ਤਕ ਉਹ ਜੀਉਂਦਾ ਰਿਹਾ, ਇਹ ਗਲ ਠੀਕ ਹੈ ਕਿ ਉਹ ਤਾਂ ਆਪਣੇ

[ਸਰਦਾਰ ਲਛਮਨ ਸਿੰਘ ਗਿੱਲ]

ਬਚਨ ਦਾ ਸੂਰਮਾ ਨਿਕਲਿਆ ਅਤੇ ਉਹ ਇਟ ਨਾਲ ਇੱਟ ਖੜਕਾਉਂਦਾ ਰਿਹਾ, ਉਸ ਨੇ ਕਾਲਿਜ ਨਹੀਂ ਬਨਣ ਦਿਤਾ । ਪਰ ਹੁਣ ਤਾਂ ਮਾਲਿਕ ਨੂੰ ਪਿਆਰੇ ਹੋ ਗਏ ਹਨ। ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੀ ਗਲ ਹੁਣ ਕੀ ਕਰਨੀ ਹੈ। ਮੈਂ ਹੁਣ ਤੁਹਾਡੀ ਤਵਜੋਹ ਇਸ ਪਾਸੇ ਦਿਵਾਉਣੀ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਸਾਡੇ ਐਜੂਕੇਸ਼ਨ ਮਨਿਸਟਰ ਣ ਵੀ ਤੇ ਸਪੀਕਰ ਦੀ ਹੈਸੀਅਤ ਵਿਚ ਵੀ ਕਹਿੰਦੇ ਰਹੇ ਹਨ ਕਿ ਲੋਕਾਂ ਨਾਲ ਜ਼ਿਆਦਤੀ ਹੁੰਦੀ ਰਹੀ ਹੈ । ਪਰ ਹੁਣ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਵੀ ਐਜੂਕੇਸ਼ਨ ਮਿਨਿਸਟਰ ਬਣਿਆਂ ਹੋਇਆਂ 8 ਮਹੀਨੇ ਹੋ ਗਏ ਹਨ ਗਲ ਉਥੇ ਦੀ ਉਥੇ ਹੀ ਹੈ ਤਾਂ ਸਾਨੂੰ ਦਸੋ ਸਾਡਾ ਉਤਸ਼ਾਹ ਕੀ ਕਰ ਗਾ ਅਤੇ ਸਾਡੀਆਂ ਦੁਆਵਾਂ ਕੀ ਕਰਨਗੀਆਂ । ਜਿਸ ਕਾਲਿਜ ਨੂੰ ਪਿੰਡਾਂ ਦੇ ਲੋਕ ਅਤੇ ਸ਼ਹਿਰ ਦੇ ਲੋਕ ਮਿਲ ਕੇ ਚਲਾਉਣਾ ਚਾਹੁੰਦੇ ਹਨ, ਤੁਸੀਂ ਉਸ ਨੂੰ ਬਨਣ ਨਹੀਂ ਦੇ ਰਹੇ ਅਤੇ ਲੋਕਾਂ ਦੀ ਆਵਾਜ਼ ਨੂੰ ਘੁਟ ਰਹੇ ਹੋ ਤਾਂ ਪਿੰਡ ਕਿਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਨਾਲ ਤਰੱਕੀ ਕਰ ਸਕਦੇ ਹਨ । ਮੈਂ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਵਜ਼ੀਰ ਸਾਹਿਬ ਆਪਣੀ ਸਪੀਚ ਵਿਚ ਇਸ ਦਾ ਜਵਾਬ ਦੇਣ । ਮੈਨੂੰ ਦੁਖ ਨਾਲ ਕਹਿਣਾ ਪੈਂਦਾ ਹੈ ਕਿ ਰੋਕੋ ਇਸ ਬਗਾਵਤ ਨੂੰ ਜਿਹੜੀ ਪਿੰਡਾਂ ਵਿਚ ਉਠਣ ਵਾਲੀ ਹੈ । ਮੇਰਾ ਤਾਂ ਫਰਜ਼ ਬਣਦਾ ਹੈ ਕਿ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਬਗਾਵਤ ਕਰਨ ਲਈ ਕਹਾਂ ਕਿਉਂ ਜੋ ਸਰਕਾਰ ਪਿੰਡਾਂ ਦਿਆਂ ਬਚਿਆਂ ਨੂੰ ਐਜੂਕੇਸ਼ਨ ਵਿਚ ਉਪਰ ਉਠਣ ਨਹੀਂ ਦੇ ਰਹੀ । ਉਨ੍ਹਾਂ ਦਿਆਂ ਸਕੂਲਾਂ ਦੀ ਬੜੀ ਖਸਤਾ ਹਾਲਤ ਹੈ, ਉਥੇ ਮਾਸਟਰ ਨਹੀਂ ਹਨ, ਬੈਠਣ ਲਈ ਤਪੜ ਨਹੀਂ ਹਨ, ਉਨ੍ਹਾਂ ਨਾਲ ਕੈਦੀਆਂ ਨਾਲੋਂ ਵੀ ਬੁਰਾ ਸਲੂਕ ਕੀਤਾ ਜਾ ਰਿਹਾ ਹੈ । ਜਦ ਇਹ ਗਲ ਹੋਵੇ ਤਾਂ ਕਿਉਂ ਫਿਰ ਇਸੇ ਗੌਰਮਿੰਟ ਨੂੰ ਰੀਟਰਨ ਕਰਨਗੇ ? ਮੈਂ ਪ੍ਰਬੋਧ ਹੋਰਾਂ ਨੂੰ ਕਹਾਂਗਾ ਕਿ ਤੁਹਾਡੇ ਕੋਲ ਇਸ ਵੇਲੇ ਕਈ ਡੀਪਾਰਟਮੈਂਟ ਹਨ, ਬਜਾਏ ਇਸ ਦੇ ਕਿ ਪੋਲੀਟੀਕਲ ਲੈਗ ਪੁਲਿੰਗ ਵਿਚ ਲਗੇ ਰਹੋ ਅਤੇ ਸਾਰਾ ਵਕਤ ਜ਼ਾਇਆ ਕਰੋ ਲੋਕਾਂ ਦਾ ਕੁਝ ਭਲਾ ਕਰੋ । ਤੁਸੀਂ ਵੀ ਅਜੇ ਤਕ ਜਿਹੜਾ ਕੀਤਾ ਹੈ ਉਹ ਸ਼ਹਿਰਾਂ ਵਿਚ ਹੀ ਕੀਤਾ ਹੈ । ਕਦੀ ਅੰਮ੍ਰਿਤਸਰ, ਕਦੀ ਬਟਾਲੇ, ਕਦੀ ਗੁਰਦਾਸਪੁਰ ਅਤੇ ਕਦੀ ਗੁੜਗਾਵਾਂ ਚਲੇ ਗਏ । ਮੈਂ ਤੁਹਾਨੂੰ ਕਹਾਂਗਾ ਕਿ ਪਿਡਾਂ ਦੇ ਲੋਕ ਤੁਹਾਡਾ ਜ਼ਿਆਦਾ ਇਹਤਰਾਮ ਕਰਦੇ ਹਨ ਤਾਂ ਫਿਰ ਕੀ ਵਜ੍ਹਾ ਹੈ ਕਿ ਤੁਸੀਂ 80 ਫੀ ਸਦੀ ਆਬਾਦੀ ਦੇ ਸਕੂਲਾਂ ਨੂੰ ਤੁਸੀਂ ਵੇਖਣ ਨਾ ਜਾਓ । ਪੜ੍ਹੇ ਲਿਖੇ ਮਿਨਿਸਟਰ ਹੋ, ਤੁਹਾਡਾ ਪਹਿਲਾ ਫਰਜ਼ ਬਣਦਾ ਹੈ ਕਿ ਤੁਸੀਂ ਸਕੂਲਾਂ ਦਾ ਇੰਤਜ਼ਾਮ ਚੰਗਾ ਕਰੋ ਤਾਂ ਜੋ ਬਚਿਆਂ ਨੂੰ ਚੰਗੀ ਤਾਲੀਮ ਮਿਲ ਸਕੇ ਅਤੇ ਦੇਸ਼ ਤਰੱਕੀ ਕਰ ਸਕੇ । ਮੈਂ ਦੇਸ਼ ਲਈ ਵੀ ਅਤੇ ਤੁਹਾਡੀ ਜ਼ਾਤ ਦੀ ਖਾਤਰ ਵੀ ਅਪੀਲ ਕਰਾਂਗਾ ਕਿ ਬਿਨਾ ਇਤਲਾਹ ਦਿਤਿਆਂ ਪਿਡਾਂ ਦਿਆਂ ਸਕੂਲਾ ਵਿਚ ਜਾਉ, ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੀ ਹਾਲਤ ਵੇਖੋ ਅਤੇ ਫਿਰ ਮੁਕਾਬਲਾ ਕਰੋ । ਸਾਨੂੰ ਤਾਂ ਆਜ਼ਾਦ ਹੋਇਆਂ ਨੂੰ 18 ਸਾਲ ਹੋ ਗਏ ਹਨ ਜਿਹੜੇ ਦੇਸ਼ ਸਾਡੇ ਪਿਛੋਂ ਆਜ਼ਾਦ ਹੋਏ ਹਨ, ਭਾਵੇਂ ਸਾਡੇ ਉਹ ਦੁਸ਼ਮਨ ਹੀ ਹਨ, ਚੀਨ ਵਲ ਵੇਖੋ, ਬਰਮਾ ਵਲ ਵੇਖੋ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦਿਆਂ ਬੱਚਿਆਂ ਦੀ ਤਾਲੀਮ ਵੇਖੋ ਅਤੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੀ ਸਿਹਤ ਵੇਖੋ ਤਾਂ ਸਾਡਾ ਸਿਰ ਸ਼ਰਮ ਨਾਲ ਝੁਕ ਜਾਂਦਾ ਹੈ। ਤੁਸੀਂ ਇਥੇ ਹੀ ਸੈਕ੍ਰੇਟਰੀਏਟ ਵਿਚ ਜਾਉ, ਕਿਨੀ ਨਿਕੰਮੀ ਜਗ੍ਹਾ ਹੈ, ਕੀ ਵਜ੍ਹਾ ਹੈ ਕਿ ਸੈਕ੍ਰੇਟਰੀ ਹਿੰਦੂ ਹੈ, ਡਾਇਰੈਕਟਰ ਹਿੰਦੂ ਹੈ, ਜੁਆਇੰਟ ਡਾਇਰੈਕਟਰ ਹਿੰਦੂ ਹੈ, ਹੋਰ ਵੀ ਭਾਵੇਂ ਕਿੰਨੇ ਰਖੀ ਜਾਉ ਸਭ ਹਿੰਦੂ, ਮੈਂ ਪੁਛਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਇਹ ਗੌਰਮਿੰਟ ਦੀ ਆਰਗੇਨਾਈਜ਼ੇਸ਼ਨ ਹੈ ਕਿ ਹਿੰਦੂ ਮਹਾ ਸਭਾ ਦਾ ਦਫਤਰ ਹੈ। ਕੀ ਗੌਰਮਿੰਟ ਇਹ ਮਹਿਸੂਸ ਨਹੀਂ ਕਰਦੀ ਕਿ ਦੂਸਰੇ ਲੋਕ ਵੀ ਜਿਹੜੇ ਇਥੇ ਰਹਿੰਦੇ ਹਨ ਉਹ ਕਿਵੇਂ ਜ਼ਬਤ ਕਰਦੇ ਹਨ। ਕੀ ਤੁਸੀਂ ਦੇਸ਼ ਨਾਲ ਇਨਸਾਫ ਕਰ ਰਹੇ ਹੋ ? ਪਹਿਲੇ ਨੇ ਤਾਂ ਇਹ ਖਿਆਲ ਰਖਿਆ ਕਿ ਕਾਂਗ੍ਰੇਸ ਦੀ ਆਰਗੇਨਾਈਜੇਸ਼ਨ ਨੂੰ ਮਜ਼ਬੂਤ ਕਰੋ ਅਤੇ ਕਾਂਗ੍ਰੇਸ ਦਾ ਨਾਂ ਲੈ ਕੇ ਆਦਮੀਆਂ ਦੀ ਧੌੜੀ ਲਾਹੁੰਦੇ ਚਲੇ ਜਾਉ । ਹਾਲਾਤ ਮੈਨੂੰ ਕਹਿਣ ਲਈ ਮਜਬੂਰ

ਕਰਦੇ ਹਨ । ਪਹਿਲੇ ਤਾਂ ਪੰਜਾਬੀ ਰਿਜਿਨ ਅਤੇ ਹਿੰਦੀ ਰਜਿਨ ਗੌਰਮਿੰਟ ਦੀਆਂ ਕਰੀਏਸ਼ਨਜ਼ ਹਨ, ਇਹ ਦੋਵੇਂ ਗਲਤ ਹਨ । ਮੈਂ ਮੁਦਈ ਹੁੰਦਿਆਂ ਬੜੇ ਜ਼ੋਰਦਾਰ ਤਰੀਕੇ ਨਾਲ ਕਹਿਣਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਤੁਸਾਂ ਖ਼ੁਦ ਫਿਰਕਾਦਾਰੀ ਪੈਦਾ ਕੀਤੀ ਹੈ ਨਾ ਕਿ ਅਸੀਂ ਕੀਤੀ ਹੈ । ਸਾਡੀ ਮੰਗ ਹੈ ਕਿ ਪੰਜਾਬ ਦੀ ਜ਼ਬਾਨ ਪੰਜਾਬੀ ਹੈ । ਜਿਹੜੀਆਂ 14 ਬੋਲੀਆਂ ਕਾਂਸਟੀਚਊਸ਼ਨ ਨੇ ਮੰਨੀਆਂ ਹਨ ਉਨ੍ਹਾਂ ਵਿਚੋਂ ਇਕ ਇਹ ਵੀ ਹੈ ਪਰ ਤੁਸਾਂ ਦੇਸ਼ ਦੇ ਵਾਯੂ ਮੰਡਲ ਨੂੰ ਫਿਰਕਾਪ੍ਰਸਤੀ ਦਾ ਰਗ ਦੇ ਕੇ ਦੋ ਹਦਾਂ ਬਣਾ ਦਿਤੀਆਂ ਹਨ। ਪੰਜਾਬੀ ਰਿਜਿਨ ਅਤੇ ਹਿਂਦੀ ਰਿਜਿਨ । ਫਿਰ ਇਥੇ ਹੀ ਬਸ ਨਹੀਂ ਕੀਤੀ, ਦੋ ਯੂਨੀਵਰਸਿਟੀਆਂ ਬਣਾ ਦਿਤੀਆਂ ਹਨ ਯਾਨੀ ਫਿਰਕਾਪ੍ਰਸਤੀ ਦਾ ਠੋਸ ਲੇਬਲ ਲਗਾ ਦਿਤਾ ਪੱਕਾ ਕੰਮ ਕਰ ਦਿਤਾ—ਪੰਜਾਬੀ ਰਿਜਿਨ ਵਿਚ ਰਹਿਣ ਵਾਲਿਆਂ ਨੂੰ ਪੰਜਾਬੀ ਯੂਨੀਵਰਸਿਟੀ ਦੇ ਦਿਤੀ ਅਤੇ ਹਿੰਦੀ ਰਿਜਿਨ ਵਿਚ ਰਹਿਣ ਵਾਲਿਆਂ ਨੂੰ ਸੰਸਕ੍ਰਿਤ ਯੂਨੀਵਰਸਿਟੀ ਦੇ ਦਿਤੀ । ਮੈਨੂੰ ਦੁਖ ਨਾਲ ਕਹਿਣਾ ਪੈਂਦਾ ਹੈ ਕਿ ਇਸ ਮਨਿਸਟਰੀ ਤੋਂ ਆਉਣ ਤੋਂ ਪਹਿਲੋਂ ਇਥੇ ਇਕ ਮਨੱਜ਼ਮ ਸਾਜ਼ਿਸ਼ ਸੀ ਅਤੇ ਹੁਣ ਵੀ ਉਹ ਚਲ ਰਹੀ ਹੈ ਜਿਹੜੀ ਕਿ ਪਜਾਬੀ ਜ਼ਬਾਨ ਨੂੰ ਆਹਿਸਤਾ ਆਹਿਸਤਾ ਖਤਮ ਕਰਨਾ ਚਾਹੁੰਦੀ ਹੈ। ਮੈਂ ਇਕ ਮਿੱਤਰ ਦੀ ਹੈਸੀਅਤ ਵਿਚ ਪ੍ਰਬੋਧ ਚੰਦ੍ਰ ਨੂੰ ਕਹਾਂਗਾ ਕਿ ਗੌਰਮੈਂਟ ਨੇ ਦੋਹਾਂ ਕੌਮਾਂ ਵਿਚ ਬੜਾ ਮਤ ਭੇਦ ਪੈਦਾ ਕਰ ਦਿਤਾ ਹੈ । ਇਕ ਕੌਮ ਨਾਲ ਬੜੀ ਭਾਰੀ ਬੇਇਨਸਾਫ਼ੀ ਕੀਤੀ ਹੈ ਪੰਜਾਬੀ ਜ਼ਬਾਨ ਨਾਲ ਬੜੀ ਬੇਇਨਸਾਫੀ ਹੋਈ ਹੈ, ਹੁਣ ਵੀ ਇਕ ਮਨਜ਼ਮ ਸਾਜਸ਼ ਹੈ ਜਿਸ ਨਾਲ ਪੰਜਾਬੀ ਨੂੰ ਖਤਮ ਕੀਤਾ ਜਾ ਰਿਹਾ ਹੈ ।

ਚੌਧਰੀ ਬਾਲੂ ਰਾਮ : On a point of order Madam ਮੈਂ ਇਹ ਕਹਿਣਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਐਜੂਕੇਸ਼ਨ ਦੀ ਬਹਿਸ ਵਿਚ ਇਹ ਫਿਰਕੇਦਾਰੀ ਦੀ ਬਾਤ ਲੈ ਆਏ ਹਨ । ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਨੇ 85 ਫੀ ਸਦੀ ਵੋਟ ਦੇ ਕੇ ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਕਾਮਯਾਬ ਕੀਤਾ ਹੈ, ਉਥੇ ਤੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੀ ਤਾਰੀਫ ਕਰਦੇ ਸਨ ਪਰ ਹੁਣ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਚੁਣੇ ਹੋਏ ਹੋ ਕੇ ਇਹੋ ਜਿਹੀਆਂ ਗਲਾਂ ਕਰ ਰਹੇ ਹਨ।

(ਘੰਟੀ ਦੀ ਆਵਾਜ਼)

ਸਰਦਾਰ ਲਛਮਣ ਸਿੰਘ ਗਿੱਲ : ਡਿਪਟੀ ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬਾ, ਮੈਂ ਦੂਸਰੇ ਮੈਂਬਰਾਂ ਨਾਲੋਂ ਇਕ ਮਿਨਟ ਵੀ ਜ਼ਿਆਦਾ ਨਹੀਂ ਲਵਾਂਗਾ । ਮੈਂ ਕਹਿ ਰਿਹਾ ਸਾਂ ਕਿ ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਖ਼ੁਦ ਫਿਰਕਾ ਪ੍ਰਸਤੀ ਨੂੰ ਪੈਦਾ ਕੀਤਾ ਹੈ । ਖ਼ੁਦ ਦੋ ਯੂਨੀਵਰਸਿਟੀਆਂ ਬਣਾਈਆਂ ਹਨ ਪਰ ਪੰਜਾਬੀ ਯੂਨੀ-ਵਰਸਿਟੀ ਨਾਲ ਜਿਹੜਾ ਇਨਸਾਫ ਕਰਦੇ ਹੋ ਉਸ ਦੀ ਇਨਸਟੈਂਸ ਮੈਂ ਦਸਣਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ । ਮੈਂ ਪ੍ਰਬੋਧ ਹੋਰਾਂ ਨੂੰ ਇਕ ਦੋਸਤ ਦੀ ਹੈਸੀਅਤ ਵਿਚ ਵਾਰਨਿੰਗ ਦੇਣੀ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਤੁਸੀਂ ਰੋਜ਼ ਅਖਬਾਰ ਪੜ੍ਹਦੇ ਹੋ, ਆਪਣੇ ਆਪ ਨੂੰ ਹਾਲਾਤ ਦੇ ਮੁਤਾਬਿਕ ਐਡਜਸਟ ਕਰ ਲਓ । ਪੰਜਾਬੀ ਯੂਨੀਵਰਸਿਟੀ ਨਾਲ ਜਿਹੜਾ ਸਲੂਕ ਕੀਤਾ ਜਾਂਦਾ ਹੈ, ਉਹ ਮੈਂ ਅੰਕੜੇ ਪੇਸ਼ ਕਰਕੇ ਦਸਣਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ : ਅੰਕੜੇ ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਹਨ—

Grants from State Government

1962-63	Rs 4,00,000
1963-64	Rs 22,50,000 (Rs 7,00,000 for maintenance and Rs 15,50,000 for construction and cost of land).
1964-65	Rs 20,00,000 (Rs 9,95,425.33 P. for maintenance and Rs 10,04,574.67 for construction).
Estimated grant from State Government during 1964-65	Rs 33,28,880
Grant received	Rs 20,00,000
Balance to be received	Rs 13,28,880 (A great deal of correspondence has passed between the University and the State Government to release the balance Grant).

[ਸਰਦਾਰ ਲਛਮਨ ਸਿੰਘ ਗਿੱਲ]

ਇਹ ਉਸ ਜ਼ਬਾਨ ਦੀ ਯੂਨੀਵਰਸਿਟੀ ਨਾਲ ਸਲੂਕ ਹੋ ਰਿਹਾ ਹੈ ਜਿਸ ਦੇ ਬਾਰੇ ਪ੍ਰਾਈਮ ਮਿਨਿਸਟਰ ਨੇ ਡਜ਼ਨਜ਼ ਆਫ ਮੀਟਿੰਗਜ਼ ਤੇ ਕਿਹਾ ਸੀ ਕਿ ਅਸੀਂ ਇਸ ਨੂੰ ਪਾਪੂਲਰ ਕਰਨਾ ਚਾਹੁੰਦੇ ਹਾਂ। ਮੈਂ ਇਹ ਗਲ ਤੁਹਾਡੇ ਦਿਮਾਗ ਵਿਚ ਦਾਖਿਲ ਕਰਨਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਪੰਜਾਬ ਇਕ ਹੈ। ਇਸ ਸਾਰੇ ਸੂਬੇ ਦੀ ਜ਼ਬਾਨ ਇਕ ਹੈ ਅਤੇ ਉਹ ਪੰਜਾਬੀ ਹੈ। ਅਗੇ ਫਿਗਰਜ਼ ਵੇਖੋ—

Budget for 1965-66

Total budgeted amount	..	Rs	81,53,230
(a) Maintenance expenditure	..	Rs	29,93,796
Income (including U.G.C. Grants)	..	Rs	8,50,977
Deficit	..	Rs	21,42,819
(b) Construction expenditure	..	Rs	51,49,534
Grants from U.G.C.	..	Rs	26,761,416
Deficit	..	Rs	24,75,118
Total Deficit	..	Rs	46,17,937

ਜਿਹੜੀ ਯੂਨੀਵਰਸਿਟੀ ਅਜੇ ਤਕ ਪੈਦਾ ਨਹੀਂ ਹੋਈ ਉਸ ਦੇ ਕੋਲ ਐਨਾ ਡੈਫੀਸਿਟ ਹੈ। ਸੈਸ ਬਾਰੇ ਇਹ ਫਿਗਰਜ਼ ਹਨ—

Total cess released	..	Rs	1,45,85,626
Share of Punjabi University	..	Rs	72,92,813

ਇਨ੍ਹਾਂ ਫਿਗਰਜ਼ ਦੇ ਨਾਲ ਨਾਲ ਦੂਸਰੀ ਤਰਫ ਦਾ ਵੀ ਹਾਲ ਵੇਖ ਲਓ। ਮੈਂ ਨਹੀਂ ਕਹਿੰਦਾ ਕਿ ਤੁਸੀਂ ਫਿਰਕਾਦਾਰੀ ਕਰਦੇ ਹੋ। ਜੇਕਰ ਕਰੋਗੇ ਤਾਂ ਇਸ ਦਾ ਅੰਜਾਮ ਤੁਸੀਂ ਭੁਗਤੋਗੇ। ਮੈਂ ਇਹ ਜ਼ਰੂਰ ਕਹਾਂਗਾ ਕਿ ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਤੰਗ ਨਾ ਕਰੋ, ਮਜਬੂਰ ਨਾ ਕਰੋ..... ..ਦੂਸਰੇ ਪਾਸੇ ਕੁਰੂਕਸ਼ੇਤਰ ਯੂਨੀਵਰਸਿਟੀ ਨੂੰ 75,00,000 ਰੁਪਿਆ ਦੇ ਦਿਤਾ ਹੈ। ਪੰਜਾਬੀ ਯੂਨੀਵਰਸਿਟੀ ਨਾਲ ਕਿਉਂ ਅਜਿਹਾ ਵਿਤਕਰਾ ਭਰਿਆ ਸਲੂਕ ਹੋ ਰਿਹਾ ਹੈ?

ਕਿਹਾ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ਕਿ ਇਨਸਟਾਂਸ ਕੋਟ ਕਰੋ। ਸੋ ਮੈਂ ਇਹ ਇਨਸਟਾਂਸ ਕੋਟ ਕੀਤੀ ਹੈ। ਜਿਵੇਂ ਮੈਂ ਪਹਿਲਾਂ ਵੀ ਕਿਹਾ ਸੀ, ਫਿਰ ਇਸ ਗਲ ਨੂੰ ਦੁਹਰਾਉਣਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਐਜੂਕੇਸ਼ਨ ਦਾ ਡਿਪਾਰਟਮੈਂਟ ਪਹਿਲਾਂ ਤਾਂ ਕਾਂਗਰਸ ਦਾ ਦਫਤਰ ਬਣਿਆ ਹੋਇਆ ਸੀ, ਹੁਣ ਹਿੰਦੂ ਮਹਾਂ ਸਭਾ ਦਾ ਦਫਤਰ ਬਣਿਆ ਹੋਇਆ ਹੈ। ਉਸ ਵਿਚੋਂ ਇਕ ਕਮਿਊਨਿਟੀ ਦੇ ਲੋਕਾਂ ਨੂੰ ਬਿਲਕੁਲ ਇਗਨੋਰ ਕੀਤਾ ਜਾ ਰਿਹਾ ਹੈ। ਇਸ ਵਿਚ ਬੇਇਨਸਾਫੀ ਦੀ ਇੰਤਹਾ ਕੋਈ ਨਹੀਂ। ਮੈਂ ਆਨਰੇਬਲ ਮਿਨਿਸਟਰ ਸਾਹਿਬ ਨੂੰ ਕਹਾਂਗਾ ਕਿ ਉਹ ਉਸ ਸੈਕਟਰ ਵਿਚ ਜਾਣ ਜਿਥੇ ਐਜੂਕੇਸ਼ਨ ਡਿਪਾਰਟਮੈਂਟ ਦਾ ਦਫਤਰ ਹੈ। ਉਥੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਹਾਲਾਤ ਦਾ ਖੁਦ ਜਾਕੇ ਜਾਇਜ਼ਾ ਲੈਣ ਕਿ ਕਿਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਰੋਜ਼ ਕਿਤਨੇ ਕਿਤਨੇ ਟੀਚਰਜ਼ ਬਾਹਰੋਂ ਮਿਲਣ ਵਾਸਤੇ ਆਉਂਦੇ ਹਨ, ਕਿਤਨੇ ਕਿਤਨੇ ਪੁਰਾਣੇ ਏਰੀਅਰਜ਼ ਪਏ ਹੋਏ ਹਨ, ਕਿਤਨੀ ਇਨ੍ਹਾਂ ਨਾਲ ਬੇਇਨਸਾਫੀ ਹੁੰਦੀ ਹੈ। ਜੀ ਨਹੀਂ ਚਾਹੁੰਦਾ ਕਿ ਗੌਰਮੈਂਟ ਦੇ ਮਾਮਲਿਆਂ ਵਿਚ ਇੰਨਟਰਫੀਅਰ ਕੀਤਾ ਜਾਵੇ ਪਰ ਕੰਸਟੀਚੂਐਂਸੀ ਦੇ ਲੋਕ ਮਜਬੂਰ ਕਰਦੇ ਹਨ। ਲੋਕਾਂ ਦੇ ਕੰਮ ਸਾਲਾਂ ਸਾਲ ਨਹੀਂ ਹੁੰਦੇ। ਉਥੇ ਦਫਤਰ ਵਿਚ ਹਾਲ ਇਹ ਹੈ ਕਿ ਲੋਕ ਵਿਹਲੜ ਬੈਠੇ ਹੋਏ ਹਨ। ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਦਿਮਾਗ ਵਿਗੜੇ ਪਏ ਹਨ, ਬੋਲਣ ਦਾ ਲਹਿਜਾ ਇਨ੍ਹਾਂ ਦਾ ਇਤਨਾ ਗੁਸਤਾਖਾਨਾ ਹੈ ਕਿ ਜੇ ਆਫਿਸ ਵਿਚ ਜਾਉ ਤਾਂ ਇਸ ਤਰੀਕੇ ਨਾਲ ਬੀਹੇਵ ਕਰਦੇ ਹਨ ਜਿਵੇਂ ਕੋਈ ਫਾਰੇਨ ਕੰਟਰੀ ਦਾ ਐਡਮਿਨਿਸਟਰੇਟਰ ਕਿਸੇ ਗੁਲਾਮ ਮੁਲਕ ਦੇ ਬੰਦਿਆਂ ਨਾਲ ਕਰਦਾ ਹੈ। ਆਖਿਰ ਇਹ ਐਜੂਕੇਸ਼ਨ ਦਾ ਮਹਿਕਮਾ ਹੈ। ਐਜੂਕੇਸ਼ਨ ਦੇ ਮਹਿਕਮੇ ਵਾਲਿਆਂ ਨੂੰ ਐਜੂਕੇਸ਼ਨਿਸਟਸ ਵਾਂਗ ਬੀਹੇਵ ਕਰਨਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ। ਉਨ੍ਹਾਂ ਦਾ ਬੀਹੇਵੀਅਰ ਬੜਾ ਪੋਲਾਈਟ ਹੋਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ।

ਅਖੀਰ ਵਿੱਚ ਤੁਹਾਡੀ ਰਾਹੀਂ ਮੈਂ ਐਜੂਕੇਸ਼ਨ ਮਿਨਿਸਟਰ ਸਾਹਿਬ ਨੂੰ ਇਹੋ ਕਹਾਂਗਾ ਕਿ ਪੰਜਾਬ ਦੇ ਸਹੀ ਹਾਲਾਤ ਨੂੰ ਸਾਹਮਣੇ ਰਖੋ, ਪਿੰਡਾਂ ਦੇ ਹਿੱਤਾਂ ਨੂੰ ਸਾਹਮਣੇ ਰਖੋ ਔਰ ਜਿਹੜੀ ਫਿਰਕਾਦਾਰੀ ਤੁਸੀਂ ਪੈਦਾ ਕੀਤੀ ਹੈ ਉਸ ਫਿਰਕਾਦਾਰੀ ਨੂੰ ਪਕਿਆਂ ਕਰਨ ਵਾਸਤੇ ਜਿਹੜੀਆਂ ਨੀਹਾਂ ਤੁਸੀਂ ਰੱਖੀਆਂ ਹਨ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੀਹਾਂ ਵਿਚ ਇਮਾਨਦਾਰ ਰਹੋ। ਤੁਸੀਂ ਲੋਕਾਂ ਦੀਆਂ ਖਾਹਿਸ਼ਾਤ ਨੂੰ ਦਬਾਇਆ ਹੈ ਪਰ ਯਾਦ ਰਖੋ ਕਿ ਜਿਹੜਾ ਅਪਣੀ ਮੰਜ਼ਿਲ ਦਾ ਸਿਪਾਹੀ ਹੁੰਦਾ ਹੈ ਉਹ ਅਪਣੀ ਮੰਜ਼ਿਲ ਉਤੇ ਪੁਜ ਕੇ ਹੀ ਚੁਪ ਕਰਦਾ ਹੈ। ਇਸ ਲਈ ਮੈਂ ਕਹਾਂਗਾ ਕਿ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਮੌਕਾ ਨਾ ਦਿਓ। ਇਹ ਚੀਜ਼ ਕੋਈ ਵੀ ਬਰਦਾਸ਼ਤ ਨਹੀਂ ਕਰ ਸਕਦਾ ਕਿ ਇਸ ਸੂਬੇ ਵਿਚ ਇਕ ਮੁਨਜ਼ਮ ਜਿਹੀ ਸਾਜ਼ਸ਼ ਚਲਦੀ ਰਹੇ। ਭਾਵੇਂ ਤੁਸਾਂ ਇਸ ਨੂੰ ਗਲਤ ਫਹਿਮੀ ਕਿਹਾ ਹੈ ਪਰ ਇਸ ਸਾਜ਼ਸ਼ ਨਾਲ ਇਕ ਜ਼ਬਾਨ ਨੂੰ ਦਬਾਉਣਾ ਬੜੀ ਨਾਮੁਮਕਿਨ ਗਲ ਹੈ। ਇਸ ਲਈ ਅਜਿਹੇ ਫੇਅਲ ਕਰਨ ਵਾਲਿਆਂ ਨੂੰ ਤੁਹਾਨੂੰ ਥਰੋ ਆਊਟ ਕਰ ਦੇਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ। ਮੈਂ ਪ੍ਰਬੋਧ ਜੀ ਨੂੰ ਕਹਾਂਗਾ ਕਿ ਤੁਹਾਡੇ ਵਾਸਤੇ ਅਜੇ ਬੜਾ ਮੌਕਾ ਹੈ ਪੰਜਾਬ ਦੇ ਹਾਲਾਤ ਨੂੰ ਹੋਰ ਉੱਪਰ ਲੈ ਜਾਣ ਦਾ। ਸਰਕਾਰ ਵਿਚ ਤਾਂ ਲੋਕ ਬਣਦੇ ਬਣਾਉਂਦੇ ਹੀ ਰਹਿੰਦੇ ਹਨ। ਪੁਲਿਟੀਕਲ ਆਦਮੀ ਅਪਣੀ ਅਪਣੀ ਜਗਾਹ ਉਤੇ ਬਣਦੇ ਬਦਲਦੇ ਰਹਿੰਦੇ ਹਨ। ਭਾਵੇਂ ਇਸ ਨੂੰ ਗਲਤ ਫਹਿਮੀ ਕਹੋ, ਪਰ ਮੈਂ ਬੜੇ ਅਦਬ ਨਾਲ ਕਹਾਂਗਾ ਕਿ ਸਿੱਖਾਂ ਨਾਲ ਬੜੀ ਬੇਇਨਸਾਫੀ ਵਾਲਾ ਸਲੂਕ ਹੋ ਰਿਹਾ ਹੈ। ਚੰਦ ਆਦਮੀ ਰੌਲਾ ਪਾ ਦੇਣ, 'ਹਰਿਆਣਾ, ਹਰਿਆਣਾ' ਉਨ੍ਹਾਂ ਨਾਲ ਕੋਈ ਹੋਰ ਸਲੂਕ ਕਰੋ ਔਰ ਇਸ ਪਾਸੇ ਬੈਠੇ ਹੋਏ ਲੋਕ ਮਮ ਹੋ ਜਾਣ। ਕੋਈ ਕਾਂਗਰਸ ਆਰਗੇਨਾਈਜ਼ੇਸ਼ਨ ਦੇ ਡਿਸਿਪਲਨ ਦੇ ਥਲੇ ਮਮ ਹੈ, ਕਈ ਇਸ ਵਾਸਤੇ ਕਿ ਉਹ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦਾ ਫਾਲਅਰ ਹੋਣ ਕਰਕੇ ਖੁਸ਼ਨੂੰਦੀ ਹਾਸਲ ਕਰ ਸਕੇ। ਸੋ ਮੇਰੇ ਕਹਿਣ ਦਾ ਮਤਲਬ ਇਹ ਹੈ ਕਿ ਇਹ ਇਕ ਬੜੀ ਖਰਾਬ ਚੀਜ਼ ਹੈ। ਸੂਬੇ ਵਿਚ ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਦੀ ਫਿਰਕੇਦਾਰੀ ਦੀ ਇਜਾਜ਼ਤ ਨਹੀਂ ਦਿੱਤੀ ਜਾ ਸਕਦੀ। ਮੈਂ ਇਕ ਹੀ ਮਿਸਾਲ ਦਿੰਦਾ ਹਾਂ। ਤੁਸਾਂ ਫਾਰੈਸਟ ਡੀਪਾਰਟਮੈਂਟ ਵਿਚੋਂ ਇਕ ਆਦਮੀ ਨੂੰ ਇਸ ਲਈ ਬਦਲ ਦਿਤਾ ਕਿਉਂਕਿ ਗੌਰਮੈਂਟ ਦਾ ਫੈਸਲਾ ਹੈ ਕਿ 8 ਸਾਲ ਜਿਹੜਾ ਆਦਮੀ ਉਥੇ ਰਹਿ ਜਾਵੇ ਉਸ ਨੂੰ ਬਦਲ ਦਿੱਤਾ ਜਾਵੇ। ਮਿਸਟਰ ਢਿਲੋਂ ਨੂੰ ਉਥੋਂ ਬਦਲ ਦਿੱਤਾ ਔਰ ਮਿਸਟਰ ਰਾਠੀ ਨੂੰ ਉਸ ਦੀ ਥਾਂ ਲਗਾ ਦਿੱਤਾ। ਇਸੇ ਤਰ੍ਹਾਂ ਨਾਲ ਪ੍ਰਿੰਟਿੰਗ ਪ੍ਰੈਸ ਵਿਚ ਹੀ ਵੇਖ ਲਉ ਉਥੇ ਵੀ ਇਕ ਸਿੱਖ ਨੂੰ ਇਸ ਵਾਸਤੇ ਬਦਲ ਦਿੱਤਾ ਗਿਆ ਕਿਉਂਕਿ ਇਕ ਦੂਜੇ ਆਦਮੀ ਨੂੰ ਉਥੇ ਲਗਾਣਾ ਸੀ। ਇਸ ਬਾਰੇ ਜ਼ਿਆਦਾ ਤਫਸੀਲ ਵਿਚ ਤਾਂ ਮੈਂ ਉਸ ਵਕਤ ਦਸਾਂਗਾ ਜਦੋਂ ਉਹ ਮਦ ਇਥੇ ਜ਼ੇਰੇ ਬਹਿਸ ਆਏਗੀ। ਉਸ ਵੇਲੇ ਮੈਂ ਦਸਾਂਗਾ ਕਿ ਪੰਜਾਬ ਵਿਚ ਇਕ ਕਮਉਨਿਟੀ ਨਾਲ ਕਿਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਧੱਕੇਬਾਜ਼ੀ ਔਰ ਡਿਸਕ੍ਰਿਮਿਨੇਸ਼ਨ ਹੋ ਰਹੀ ਹੈ (ਘੰਟੀ) ਇਸ ਲਈ ਅਖੀਰ ਵਿਚ ਇਹ ਕਹਾਂਗਾ ਕਿ ਅਜਿਹੀਆਂ ਚੀਜ਼ਾਂ ਨੂੰ, ਅਜਿਹੀਆਂ ਵਧੀਕੀਆਂ ਨੂੰ ਫੌਰਨ ਰੋਕਣ ਦਾ ਇੰਤਜ਼ਾਮ ਕਰੋ। ਜਿਹੜਾ ਸਰਕੁਲਰ ਤੁਸਾਂ ਇਸ਼ੂ ਕੀਤਾ ਹੈ ਉਸ ਨੇ ਬੜੀ ਗਲਤਫਹਿਮੀ ਪੈਦਾ ਕੀਤੀ ਹੈ। ਉਸ ਨੂੰ ਵਾਪਸ ਲਉ। ਜੇ ਤੁਸੀਂ ਹਰਦਿਲਅਜ਼ੀਜ਼ ਬਨਣਾ ਹੈ ਤਾਂ ਮੈਂ ਪ੍ਰਬੋਧ ਜੀ ਨੂੰ ਈਮਾਨਦਾਰੀ ਨਾਲ ਇਹ ਕਹਾਂਗਾ ਕਿ ਇਸ ਪਾਸੇ ਖਾਸ ਤੌਰ ਤੇ ਤਵੱਜੁਹ ਦਿਓ। (ਘੰਟੀ) ਅਖੀਰ ਵਿਚ ਮੈਂ ਆਪਦਾ ਸ਼ੁਕਰੀਆਂ ਅਦਾ ਕਰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਆਪ ਨੂੰ ਬਾਰ ਬਾਰ ਘੰਟੀ ਵਜਾਉਣ ਦੀ ਖੇਚਲ ਕਰਨੀ ਪਈ।

ਸਰਦਾਰ ਪ੍ਰੀਤਮ ਸਿੰਘ ਸਾਹੋਕੇ : On a point of order. ਮੈਂ ਅਪਣੀ ਕਟ ਮੋਸ਼ਨ ਇਸ ਡਿਮਾਂਡ ਉਤੇ ਇਸ ਵਾਸਤੇ ਦਿੱਤੀ ਹੈ ਕਿ.. .. ..

ਡਿਪਟੀ ਸਪੀਕਰ : ਬੈਠ ਜਾਉ, ਤੁਹਾਨੂੰ ਵੀ ਵਕਤ ਮਿਲ ਜਾਏਗਾ (The hon. Member should please resume his seat. He will also get time to speak.)

श्रीमती ओम प्रभा जैन (कैथल) : माननीय डिप्टी स्पीकर साहिबा, आज ऐजुकेशन पर बहस चल रही है जिस के तहत बीस करोड़ से भी ऊपर की मांग रखी गई है जो कि टोटल बजट का तकरीबन 16 परसैंट बनता है। डिप्टी स्पीकर साहिबा, मैं आप को याद दिलाना चाहती

[श्रीमती ओम प्रभा जैन]

हूं कि सन् 1957-58 और 1958-59 में जो ऐजूकेशन के बजट पेश किए गए थे उन में इस मद के लिए टोटल प्रोवीज़न का 21 परसेंट का प्रोविज़न था और अब जब कि हमारे ऊपर ऐजूकेशन का बर्डन बढ़ रहा है बजाय इस के कि इस रकम को बढ़ाया जाता, इस परसेंटेज को कम कर दिया गया है । मैं आप के द्वारा यह भी कहना चाहती हूं कि दूसरे सूबों की निस्बत पंजाब में ऐजूकेशन पर जो खर्च होता है उसकी परसेंटेज उन से कहीं कम है और यह बात मैं आज और भी ज्यादा ज़ोर के साथ इस लिए कहना चाहती हूं कि हमारे चीफ मिनिस्टर साहिब आज देहली गए हुए हैं और वह सैंटर की फोर्थ फाइनैंस कमिशन के सामने इस बात का ज़ोर देने वाले हैं कि पंजाब की कुछ स्पैशल प्राब्लम्ज़ हैं । पंजाब की प्राब्लम्ज़ की बाबत जो मैमोरैंडम पेश किया गया है उस में खास तौर पर इस बात का भी ज़िक्र किया गया है कि ऐजूकेशन की मद के लिए हमें ज्यादा पैसा मिलना चाहिए और सैंटर से जितना हम डिज़र्व करते हैं उस से भी ज्यादा पैसा हमें ऐजूकेशन के लिए मिलना चाहिए । डिप्टी स्पीकर साहिबा, ठीक है कि ऐजूकेशन की प्राब्लम्ज़ हिन्दुस्तान में सब जगह पर हैं लेकिन पंजाब के कुछ खास हालात हैं जिनका मैं ज़िक्र करना चाहती हूं । आप जानती हैं कि इस छोटे से सूबे के अन्दर इस वक्त चार यूनिवर्सिटीज़ फंकशन कर रही हैं । इन का बर्डन भी पंजाब के ऊपर है । हमारी स्टेट ने हायर सैकंडरी ऐजूकेशन को भी अपनाया है । हर साल सैंकड़ों स्कूलों की मांग बढ़ रही है । हर साल स्कूलों को अपग्रेड करने का काम बढ़ रहा है । इस के लिए भी रुपया की ज़रूरत है । हाई स्कूलों को हायर सैकंडरी स्कूलों में कन्वर्ट करने के लिए भी रुपए की ज़रूरत है । हम ने प्राइमरी ऐजूकेशन को फ्री और कम्पलसरी किया है । दस की बजाए 11 साल तक की उम्र के बच्चों को कम्पलसरी ऐजूकेशन देने का ज़िम्मा उठाया है । इस पर भी ज्यादा खर्चा होना है । सन् 1957 में लोकल बाडीज़ के स्कूलों को प्रोविंशियलाईज़ किया, उसके कारण भी स्टेट गवर्नमेंट पर खर्च का बर्डन बढ़ा । गर्जेकि पंजाब ने ऐजुकेशन के सिलसिले में ऐसी स्कीमों को अपनाया जिस के लिए पंजाब गवर्नमेंट को दाद दी जानी चाहिए । यहां पर माडल स्कूल खोले गए हैं, सैनिक स्कूलों का प्रबन्ध हो रहा है । ये सभी बातें ऐसी हैं जिन की वजह से पंजाब को ज्यादा से ज्यादा पैसा मिलना चाहिए । इस लिए इस डिमांड पर बोलते हुए, डिप्टी स्पीकर साहिबा मैं आप के द्वारा सैंट्रल गवर्नमेंट पर और फोर्थ फाइनैंस कमिशन पर इस बात का ज़ोर देना चाहती हूं कि फोर्थ प्लैन के लिए पंजाब को ऐजूकेशन के लिए ज्यादा से ज्यादा पैसा दें ताकि हमारे सामने जो जो प्राबलमज़ हैं हम उन को अच्छी तरह से फेस कर सकें ।

उपाध्यक्षा : आप सैंट्रल गवर्नमैन्ट की बात न कीजिए, अपनी गवर्नमैन्ट को ही जो कहना है कह लीजिए। (Let the hon. lady Member refer to her own State Government instead of referring to the Central Government)

श्रीमती ओम प्रभा जैन : चूंकि हमारे चीफ मिनिस्टर साहिब की यहां सैंट्रल गवर्नमैन्ट के साथ बातचीत हो रही है इस लिये मैं पंजाब गवर्नमैन्ट के हाथ मज़बूत करना चाहती हूं और इस सदन की आवाज़ को आप के द्वारा उन तक पहुंचाना चाहती हूं ।

डिप्टी स्पीकर साहिबा, यहां पर यूनिवर्सिटीज़ की बाबत बहुत कुछ कहा गया । हम जानते हैं कि पार्टीशन के बाद पंजाब यूनिवर्सिटी यहां पर मेकिंग की स्टेज पर थी। इस के ऊपर भी हमारी बहुत ज़िम्मेदारी थी। ठीक है कि यूनिवर्सिटी ग्रांट कमिशन ने भी पैसा दिया। (विघ्न) इस में कोई शुबा नहीं कि पंजाब गवर्नमैन्ट के ऊपर भी इसका बोझा है। लेकिन जहां पर यह यूनिवर्सिटी अभी बन ही रही थी, वहां दो यूनिवर्सिटीज़ किन्हीं हालात की वजह से और बनाई गईं । सरदार लछमन सिंह जी अगर मुझे माफ करें तो मैं यह कहूंगी कि मैं आनैस्टली फील करती हूं कि पंजाबी यूनिवर्सिटी किन्हीं मैरिट्स पर नहीं बल्कि पुलिटिकल रीज़न्ज़ की वजह से कायम हुई । पंजाबी और कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटीज़ अभी मेकिंग की स्टेज पर चल रही हैं। उन पर सरकार ने अब तक करोड़ों रुपया खर्च किया है। इस साल के बजट में भी चालीस लाख रुपया पंजाबी यूनिवर्सिटी और बीस लाख रुपया कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी के लिये रखा गया है। कुछ दिन हुए, कुछ दिन से भी ज्यादा समय हो गया, कोई दो साल पहले एक हाई पावर्ड कमेटी इन यूनिवर्सिटियों के लिये बनाई गई थी। यह इस चीज़ पर गौर करने के लिये बनाई गई थी कि इन यूनिवर्सिटियों के फंक्शंज़ क्या होंगे, इनके work का कोई demarcation होना चाहिये या नहीं, उनका स्फियर क्या होगा। कौन कौन सी चेयर्ज़ वह बनायेंगी, वह किस किस चीज़ को स्पैशियलाइज़ करेंगी, वगैरा वगैरा। वह हाई पावर्ड कमेटी इस लिये बनाई गई थी ताकि मौजूदा यूनिवर्सिटी में उन की ओवर-लैपिंग न हो। लेकिन बड़े अफसोस से कहना पड़ता है कि अभी तक कोई बात अमल में नहीं लाई गई। अभी तक इस बात का फैसला नहीं हो सका कि पंजाबी यूनिवर्सिटी में किस किस सबजैक्ट में लोग स्पैशियलाईज़ करेंगे, कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी का स्फियर क्या होगा। पंजाबी यूनिवर्सिटी में पटियाला के आठ दस लोकल कालेजिज़ को लिया गया है। उसके बाद किस तरीके से पंजाबी यूनिवर्सिटी को चलाया जायेगा, किस किस subject and language को स्पैशियल स्थान दिया जायेगा, इन बातों का फैसला नहीं किया गया। मैं चाहूंगी कि जो कोई हाई पावर्ड कमेटी बनाई गई थी उसे दोबारा इस बारे में गौर करना चाहिये क्योंकि इस वक्त पोज़ीशन यह है कि तीनों यूनिवर्सिटियों को यह खदशा बना रहता है कि उन के पास क्या काम रहना है और क्या उन से ले लिया जाना है। पंजाब यूनिवर्सिटी को खतरा है कि उस से और क्या काम लिया जाना है, इसी तरह से पंजाबी यूनिवर्सिटी को खदशा बना हुआ है और यही हालत कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी की है। यह कमेटी इन तीनों के फंक्शन्ज़ को बाकायदा तौर पर डीमार्केट करे और इन को पता लग जाना चाहिये कि किस किस सबजैक्ट में उन्होंने स्पैशियलाईज़ करना है। अगर इस तरह कर दिया जाये तो इस का नतीजा यह होगा कि किसी में अच्छी लिट्रेचर प्रोड्यूस होगी, किसी में आर्टस को तरक्की मिलेगी और किसी में सायंस सबजैक्टस को तरक्की मिलेगी। एक university foreign languages की teaching को तरक्की दे सकती है, दूसरी ideology, ancient literature and history पर research कर सकती है। तीसरी university Oxford or Cambridge University के माडल पर अच्छी और standard books

[श्रीमती ओम प्रभा जैन]

publishing work ले सकती है। इन चीजों को मद्देनज़र रख कर उन को बता दिया जाये और वह उन को मद्देनजर रख कर अपने कालेज खोलें। अगर इस तरह कर दिया जाये तो मैं समझती हूं कि इस तरह से पंजाब की बहुत बड़ी सर्विस हो सकेगी।

Note—Expunged as ordered by the Chair.

श्रीमती चन्द्रावती (दादरी) : डिप्टी स्पीकर साहिबा, आप ने जो मुझे समय दिया इस के लिये मैं आप का धन्यवाद करती हूं। मैं आपके सामने इन्डस्ट्री की डीमांड पर बोलने से पहले जैसा कि भाई निहाल सिंह जी ने कहा है, सरकार का ध्यान आप के द्वारा इस तरफ दिलाना चाहती हूं कि दफतरों के लिये जिस ने 10 से 5 बजे तक का फ्लैट टाइम रखा है, मैं समझती हूं कि उसको सूबे की क्लाइमेट का जरा भी पता नहीं। ज़िला महेन्द्रगढ़ में मई के महीने में हम बाहर भी नहीं निकल सकते, इतनी जबर्दस्त वहां पर लू चलती है कि काम हो ही नहीं सकता। मैं कहती हूं कि अगर अफसर इन दिनों में 3 दिन के लिये भी आकर काम कर जायें तब मैं मानूंगी कि यहां पर इन दिनों काम हो सकता है। अगर इन का मुलाज़िमों को कैदियों की तरह बिठाने से ही मतलब है तो जुदा बात है। इस लिये डिप्टी स्पीकर साहिबा मैं आप के द्वारा सरकार से यह रिक्वैस्ट करूंगी कि वहां पर गर्मी के मौसम में इतनी गर्मी होती है कि दुपहर के बाद काम हो ही नहीं सकता। इस लिये वहां के लिये अगर 7 से 1 बजे तक का टाइम कर दिया जाये तो बड़ी मेहरबानी होगी।

इंडस्ट्री के मुताल्लिक जो मैं एक दो बातें करना चाहती हूं वह यह हैं। यहां पर एक प्वायंट भाई गुरदर्शन सिंह जी ने उठाया था कि हमारे यहां बड़ी इंडस्ट्री दी है। मैं तो कहती हूं कि इंडस्ट्री अगर जा कर देखें तो आप को फरीदाबाद या गुड़गांव में में लगी हुई नजर आयेगी, हमारे हां तो अगर कुछ मिला है तो नुक्सान मिला है जो ज़मीन देने से हुआ। पंजाब सरकार को भी कुछ फायदा नहीं हुआ क्योंकि इन्कम टैक्स इस का दिल्ली को जाता है। हरियाणा के गरीब लोगों की ज़मीन फूस के भाव बेची गई। जो इंडस्ट्री लगी उसका हमें कोई विशेष फायदा नहीं हुआ।

दूसरी बात जो मैं कहना चाहती हूं वह यह है कि अटेली के पहाड़ से बढ़िया क्वालटी का कांच बरामद किया जा सकता है। यह बात तो हमारे नालिज में नहीं आई कि सर्वे डिपार्टमैन्ट ने कोई सर्वे भी किया है या नहीं, मगर यहां तक मेरा अपना ख्याल है हमें इस जगह से बढ़िया किस्म का कांच मिल सकता है जिस से यहां पर एक बढ़िया किस्म की गलास फैक्ट्री लगाई जा सकती है। एक बात जो मैं दूहराना चाहती हूं, जिसको श्री मित्तल जी ने और राव निहाल सिंह ने कहा था, वह यह है कि पिग आइरन का जो कारखाना है, वह हमारे यहां होना चाहिये। जब उसके लिये हमारे यहां रा मैटीरियल मिलता है, तो आपको कारखाना लगाने में क्या दिक्कत होती है। पानी की दिक्कत बताई जाती है, मगर मैं समझती हूं कि ऐसी कोई बात नहीं है। इसके लिये दुबारा जांच कराई जा सकती है।

एक और बात मैं कहना चाहती हूं वह यह है कि कुछ चीज़ों की अपन सूबे में चन्द लोगों की मनोपली है जिसका नतीजा यह होता है कि जिस चीज़ की ज्यादा डिमांड होती है, वही चीज़ मार्कित से गायब हो जाती है। मेरा सुझाव यह है कि जिन चीज़ों की मानोपली है उसके लिये पब्लिक सैक्टर में कोई फर्मज़ लगवाई जानी चाहिए। यह बताया जाता है कि जहां जहां बिजली लानी है, उस के लिये बिजली का सामान नहीं मिल रहा लेकिन हकीकत यह है कि बिजली के सामान की एक आदमी की मानोपली है। यह जब चाहता है, तब बन्द कर देता है। इसी तरह से खाद की कमी का कारण बताया जाता

[श्रीमती चन्द्रावती]

है। मैं यह कहना चाहती हूं कि जिन चीजों की दिक्कत है उनके कारखाने गवर्नमैन्ट को पब्लिक सैक्टर में लगाने चाहियें।

एक बात और है कि आज कल हमारे यहां क्वान्टिटी को प्रधानता दी जा रही है, क्वालिटी को नहीं। एडवर्टाइज़मैन्ट के नए नए तरीके ढूंड कर चीज़ें चलाई जा रही हैं लेकिन क्वालिटी पर जोर नहीं दिया जाता। मुझे याद है बचपन से ही कि जर्मनी की कोई भी चीज हो, वह बढ़िया से बढ़िया बनती है लेकिन हमारे यहां ऐसा नहीं होता है, इस ओर ख्याल होना चाहिये। हमें चाहिये कि नुमाइश और कम्पीटीशन के जरिये बढ़िया चीजें बनाने वालो को बढ़ावा दिया जाए क्योंकि अगर हम रद्दी किस्म की चीज़ें पैदा करते रहेंगे तो वर्लड के मार्किट में खड़े नहीं हो सकते। अच्छी चीजें और अच्छी क्वालिटी की चीज़ें बनाने वालों को अगर सरकार सबसिडी भी दे तो भी अच्छी बात है। अगर हमारी चीजें नम्बर वन पैदा होने लगें तो हमारी क़द्र वर्ल्ड मार्किट में बढ़ सकती है।

मैं देखती हूं कि यहां जो चंडीगढ़ में दूध आता है वह पाउडर से तैयार होता है। जब यही हालत है तो यह पाउडर बाहिर से ही क्यों मंगवाया जाये, यहीं क्यों न तैयार किया जाये। इसके लिये दादरी, हिसार, महेंद्रगढ़ आदि जगहों में जहां अच्छे क्वालिटी के पशु हैं, वहां पर पाउडर बनाने की स्कीम तैयार की जाये ताकि वहां के लोगों को और सारे देश के लोगों को फायदा हो सके। जो लोग अनइम्पलाइड हैं उन को काम भी मिल सकता है। इस लिये, इस किस्म की फैक्टरी लगाई जानी चाहिये। (घंटी) मैं यह जरूर कहना चाहूंगी अखीर में कि जो लोग मनोपली कायम कर लेते हैं, उसको तोड़ दिया जाना चाहिये। जैसे कोकाकोला है, अगर इसकी मनोपली बनी रही तो सीज़न पर इसकी ब्लैक हो जायेगी। इसे ब्रेक करना चाहिये। आपका धन्यवाद।

कंवर राम पाल सिंह (पुंडरी) : डिप्टी स्पीकर साहिबा, आज इंडस्ट्रीज़ की डिमांड पर बहस हो रही है। मैं समझता हूं और जैसा कि पहले बोलने वालों ने कहा है इंडस्ट्री में हमारे सूबे ने कुछ सालों में ही बहुत तरक्की की है। लेकिन मैं यह जरूर कहूंगा कि इतनी तरक्की नहीं हुई जितनी कि होना चाहिये थी

मैं गवर्नमैन्ट का ध्यान इस बात की ओर दिलाना चाहता हूं कि देहात में लोगों को कोई काम नहीं मिलता है इसलिय उनके सामने केवल ज़मीन दिखाई देती है और वह उसी तरफ भागते हैं। लेकिन ज़मीन कोई रबड़ तो है नहीं जो बढ़ जाये इसलिये उसका आलटरनेटिव यह है कि इंडस्ट्री को बजाये शहरों के देहात में भी लगाया जाए। लेकिन हो यह रहा है कि इंडस्ट्री को ऐसी जगह में ज्यादा तरजीह दी जा रही है जहां पर पहले से ही बड़ी इंडस्ट्री लागू है। उनका कहना है कि अगर देहात में इंडस्ट्री लगाई जाये तो पनप नहीं सकती है। और यह भी कहा जाता है कि जहां पर रा मैटीरियल होता है वहीं पर इंडस्ट्री उससे सम्बन्धित कायम की जा सकती है। लेकिन कांगड़े वाले न जाने कब से यह कहते हैं कि वहां पर रा मैटीरियल होता है, इसलिये वहां पर इंडस्ट्री लगाई जानी चाहिये, मगर ऐसा नहीं होता। और माल वहां से ले जा कर दूसरी जगर पर इंडस्ट्री चलाई जाती हैं।

हरियाने में जहां तक स्माल स्केल इंडस्ट्री का सवाल है, वह चालू नहीं की गई है। अगर कहा जाता है तो जवाब मिलता है कि हमने खादी इंडस्ट्री वहां पर लागू की है। मगर देखा जाये तो खादी की इंडस्ट्री भी सिर्फ शहरों में ही रायज़ हुई है।

पब्लिक एकाऊंट्स कमेटी में यह देखने में आया कि रुपया तो कई जगह के लिये खर्च किया गया कि फलां जगह इंडस्ट्री लग रही है, मगर उसका यह पता नहीं चला कि रुपया गया कहां। जो थोड़े बहुत छोटे छोटे जुलाहे थे उनका भी काम बन्द हो गया क्योंकि वह कम्पीटीशन में नहीं आ सकते क्योंकि मिल की चीज़ सस्ती और अच्छी बनती है। मैं इस लिलसिले में यह कहना चाहूंगा कि उनको यह तसल्ली मिलनी चाहिये कि वह जो माल पैदा करेंगे वह बिकेगा जरूर। तो छोटे काम करने वाले टिक सकते हैं वरना वह फेल हो जायेंगे, बहुत सारे तो हो ही गए।

जहां तक ऐग्रीकल्चर इम्पलीमैन्टस का ताल्लुक है मैं पूछना चाहता हूं कि क्या लुधियाना और फगवाड़ा ही ऐसी जगहें हैं जहां उनके बनाने के सैंटर हो सकते हैं और कहीं नहीं हो सकते हैं? लुधियाना, फगवाड़ा में लोहा कहां पैदा होता है बहार से ही आता है और वहां के लिये कोटा परमिट दिया जाता है और फिर उस के बाद वहां चीजें बनाते हैं। अगर ज़मींदारों ने ऐग्रीकल्चर इम्पलीमैन्ट लेने हों तो उन्हें वहां इतनी दूर पैसे खर्च करके जाना पड़ता है। आप क्यों नहीं कोटा देकर दिहात में इन इम्पलीमैंट्स की और दूसरी ऐसी चीज़ों की इन्डस्ट्री चलाते। वहां अगर आप ऐसी छोटी इंडस्ट्री चलायें तो लोगों को सहूलत भी मिल सकती है और देहात में रोजगार भी मिल सकता है। (घंटी) अब मैं कुछ सजैशनज़ देना चाहता हूं कि दिहात में कौनसी इन्डस्ट्रीज़ चल सकती हैं। और तो और मिल्क ऐंड डैरी के प्लांट भी शहरों में लगाये जाते हैं हालांकि दूध गावों में मिलता है। मेरा जितना एरिया है वहां से सारा दूध देहली जाता है और देहली मिल्क सप्लाई के लिये रिजर्व कर लिया गया है। क्या वहां हमारे इलाके में मिल्क प्लांट लगा दें तो हमारे इलाके की तरक्की हो सकती है। अगर यह दूध इस तरह देहली में जाता रहेगा तो पंजाब का क्या हाल होगा और पंजाब की आगे आने वाली नसलों का क्या हाल होगा। जहां हमारी चीज़ों पर सैंट्रल गवर्नमैन्ट छापा मारती है तो चुप नहीं बैठ जाना चाहिये बल्कि उन से लड़कर भी अपने हकूक की हिफाजत करनी चाहिये। फिर देहात में लैदर सोप मेकिंग वगैरा कई ऐसी छोटी इंडस्ट्रीज़ लग सकती हैं। पिछले दिनों डाल्डा की कितनी भारी दिक्कत हुई है और किस तरह ब्लैक में बिकता रहा है, हमारे हां इतनी मूंगफली और बिनौला होता है कि हम पंजाब के गांव में ही डाल्डा घी की बड़ी भारी इंडस्ट्री चला सकते हैं लेकिन यह सारी मूंगफली और बिनौला बाहिर भेज दिया जाता है। मैं गवर्नमैन्ट से कहूंगा कि जब हमारे जहा इतना काफी इ न के लिये मैटीरियल पैदा होता है तो फिर आप क्यों डाल्डा की इंडस्ट्री गांव में नहीं लगाते हैं। फिर मेरे ज़िला में कार्डबोर्ड के लिये बहुत रा मैटीरियल होता है। यह अच्छी बात है कि एक प्राइवेट मिल वहां इसके लिये लगी है लेकिन वहां रा मैटीरियल इतना है कि वहां दो मिलें और लग सकती हैं। (घंटी) कामरेड राम प्यारा ने भी बताया है और मैं भी अर्ज करता हूं, कि हमारा कैथल का एरिया काटन का था और वहां कैथल में एक टैक्सटाइल मिल लगाने की प्रोपोज़ल थी, लेकिन पता नहीं वह स्कीम अब कहां गई है और क्यों वह खत्म कर दी गई है। और

[कंवर राम पाल सिंह]

गवर्नमैन्ट की ऐसी मर्ज़ी भी थी तो भगवान ने भी ऐसा ही सोचा कि वहां फल्ड आने लग पड़े और सेम की वजह से वह काटन की बजाये शूगरकेन एरिया बन गया। एक मिल खांड की पानीपत में लगी है लेकिन वह हमारे एरिया का गन्ना नहीं उठा सकती। इस लिये मैं अर्ज़ करता हूं कि हमारे कैथल में एक शूगर मिल लगाई जाये जिस से लोगों का गन्ना भी वहीं जा सके और लोगों को मज़दूरी का काम भी मिल सके (घंटी) अच्छा जी मैं अब इन शब्दों से अर्ज़ करता हूं कि मेरा कैथल सब-डिवीजन बहुत बैकवर्ड है उसका ख्याल रखा जाये। अगर बड़ी इन्डस्ट्री नहीं जा सकती तो समाल स्केल इन्डस्ट्री ही लगाई जाए।

Shri Amar Singh : On a Point of Order, Madam.

Deputy Speaker. : I do not allow your Point of Order. Please take your seat.

Shri Amar Singh : Madam, I want to raise a Point of Order.

Deputy Speaker : I have already asked you to please take your seat. I will not allow any Point of Order.

अमर सिंह : अगर आप मुझे प्वायंट आफ आर्डर भी रेज़ नहीं करने देतीं तो मैं एज़ एप्रोटैस्ट वाक आऊट करता हूं (शोर)।

Mr. Speaker : I name Shri Amar Singh. He is not behaving properly. (noise)

(Shri Amar Singh resumed his seat)

ਸਰਦਾਰ ਅਜਾਇਬ ਸਿੰਘ ਸੰਧੂ (ਮੋਰਿੰਡਾ, ਐਸ. ਸੀ.) : ਡਿਪਟੀ ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬਾ, ਇਸ ਗਲ ਵਿਚ ਕੋਈ ਦੋਰਾਵਾਂ ਨਹੀਂ ਕਿ ਸਾਡੇ ਸੂਬੇ ਦੀ ਸਨਅਤੀ ਤਰੱਕੀ ਹੋਣੀ ਚਾਹੀਦੀ ਹੈ। ਭਾਵੇਂ ਕੋਈ ਆਪੋਜ਼ੀਸ਼ਨ ਦਾ ਹੈ ਭਾਵੇਂ ਟਰੇਯਰੀ ਬੈਂਚਾ ਦਾ ਮੈਂਬਰ ਹੈ ਹਰ ਇਕ ਦੀ ਖਾਹਸ਼ ਹੈ ਕਿ ਸਾਡਾ ਸੂਬਾ ਇੰਡਸਟਰੀ ਦੇ ਲਿਹਾਜ਼ ਨਾਲ ਅਗੇ ਹੋਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ। ਇਸ ਸਬੰਧ ਵਿਚ ਮੈਂ ਸਭ ਤੋਂ ਪਹਿਲਾਂ ਸਰਕਾਰ ਦੀ ਤੱਵਜੁਹ 'ਪੰਜਾਬ ਆਨ ਦੀ ਮਾਰਚ' ਵਿਚ ਜੋ ਅੰਕੜੇ ਦਿਤੇ ਗਏ ਹਨ ਉਨ੍ਹਾਂ ਵਲ ਦਿਲਾਣਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ। ਇਸ ਵਿਚ ਦਸਿਆ ਗਿਆ ਹੈ ਕਿ ਇਡਸਟਰੀ ਲਈ ਸਾਨੂੰ ਬਹੁਤ ਥੋੜਾ ਪੈਸਾ ਮਿਲਿਆ ਹੈ। ਇਸ ਸਿਲਸਿਲੇ ਵਿਚ ਸਭ ਤੋਂ ਪਹਿਲਾਂ ਮੈਂ ਇਹ ਅਰਜ਼ ਕਰਨੀ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਸਾਨੂੰ ਸਾਰਿਆਂ ਨੂੰ ਆਗਿਆ ਸਮੁੱਚੇ ਤੌਰ ਤੇ ਆਪਣੀ ਜ਼ੋਰਦਾਰ ਆਵਾਜ਼ ਉਠਾਉਣੀ ਚਾਹੀਦੀ ਹੈ ਅਤੇ ਸੈਂਟਰਲ ਸਰਕਾਰ ਨੂੰ ਮਿਲਕੇ ਜ਼ੋਰ ਦੇਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਕਿ ਸਾਡੇ ਸੂਬੇ ਲਈ ਪਬਲਿਕ ਸੈਕਟਰ ਵਿਚ ਵਧ ਤੋਂ ਵਧ ਬੇਸਿਕ ਇੰਡਸਟਰੀਜ਼ ਦਿਤੀਆਂ ਜਾਣ। ਅਸੀਂ ਵੇਖਦੇ ਹਾਂ ਕਿ ਬਾਕੀ ਸੂਬਿਆਂ ਵਾਲੇ ਆਪਣੀ ਤਾਕਤਵਰ ਆਵਾਜ਼ ਦੇ ਜ਼ੋਰ ਨਾਲ ਪਬਲਿਕ ਸੈਕਟਰ ਵਿਚ ਇੰਡਸਟਰੀਜ਼ ਲਈ ਜਾ ਰਹੇ ਹਨ ਪਰ ਅਸੀਂ ਚੁਪ ਬੈਠੇ ਸਭ ਕੁਝ ਵੇਖ ਰਹੇ ਹਾਂ। ਸਾਡੀ ਆਵਾਜ਼ ਵਿਚ ਜ਼ੋਰ ਹੋਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ। ਮੈਂ, ਡਿਪਟੀ ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬਾ, 'ਪੰਜਾਬ ਆਨ ਦੀ ਮਾਰਚ' ਵਿਚ ਜੋ ਲਿਖਿਆ ਹੈ ਉਹ ਪੜ੍ਹ ਕੇ ਸੁਣਾਉਂਦਾ ਹਾਂ :

"The Punjab Government has been allotted only two central projects with total capital investment of about Rs 30 crores which constitute only 1.4 per cent of the total financial outlay of Rs 2,130 crores planned for Central Projects during the period of three Five-Year Plans...."

ਸਾਨੂੰ 21 ਕਰੋੜ ਰੁਪਿਆ ਦੇ ਪਲਾਨ ਵਿਚੋਂ ਇਕ ਕੰਮ ਲਈ ਸਿਰਫ 30 ਕਰੋੜ ਰੁਪਿਆ ਹੀ ਮਿਲਿਆ ਹੈ। ਮੈਂ ਸਮਝਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਇਸ ਵਿਚ ਸਾਡੀ ਹੀ ਕਮਜ਼ੋਰੀ ਹੈ। ਮੈਂ ਪੰਜਾਬ ਸਰਕਾਰ ਨੂੰ ਯਕੀਨ ਦਿਲਾਂਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਅਸੀਂ ਆਪੋਜ਼ੀਸ਼ਨ ਵਾਲੇ ਇਸ ਮਾਮਲੇ ਤੇ ਤੁਹਾਡੇ ਨਾਲ ਹਾਂ ਅਤੇ ਸਾਨੂੰ ਸਾਰਿਆਂ ਨੂੰ ਹੀ ਮਿਲ ਕੇ ਆਪਣੇ ਸੂਬੇ ਲਈ ਆਵਾਜ਼ ਉਠਾਉਣੀ ਚਾਹੀਦੀ ਹੈ। ਜਦੋਂ ਸੈਂਟਰਲ ਗੌਰਮਿੰਟ ਵਿਚ ਫਾਰਨ ਮਿਨਿਸਟਰ ਤੇ ਲੋਕ ਸਭਾ ਦੇ ਸਪੀਕਰ ਸਾਡੇ ਹਨ ਤਾਂ ਕੋਈ ਨਹੀਂ ਵਜਹ ਕਿ ਸਾਡੀ ਆਵਾਜ਼ ਵਿਚ ਜੋਰ ਨਾ ਹੋਵੇ। ਸਾਨੂੰ ਸੈਂਟਰਲ ਸਰਕਾਰ ਤੇ ਜ਼ੋਰ ਦੇਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ। ਕਿ ਪੰਜਾਬ ਵਿਚ ਪਬਲਿਕ ਸੈਕਟਰ ਵਿਚ ਵਧ ਤੋਂ ਵਧ ਇੰਡਸਟਰੀਜ਼ ਖੋਲ੍ਹੀਆਂ ਜਾਣ। ਇਸ ਦੇ ਨਾਲ ਹੀ ਮੈਂ ਅਰਜ਼ ਕਰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਪ੍ਰਾਈਵੇਟ ਸੈਕਟਰ ਵਿਚ ਵੀ ਜੋ ਇੰਡਸਟਰੀਜ਼ ਲਗੀਆਂ ਹਨ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਵੀ ਵਧ ਤੋਂ ਵਧ ਸੁਹਲਤਾਂ ਜੋ ਦਿਤੀਆਂ ਜਾ ਸਕਦੀਆਂ ਹਨ ਉਹ ਦਿਤੀਆਂ ਜਾਣ ਕਿਉਂਕਿ ਜਦੋਂ ਤਕ ਪਬਲਿਕ ਤੇ ਪ੍ਰਾਈਵੇਟ ਸੈਕਟਰ ਦੋਵੇਂ ਹੀ ਤਰੱਕੀ ਨਹੀਂ ਕਰਨਗੇ ਉਸ ਵਕਤ ਤਕ ਸਾਡੇ ਸੂਬੇ ਵਿਚ ਇੰਡਸਟਰੀ ਤਰੱਕੀ ਨਹੀਂ ਕਰੇਗੀ। ਇਸ ਦੇ ਵਿਚ ਤਿੰਨ ਕੋਆਪਰੇਇਵ ਸ਼ੂਗਰ ਮਿਲਜ਼, ਕਾਟਨ ਐਂਡ ਸਪਿੰਨਿੰਗ ਮਿਲਜ਼ ਤੇ ਹੋਰ ਜੋ ਇੰਡਸਟਰੀਜ਼ ਪੰਜਾਬ ਵਿਚ ਚਾਲੂ ਕੀਤੀਆਂ ਗਈਆਂ ਹਨ ਦਾ ਜ਼ਿਕਰ ਕੀਤਾ ਗਿਆ ਹੈ। ਮੈਂ ਸਮਾਂ ਥੋੜਾ ਹੋਣ ਕਰਕੇ ਸਾਰੀਆਂ ਬਾਰੇ ਤਾਂ ਅਰਜ਼ ਨਹੀਂ ਕਰ ਸਕਾਂਗਾ ਲੇਕਿਨ ਕੁਆਪਰੇਟਿਵ ਸ਼ੂਗਰ ਮਿਲਜ਼ ਬਾਰੇ ਜ਼ਰੂਰ ਕੁਝ ਕਹਿਣਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ। ਇਕ ਕਆਪਰੇਟਿਵ ਸ਼ੂਗਰ ਮਿਲ ਮੇਰੇ ਆਪਣੇ ਹਲਕੇ ਵਿਚ ਮੋਰਿੰਡਾ ਵਿਚ ਲਗੀ ਹੋਈ ਹੈ। ਮੇਰੇ ਇਲਾਕੇ ਦੇ ਪਿੰਡਾਂ ਦੇ ਲੋਕਾਂ ਨੇ ਜਿਥੇ ਇਸ ਮਿਲ ਨੂੰ ਚਲਾਣ ਲਈ ਪੈਸੇ ਦਿਤੇ ਹਨ ਉਥੇ ਉਹ ਵਧ ਤੋਂ ਵਧ ਗੰਨਾ ਵੀ ਪੈਦਾ ਕਰਕੇ ਦੇ ਰਹੇ ਹਨ ਲੇਕਿਨ ਉਨ੍ਹਾਂ ਲੋਕਾਂ ਨੂੰ ਜੋ ਸਹੂਲਤਾਂ ਦਿਤੀਆਂ ਜਾਣੀਆਂ ਚਾਹੀਦੀਆਂ ਸਨ ਉਹ ਨਹੀਂ ਦਿਤੀਆਂ ਜਾ ਰਹੀਆਂ ਹਨ। ਸਰਕਾਰ ਨੇ ਡੀਫੈਂਸ ਆਫ਼ ਇੰਡੀਆ ਰੂਲਜ਼ ਦੇ ਤਹਿਤ ਇਹ ਸਰਕੁਲਰ ਜਾਰੀ ਕੀਤਾ ਕਿ ਹਰ ਜ਼ਿੰਮੀਦਾਰ ਇਕ ਚੌਥਾਈ ਗੰਨਾ ਆਪਣੇ ਯੂਜ਼ ਲਈ ਰੱਖ ਸਕਦਾ ਹੈ ਅਤੇ ਬਾਕੀ ਦਾ ਸਾਰਾ ਗੰਨਾ ਉਹ ਮਿਲ ਨੂੰ ਦੇਵੇ। ਮੇਰੇ ਹਲਕੇ ਦੇ ਲੋਕਾਂ ਨੇ ਜਿਤਨੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਬਾਂਡ ਭਰੇ ਸਨ ਉਸਦੇ ਮੁਤਾਬਕ ਸਾਰਾ ਗੰਨਾ ਮਿਲ ਨੂੰ ਦਿਤਾ ਲੇਕਿਨ ਜੇਕਰ ਜ਼ਿਮੀਦਾਰ ਚੀਨੀ ਮੰਗਦੇ ਹਨ ਤਾਂ ਇਹ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਚੀਨੀ ਦੇਣ ਲਈ ਤਿਆਰ ਨਹੀਂ। ਜੇਕਰ ਬੀਜ ਫਰਟਾਲਾਈਜ਼ਰਜ਼ ਮੰਗਦੇ ਹਨ ਤਾਂ ਉਹ ਦੇਣ ਲਈ ਤਿਆਰ ਨਹੀਂ। ਮੈਂ ਅਰਜ਼ ਕਰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਸਰਕਾਰ ਨੂੰ ਮੇਰੇ ਇਲਾਕੇ ਵਿਚ ਹੀ ਨਹੀਂ, ਜਿਥੇ ਜਿਥੇ ਸ਼ੂਗਰ ਮਿਲਜ਼ ਲਗੀਆਂ ਹਨ ਉਥੇ ਜ਼ਿਮੀਦਾਰਾਂ ਨੂੰ ਸਸਤੇ ਭਾਉ ਤੇ ਬੀਜ ਤੇ ਫਰਟਾਲਾਈਜ਼ਰਜ਼ ਤੇ ਦੂਜੀਆਂ ਸਹੂਲਤਾਂ ਦੇਣੀਆਂ ਚਾਹੀਆਂ ਹਨ। ਅਤੇ ਖਾਸ ਤੌਰ ਤੇ ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਅਲਾਕਿਆਂ ਵਿਚ ਸੇਮ ਹੈ ਉਥੇ ਤਾਂ ਵਧ ਤੋਂ ਵਧ ਇਹ ਸਾਰੀਆਂ ਸਹੂਲਤਾਂ ਦੇਣੀਆਂ ਚਾਹੀਦੀਆਂ ਹਨ। ਮੇਰੇ ਆਪਣੇ ਅਲਾਕੇ ਵਿਚ ਬਹੁਤ ਸੇਮ ਆ ਗਈ ਹੈ। ਪਤਾ ਨਹੀਂ ਸਰਕਾਰ ਨੇ ਮੇਰੇ ਹਲਕੇ ਨੂੰ ਇਸ ਲਈ ਸੇਮ ਤੋਂ ਨਹੀਂ ਬਚਾਇਆ ਕਿ ਉਥੋਂ ਅਪੋਜ਼ੀਸ਼ਨ ਦਾ ਮੈਂਬਰ ਆਇਆ ਹੈ। ਜੇਕਰ ਸਰਕਾਰ ਨੇ ਇਨ੍ਹਾਂ ਮਾਮਲਿਆਂ ਤੇ ਵੀ ਪਾਰਟੀਬਾਜ਼ੀ ਦੇ ਲਿਹਾਜ਼ ਨਾਲ ਸੋਚਿਆ ਤਾਂ ਫਿਰ ਸਾਡੇ ਸੂਬੇ ਨੂੰ ਭਾਰੀ ਨੁਕਸਾਨ ਪੁਜੇਗਾ। ਚਾਹੇ ਕੋਈ ਹਲਕਾ ਕਾਂਗਰਸੀ ਦਾ ਹੈ ਜਾਂ ਅਪੋਜ਼ੀਸ਼ਨ ਵਾਲੇ ਦਾ ਹੈ ਹਰ ਇਕ ਨੂੰ ਪੂਰੀਆਂ ਸਹੂਲਤਾਂ ਮਿਲਣੀਆਂ ਚਾਹੀਦੀਆਂ ਹਨ (ਘੰਟੀ)। ਮੇਰੇ ਹਲਕੇ ਵਿਚ ਜੋ ਸੇਮ ਆ ਗਈ ਹੈ ਉਸਨੂੰ ਦੂਰ ਕੀਤਾ ਜਾਵੇ। ਇਸ ਦੇ ਨਾਲ ਹੀ ਮੈਂ ਅਰਜ਼ ਕਰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਜ਼ਮੀਦਾਰਾਂ ਕੋਲ ਜੋ ਇਕ ਚੌਥਾਈ ਗੰਨਾ ਬਚ ਗਿਆ ਹੈ ਉਸਦੀ ਸਰਕਾਰ ਨੂੰ ਖੰਡ ਬਨਾਉਣ ਦੀ ਇਜਾਜ਼ਤ ਦੇਣੀ ਚਾਹੀਂਦੀ ਹੈ

ਡਿਪਟੀ ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬਾ, ਸਰਕਾਰ ਹਰੀਜਨਾਂ ਨੂੰ ਜ਼ਿਆਦਾ ਫੈਸਲਿਟੀਜ਼ ਦੇਣ ਦੇ ਬਾਰੇ ਕਹਿੰਦੀ ਹੈ। ਮੈਂ ਉਸਦੇ ਬਾਰੇ ਅਰਜ਼ ਕਰਨੀ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਹਰੀਜਨਾਂ ਲਈ ਇੰਡਸਟਰੀਜ਼ ਡਿਪਾਰਟਮੈਂਟ

[ਸਰਦਾਰ ਅਜਾਇਬ ਸਿੰਘ ਸੰਧੂ]

ਵਿਚ ਜਿੰਨੀਆਂ ਸਕੀਮਾਂ ਤਿਆਰ ਹੁੰਦੀਆਂ ਹਨ ਉਨ੍ਹਾਂ ਸਕੀਮਾਂ ਬਾਰੇ ਪਿੰਡਾਂ ਦੇ ਹਰੀਜਨਾਂ ਨੂੰ ਤਾਂ ਕਿਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਪਤਾ ਲਗ ਸਕਦਾ ਜਿਥੇ ਕਿ ਸਾਡੇ ਜਿਹੇ ਪੜ੍ਹੇ ਲਿਖੇ ਲੋਕਾਂ ਨੂੰ ਪਤਾ ਨਹੀਂ ਲਗ ਸਕਦਾ ਪਿੰਡਾਂ ਵਿਚ ਹਰੀਜਨ ਪੜ੍ਹੇ ਲਿਖੇ ਘਟ ਹੁੰਦੇ ਹਨ । ਇਸ ਲਈ ਮੈਂ ਸਰਕਾਰ ਨੂੰ ਸਜੈਸ਼ਨ ਦਿੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਸਰਕਾਰ ਉਨ੍ਹਾਂ ਸਕੀਮਾਂ ਦੇ ਬਾਰੇ ਪਿੰਡਾਂ ਵਿਚ ਪਬਲਿਸਿਟੀ ਕਰਾਏ ਤਾਂਕਿ ਹਰੀਜਨ ਵੀ ਲਾਭ ਉਠਾ ਸਕੇ ।

ਡਿਪਟੀ ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬਾ, ਸਾਡੀ ਸਰਕਾਰ ਨੇ ਕੋਆਪਰੇਟਿਵ ਸੋਸਾਈਟੀਆਂ ਦੇ ਰਾਹੀਂ ਹਰੀਜਨਾਂ ਦੀ ਮਦਦ ਕਰਨ ਦਾ ਫੈਸਲਾ ਕੀਤਾ ਹੋਇਆ ਹੈ। ਮੈਂ ਕਹਿਣਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਇਨ੍ਹਾਂ ਕੋਆਪ੍ਰੇਟਿਵ ਸੋਸਾਈਟੀਜ਼ ਦੇ ਕਾਰਨ ਹਰੀਜਨਾਂ ਦਾ ਨੁਕਸਾਨ ਹੋਇਆ ਹੈ । ਹਰੀਜਨ ਪਿੰਡਾਂ ਵਿਚ ਖਡੀ ਦਾ ਕੰਮ ਕਰਦੇ ਸਨ, ਪਿੰਡਾਂ ਵਿਚ ਜਿਹੜੀਆਂ ਹੋਰ ਵੀ ਵਿਲੇਜ ਇੰਡਸਟਰੀਜ਼ ਹੁੰਦੀਆਂ ਹਨ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਚਲਾਂਦੇ ਹਨ ਲੇਕਿਨ ਹੁਣ ਇਹ ਕੰਮ ਖਾਦੀ ਬੋਰਡ ਨੇ ਆਪਣੇ ਹਥ ਵਿਚ ਲੈ ਲਿਆ ਹੈ । ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਪਿੰਡਾਂ ਦੇ ਜਿਹੜੇ ਹਰੀਜਨ ਲੈਦਰ ਜਾਂ ਵੀਵਰਜ ਦਾ ਕੰਮ ਕਰਦੇ ਹਨ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਨਾਲ ਬਹੁਤ ਧਕਾ ਹੋ ਰਿਹਾ ਹੈ । ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਕੰਮ ਠਪ ਹੋ ਗਏ ਹਨ (ਘੰਟੀ) । ਮੈਂ ਅਰਜ਼ ਕਰਨੀ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਹਰੀਜਨਾਂ ਲਈ ਜਿਤਨੀਆਂ ਸਕੀਮਾਂ ਤਿਆਰ ਹੁੰਦੀਆਂ ਹਨ ਉਹ ਸਾਰੀਆਂ ਕਾਮਯਾਬ ਨਹੀਂ ਹੁੰਦੀਆਂ ਕਿਉਂਕਿ ਹਰੀਜਨਾਂ ਨੂੰ ਰਿਆਇਤਾਂ ਘਟ ਮਿਲਦੀਆਂ ਹਨ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦਾ ਸਟੈਂਡਰਡ ਆਫ ਲਿਵਿੰਗ ਘਟਦਾ ਹੀ ਜਾ ਰਿਹਾ ਹੈ ਇਸ ਲਈ ਸਰਕਾਰ ਨੂੰ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੀ ਮਦਦ ਕਰਨੀ ਚਾਹੀਦੀ ਹੈ । ਸਰਕਾਰ ਕਹਿੰਦੀ ਹੈ ਹੈਲਪ ਕਰਨ ਲਈ ਰੁਪਿਆ ਨਹੀਂ ਹੈ ਉਸ ਬਾਰੇ ਮੈਂ ਸਰਕਾਰ ਨੂੰ ਸੁਜੈਸ਼ਨ ਦਿੰਦਾ ਹਾਂ, ਕਿ ਸਰਕਾਰ ਟਰਾਂਸਪੋਰਟ ਨੈਸ਼ਨਲਾਈਜ ਕਰੇ ਬੈਂਕਾਂ ਨੂੰ ਨੈਸ਼ਨੇਲਾਈਜ਼ ਕਰੇ ਅਤੇ ਵਡੀ ਵਡੀ ਇੰਡਸਟਰੀਜ਼ ਨੂੰ ਨੈਸ਼ਨੇਲਾਈਜ਼ ਕਰੇ, ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਸਰਕਾਰ ਦੇ ਪਾਸ ਕਾਫ਼ੀ ਰੁਪਿਆ ਹੋ ਸਕੇਗਾ ਜਿਸਨੂੰ ਹਰੀਜਨਾਂ ਲਈ ਅਤੇ ਪਬਲਿਕ ਸੈਕਟਰ ਵਿਚ ਇਸਤੇਮਾਲ ਕੀਤਾ ਜਾਵੇ ।

राजकुमारी सुमित्रा देवी (रिवाड़ी) : उपाध्यक्षा महोदय, इस में संदेह नहीं है कि हमारी सरकार ने दस्तकारी के क्षेत्र में पिछले वर्षों से काफी उन्नित की है। जहां पानीपत, बटाला, फरीदाबाद, लुधियाना में जितना इंडस्ट्रीज़ का काम हुआ है, उस से हम सबको गर्व होता है। चंडीगढ़, पंजौर में जो इंडस्ट्रीज़ खोली हैं उन को देख कर आश्चर्य भी होता है और साथ में खुशी भी होती है। इन सब चीज़ों को देखते हुए मेरा ख्याल है कि इस के अन्दर उस क्षेत्र की तरफ ध्यान नहीं दिया गया है जहां पर दस्तकारी स्थापित की जा सकती है, जिस से वहां की जनता उन्नत हो सके। जहां पर जीविका के लिये दूसरे साधन नहीं हैं वहां पर सरकार ने दस्ताकरी नहीं खोली है। जिस इलाके से मैं सम्बन्ध रखती हूं वह रिवाड़ी का इलाका है। यह पिछड़ा हुआ इलाका है। वहां पर कोई दस्तकारी अब तक खोली नहीं गई जिस से वहां के मजदूर अपना पेट पाल सकें। वहां पर काफी संख्या में मजदूर उपलब्ध है। इस लिये मैं सरकार से आप के द्वारा निवेदन करना चाहती हूं कि सरकार को ऐसी पालिसी बनानी चाहिये जिस से वह इलाका उन्नत हो सके। वहां पर जो अधिक मात्रा में उपलब्ध होते हैं। वहां पर जौ से सम्बन्धित इन्डस्ट्री स्थापित करनी चाहिये। इस के अतिरिक्त रिवाड़ी में कांसी और पीतल के बर्तन बनते हैं। यह शहर इस उद्योग के लिये प्रसिद्ध है। लेकिन मुझे दुख से कहना पड़ता है कि जहां पर पंजाब में

अधिक उन्नति करने की कोशिश की जा रही है वहां पर रिवाड़ी को बिल्कुल इग्नोर किया जा रहा है। वहां पर कांसे और पीतल के बर्तन बनते थे लेकिन अब सरकार उन की सहायता नहीं कर रही है। देहातों की बात तो छोड़िये, शहर के अन्दर भी इस बारे में जो कारखाने हैं, वह बन्द होते जा रहे हैं क्योंकि उन को पीतल, कांसे और स्टेनलैस स्टील का कोटा पर्याप्त मात्रा में मिल नहीं रहा है। वहां पर इस सम्बन्ध में दस्तकारी खोली जानी चाहिए ताकि वहां के लोग अपने काम को बढ़ा सकें और वहां के इलाके की तरक्की हो सके। अगर उस इलाके की तरक्की होगी तो मैं समझती हूं कि इस से हमारे प्रांत की तरक्की होगी। वहां पर देहातों से मज़दूर काफी मात्रा में मिल सकते हैं और वहां पर इंडस्ट्री अच्छी तरह से चमक सकती है। कांसे और पीतल के बर्तन यहां पर तैयार करके दूसरे मुल्कों में भेजने चाहियें इससे हमारी स्टेट को भी लाभ होगा और इलाके की भी उन्नति होगी। मैं आपके द्वारा सरकार से निवेदन करना चाहती हूं कि वहां पर कांसे पीतल, स्टेनलैस स्टील का कोटा अधिक मात्रा में लोगों को दिया जाये ताकि वहां के लोगों को यह उद्योग चलाने के लिये उत्साह मिल सके। वहां की जनता में इस वक्त जो निराशा है, वह दूर हो सके। उपाध्यक्षा महोदया, मैं आप के द्वारा सरकार से अन्त में प्रार्थना करना चाहती हूं कि सरकार इस आधार की पालिसी बनाये, जहां पर जिस प्रकार की वस्तु पर्याप्त होती है, उसी प्रकार का कारखाना खोला जाये। जो इलाका दूसरे इलाकों से पिछड़ा हुआ है, उस को ऊपर उठाया जाये क्योंकि उन के पास साधन कम होते हैं। इस लिये उन की हर प्रकार से सहायता की जानी चाहिये। उस इलाके के अन्दर विशेष तौर पर सरकार को ध्यान देना चाहिये और वहां पर दस्तकारी खोलनी चाहिये। रिवाड़ी अब तक कांसे और पीतल के बर्तनों के लिये प्रसिद्ध रहा है। इस लिये, सरकार को इस उद्योग को बढ़ाने के लिये भरसक प्रयत्न करना चाहिये ताकि वह इलाका उन्नत हो सके।

श्री मोहन लाल (बटाला) : डिप्टी स्पीकर साहिबा, इस में दो राय नहीं हो सकतीं हैं कि किसी भी देश के लिये, खास तौर पर आर्थिक उन्नति के लिये, लोगों की आमदन बढ़ाने के लिये और लोगों को रोज़गार देने के लिये इंडस्ट्री एक बहुत ही अहम साधन है और इस के साथ ऐग्रीकल्चर भी है। इस लिये सरकार की और लोगों की तवज्जोह इस तरफ होनी चाहिये। अभी अभी आपोजीशन की तरफ से मैम्बर साहिबान जो कुछ कह रहे थे, मैं उन से इत्तफाक रखता हूं। जहां तक इंडस्ट्री का सम्बन्ध है वहां पर कोई पालटिक्स इन्वाल्वड नहीं होना चाहिये। इस में गवर्नमैन्ट, आपोजीशन और सरकारी कर्मचारियों को मिल कर काम करना चाहिये। इस में किसी भी तरीके से सरकार, सरकारी कर्मचारियों और आपोजीशन की तरफ से कोई अनुचित बात नहीं करनी चाहिये। अगर कोई ऐसी बात होती है तो यह बुरी बात होगी। इस लिये मैं उन मैम्बर साहिबान से खास तौर पर अर्ज़ करना चाहता हूं कि जिन्होंने यहां पर नुक्ताचीनी की, उन्हें बहुत ही एहतयात से काम लेना चाहिये था। मैं ने कुछ मैम्बरों की बातें सुनीं। उन्होंने सरकारी कर्मचारियों के नाम लेकर नुक्ताचीनी की। उन्होंने इंडस्ट्रियलिस्टों के नाम ले कर नुक्ताचीनी की। मैं समझता हूं कि यह बात इंडस्ट्रियल ग्रोथ और डिवैल्पमैन्ट के लिये बहुत ही रुकावटें पैदा करेगी। यहां पर सरकारी कर्मचारियों का नाम लिया गया है। मैं समझता हूं कि इन का इस तरह से नाम लेने से उन में इंसेंटिव बिल्कुल खत्म हो जायगा और

[श्री मोहन लाल]

उन में काम करते हुए झिझक पैदा होगी। सरकार को तो दोनों ही सैक्टरों को बढ़ावा देना चाहिये। यहां प्राइवेट सैक्टर की इस प्रकार से नुक्ताचीनी नहीं करनी चाहिये। अगर इसी तरह से नुक्ताचीनी की गई तो मैं समझता हूं कि पंजाब में लोग इंडस्ट्री लगाने से झिझकेंगे। इस लिये मैं अर्ज़ करना चाहता हूं कि इंडस्ट्रीज़ के महकमे और इंडस्ट्री के बारे में यहां पर बातें करते हुए एक बात अपने सामने बिल्कुल साफ और वाज़ह रखनी चाहिये कि नुक्ताचीनी वाजिब और प्रापर करनी चाहिये। यहाँ पर पब्लिक सैक्टर और प्राइवेट 5.00 p.m. | सैक्टर की बातें हुईं। इस में शक नहीं है कि सोशल इकानोमी में पब्लिक सैक्टर का अहम पार्ट है। इस को इन्क्रेज करना चाहिये। (Mr. Speaker in the Chair) और सरकार को इस तरफ खास तौर पर ध्यान देना है। मैं जानता हूं कि राज्य सरकार की उस में कितनी मजबूरियां हैं लेकिन फिर भी पब्लिक सैक्टर में हमें खास तौर पर ध्यान देना होगा। हमारे जो फैसले सोशलिस्ट इकानोमी लाने के हैं और उसको बढ़ावा देने के लिये हमें पूरी तवज्जोह देनी होगी। आपोजीशन के मैम्बर साहिबान ने भी इस बात को सही तौर पर तस्लीम किया है कि तब तक पब्लिक सैक्टर के साथ साथ हमारी इंडस्ट्रीयल इकानोमी भली भांति नहीं चल सकती जब तक कि प्राइवेट सैक्टर को जो ज़रूरी एनक्रजमैन्ट मिलनी चाहिये वह न दें। इस लिये जहां सरकार के सामने प्रायरटी बेसिज़ पर पब्लिक सैक्टर का ध्यान होना चाहिये वहां पर हमें प्राइवेट सैक्टर को भी ज़रूर इनसैंटिव और इनक्रेजमैन्ट देना चाहिये। अगर हम पंजाब को इंडस्ट्रियलाइज़ करना चाहते हैं तो यह एक हकीकत है, स में कोई दो राय नहीं हो सकतीं।

जहां तक स्माल स्केल इंडस्ट्री का सम्बन्ध है पंजाब ने काफी तरक्की की है और आज भी कर रहा है। लार्ज स्केल और हैवी इंडस्ट्री में हम पीछे थे, पिछड़े हुए थे, यह हकीकत है। इस लिये यह एक अहम और ज़रूरी बात है कि हमारी सरकार का लार्ज स्केल और बेसिक इंडस्ट्री की तरफ ध्यान हो। मैं आपके ज़रिये सरकार से प्रार्थना करूंगा कि लार्ज स्केल इंडस्ट्री के सिलसिले में सरकार ने कुछ फैसले किये थे। वह चन्द एक अहम फैसले थे। उन के मुताल्लिक कुछ शकूक पैदा हुए हैं और कुछ पैदा हो रहे हैं। वह शकूक यहां पर दूर होने चाहियें। मैं आप के द्वारा अर्ज़ करना चाहता हूं कि पिछले दिनों एक रिपोर्ट टाइम्ज़ आफ इंडिया में 22 जनवरी को छपी थी :

> "Several Projects shelved. Several industrial projects allotted to the Punjab have either been shelved or lost by the State because of the Government's inaction and indecision"

आगे कुछ मिसालें दी हैं, यह एक लम्बी रिपोर्ट है इस में मैं नहीं जाना चाहता। स्पीकर साहिब, मैं यह बात इस लिये अर्ज़ करना चाहता हूं क्योंकि मैं ने इस बात की काफी चर्चा सुनी है कि राज्य के जो बड़े बड़े प्रोजैक्टस हैं उन्होंने आगे तरक्की नहीं की, कुछ छोड़ दिये गये हैं कुछ रुके पड़े हैं और इस बात का हमारी इंडस्ट्रियल ग्रोथ और लार्ज स्केल इंडस्ट्री की एक्सपेन्शन पर बुरा असर पड़ा है। इस लिये मैं चाहूंगा कि जो चंद एक बड़े बड़े प्रोजैक्टस हैं उन के मुताल्लिक सरकार हाउस को और पबलिक को कानफीडैंस में ले ताकि शक दूर हों। जहां तक मुझे याद है कि 26 करोड़ की ऐसी चालू स्कीम्ज़ थीं जो कुछ पूरी हो चुकी

थीं और कुछ ऐसी थीं जो कि अच्छी स्टेज पर पहुंच चुकी थीं । अब उन में क्या हुआ इस के बारे में मेरी राय है कि सरकार को हाउस को और पब्लिक को कानफीडैंस में लेना, चाहिए। इस में एक स्कीम थी सीमलैस टयूब की, दस करोड़ रुपये की जिस में कोलैबोरेशन जो थी, उस के लिये एग्रीमेंट साईन हो चुका था। उस की टर्म्ज़ के मुताबिक पांच करोड़ रुपये का लोन भी गवर्नमेंट ग्राफ इंडिया की तरफ से इन प्रिंसीपल मंजूर हो चुका था और बोर्ड ग्राफ डायरैक्टर्ज़ भी बन चुका था । ज़मीन एक्वायर करने के लिये नोटीफिकेशन भी इशू हो चुका था, प्रोजैक्ट रीपोर्ट बन चुकी थी और रा मैटीरियल भी एग्ज़ोयर हो चुका था । दस करोड़ रुपये की यह पब्लिक सैक्टर स्कीम है तो मैं अपने चीफ मिनिस्टर साहिब से चाहूंगा कि वह इस के बारे में पोज़ीशन वाज़ेह करें कि इस में कहां पर रुकावट पड़ गई, क्यों वह आगे नहीं बढ़ी । यह एक बड़ी ज़रूरी बात बतलाने की है । इसी तरह से स्टील कासटिंग्ज़ की डेढ़ करोड़ रुपये की एक स्कीम थी। इस के बारे में तमाम फार्मेलेटीज़ जैसे कि मैं ने ऊपर बयान की हैं, वह पूरी हो चुकी थीं लेकिन मुझे ऐसा पता चला है कि इस के चेयरमैन ने इस्तीफा दे दिया है और यह भी पता चला है कि सरकार प्रिंसीपल कोलैबोरेशन को तबदील करने के लिये उस में परिवर्तन लाने की बात सोच रही है। पिछले बजट में 85 लाख रुपया इस स्कीम के लिये, प्रोवाईडिड था और वह लैप्स हो गया है। मैं समझता हूं कि चीफ मिनिस्टर साहिब हाउस को कानफीडैंस में ले कर वाज़ेह करें कि क्या वाकई ऐसा हुआ और इस के क्या कारण हैं, क्या मजबूरियां हैं। ग्राप जानते हैं कि एक हमारी पंजाब एयर राईफल फैक्टरी बननी थी उस के लिये 50 लाख रुपया रखा गया था और उस के लिये लैंड भी एक्वायर कर ली गई थी, टैक्नीशन्ज़ भी रैकरूट हो चुके थे। लेकिन मुझे पता चला है कि वह स्कीम सरकार ने छोड़ दी है। यह भी पता चला है कि सरकार के पास ग्रौफर भी ग्राई थी कि अगर सरकार इस स्कीम को पब्लिक सैक्टर में चालू रखना या लगाना नहीं चाहती तो और पार्टीज़ हैं जो कि फैक्टरी को लगाने के लिये तैयार हैं। फिर भी इस प्राजैक्ट को ड्राप कर दिया गया है यह कोई अच्छी बात नहीं है। मैं चाहूंगा कि चीफ मिनिस्टर साहिब इस के बारे में भी प्रकाश डालें । इस से आगे चार करोड़ रुपये का एक प्रोजैक्ट पिग ग्रायरन के नाम का था उस में भी तमाम फार्मेलैटीज़ सरकार की तरफ से पूरी हो चुकी थीं और एग्रीमेंट भी एक यू. के. फर्म के साथ साईन हो चुका था, प्रिलीमीनरी प्रोजैक्ट रीपोर्ट बन रही थी लेकिन अब सरकार सोच रही है कि कोलैबोरेशन को तबदील किया जाए। इस लिये रुकावट पड़ रही है। यह बहुत बड़ी स्कीम चार करोड़ रुपये की थी, अभी तक क्यों आगे नहीं बढ़ सकी, इस पर क्यों अमल नहीं हो सका ? मैं चाहूंगा कि चीफ मिनिस्टर इस के मुताल्लिक तफसीलन बयान दें। अगली स्कीम तीन करोड़ रुपये की फोर्जिंग की थी, इस में कोलैबोरैशन एग्रीमेंट भी साईन हो चुका था और फारिन इनवैस्टमेंट का अरेंजमेंट भी हो चुका था और लैटर ग्राफ इनटैंट भी गवर्नमेंट ग्राफ इंडिया की तरफ से इश्यू हो चुका था लेकिन इस में भी जहां तक मैं जानता हूं कोई प्रोग्रैस नहीं हुई। दो करोड़ रुपये की मैशीन टूल्ज़ फैक्टरी थी इस के बारे में भी गवर्नमेंट ग्राफ इंडिया की तरफ से लैटर ग्राफ इनटैंट जारी हो चुका था और नैगोशीएशन्ज भी जारी थीं कोलैबोरेशन के लिये। मैं तफसील में न जाता हुआ सरकार से आशा करूंगा कि इस बारे में कुछ रोशनी डालें। मैं केवल दूसरी स्कीमों का नाम ही ले देना चाहता

[श्री मोहन लाल]

हूं। ट्रैक्टर्ज़ एंड टिल्लर्ज़ की तीन करोड़ रुपये की स्कीम थी। मालूम होता है कि उस के लिये सरकार अभी लाइसेंस भी हासिल नहीं कर सकी हालांकि सरकार खुद कीन है, चीफ मिनिस्टर साहिब खुद कीन हैं। यह बयान वह देते हैं कि जालन्धर के करीब लगाने के लिये वह कीन हैं। एक और टफटिड कार्पिट्स की पचास लाख रुपये की स्कीम थी, वूल कोमर्ज़ प्रोजैक्ट पचास लाख रुपये का था। दस लाख रुपये का प्राजैक्ट प्रिसीयन कास्टिंग्ज़ का था यह भी आगे नहीं लाया गया, यह भी गवर्नमेंट आफ इंडिया से एप्रूव हो चुका था। पंचशील कोआप्रेटिव सोसाइटी में तीस लाख रुपये का वर्किंग कैपिटल था, क्या वजह है कि उस में रुकावट पड़ी हुई है? लैंड रोवर एंड स्माल कार प्रोजैक्ट में सरकार ने क्या किया है? स्पीकर साहिब, 26 करोड़ रुपये की यह बड़ी स्कीम्ज़ थीं जिन से पंजाब की इंडस्ट्रियल ग्रोथ में काफी तरक्की होने वाली थी (घंटी की आवाज़) मैं केवल एक बात कह कर खत्म कर दूंगा। मैं ने आपोज़ीशन के मैम्बर साहिबान से यह अर्ज़ किया है कि जहां तक इंडस्ट्रियल ग्रोथ का सम्बन्ध है, इस बात पर हमें बिला वजह किसी किस्म की कोई नुक्ताचीनी नहीं करनी चाहिए जिस से कोई रुकावट पैदा हो। सरकारी कर्मचारियों पर भी नुक्ताचीनी नहीं करनी चाहिए और प्राईवेट इंडस्ट्रियलिस्ट के बारे भी नहीं। इस तरह से इस के रास्ते में बड़ी भारी रुकावट पड़ती है। कुछ बदकिस्मती से ऐसा वायुमंडल पैदा हुआ है, मेरा जो अनुभव है, मेरी जो वाकफियत है मैं उस के आधार पर यह बात कहता हूं कि ऐसी नुक्ताचीनी से, चाहे वह किसी तरह से भी हो, सरकारी कर्मचारियों में झिझक पैदा होती है और सब से बड़ी बात यह है कि प्राईवेट इंडस्ट्रियलिस्ट के मन में भी पंजाब के अन्दर आने में झिझक पैदा होती है। कुछ ऐसा वायुमंडल बन गया है, कुछ ऐसी बातें चलती हैं। इस लिये मैं चाहूंगा और चीफ मिनिस्टर साहिब से खास तौर पर प्रार्थना करूंगा कि हमारे लिये करने को अभी बड़े काम हैं। जहां हम ने पब्लिक सैक्टर को फरोग देना है, जो जो हमारी स्कीमें हैं उन को पूरा करना है वहां पर, प्राईवेट सैक्टर को भी पंजाब में खींचने के लिये हमें मुनासिब वायुमंडल पैदा करना होगा। जो किसी किस्म के शकूक प्राईवेट इंडस्ट्रियलिस्ट्स के मन में पैदा होते हैं उन को दूर करना होगा। हमें उन को इंन्सैन्टिव देने होंगे, उन को यकीन दिलाना होगा कि यहां पर प्राईवेट इंडस्टरी की एक बड़ी फील्ड है। हम प्राईवेट इंडस्ट्री को यहां पर हर लिहाज़ से फरोग देना चाहते हैं। इस लिये मैं अर्ज़ करूंगा कि वह वाज़या तौर पर पालिसी का एलान करें कि वह किस तरह से प्राईवेट इंडस्टरी को यहां पर इंसैन्टिव देने जा रहे हैं। आप का शुक्रिया।

मुख्य मन्त्री (श्री राम किशन) : स्पीकर साहिब, मुझे इस बात की बड़ी खुशी हुई कि इस इंडस्टरी की डिमांड के ऊपर इस हाउस के मोअज़िज़ मेम्बर साहिबान ने बड़ी दिलचस्पी दिखाई है। जैसा कि मैम्बर साहिबान ने अपनी तकरीर के अन्दर कहा है, मैं मानता हूं इस बात को कि किसी भी राज की खुशहाली का दारोमदार इस बात पर है कि उस राज के अन्दर उद्योगधन्धे कितनी तरक्की करते हैं। वह उद्योगधन्धे छोटे पैमाने के हों या बड़े पैमाने के हों, बहर हाल हर राज की तरक्की का इनहिसार इस बात पर है कि वहां पर इन्डस्टरी ज्यादा से ज्यादा पनपे। श्री अग्निहोत्री साहिब ने अपनी तकरीर के दौरान इस बात पर ज़ोर दिया कि हमारे राज के अन्दर जहां पर कि इकानोमी का

दारोमदार इस वक्त ऐगरीकल्चर पर है जब तक लोगों को इस लैंड प्रैशर से हटाया नहीं जाता तब तक पंजाब के अन्दर खुशहाली नहीं आ सकती । स्पीकर साहिब, मैं इस बात को मानता हूं कि हमारे इस राज की प्रैक्टिकली ऐग्रीकल्चरल इकानोमी ही है। यहां की 64 फीसदी आबादी ऐसी है जिसका दारोमदार डायरैक्टली ऐग्रीकल्चर और कल्टीवेशन पर है। अगर हम ने अपने राज को तरक्की के रास्ते पर आगे ले जाना है, हमने नेशनल इनकम को बढ़ाना है, लोगों को रोज़गार देना है, उन के स्टैंडर्ड आफ लिविंग को ऊंचा करना है तो लाज़मी है कि इस राज में हमें इंडस्टरी को ज्यादा से ज्यादा तरक्की देनी होगी (प्रशंसा) इंडस्ट्री पब्लिक सैक्टर में भी हो सकती है, प्राईवेट सैक्टर में भी हो सकती है। दोनों सैक्टरों में उन को पूरी तरह से ज्यादा से ज्यादा उत्साह देना होगा। मैं जानता हूं कि आज दुनिया में जो बड़े बड़े मुल्क हैं, खाह वह वैस्ट्रन कंट्रीज हैं खाह वह सोशलिस्ट कंट्रीज हैं, उन की तरक्की का इनहिसार इसी बात पर है कि किस तरह से उन्होंने लोगों, अपनी पापुलेशन को लेंड प्रैशर से हटा कर इंडस्ट्रीज की तरफ लगाया है। अगर आप पिछले साठ सत्तर साल के सारी दुनिया के इतिहास को देखें तो उस से आप को पता चलेगा कि यू. ऐस. ए. के अन्दर पिछले साठ सालों के अन्दर वह उस पापुलेशन को जिसका इनहिसार ऐग्रीकल्चर पर था 54 से ले कर नीचे 8 परसेंट तक ले गए । सिर्फ यू. ऐस. ए. की ही बात नहीं। दुनिया के अन्दर जितने भी धनवान देश हैं उन्होंने अपनी ऐग्रीकल्चर पापुलेशन को इंडस्ट्री की तरफ डाइवर्ट किया है। जापान के अन्दर पिछले बीस तीस सालों के अन्दर ऐग्रीकल्चर पर पापुलेशन 80 परसेंट से 48 परसेंट पर ले आए हैं । इसी तरह से यू. के. में वह पापुलेशन 16 से 7 परसेंट तक आ गई है। फ्रांस जैसे बड़े देश ने भी इसे 42 परसेंट से 25 परसेंट पर ला दिया है । तो कहने का मतलब यह है कि वहां की तरक्की का दारोमदार ही इस बात पर है कि वहां पर ऐग्रीकल्चर पर दबाव को कम करके किस कदर इंडस्टी की तरक्की की है। स्पीकर साहिब, जहां तक हमारे इस राज का ताल्लुक है मैं तो ऐग्रीकल्चर को भी एक इंडस्टरी के तौर पर ट्रीट करता हूं। जितने मैम्बर साहिब बोले हैं उन सब ने इसी बात पर स्ट्रैस ले किया है कि जहां पर पंजाब ने समाल स्केल इंडस्टरी के अन्दर तरक्की की है वहां वह लार्ज हैवी इंटडस्टरी के लिहाज़ से बहुत पीछे है। स्पीकर साहिब, जहां सारे हिन्दुस्तान के अन्दर सरकार ने पहली, दूसरी और तीसरी पांच साला पलानों में इस हैवी इंडस्टरी पर 2130 करोड़ रुपया रखा था उस में हमारे हिस्से में सिर्फ 30 करोड़ यानी 1.4 परसेंट आया। इस पर ज्यादा ज़ोर देने की जरूरत है। और यही वजह है कि जब मैं अपने राज के बाकी सारे हालात को देखता हूं, आर्गेनाईज़ड इंडस्टरी के अन्दर एम्पलायमेंट को देखता हूं तो मुझे अफसोस होता है कि यहां पर अभी बहुत कुछ करना बाकी है। इस लिये इस सिलसिले में हमें राज के अन्दर काफी हिम्मत दिखानी होगी। मैं और मेरे साथी इस बात पर बिल्कुल मुतफिक है और हमें आशा है कि हमें इस दिशा में कामयाबी हासिल होगी। स्पीकर साहिब, जहां तक आर्गेनाईज्ड इंडस्टरी का ताल्लुक है, जहां तक लार्ज स्केल और हैवी इंडस्ट्रीज़ का ताल्लुक है, हमारे राज की सिर्फ 0.6 परसेंट आबादी है जो कि इस में हिस्सा ले रही है हालकि इसके मुकाबले में वैस्ट बंगाल के अन्दर 2.20 आबादी और महाराष्ट्र और गुजरात में 1.7 परसेंट आबादी का इनहिसार इस हैवी इंडस्ट्री के ऊपर है। इसी तरह अगर हम

[मुख्य मंत्री]
पर कैपिटा इंडस्ट्रियल इन्वैस्टमैंट के लिहाज से देखें तो यह पंजाब के अन्दर सिर्फ 42.5 रुपये है जबकि वैस्ट बंगाल के अन्दर 163 रुपये 50 पैसे और महाराष्ट्र के अन्दर 170 रुपये 50 पैसे है। इस लिहाज से भी हमारा सूबा बहुत पीछे है। इसी तरह से अगर हम सारे पंजाब के अन्दर इंडस्ट्रीज़ की, चाहे वह छोटे उद्योगधन्धे हैं, चाहे मीडियम हैं, चाहे विलेज इंडस्ट्रीज हैं, चाहे समाल-स्केल की हैं या कुछ थोड़े बहुत लार्ज-स्केल इंडस्ट्रीज हैं, प्रोडयूस के लिहाज से टोटल आउटपुट को देखें तो वह हमारी नैशनल इनकम की सिर्फ 11 पर सेंट बनती है। जहां तक टोटल एम्पलायमेंट का ताल्लुक है, हमारे राज के अन्दर जैसा कि मैंने पहिले अर्ज़ किया जहां ऐग्रीकल्चर पर हमारी 64 पर सेंट आफ दी पापुलेशन का दारोमदार है, वहां इंडस्ट्रीज के अन्दर अब तक सिर्फ 9.3 पर सेंट लोग ही काम कर पाए हैं। ऐसी हालत में हमें पंजाब को इंडस्टरी के लिहाज़ से आगे ले जाना है और यकीनन आगे ले जाना है। मैं जानता हूं कि हमारे सूबा के लोग बड़े एंटरप्राइजिंग स्पिरिट के हैं, उन के अन्दर इनिशिएटिव है, हिम्मत है, उन के अन्दर स्किल है, ताकत है, मैनुअल लेबर करने की स्पिरिट है और उन्होंने पंजाब को तरक्की के रास्ते पर आगे ले जाने में पहिले ही बड़ा इम्पार्टेंट पार्ट पले किया है। वहां पर सैकंड पलैन के आखिर तक हमारे सूबा के अन्दर इंडस्टरी के सैक्टर में सारी आउटपुट 123 करोड़ रुपये की थी वहां हम यह आशा रखते हैं कि चौथी पलैन के आखिर तक हम इस को 285 करोड़ रुपये के करीब तक ले जाएंगे।

अब मैं आप के सामने उन बातों का ज़िक्र करना चाहता हूं जो कि हमने आगे करनी हैं और करना चाहते हैं। मैम्बर साहिबान ने कुछ सवाल उठाए हैं और वाकई बहुत वाजिब सवाल उठाए हैं ताकि पंजाब इस लिहाज़ से तरक्की करे। मैं उन बातों का भी जवाब देने की कोशिश करूंगा। स्पीकर साहिब, जब हमारे पंजाब का पार्टीशन हुआ तो हमारे यहां जितनी भी थोड़ी बहुत इंडस्टरी थी वह बिखर गई। जब हमारी पिछली पलैन खत्म हुई तो उस वक्त पंजाब के अन्दर 35,500 आदमी ऐसे थे जो कि इंडस्टरी पर काम करते थे। लेकिन अब मुझे इस बात की खुशी है कि जब तीसरी पलैन के आखिर तक हमारी सभी स्कीम्ज़ पर जो कि हाथ में हैं अमलदरामद हो जाएगा और हम चौथी पलैन के अन्दर दाखिल होने वाले होंगे तो उस वक्त हमारे पंजाब राज्य के अन्दर दो लाख के करीब आदमी ऐसे होंगे जिन को इंडस्टरी के अन्दर एम्पलायमेंट मिल सकी होगी। मैं मानता हूं कि हम ने इस बात को और भी ज्यादा अहमियत देनी है। जहां तीसरी पलैन के अन्दर इंडस्टरीज़ पर हमारे राज में 13 करोड़ के करीब रुपया इन्वैस्ट हुआ वहां आप को यह जानकर खुशी होगी कि चौथी पलैन के अन्दर इस मक्सद के लिये हम 32 करोड़ रुपये के करीब इन्वैस्टमैंट करने जा रहे हैं। और 30 करोड़ में से 13 करोड़ तीसरी प्लैन के अन्दर इन्वैस्टमेंट हुई थी। स्माल-स्केल इन्डस्ट्री को हम इस तरह से ज्यादा से ज्यादा अहमियत दे रहे हैं। स्पीकर साहिब, मुझे यह कहने में खुशी है कि आज सारे पंजाब के अन्दर टैक्नीकल ऐडवांसमैंट हो रही है, प्रोडक्शन को बढ़ाने के सिलसिले में नया जोश आया है। हम चाहते हैं कि पंजाब में ऐन्सीलरी और फीडर इन्डस्ट्रीज़ लेंगे और हम लार्ज-स्केल इन्डस्ट्री की तरफ जाना चाहते हैं। इस बारे में पंडित मोहन लाल जी ने पुराने कुछ केसिज़ का जिक्र किया। इस

बारे अर्ज है कि इस हकूमत ने चार्ज लेते ही सारी स्कीम्ज़ पर पूरी तरह से गौर किया, उन को ऐग्जामिन किया और यह देखने की कोशिश की कि उन में स कौन सी फीज़ीबल हैं और राज्य के फायदे के लिये हैं । उन्होंने टाइम्ज़ आफ इंडिया की रिपोर्ट का हवाला दिया हालांकि वह गलत खबर थी और उस की तरदीद भी कर दी गई थी मगर उस तरदीद की तरफ इन का ध्यान नहीं गया । उन स्कीम्ज़ में से जो एयर राइफल फैक्टरी की स्कीम थी उस को हम ने पूरी तरह से ऐग्जामिन किया । रेवियू करने के बाद जो रिपोर्ट आई उस से पता चला कि यह हमारे राज्य के लिये किसी तरह से भी फायदामंद नहीं हो सकती । उस की जो राइफलें तैयार होनी थीं वह टायज़ जैसी लगती थीं जो कि बिल्कुल छोटे पक्षियों को शूट कर सकतीं । उस की जो एक लाख 80 हजार पीसिज़ तैयार होने थे उन की मार्किट भी नहीं थी । तो इस तरह से जो राय हमारे पास पहुंची उस की हर एक चीज़ को हम ने देखा, किसी पुलीटीकल प्वायंट आफ वियू से नहीं बल्कि टैकनीकल प्वायंट आप वियू से उस पर जो 47 लाख रुपया खर्च होने वाला था उस का फायदा नहीं होने वाला था इस लिये सारे पहलुओं से उस को सोच कर एअर राइफल फैक्टरी को ड्राप कर दिया गया ।

जहां तक सीमलैस ट्यूब्ज़ का ताल्लुक है और स्टील कास्टिंग्ज़ प्लांट का ताल्लुक है उस के मुतालिक हम ने फैसला किया है कि इस स्कीम को न सिर्फ चालू ही करना है बल्कि उस को और बेहतर तरीके से चलाना है । (तालियां) इस के मुताल्लिक बहुत से फारेन कोलैबोरेटर्ज से दरखास्तें आई हैं । सारी चीज़ पर गौर किया गया है कि जो ऐग्रीमैंट्स किये गये वह सारे राज्य के लिये मुफीद थे या नहीं । जो भी ऐग्रीमैंट्स होंगे उन में राज्य के हित को सामने रखा जायगा । और जितना रुपया पहले ऐग्रीमैंट के मुताबिक खर्च होने वाला था उसे कम खर्च करके और ज्यादा फायदा राज्य के लिये हासिल किया जायगा । (तालियां) राज्य सरकार अपनी पूरी जिम्मेदारी को समझती है और इस को निभायगी । जहां तक पिग आयरन प्लाट का ताल्लुक है.......

चौधरी नेत राम : आन ए प्वायंट आफ आर्डर, सर । मुख्य मन्त्री जी ने कहा है कि सरकार हर जिम्मेदारी को निभायेगी । मगर जो इन्होंने ऐक्सपोर्ट, प्रोमोशन कार्पोरेशन के बारे में बयान दिया था कि उन को हटाया जायगा, मैनेजमैंट को तबदील किया जायगा क्या उस बारे में इन्होंने अपनी जिम्मेदारी निभाई है ?

मुख्य मन्त्री : स्पीकर साहिब, पिग आयरन प्लांट के बारे में राओ निहाल सिंह, पंडित मोहन लाल, बहन चन्द्रावती वगैरह ने ज़िक्र किया । स्पीकर साहिब, इस सरकार ने आते ही इस तरफ ध्यान दिया । चुनांचि इंगलैंड की जो भारी पार्टी है "मैसर्ज़ ऐशोर बांड्ज़ पीस, जिन के साथ इस बारे में ऐग्रीमैंट हुआ था उन को कन्टैक्ट करने की कोशिश की । और हम ने इस बारे में जो हाई लैवल पर इस स्कीम का गवर्नमैंट आफ इंडिया ने इस का जो ऐग्जामीनेशन किया था उस को देखा, टैक्नीकल टीम, मिनिस्ट्री आफ इंडस्ट्रीज़ के सैक्रेटरी और मुताल्लिका मिनिस्टर से भी बात की । दिसम्बर 1964 में टैक्नीकल कमेटी की रिपोर्ट हमारे पास पहुंची और उस के मुताबिक हम ने फैसला किया है कि इस प्लांट को पब्लिक सैक्टर में लगाना है । इस प्लैन के मुताबिक इस पर कोई चार करोड़ 80 लाख रुपया खर्च होगा । इस की दो फेज़िज़ होंगी, एक तो 1967 के आखीर तक होगी

[चौधरी नेत राम]

इस पर दो करोड़ 89 लाख रुपया खर्च होगा और बाकी का एक करोड़ 61 लाख रुपया बाद में खर्च होगा। और ऐसा अन्दाजा है कि अगले ढाई तीन साल के अन्दर कोई एक लाख टन के करीब प्रोडक्शन शुरू हो जायगी और इस से जितनी पंजाब की फाउंडरीज़ हैं उन को पिग आयरन दे सकेंगे। यह अपनी किस्म का पहला पब्लिक सैक्टर का प्राजैक्ट होगा। कुछ सवाल उठाए गए और वाजिब उठाए गए बहन चन्द्रावती और राम्रो निहाल सिंह वगैरह की तरफ से कि रा मैटीरियल तो महेन्द्रगढ़ से आता है और इस को सतरौड़ खुर्द, हिसार, में लगा रहे हैं। इस का हक तो महेन्द्रगढ़ को है कि यह वहां लगे। इस बारे में मैंने पहली तारीख को मैम्बरान की मीटिंग बुलाई है ताकि इस के बारे उन से बात-चीत कर सकूं मगर इस बारे में अर्ज़ है कि हिन्द सरकार की टैकनीकल टीम ने तीन ज़रूरियात बताई हैं। मैम्बरान देखें कि इस बारे में कोई फैसला अपने आप नहीं किया है यह फौरन कनसलटैंट्स की रिपोर्ट की बिना पर फैसला किया गया है। यूनाइटिड किंगडम की जो कम्पनी मैसर्ज़ ए. डी. पी. है उस ने पूरी तरह से जांच कर के तीन ज़रूरियात बताई हैं। उन्होंने कहा है और यह सब से बड़ा रीज़न है कि इस प्राजैक्ट के सिलसिले में रोज़ाना 7 लाख गैलन पानी आयरन बलास्ट फरनेस में सरकुलेशन के लिये दरकार हैं। इतना पानी महेंद्रगढ़ में अवेलेबल नहीं है, सतरौड़ में अवेलेबल है। ब्राडगेज़ और मीटर गेज़ रेल का भी सवाल है। ऐसी फैक्ट्रीज़ ब्राडगेज़ पर हैं। कोक वगैरह को भी देखा है। हम जानते हैं कि कुछ चीज़ें ऐसी हैं जो महेंद्रगढ़ में चीप मिलती हैं। मगर यह भी देखा गया है कि वहां पर कोक और दूसरी चीज़ें दस फीसदी ज़ाया हो जाती हैं इस के साथ ही एक और चीज़ है जिसे देखना है।

जहां पर आज हम इंडस्ट्री में इतने आगे होने की कोशिश में हैं, हम इंडस्ट्री के लिये एक सब से ज़रूरी आईटम पर भी ध्यान देते हुए पंजाब में एक पिग आयर न प्लांट लगा रहे हैं और इस के साथ साथ एक प्राजैक्ट लगाने का भी इंतज़ाम कर रहे हैं। यह सारी चीज़ इस सूबे के अन्दर बहुत जल्द चालू हो जायगी। मैं हाउस को इस बात का यकीन दिलाना चाहता हूं कि इस प्लांट के लिये जितनी भी ऐस्टैब्लिशमैंट और लेबर होगी उस के लिये हम महेंद्रगढ़ के एरिये को ज्यादा से ज्यादा तरजीह देंगे। मैं, स्पीकर साहिब, अर्ज़ कर रहा था कि पिग आरयन प्राजैक्ट पर हम पूरी तरह से अमल दरामद करने जा रहे हैं। इस के साथ ही मैं हाउस की वाक्फीयत के लिये यह भी बता देना चाहता हूं कि इन के इलावा हम और भी प्राजैक्ट्स इस सूबे में खोलने की कोशिश में हैं। इन के मुताल्लिक लाइसैंसिज़ ओबटेन किये जा चुके हैं और इन के मुताल्लिक गवर्नमैंट आफ इंडिया से मनज़ूरी ली जा चुकी है। हम एक इंडस्ट्रियल कारपोरेशन भी बनाना चाहते हैं जो तीसरी फाईव-इयर प्लैन के आखरी साल तक पूरी तरह से मुकम्मल हो जायगी। हम ने कुछ ऐसे स्टेट सपान्सर्ड प्राजैक्ट्स भी तैयार करने का फैसला किया है, जिन के मुताल्लिक हमें गवर्नमैंट आफ इंडिया से लाईसैंस भी मिल चुका है (तालियां)। इन के ऊपर हमारी कोई एक करोड़ रुपये की इनवैस्टमैंट होगी। इस साल से इन को स्टार्ट करने के लिये हम ने काफ़ी रुपए का प्रोवियन किया है।

मशीन टूल प्राजैक्ट के ऊपर हमारी कोई एक करोड़ रुपये की इनवैस्टमैंट होगी। इस साल के बजट में हम ने दो लाख रुपया प्रोवाईड किया है, ताकि टूलज़ और छोटी मोटी मशीनरी खरीद कर कोई ऐडवांस ऐक्शन ले सकें।

इस के इलावा हम एक स्टील फोर्जिग्ज़ प्राजैक्ट $4\frac{1}{2}$ करोड़ की लागत का बनाने जा रहे हैं। इस साल हम ने इस के ऊपर कोई 8 लाख रुपया खर्च करने के लिये इस बजट में प्रोविज़न किया है। बाकी जो ज़्यादा खर्च करने की अगर हमें ज़रूरत होगी तो वह चौथी 5 साला प्लैन से यह सारी रकम हासल की जायेगी।

हम एक हैवी इलैक्ट्रिक प्लांट भी पंजाब में लगाने जा रहे हैं, यह हमारा बिगैस्ट प्राजैक्ट होगा जो कि 20 करोड़ रुपये की लागत से इस सूबे में बनाया जायेगा। दो लाख रुपये की प्रावीज़न ऐडवांस स्टडी के लिये इस के लिये प्रोवाईड करने का विचार है। इस के मुताल्लिक अभी गवर्नमैंट से लैटर आफ इनटैंट का इन्तज़ार किया जा रहा है। गवर्नमैंट आफ इंडिया ने हमें यकीन दिलाया है कि इस के लिये हम निसैसरी इन्स्ट्रक्शन्ज़ इशू कर रहे हैं।

इस के इलावा हम ने हिंद सरकार को कुछ और प्राजैक्ट्स के लाईसैंस देने के लिये लिखा है। वह यह है :—

(1) Oscilloscope. यह इलैक्ट्रिकल इन्स्ट्रूमैंट्स की मैनूफैकचर करने के लिये एक प्राजैक्ट है जिस पर कुल 55 लाख रुपये के करीब खर्च आयेगा। (विघ्न)

पंडित मोहन लाल दत्त : आप तो अकेले महेंद्रगढ़ ज़िले का ही ज़िक्र कर रहे हैं, क्या दूसरे इलाकों को भी कुछ देने दिलाने की बात होगी ?

मुख्य मंत्री : पंडित जी, आप सबर से काम लें, टर्न बाई टर्न मैं आपके इलाके की तरफ भी आ रहा हूं। मैं अर्ज़ कर रहा था कि हम इंडस्ट्री में और क्या क्या करने जा रहे हैं। हम पावर टिलरज़ की मैनूफैकचर के लिये भी एक प्लांट लगाने जा रहे हैं जिस में से 12,000 के करीब पावर टिलर सालाना तैयार हुआ करेंगे। इस का लाईसैंस लेने के लिये हम ने गवर्नमैंट आफ इंडिया को लिखा हुआ है। इस के इलावा हम ने एक स्टेनलैस स्टील का प्राजैक्ट बनाने के लिये गवर्नमैंट आफ इंडिया को एप्लाई किया है। इस के ऊपर भी हम 5 करोड़ रुपये की टोटल इनवैस्टमैंट करेंगे।

एक हम कोक ओवन प्लांट 4 : 5 करोड़ रुपये की लागत से पंजाब के लिये लगाने जा रहे हैं। गवर्नमैंट आफ इंडिया ने प्रिंसिपली हमारी मांग को ऐग्री कर लिया है। हम इसे जल्दी से जल्दी शुरू करने की कोशिश कर रहे हैं।

मैं हाऊस की इनफरमेशन के लिये यह बात भी अर्ज़ कर देना ज़रूरी समझता हूं कि हम प्राईवेट सैक्टर में एक इंडस्ट्रियल प्राजैक्ट जो कि न्यूज़प्रिंट फैक्टरी के लगाने के मुताल्लिक लगाने लगे हैं। यह फैक्टरी फारेस्ट रिसोर्सिज़ पर लगाई जायेगी और यह M/s K.C. ABITIBI Group की तरफ से लगाई जा रही है। इस पर हमारी 10 करोड़ रुपये की इनवैस्टमैंट होगी और इस के लिये जो रा मैटीरियल दरकार है वह हमें आसानी से मिल सकता है इस के लिये हम ने रिसर्च की है कि कुल्लू और कांगड़ा में 75 प्रतिशत के करीब यह रा मैटीरियल हमें मिल सकता है। एक चीज़ मैं जो कहनी भूल गया था कि हमें यह इण्डस्ट्रीज़ पंजाब में इन्स्टाल करने के लिये दिक्कत थी, मगर यह बात जान कर हाउस को खुशी होगी कि यह फारन एक्सचेंज पंजाब में इन्डस्ट्रीज़ इन्स्टाल करने के लिये

[मुख्य मंत्री]
हमें बखूबी मिलता रहेगा। हम अब पंजाब में ज्यादा से ज्यादा इंडस्ट्री लगाने के काबल हो गये हैं।

हम इस बात की तरफ तवज्जो दे रहे हैं कि पिछली गवर्नमेंट के वक्त एक प्राईवेट कनसर्न की फैक्ट्री लगाने के लिये गवर्नमेंट की बात चीत हो रही थी। मगर सिलसिला और ज्यादा उस वक्त चल नहीं सका। उन्होंने जो लाईसैंस था वह सरंडर कर दिया था। हम इस को दो बारा इशू कराने में लगे हुए हैं। हम चाहते हैं कि पंजाब में इनडस्ट्री ज़रूर लगे चाहे यह प्राईवेट सैक्टर में हो और चाहे यह पब्लिक सैकटर में हो। इस के इलावा कुछ और प्राजैक्टस भी हैं जिन को हम स्टडी कर रहे हैं और इन में से कुछ और आने वाली चौथी पांच-साला पलैन में इन को इन्स्टाल करने के हम काबल हो जायेंगे। वह यह है (i) Centrifugal pumps, (ii) power sprayers (iii) submersible electric motors and pumps and cellar drainer pump motors (iv) particle boards and clip boards and ready made garments के मुताल्लिक हम इन सब को स्टडी कर रहे हैं; जो फोर्थ पलेन तक हम मुनासिब समझेंगे इनस्टाल करने की कोशिश करेंगे।

मैं यहां पर एंगलो इंडस्ट्रीयल कारपोरेशन के मुताल्लिक भी कुछ अर्ज़ कर देना ज़रूरी समझता हूं कि यह कारपोरेशन का आथोराईज़ड कैपीटल 5 करोड़ रुपये होगा और एग्रीकलचर और इंडसट्री के ज्यादा से ज्यादा कलोज़र कांटैक्ट कायम करने में हमारी इमदाद करेगी। यह इस तरह से एग्रो-इंडस्ट्रीयल एकानमी भी पंजाब के अंदर कायम करेगी। हम इस तरह से ऐग्री कलचर में भी इंडसट्रीयल इमपीटस देना चाहते हैं। हमें इस तरह की कारपोरेशन से एक तरह ऐग्रीकलचर के लिये फर्टेलाईजर मिल सकता है और दूसरी चीज़ें भी दसत्याब हो सकेंगी जो हमारी इंडस्ट्री को बढ़ावा देंगी। इस के लिये हम ने इस साल के बजट में 20 लाख रुपये का प्राविज़न किया है। यह दूसरे प्राजैक्टस को भी फिज़ीबिलटी स्टडी करेंगे और प्राईवेट ऐंटरपराईज़ को इंडस्ट्रियल यूनिटस बनाने में भी यह एक तरह से इमदाद देगी। मैं हाऊस को आप के ज़रिये यकीन दिलाता हूं कि हम इंडस्ट्री की तरफ मुकम्मल तवज्जो दे रहे हैं क्योंकि पंजाब में इंडसट्री की काफी कमी है।

पंजाब में इन्डस्ट्री इनस्टाल करने के मुताल्लिक मैं ने चेयरमैन, पलैनिंग कमिशन, प्राईम मनिस्टर साहिब और यूनियन के इन्डस्ट्री मिनिस्टर साहिब से पूरी तरह से बात चीत की है। और यह बात मैं पूरे यकीन से कह सकता हूं कि उन्होंने मुझे इस बात का यकीन दिलाया है इंडस्ट्री के मुताल्लिक जितनी भी पंजाब गवर्नमेंट की स्कीम्ज़ हैं उन के लिये हिंद सरकार की तरफ से फुल कन्सिडरेशन दी जाएगी और उन की तरफ से जहां तक भी इमदाद हो सकेगी वह की जायेगी। इस के इलावा नैशनल डिवलपमैंट कौंसिल के अन्दर हम इस बात की पूरी कोशिश कर रहे हैं कि पंजाब को ज्यादा से ज्यादा इंडस्ट्री मिले। स्पीकर साहब, मेरा ख्याल है कि हमें पंजाब के अन्दर एक नाइलौन प्लांट भी मिलेगा। और ऐसी भी कोशिश हो रही है कि पेपर मेकिंग मशीनरी प्लांट भी हम को मिले। स्पीकर साहब, 1964-65 के अन्दर बहुत से लाइसेंस मिले हैं, जिनमें लैटर आफ इंटैंट भी हैं और मेरा ख्याल है कि 80 के करीब गवर्नमैंट आफ इंडिया से लैटर आफ इंटैंट

मिलेंगे। और इसके साथ ही साथ 7 मीडियम स्केल इंडस्ट्रीज़ के लिये भी बात चल रही है। आशा है कि यह हमको मिल जाएंगी ।

कभी कभी हमारे दोस्त हरियाणे का सवाल उठाते हैं। मैं उन्हें कहना चाहता हूं कि हम उन को ज़्यादा से ज़्यादा तरक्की देना चाहते हैं। हम उनकी तरक्की के लिये फरीदाबाद, बल्लभगढ़, सोनीपत, गनौर, बहादुरगढ़ जो कि इंडस्ट्रियल बैल्ट है, इन में नए नए यूनिट इंडस्ट्री के लिहाज़ से दे रहे हैं। जैसे स्कूटर के पार्ट्स बनाने वाली इंडस्ट्रीज़, ट्रैक्टर्स के पार्ट्स बनाने वाली इंडस्ट्रीज़, रबर टायर्स, इलेक्ट्रोनिक्स, ऐक्सरे वगैरह के प्लांट्स बनाने वाली इंडस्ट्रीज हम इन शहरों को दे रहे हैं। और सोनीपत के अन्दर गनौर में स्टील ट्यूब प्लांट लगाने की बातचीत चल रही है। और यह बातचीत अमेरिका की एक बड़ी भारी कम्पनी के साथ हो रही है। इसके लगने पर 1 लाख 20 हज़ार टन स्टील ट्यूब सालाना तैयार होगी । हमें स्टील ट्यूब प्लांट का लाइसेंस मिल चुका है। इसी तरह तीन और प्राजैक्ट्स के लिये लाइसेंस मिला है। क्रेन बनाने के लिये और ट्रैक्टर्स बनाने के लिये हमारी कोशिश हो रही है और उसका लाइसेंस मिल चुका है (प्रशंसा)

पंडित चिरंजीलाल शर्मा : गनौर में जो सीमलैस टयूब फैक्ट्री लगाने का फैसला किया था उसका क्या हुआ ?

मुख्य मन्त्री : वह मैं कह चुका। हरियाने में महेन्द्रगढ़ डिस्ट्रिक्ट के लिये इन्सैक्टेसाइड के लिये 5 लाख का प्लांट नारनौल में लगेगा। और जींद के अन्दर टैक्सटाइल मिल लगा रह हैं। (विघ्न)

कामरेड शमशेर सिंह जोश : जो 50 हज़ार टैक्सटाइल वर्कर्स के मुताल्लिक कहा गया था उसका भी ज़िक्र कर दीजिए। (शोर)

मुख्य मन्त्री : सारी चीज़ को देखते हुए स्पीकर साहिब, मैं यही अर्ज़ करना चाहता हूं कि हरियाना के अन्दर हम 46 करोड़ रुपया खर्च कर रहे हैं। (शोर) एक स्टील प्राडक्शन का कारखाना जर्मन डैमाक्रेट रिपब्लिक के कालोब्रेशन से हम लगाने जा रहे हैं जिस पर 2 करोड़ 50 लाख रुपया लगेगा। और जब यह कारखाने लग जायेंगे तो 6 हज़ार आदमी इम्पलाए होंगे ।

कामरेड भान सिंह भौरा : इतनी स्पीड से समझ में नहीं आता और न जवाब मिलता है।

चौधरी खुरशीद अहमद : आज का ज़माना स्पीड और स्पीच दोनों का है, वह दोनों ही मिल रही हैं।

मुख्य मन्त्री : जहां तक हरियाना का सवाल है, मैं समझता हूं कि इसका भविष्य बहुत उज्जवल है। हरियाने के लिये इस साल 56 लाख रुपया लोन दिया है और उन में 1,714 पार्टीज़ पंजाबी रिजन की हैं और 1,858 पार्टीज़ हिन्दी रिजन की हैं। यह जो सुनार बेकार हो गये थे न को रोज़गार देने के लिये पिछली दफा 9 लाख 50 हज़ार रुपये लोन के लिये दिये गये थे ताकि उनकी मदद हो सके।

श्री ओम प्रकाश अग्निहोत्री : मैं मुख्य मन्त्री जी से पूछना चाहता हूं कि मैनेजमैंट्स वर्करज़ को शेयर देने के लिये गवर्नमैंट ने कोई पालिसी बनाई है और अगर बनाई है

[श्री ओम प्रकाश अग्निहोत्री]
तो उसका यहां ऐलान करें ताकि पंजाब के वर्करज़ की तसल्ली हो सके। इस के अलावा 50 हज़ार टैकसटाइल वर्करज़ के बारे में जो कुछ कहा गया है उस पर भी रौशनी डालें।

